सूर्योदय : 5:59
सूर्यास्त : 6:22
अधिकतम तापमान : 40.0
न्यूनतम : 22.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-319 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 01 मई 2024
21 शव्वाल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

रामलला का आज दर्शन करेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

आस्था

- सरयू पूजन और हनुमान आरती में भी होंगी शामिल
- शाम 7.15 बजे कुबेर टीला के दर्शन करेंगी

राष्ट्रपति के आगमन पर सख्त रहेगा सुरक्षा घेरा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर बुधवार को जिले में सुरक्षा घेरा सख्त रहेगा। एयरपोर्ट से लेकर राम मंदिर व सरयू तट तक आधुनिक असलहों से लैस जवान जगह-जगह मुस्तैद रहेंगे। मंगलवार को ही पुलिस अधिकारियों ने सुरक्षा एजेंसियों व अन्य जवानों के साथ रिहर्सल भी किया है।

अयोध्या। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या आएंगी। उनका आगमन शाम चार बजे महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर होगा। यहां से हनुमानगढ़ी के लिए रवाना होंगी। शाम 4.50 बजे हनुमंत लला की आरती में शामिल होंगी। इसके बाद शाम 5.45 बजे सरयू पूजन और आरती करेंगी। यहां से रामजन्मभूमि पहुंचकर शाम 6.45 बजे रामलला के दर्शन कर आरती में शिरकत करेंगी। शाम 7.15 बजे कुबेर टीला के दर्शन करेंगी। इसके बाद हवाई अड्डे से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय सिंह के अनुसार राष्ट्रपति के सभी कार्यक्रमों का कवरेज दूरदर्शन नेशनल न्यूज चैनल की ओर से किया जाएगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या दौरे पर हैं। शाम चार बजे एयरपोर्ट से उतरकर वह राम मंदिर व सरयू तट पर जाएंगी। इस दौरान सभी मार्गों पर पड़ने वाले मकानों पर असलहों से लैस जवान तैनात किए गए हैं। पुलिस के अलावा सीआरपीएफ, आरएएफ, एटीएस व पीएसी के जवान भी जगह-जगह तैनात होंगे।

सुप्रीम कोर्ट से बाबा रामदेव के पतंजलि आयुर्वेद को लगा बड़ा झटका

14 प्रोडक्ट पर लगा बैन

- बीते 23 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने की थी खिंचाई
- भ्रामक विज्ञापनों के चलते हुई कार्रवाई
- पतंजलि से माफीनामे की ओरिजिनल कॉपी मांगी

नई दिल्ली। बाबा रामदेव के दर्जन भर से ज्यादा प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लग गया है। यह प्रतिबंध पतंजलि की दिव्य फार्मेसी से जुड़े भ्रामक विज्ञापन के सिलसिले में लगा है। यह जानकारी उत्तराखंड के लाइसेंसिंग अथॉरिटी ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक एफिडेविट में दी है। अथॉरिटी के मुताबिक पतंजलि के 14 प्रोडक्ट्स का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। दिव्य फार्मेसी के जिन प्रोडक्ट्स पर प्रतिबंध लगा है उनमें श्वासारि गोल्ड, श्वासारि वटी, दिव्य ब्रोंकोम, श्वासारि प्रवाही, श्वासारि अवलेह, मुक्ता वटी एक्स्ट्रा पावर, लिपिडोम, बीपी ग्रिट, मधुग्रिट, मधुनाशिनी वटी एक्स्ट्रा पावर, लिवामृत एडवांस, लिवोग्रिट, आईग्रिट गोल्ड और पतंजलि दृष्टि आई ड्रॉप शामिल हैं। बीते 23 अप्रैल को पिछली सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने समाचार पत्रों में अपनी माफी को प्रमुखता से प्रदर्शित नहीं करने के लिए पतंजलि की खिंचाई की थी। अदालत ने पूछा था कि क्या पतंजलि द्वारा अखबारों में दी गई माफी का आकार उसके उत्पादों के लिए पूरे पेज के विज्ञापन के समान था।

छपवाया गया था बड़ा माफीनामा

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पतंजलि ने अखबारों में एक और माफीनामा प्रकाशित कराया, जो पिछले माफीनामे से भी बड़ा था। इससे पहले, रामदेव और बालकृष्ण ने महामारी के दौरान कोरोनिल जैसे अपने उत्पादों की दक्षता के बारे में उच्च दावे करते हुए फर्म द्वारा जारी विज्ञापनों पर शीर्ष अदालत के समक्ष बिना शर्त और अयोग्य माफी मांगी थी।

दुष्कर्म के आरोपी की जमानत खारिज

गुहार

- लगातार शोषण से बिगड़ गई पीड़िता की मनोदशा
- पीड़िता ने 27 पेज की डायरी में बताई आपबीती

मुंबई। बॉम्बे हाईकोर्ट ने नाबालिग के साथ दस साल से लगातार दुष्कर्म करने वाले आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने कहा है कि इस भयावह अपराध से ग्रसित होने के बाद पीड़िता निम्फोमेनियाक (अनियंत्रित यौन इच्छाओं का शिकार) बन गई है। न्यायमूर्ति पृथ्वीराज चह्वाण की एकल पीठ ने आरोपी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा कि यह अपराध इतना जघन्य है कि किसी भी व्यक्ति की अंतरआत्मा को झकझोर सकता है। पीड़िता द्वारा 27 पेज की एक डायरी में अपनी आपबीती लिखी है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में इस डायरी का हवाला देते हुए कहा कि पीड़िता की मानसिक और मनोवैज्ञानिक स्थिति ऐसी है कि इस बारे में बताने के लिए शब्द कम पड़ जाएंगे। आदालत ने आगे कहा कि ऐसे जघन्य अपराध के कारण पीड़िता निम्फोमेनियाक हो गई है। डायरी में पीड़िता ने लिखा है कि जब वह चौथी कक्षा की छात्रा थी, तब से आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म करना शुरू कर दिया।

शराब घोटाले में सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

चुनाव से पहले ही केजरीवाल को गिरफ्तार क्यों किया

फटकार

- केजरीवाल की याचिका पर हुई सुनवाई
- जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की याचिका पर लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई।

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय पर सवाल उठाया है। आम चुनाव से पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई शुक्रवार को होने की संभावना है। बता दें कि शराब नीति घोटाला मामले से जुड़ी मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी द्वारा हुई अपनी गिरफ्तारी को लेकर केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से केजरीवाल की गिरफ्तारी के समय के सवाल पर जवाब मांगा है। साथ ही कोर्ट ने कहा कि जीवन और स्वतंत्रता बेहद महत्वपूर्ण हैं। आप इससे इनकार नहीं कर सकते। पीठ ने राजू से कई अन्य सवाल पूछे। बता दें कि 21 मार्च को गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत के तहत यहां तिहाड़ जेल में बंद हैं। शीर्ष अदालत ने 15 अप्रैल को ईडी को नोटिस जारी किया और केजरीवाल की याचिका पर उससे जवाब मांगा है। केजरीवाल की तरफ से वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी अपना पक्ष रख रहे है। 15 अप्रैल को अरविंद की याचिका पर सुनवाई करते हुए शराब घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी से 24 अप्रैल तक जवाब मांगा था।

जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना पार्टी से निलंबित

बेंगलुरु। जनता दल (सेक्युलर) ने हासन में पार्टी के सांसद प्रज्वल रेवन्ना को निलंबित कर दिया, जिन पर कई महिलाओं के यौन शोषण का आरोप है। 30 अप्रैल को हुबली में पार्टी की कोर कमेटी की बैठक के बाद इस फैसले की घोषणा की गई। 26 अप्रैल को चुनाव से पहले भी हसन में यौन शोषण के कथित कृत्य दिखाने वाली पेन ड्राइव प्रचलन में रही हैं, जिससे पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़ी है। प्रज्वल जद (एस) के संरक्षक और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के भतीजे हैं। सत्ता और विरासत की तीन पीढ़ियों तक फैला गौड़ा परिवार भारत के सबसे प्रभावशाली राजनीतिक राजवंशों में से एक है। 33 वर्षीय रेवन्ना हासन में एनडीए के उम्मीदवार हैं और जद (एस) भाजपा के साथ गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ रही है। पार्टी पर सांसद के खिलाफ कार्रवाई करने का दबाव है, जिनके कथित कृत्यों की जांच अब कर्नाटक सरकार द्वारा गठित एक विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा की जा रही है।

कांग्रेस ने जारी की एक और उम्मीदवारों की सूची

राज बब्बर और आनंद शर्मा को मिला टिकट

प्रत्याशी

- गुरुग्राम सीट पर कैप्टन की भी थी दावेदारी
- राव इंद्रजीत से मिलेगी राज बब्बर को टक्कर

नई दिल्ली। कांग्रेस ने मंगलवार को दो लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों का एलान किया है। लिस्ट में राज बब्बर का गुरुग्राम और आनंद शर्मा का नाम हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा से घोषित किया है। हिमाचल की ही हमीरपुर सीट से सतपाल रायजादा के नाम का भी एलान किया गया है। रायजादा यहां से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को टक्कर देंगे। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर कैप्टन अजय यादव की भी टिकट की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन उनको टिकट नहीं मिला। अब हरियाणा में कांग्रेस व आप ने इंडिया गठबंधन के तहत सभी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार उतार दिए हैं। गुरुग्राम लोकसभा सीट पर भाजपा की ओर से राव इंद्रजीत एक बार फिर से मैदान में हैं। वह अपना नामांकन भी दर्ज करा चुके हैं, जबकि कांग्रेस ने प्रत्याशी नामांकन शुरू होने के बाद उतारा है।

एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने नए नौसेना प्रमुख का प्रभार संभाला

जिम्मेदारी

- पदभार संभालते ही मां के पैर छूकर लिया आशीर्वाद
- भावुक हो गए वहां मौजूद अधिकारी

नई दिल्ली। एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना प्रमुख के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस दौरान खास बात यह रही कि पदभार संभालते ही वे सीधा अपनी मां रजनी त्रिपाठी के पास गए और पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। यह देख वहां मौजूद सभी अधिकारी भावुक हो गए। इसके अलावा, उन्होंने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर शहीद नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। रायसीना हिल्स के साउथ ब्लॉक के लॉन में उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान, मीडिया से बात करते हुए उनहोंने कहा कि मेरा पूरा प्रयास रहेगा कि मैं नौसेना को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर सकूं। मेरी कोशिश रहेगी की मैं आत्मनिर्भरता की दिशा में और नई तकनीकों को अपनाने की दिशा में काम करूं। विकसित भारत के तहत मैं भारतीय नौसेना के प्रयासों को मजबूत करूंगा। उन्होंने कहा कि मेरी प्राथमिकता हैं कि हम हमारे जवानों को और कुशल बनाएं। मैं उन्हें सर्वोत्तम हथियार, प्रशिक्षण और पेशेवर वातावरण के साथ प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से हमारी नौसेना युद्ध के लिए और अधिक तैयार हुई है।

नहीं होने देंगे आरक्षण में सेंधमारी: योगी

सीएम योगी ने कहा, संविधान का गला घोंटने का रहा है कांग्रेस का इतिहास

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि संविधान का गला घोंटकर, पिछड़े और अनुसूचित जातियों के आरक्षण में सेंधमारी कर धर्म के आधार पर एक वर्ग विशेष को आरक्षण देने की कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन की मंशा देश की जनता सफल नहीं होने देगी।

भाजपा धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार के आरक्षण की विरोधी है क्योंकि धर्म-मजहब के आधार पर भारत के विभाजन का दंश आम जनता झेल चुकी है। भाजपा एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण के लाभ की पक्षधर है। सीएम योगी मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और इंडी गठबंधन से जुड़े जो दल हैं, इनके इतिहास के बारे में हर व्यक्ति जानता है। कांग्रेस का इतिहास बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा बनाए गए संविधान का गला घोंटने का रहा है। 1950 में देश का संविधान लागू हुआ और कांग्रेस ने लगातार, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रौंदने समेत यह प्रयास किए कि वह संविधान को अपने तरीके से इस्तेमाल करे। जनता का शासन जनता के लिए है, जनभावनाओं का सम्मान हो, कांग्रेस ने यह कभी समझने का प्रयास ही नहीं किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इमरजेंसी को देश की जनता आज भी नहीं भूली है। यह भी देश के संविधान का गला घोंटने जैसा ही था। इसके साथ ही कांग्रेस ने यूपीए सरकार के समय जो पाप किया, वह भी देश की जनता को याद है। तब समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी यूपीए सरकार में कांग्रेस की सहयोगी थीं। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने

> मुख्यमंत्री ने कहा कि तब भारतीय जनता पार्टी के भारी विरोध के कारण तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मंशा पूरी नहीं हो पाई। अन्यथा उसी यूपीए सरकार में कांग्रेस धर्म के आधार पर पूरे देश मे आरक्षण देकर ओबीसी और एससी-एसटी के आरक्षण में सेंधमारी कर चुकी होती। सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक में ओबीसी आरक्षण में सेंधमारी करते हुए धर्म के आधार पर आरक्षण देने की शुरुआत कर भी दी है। लेकर निर्वाचन आयोग ने कर्नाटक सरकार से रिपोर्ट भी तलब की है।



- भाजपा धर्म के आधार पर किसी भी तरह के आरक्षण की है विरोधी : मुख्यमंत्री
- इमरजेंसी को जनता आज भी नहीं भूली है

जस्टिस रंगनाथ मिश्रा कमेटी और सच्चर कमेटी का गठन करके देश भर में संविधान विरोधी कार्य करते हुए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के हक पर डकैती डालने की कोशिश की थी। तब कांग्रेस ने धर्म के आधार पर आरक्षण देने का कुत्सित प्रयास किया था। तत्कालीन कांग्रेस सरकार की मंशा 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण में से 6 प्रतिशत तुष्टीकरण के नाम पर काट कर देने की थी। इसी प्रकार सच्चर कमेटी के माध्यम से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के आरक्षण में सेंधमारी कर मुस्लिम समाज की कुछ जातियों को शामिल करने की कोशिश की गई थी।

पलटवार पीएम ने विपक्ष के इरादों के प्रति लोगों को किया आगाह

मोहब्बत की दुकान में बेचे जा रहे फर्जी वीडियो

कसा तंज

- भाषणों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल
- आतंकी गतिविधियों पर अब डोजियर नहीं भेजते, घर में घुसकर मारते हैं

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को विपक्षियों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि वह भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार से मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं और तकनीक का दुरुपयोग कर इंटरनेट मीडिया पर फर्जी वीडियो प्रसारित कर रहे हैं। अपनी मोहब्बत की दुकान में फर्जी वीडियो बेच रहे हैं। यही नहीं, उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार में आतंकी हमला करके भाग जाते थे तो सरकार केवल बचाओ-बचाओ चिल्लाती थी लेकिन अब हालात बदल गए, अब हम आतंकी गतिविधियों पर डोजियर नहीं भेजते बल्कि उन्हें घर में घुसकर मारते हैं। मोदी महाराष्ट्र के लातूर, धाराशिव और माढ़ा में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी रैलियों को सबोधित कर रहे थे। उन्होंने विकसित भारत के मार्ग में बाधा डालने वाले विपक्ष के घृणित इरादों के प्रति लोगों को आगाह किया। धाराशिव में पीएम बोले, अब विपक्षियों की स्थिति ऐसी हो गई है कि उनके झूठ भी काम नहीं कर रहे हैं। वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के जरिए मेरे चेहरे का उपयोग कर रहे हैं। फर्जी वीडियो बनाकर प्रसारित कर रहे हैं। झूठ की यह दुकान बंद होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विरोधी मेरे जैसे नेताओं के भाषणों को तोड़-मरोड़कर पेश करने के लिए तकनीक का इस्तेमाल कर रहे हैं। मोदी ने जोर देकर कहा कि 2008 के मुंबई हमलों के बाद कांग्रेस शासन के दौरान पाकिस्तान को डोजियर भेजने की प्रथा के विपरीत भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार आतंकवादियों से सीधे निपटती है। आतंकवाद को लेकर भारत के रुख में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने सवाल किया कि एक कमजोर सरकार देश को कैसे मजबूत कर सकती है? उन्होंने कहा कि मोदी आपके जीवन को बदलने के लिए दिन-रात अथक प्रयास कर रहा है जबकि आईएनडीआईए के लोग मोदी को बदलने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा रहे हैं। उन्होंने जनता से पूछा कि जिनके घोटाले मैंने रोके, क्या वे मोदी से नाराज नहीं होंगे? क्या वे उसे गालियां नहीं देंगे? वे आपको डराने में लगे हैं। कभी लोकतंत्र के नाम पर, कभी संविधान के नाम पर तो कभी आरक्षण के नाम पर।

अनंतनाग-राजोरी सीट पर बदली चुनाव की तारीख

जम्मू। चुनाव आयोग ने अनंतनाग-राजोरी लोकसभा सीट (जम्मू-कश्मीर) में मतदान की तारीख में संशोधन किया है। पहले यहां सात मई को चुनाव होना था, लेकिन अब यहां छठे चरण में 25 मई को मतदान होगा। बता दें कि अनंतनाग-राजोरी संसदीय सीट का चुनाव टालने के लिए भाजपा, अपनी पार्टी, डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी, पीपुल्स कांफ्रेंस समेत विभिन्न राजनीतिक संगठनों तथा प्रत्याशियों की ओर से दिए गए प्रत्यावेदन का चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया था। चुनाव टालने के लिए दिए गए प्रत्यावेदन में सभी ने खराब मौसम के कारण मुगल रोड के बंद होने को आधार बनाया था। इनका कहना था कि मुगल रोड बंद होने की वजह से प्रत्याशियों को मतदाताओं तक पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। इससे आम मतदाताओं तक निर्धारित समय में संपर्क नहीं हो पाया।

वैक्सीन कोई भी लगवाई हो डरने की जरूरत नहीं : विशेषज्ञ

जानकारी

- मौतों का सीधा ताल्लुक टीके से नहीं

नई दिल्ली। कोविशील्ड वैक्सीन पर उठ रहे सवालों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना महामारी के बाद अचानक मौतें हो रही हैं। लेकिन वैक्सीनेशन हर मौत की सीधी वजह नहीं है। विशेषज्ञ मानते हैं कि देश में वैक्सीनेशन को हुए लंबा समय गुजर गया है। यदि टीकाकरण के बाद कोई साइड इफेक्ट्स दिखता, तो अभी तक देश में बड़े स्तर पर केस सामने आ चुके होते। वहीं एम्स ने अचानक हुई मौतों की वजह जानने के लिए जो अध्ययन किया उसमें से 50 फीसदी मौतें हार्ट अटैक से नहीं हुई। सांस समेत दूसरी बीमारियों से इनकी मौतें हुई हैं। बचे 50 फीसदी को सीधे तौर पर हार्ट अटैक आया। एम्स के विशेषज्ञों की राय है कि यदि खून में थक्का पड़ता तो सभी मौतें हार्ट अटैक से होनी चाहिए थी। इससे पहले सोमवार को ब्रिटेन की कोर्ट में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी एस्ट्राजेनेका ने पहली बार माना था कि उनकी वैक्सीन से दुर्लभ साइड इफेक्ट हो सकते हैं। इसमें कहा गया था कि इसके कारण थ्रोम्बोसइटोपेनिया सिंड्रोम हो सकता है जिससे शरीर में खून के थक्के जम सकते हैं। ऐसा होने पर पीड़ित हो स्ट्रोक, हृदयगति थमने जैसी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। एम्स के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर संजय के राय का कहना है कि एस्ट्राजेनेका जो बात आज कर रही है, वही दो साल पहले मैंने कहा था। उस समय सलाह दी गई थी कि बूस्टर डोज फायदे से ज्यादा नुकसान कर सकती है। शुरुआत में जब अधिक लोग संक्रमित नहीं थे, तब लोगों में हर्ड इम्यूनिटी नहीं थी और वैक्सीन की जरूरत थी ताकि बीमारी की गंभीरता और मौत के आंकड़ों को कम किया जा सके। किसी भी वायरस से बचने के लिए नेचुरल इम्यूनिटी जरूरी होती है। रही बात वैक्सीन से धक्के जमने के बारे में तो इसके लिए शोध जरूरी है। एम्स के फोरेंसिक मेडिसिन के विभागाध्यक्ष डॉ. सुधीर गुप्ता ने कहा कि वैक्सीन के कारण किसी की मौत हुई हो ऐसा हमें नहीं लगता।

CMYK

मतदान कराने में अधिकारियों की भूमिका अहमः डा. रोशन जैकब

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निष्पक्ष व भयरहित सम्पन्न कराने के उद्देश्य से मंगलवार को मण्डलायुक्त डा. रोशन जैकब और आईजी तरुण गाबा ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपदीय अधिकारियो की बैठक ली, निर्वाचन को निष्पक्ष, भयरहित सम्पन्न कराने की सभी तैयारियां करने के निर्देश दिए। कहा कि कानून एवं शांति व्यवस्था, संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील क्षेत्रो को एसडीएम-सीओ और संबंधित टीमें संयुक्त रूप से भ्रमणकर कमियों को दूर कर ले। बैठक की शुरुआत में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने पूरी टीम की ओर से आयुक्त-आईजी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान सभी अधिकारियोंसे उनका परिचय और चुनाव में उनकी भूमिका जानी।आयुक्त ने कहा कि उप जिला मजिस्ट्रेट व पुलिस क्षेत्राधिकारी अपने क्षेत्रो में भ्रमण कर निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन के साथ सभी मतदेय स्थलों पर विद्युत, शौचालय, पानी की व्यवस्था पूरी तरह से दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। थाना स्तर पर चुनाव रजिस्टर, हालचाल रजिस्टर आदि के साथ ही निर्वाचन शिकायत रजिस्टर भी बना ले। सेक्टर मजिस्ट्रेट, पीठासीन अधिकारी, उड़नदस्ता टीम, वीडियो निगरानी टीम आदि पूरी तरह समय से क्रियाशील रहे। आयुक्त ने कहा कि पोलिंग पर्सन्स को प्रशिक्षण में विभिन्न परिस्थितियों से निपटने के लिए सक्षम और दक्ष बनाए। सेक्टर मजिस्ट्रेट पोलिंग पार्टी और पुलिस पार्टी को टैग करते हुए समय से रवानगी और वापसी को सुनिश्चित कराएंगे। मतदान दिवस पर जहां पोलिंग पार्टी सुस्त हो वहां समय से पोलिंग पर्सन का रिप्लेसमेंट एवं उन्हें बढ़ाने की कार्यवाही तत्परता से हो। मतदान केंद्र पर लगी पंक्ति में बुजुर्ग और गर्भवती महिलाओं को मतदान करने में पंक्ति से इतर प्राथमिकता पर मतदान कराया जाए। पोल-डे से एक दिन पूर्व मतदेय स्थलों पर पोलिंग पार्टी पहुंचने के बाद सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एमओआईसी मतदाता स्थलों पर एक राउंड पहुंचकर पोल वेलफेयर की व्यवस्था सुनिश्चित कराएंगे।आईजी तरुण गाबा ने कहा कि चुनाव एक महायज्ञ है जिसमें सभी अधिकारी, कर्मचारी टीम भावना से कार्य करें। फील्ड में एमसीसी उल्लंघन के मामलों में निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही की जाए। पुलिस ड्यूटी का रेंडमाइजेशन प्रॉपर हो। सीएपीएफ की फील्ड में तैनाती आयोग की गाइडलाइन के अनुरूप हो। ईवीएम सिक्योरिटी प्लान प्रॉपर हो। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं होगी। चुनाव के दौरान वीआईपी भ्रमण के दौरान सारे सुरक्षा मापदंडों का विशेष ध्यान रखा जाए।जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह तथा एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने भी निर्वाचन सम्बंधी सभी तैयारियों की जानकारी पीपीटी के जरिए मण्डलायुक्त तथा आईजी को देते हुए बताया कि जनपद में आदर्श आचार संहिता, धारा 144 तथा निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन कराया जा रहा है।डीएम-एसपी ने बताया कि कानून एवं शांति व्यवस्था व अन्य तैयारियां पूरी तरह दुरूस्त है। असामाजिक तत्वों के विरूद्ध 107, 116, 110 तथा गुण्डा एक्ट आदि की निरोधात्मक कार्यवाही भी गुणवत्ता के आधार पर की जा रही है। चिन्हित अपराधियों पर कार्यवाही भी की जा रही है।

मंडलायुक्त और आईजी ने स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

मण्डलायुक्त और आईजी ने सीडीओ संग कृषि उत्पादन मंडी समिति राजापुर में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने पानी, बिजली,शौचालय व सुरक्षा व्यवस्था को देखा। निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए। सुरक्षा व्यवस्था का पूरा ख्याल रखा जाए। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहे हैं।

कमिश्नर-आईजी ने देखा खीरी थाना और मतदेय स्थल

कमिश्नर और आईजी ने थाना खीरी का डीएम, एसपी, सीडीओ संग निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत चुनाव रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, निरोधात्मक कार्रवाई रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधी रजिस्टर के अलावा अन्य अभिलेखों की जांच की गई। इसके बाद तहसील सदर और थाना खीरी के अंतर्गत जिला पंचायत इंटर कॉलेज खीरी टाउन, पूर्व माध्यमिक विद्यालय खीरी टाउन के बूथों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल की उपलब्धता, शौचालय, विद्युत आपूर्ति, रैंप सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को देखा। आयुक्त ने बताया कि निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव कराने के लिए प्रशासन संकल्पित है। चुनाव को लेकर जरूरी व्यवस्थाओं की जांच की जा रही है। जहां कोई कमी मिल रही है उसे दुरुस्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं।

डीएम-एसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, कारागार की साफ-सफाई तथा अन्य व्यवस्थाओं का जायज़ा लेने के लिए मंगलवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व एसपी गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की पड़ताल की। डीएम-एसपी ने बंदी ग्रह में जाकर बंदियों का हालचाल जाना एवं खाने-पीने के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ ही जेल प्रशासन को जरूरी दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बैरिकों में जाकर बंदियों से मूलभूत सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। कारागार में साफ-सफाई व्यवस्था मिलने पर संतोष व्यक्त किया। निर्देश दिए कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई बनाए रखी जाए। इस दौरान डीएम, एसपी ने जेल बैरक, अस्पताल, आदि का निरीक्षण किया। पुरुष बंदियों से वार्ता कर स्थिति का जायजा लिया। उनकी समस्याओं की जानकारी लेकर उनके निस्तारण के लिए जेल अधिकारियों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान चिकित्साधिकारी डॉ शिवपूजन व डॉ दीपांकर ने कारागार चिकित्सालय में भर्ती मरीजो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कारागार अधीक्षक पीडी सलोनिया, जेलर हरिवंश कुमार पांडेय, डिप्टी जेलर धीरेंद्र प्रताप सिंह राठौर, भोजराज सिंह, रीता राजभर, सुनील कुमार, चिकित्सक डॉ. दीपांकर रावत, डॉ शिवपूजन मौजूद रहे।

अज्ञात कारणों से घर मे लगी आग

लगभग 1 लाख की लागत की घरेलू समान जलकर हुई खाक

अवधनामा संवाददाता

गुरुबक्सगंज , (रायबरेली)। गुरबख्शगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत खगिया खेडा गांव में उस समय हड़कंप मच गया आग जब परिजन दरवाजे पर बैठे थे ओर घर मे आग लग गई आग की लपट घर की छप्पर पर पड़ी तो तो धू धू कर जलने लगा यह दृश्य देखकर परिजनों में भगदड़ मच गई।

मामला गुरबख्श धाम थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत कौन सा के खागीय खेड़ा गांव का है जहां के निवासी मोहम्मद शमी पुत्र महरूम मोहम्मद इस्माइल का घर अचानक दूदू कर जलने लगा सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों व ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया पीड़ित ने बताया कि हम सभी दरवाजे पर बैठे थे तभी दूदू कर छप्पर जलने लगा आग लगने से तीन छप्पर एक सोलर पैनल 50 किलो चावल 3 कुंतल गेहूं तीन पंखा सहित लगभग 1 लाख की

लागत का घरेलू सामान जलकर राख हो गया।

आग की सूचना पाकर ग्राम प्रधान कोंसा ने पीड़ित परिवार को अस्वस्थ करते हुए यह कहा कि जब तक सरकार द्वारा आपको पूरी सहायता प्राप्त नहीं हो जाती तब तक जो भी खाद्यान्न पदार्थ या किसी भी चीज की आवश्यकता हो उसकी पूर्ति करने का पूरा प्रयास करूंगा क्षेत्रीय लेखपाल मौके पर जांच करने पहुंचे।

जैसे जैसे 13 मई नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे प्रत्याशियो ने हर तरह से मतदाताओ को शुरू कर दिया है रिझाना

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। जैसे जैसे 13 मई नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे प्रत्याशियो ने हर तरह से मतदाताओ को रिझाना शुरू कर दिया है, समाजवादी पार्टी द्वारा बहुत पहले ही अपने प्रत्याशी के रूप में धौरहारा लोकसभा क्षेत्र से आनंद भदौरिया का नाम घोषित कर दिया था, जबसे सपा द्वारा प्रत्याशी की घोषणा हुई उससे लगभग 1 साल पहले से ही आनन्द भदौरिया द्वारा अपना जनसंपर्क शुरू कर दिया प्रत्याशी घोषित होने के बाद व पहले पद यात्रा, उसके बाद गांवो में चौपाल लगाकर इण्डिया गठबंधन को जिताने की अपील के साथ उन्होंने और क्षेत्रीय सपा नेताओ ने नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होते ही डोर-टू-डोर सम्पर्क तेजी से शुरू कर दिया है, वही भाजपा प्रत्याशी रेखा अरूण वर्मा सरकार द्वारा 10 वर्षो के कार्य लोगो को गिनाकर तीसरी बार संसद जाने की जुगत में लगी है उनका यह सपना पूरा होता भी दिखाई दे रहा है परन्तु बसपा द्वारा श्याम किशोर अवस्थी को प्रत्याशी बना दिये जाने से यह सपना सपना ही रह जायेगा ऐसा प्रतीत हो रहा है।29 धौरहारा लोकसभा क्षेत्र में इस बार चुनावी लड़ाई खासी मजेदार हो गयी है, भाजपा से दो बार सांसद रही रेखा अरूण वर्मा मैदान है तो सपा से आनन्द भदौरिया मैदान में है, पहले धौरहारा लोकसभा सीट पर सपा और भाजपा की टक्कर होती दिखाई दे रही थी क्योकि हर किसी के दिमाग में चल रहा था कि बसपा मुस्लिम प्रत्याशी मैदान में उतारेगी परन्तु इस बार बसपा ने हर बार की तरह इस अपना मुस्लिम प्रत्याशी न देकर ब्राह्मण प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया वह भी ऐसा प्रत्याशी जो क्षेत्र में खासा लोकप्रिय है, बसपा द्वारा ब्राह्मण प्रत्याशी को मैदान में उतार देने से सपा और भाजपा के समीकरण बिगड़ते नज़र आ रहे है, अब धौरहारा क्षेत्र में चुनाव जातीय समीकरण पर सिमटता नज़र आ रहा है, अगर यहां चुनाव जातीय समीकरण पर सिमटा तो चुनाव बड़ा दिलचस्प हो जाएगा क्योकि जबसे धौरहारा लोकसभा अपने अस्तित्व में आयी है तबसे यहां पर बसपा दूसरे स्थान पर रही है, लेकिन पिछली बार बसपा और सपा का गठबंधन रहा था, तो दूसरे स्थान पर रहने वाली बसपा को अगर 60 प्रतिशत ब्राह्मण वोट मिल जाता है तो वह मुकाबले को दिलचस्प बना देंगे और ऐसा होता भी दिखाई दे रहा है, वही जिस तेजी के साथ सपा प्रत्याशी ने अपने चुनाव की शुरूआत की थी वह तेजी अब तक बरकरार है जिसके कारण सपा का कोर वोटर और आम जनमानस आनंद भदौरिया से जुड़ता चला जा रहा है उनका सीधा व्यक्तिव और सबसे सीधे जुड़ाव उनको मजबूत बनाने का काम कर रहा है, वही भाजपा प्रत्याशी को 10 वर्षो में आम मतदाताओ से बनी दूरी के चलते तीसरी पाली खेलती नजर नहीं आ रही है हालात यह है कि वह सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ के लाभार्थियो की बड़ी संख्या, मोदी की गारन्टी,और कुर्मी मतदाताओ के भरोसे पर अपनी जीत को पक्का मान रही है, हर प्रत्याशी खुद को जीता मान रहा है परन्तु मतदाता चुप्पी साधे है वह किसको अपना मतदान करेगा यह वह अपने खास को भी बताने के लिये तैयार नहीं है आम मतदाता से जब जानकारी चाही गयी तो वह बस इतना ही बोल रहा है कि अब 13 मई आने वाली है जिसकी तरफ क्षेत्र के सभी लोग जायेगे वह भी वही चला जायेगा यह लोकसभा का चुनाव है यह नगर से नहीं गांवो से जीता-हारा जाता है।

विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुई वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारियां

लखीमपुर खीरी। थाना खीरी पुलिस द्वारा मुखिबर की सूचना पर 01 नफर वांछित अभि0 इकलाख उर्फ सद्दाम पुत्र लियाकत निवासी शाहमहोली थाना कोतवाली देहात सीतापुर सम्बन्धित मु0अ0सं0 0216/2024 धारा 363 भादवि में लगुचा से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है थाना सम्पूर्णानगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के मिलन बाजार से बसही जाने वाले तिराहे से करीब 50 कदम की दूरी बह्दग्राम रानीनगर थाना सम्पूर्णानगर जनपद से एक नफर अभियुक्त आर्यन सिंह राना पुत्र जयराम सिंह राना निवासी मनहेरा वार्ड नं0 07 थाना धनगढ़ी जिला कैलाली नेपाल राष्ट्र को 16 ग्राम अल्प्राजोलम नशीला पाउडर के साथ गिरफ्तार किया गया । जिसके सम्बन्ध मे थाना सम्पूर्णानगर पर मु0अ0स0 162/2024 धारा 8/22 NDPS ACT पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गयी।

नाबालिग पुत्री का अपहरण कर ले जा रहे युवक को गांव वालो ने पकड़ा

मोहम्मदी-खीरी। कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि सोमवार की रात लगभग आठ बजे उसके पड़ोस में डीजे बज रहा था। वही पर उसकी नाबालिग पुत्री आयु सात वर्ष खेल रही थी। तभी वहां ग्राम रछेला वाजिदपुर निवासी लखविन्दर पुत्र रामौतार आया और उसकी खेल रही पुत्री को बहला-फुसला कर अपने साथ ले जाने लगा। जब पुत्री के अपहरण की खबर व्यक्ति तथा गांव वालो को हुई तो व्यक्ति गांव वालो के साथ मिलकर तलाश करना शुरू किया तब गांव से दो किलोमीटर की दूरी पर गांव वालो व व्यक्ति ने लखविन्दर को पुत्री सहित पकड़ लिया। व्यक्ति ने अपनी पुत्री को कब्जे में लेकर पुलिस को उक्त घटना की सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और लखविन्दर को अपने साथ ले आयी। परन्तु समाचार प्रेषण तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था।

क्षेत्रीय पार्षद समस्याओं को कर रहे नजर अंदाज

सहारनपुर। सहारनपुर महानगर को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किये जाने की मुहिम के बावजूद महानगर के कई मौहल्लों की स्थिति बद से बदतर हो रही है। नगर निगम प्रशासन की लापरवाही से सीवर लाईन ब्लाक होने की वजह से क्षेत्रवासियों को गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा पार्षद को बार-बार अवगत कराने के बावजूद समस्याओं का समाधान न होने उनमें आक्रोश व्याप्त है।

गौरतलब है कि सहारनपुर महानगर का चयन स्मार्ट सिटी योजना के लिए किया गया था, जिसमें सहारनपुर महानगर को चरणबद्ध तरीके से स्मार्ट सिटी बनाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा धनराशि स्वीकृत की गयी थी, जिसके चलते महानगर में अनेक स्थानों पर विकास कार्य तो चल रहे है, परन्तु महानगर के अन्दरूनी इलाके के अनेक मौहल्लों को स्मार्ट सिटी योजना के तहत विकास से वंचित रखने का काम किया जा रहा है। नगर निगम के सैक्टर 53 के अंतर्गत आने वाले मौहल्ला कृष्णा नगर में बीते दो माह से सीवर लाइन ब्लाक होने के कारण सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। जिसके चलते एक ओर जहां क्षेत्रवासियों को गंदे पानी के बीच से होकर आना जाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर क्षेत्रवासियो को गंदगी के साथ-साथ मच्छर व मक्खियों के प्रकोप का भी सामना करना पड़ रहा है, जिसके चलते अनेक बीमारियों ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिये हैं।

युवक को गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाले वांछित अभियुक्त को दबोचा

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। पैसो के लेनदेन को लेकर हुए झगड़े में गोली मारकर हत्या का प्रयास करने वाले एक वांछित अभियुक्त को थाना सदर बाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 अवैध पिस्टल 32 बोर मय 02 जिंदा कारतूस व 01 स्कूटी बरामद की गयी है। पुलिस लाइन के सभागार में पत्रकारों के समक्ष घटना का खुलासा करते हुए एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि 24 अप्रैल को ईश्वरपाल पुत्र मामराज निवासी चान्दनपुर थाना रामपुर मनिहारान ने थाना सदर बाजार पर अभियुक्त नीशू शर्मा पुत्र प्रदीप शर्मा निवासी प्रकाश लोक मुर्गा फार्म के बराबर गली लेबर कालौनी थाना कुतुबशेर, कर्ण पुत्र राकेश निवासी लक्कड माजरा सर्किट

हाउस थाना सदर बाजार के खिलाफ उसके पुत्र विपिन के साथ पैसे के लेनदेन को लेकर झगडा कर जान से मारने की नियत से गोली मारने के संबंध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देशों के अनुपालन में थाना सदर प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी के नेतृत्व में आज पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वांछित अभियुक्त कर्ण पुत्र राकेश निवासी लक्कड माजरा सर्किट हाउस थाना सदर बाजार को मय दो पिस्टल 32 बोर व दो जिन्दा कारतूस 32 बोर व घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ करने पर अभियुक्त कर्ण पुत्र राकेश ने बताया कि 21 अप्रैल को वह अपने दोस्त से यह स्कूटी मांगकर लाया था। उसी दिन नीशू शर्मा मेरे घर के पास मिला था और उसने बताया कि मुझे कोई गाली देकर चला गया है तुझे मेरे साथ स्कूटी लेकर चलना है। नीशू पण्डित के पास दो पिस्टल व एक तमन्चा था, तो वह दोनों जेवी जैन कॉलेज पहुंचे, तो वहां दो लड़के मिले, जिनसे कहासुनी हो गयी। नीशू पण्डित ने तमन्चे से विपिन उर्फबन्टी नाम के लडके के ऊपर फायर कर दिया, जिससे उसके पेट में गोली लग गई हम दोनो स्कूटी से मौके से भाग गये। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार त्यागी, उपनिरीक्षक शंशाक गिरी, हैड कांस्टेबल सचिन चौधरी, सचिन शर्मा शामिल रहे।

सैनिक कल्याण बन्धु की बैठक में पूर्व सैनिकों की सुनी समस्याएं

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में सैनिक बंधु की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सेवानिवृत्त सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुनकर उन्हें हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया। आज रोडवेज बस स्टैंड के निकट जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में सैनिक बंधु की आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों की समस्याओं को सुना गया। बैठक में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कर्नल विवेक मिश्रा ने कहा कि सैन्य सेवा में किये गये कार्यों की सरहना की तथा शहीद सैनिकों के बलिदानों को याद किया। जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास विवेक मिश्रा ने विश्वास दिलाया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय एवं जिला प्रशासन पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण के लिए निरन्तर प्रयत्नशील है। उन्होंने पूर्व सैनिक वैलफेयर लीग के उपस्थित पदाधिकारियों को अपने-अपने इलाके के सेवारत सैनिकों के परिवारों की समस्याओं से जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी को सूचित करने को कहा ताकि समय से जिला प्रशासन की मदद से उनकी समस्याओं का निस्तारण किया जा सके। श्री मिश्रा ने कहा कि सभी पूर्व सैनिक व विधवाओं एवं आश्रितों को ओन लाईन स्कीम में 30 दिन के अन्दर कार्ड बनवाना अतिआवश्यक है नही तो फार्म 30 दिन के बाद रिजेक्ट कर दिया जायेगा। कम्प्यूटर कोर्स ओर फेशन डिजाईनिंग कोर्स के लिये सभी पूर्व सैनिक, सैनिक विधवा, सैनिक आश्रित अपना नाम दे सकते हैं। इसके लिये 12वीं पास होना अनिवार्य है तथा सभी पूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं आश्रितों को जनपद सहारनपुर के पहचान पत्र, आर्थिक सहायता, वीरता पुरस्कार पदक विजेता व अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिये ऑन लाईन स्कीम पर आवेदन करना होगा।

पंचामृत छलका गया मोक्षायतन का 51वां स्थापना दिवस

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। योग संस्थान मोक्षायतन अंतर्राष्ट्रीय योग संस्थान का 51वा स्थापना दिवस और गुरु पद्मश्री भारत भूषण का 73वा जन्मदिवस

संस्थान के शिष्यों ने मनाते हुए स्वच्छता, श्रद्धा, सेवा, श्रमदान और साधना की निरंतरता के संकल्प से समाज विशेषकर युवा पीढ़ी में गहरा संदेश छोड़ दिया। संस्थान के 51वे स्थापना दिवस उत्सव मे देश के अन्य हिस्सों से आए योग जिज्ञासुओं ने भी भारी संख्या में भागीदारी की। बेरी बाग स्थित संस्थान मुख्यालय स्थित पतंजलि सभागार में विश्व कल्याण यज्ञ, नेशन बिल्डर्स एकेडमी परिसर व आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता अभियान, सहभोज, भंडारा और सामूहिक संकल्प कार्यक्रम की शुरुआत योग गुरु पद्मश्री स्वामी भारत भूषण और संस्थान निदेशक गुरु मां आचार्या प्रतिष्ठा ने रामपुर स्थित मोक्षायतन संस्थान की भारत योग शाखा में पहुंचकर नए सभागार का लोकार्पण करके की। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी आचार्य शशिकांत शर्मा योगाचार्य नवनीशकांत, ऋचा बड़थ्वाल, नैना शर्मा और उद्धव के अलावा बड़ी तादाद में मौजूद लोगों ने योग साधकों की मनोहारी प्रस्तुतियों का आनंद लिया। 51वां स्थापना दिवस योग संस्कार संकल्पदिवस के रूप में मनाते हुए अंतर्राष्ट्रीय योग एवं कथक गुरु आचार्या प्रतिष्ठा ने सभी को अपने भीतर नियमित साधना से योगशक्ति और सेवा से देशभक्ति जगाने का विशेष संकल्प भी दिलाया। मुरादाबाद शाखा के आचार्य अमित गर्ग, भारत योगी पुनीत, भारतयोगी आलोक श्रीवास्तव, सुमन्यू सेठ, विक्रांत जैन, योगाचार्या अनीता शर्मा, कंचन तेहरी, नारायण वर्मा, कुमार वैभव, मुकेश शर्मा, शिवम और विष्णु वर्मा ने अटूट भंडारे का संचालन किया। प्रसिद्ध बाल योगिनी देवी प्रत्यक्षा के संकीर्तन और आचार्य प्रदीप कंबोज के भजनों ने अपना समा बांधा। योग गुरु स्वामी भारत भूषण का जन्मदिन होने से साधकों ने पुष्पर्चन एवं गुरु वंदन से गुरुदेव का सत्कार करते हुए मोक्षायतन की योग यात्रा आधा घंटे की डॉक्यूमेंट्री फिल्म द्वारा दिखाई गई। गुरु भारत भूषण ने कहा कि यह मात्र एक व्यक्ति या संस्था का जन्मदिन नहीं बल्कि एक विचार हर साधक के योगस्थ, स्वस्थ व देशधर्म हित व्यस्त हो रहने के आंदोलन का स्थापनादिवस है जिसकी आधारशिला भारत का मूल योग है।

जिला मजिस्ट्रेट ने शामली-अंबाला निर्माणाधीन हाईवे का किया निरीक्षण

सहारनपुर। जिला मजिस्ट्रेट डॉ.दिनेश चन्द्र के नेतृत्व में जिला प्रशासन एवं पुलिस बल की टीम ने तहसील नकुड के अन्तर्गत बन रहे शामली-अंबाला हाईवे मार्ग की 03 किमी. विवादित भूमि को कब्जामुक्त कराकर एनएचएआई को सौंपा। डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि जनपद की तहसील नकुड से गुजरने वाले शामली-अंबाला हाईवे की 4.5 किमी. भूमि पर विवाद था जिसमें से 04 ग्रामों की 1.5 किमी. भूमि पर शासन द्वारा आदेश के बाद जिला प्रशासन ने कब्जा कर लिया था। ग्राम बालू, कलसी व रामरायखेडी क्षेत्र में पडने वाली शेष 3 किमी भूमि पर मंगलवार को कब्जा लिया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रजनीश कुमार मिश्र, सिटी मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी नकुड संगीता राघव सहित राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिवक्ताओं, पुलिस कर्मियों व न्यायिक अधिकारियों ने किया रक्तदान

शिविर में 304 यूनिट रक्त किया गया एकत्रित

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन व रोटरी क्लब कोन्टीनेन्टल के संयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें 304 अधिवक्ताओं, जज, पुलिस कर्मियों आदि ने स्वैछचिक रक्तदान किया। शिविर में जिला जज श्रीमती बबीता रानी ने सभी लोगों का उत्वाहवर्धन किया।

दीवानी न्यायलय स्थित बार संघ के सभागार में आयोजित शिविर का शुभारंभ जिला जज श्रीमती बबीता रानी द्वारा फीता काटकर किया गया। विशिष्ट अतिथि राकेश वीर संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को जिला जज द्वारा सम्मानित किया गया। जिला जज श्रीमती बबीता रानी कहा कि रक्तदान महादान है और इससे हम किसी का जीवन बचा सकते है। उन्होंने कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को प्रत्येक तीन माह पर रक्तदान करना चाहिए। वरिष्ठ अधिवक्ता बिशम्भर सिंह पुंडीर व

एडीजे मौ.अहमद ने एसोसिएशन के प्रयास की सराहना की ओर शिविर की सफ्लता की कामना की। एडीजे श्रीप्रकाश तिवारी ने कहा कि अधिवक्ता समाज के हर क्षेत्र में अपना योगदान देते हैं उसी कड़ी में आज इस शिविर का आयोजन कर अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। सीजेएम श्रीमति आस्थाश्रीवास्तव ने शिविर में अधिवक्ताओं के उत्साह की सराहना की। अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कि हम रक्तदान करके किसी जरूरतमंद को जीवन दान दे सकते हैं। एक यूनिट रक्त दान कर चार जिंदगियां बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टरों के अनुसार रक्तदान के फायदे भी हैं। रक्तदान करने से शरीर में नया रक्त बनता है तथा खून का संचार भी तेज होता है। जिससे हृदय स्वस्थ रहता है। महासचिव निशांत त्यागी ने कहा कि रक्तदान से कई जीवन सुरक्षित किए जा सकते हैं। स्वस्थ रहने के लिए भी रक्तदान अवश्य करना चाहिए।रोटरी क्लब सहारनपुर कोन्टीनेन्टल के अध्यक्ष कपिल गोयल ने कहा कि रक्तदान से किसी को डरने की आवश्यकता नही है। किसी भी तरह की कोई कमजोरी नही आती। रक्तदान करते रहने से हमारे शरीर का संतुलन बना रहता है, हमारे शरीर से कई बीमारियों का खतरा दूर रहता है। इस दौरान रोटरी क्लब सहारनपुर कोन्टीनेन्टल के राजपाल सिंह, अनिल मदान, आशीष मित्तल, नितिन अग्रवाल, सारिका मित्तल, संदीप शर्मा, जयराम गौतम, मनोज अरोड़ा, नेहा सहित अधिवक्ता अमरीश पुंडीर, राहुल त्यागी, संदीप पुंडीर, पूर्व महासचिव नितिन शर्मा, सौरभ जैन, रमन गुप्ता, पुलकित अग्रवाल, बृजपाल तंवर,जमाल साबरी, शिवकुमार सहित कई अधिवक्ता भारी संख्या में मौजूद रहे।

अवधनामा

लखनऊ, बुधवार, 01 मई, 2024

शिक्षा से ही लाया जा सकता है जीवन में बदलाव : अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश

देवरिया अवधनामा संवाददाता। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, तथा सिविल जज (जे0डी0) द्वारा राजकीय बाल गृह का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन द्वारा निर्देशित किया गया कि बच्चों के उनके पौष्टिक भोजन पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत हैं, जिसके लिये समय-समय पर उचित खान-पान की व्यवस्था के साथ-साथ व्यायाम कराया जायें। उन्होने कहा कि शिक्षा से ही इन बच्चों के जीवन कों व्यवस्थित करके बदलाव किया जा सकता है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा बच्चों के शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार कर उनको अध्ययन कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी ने राजकीय बाल गृह के बच्चों कों उनके परिजनों से नियमानुसार मिलवाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा पाठशाला का निरीक्षण करतें हुये बच्चों को उनके अध्ययन का निरीक्षण किया गया और उनके पठन-पाठन के कार्य को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया गया, उन्होने राजकीय बाल गृह को निर्देशित करतें हुये कहा कि बच्चों के द्वारा किये गयें क्षम्य कार्यो के प्रति उदार रवैया अपनाया जायें। सिविल जज (जे0डी0) समाली मित्तल द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए उनकी नियमित जॉच किये जाने हेतु सम्बन्धित को दिशा-निर्देश दिया। इस निरीक्षण में मुख्य रूप से अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश छाया नैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी, सिविल जज (जे0डी0) समाली मित्तल राजकीय बाल गृह देवरिया के प्रभारी अधीक्षक रामकृपाल, व अन्य सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

चोरों को नहीं रहा दुबग्गा पुलिस का भय एक के बाद एक घरों में चोरी कर दे रहे हैं वारदात को अंजाम

अवधनामा संवाददाता

अभी दो दिन पूर्व ही महिपत मऊ गांव में बंद दो घरों को चोरों ने बनाया निशाना

काकोरी। दुबग्गा थाना क्षेत्र के महिपत मऊ में एक दिन पहले हुई चोरी का खुलासा अभी पुलिस कर भी न पाई थी कि बीती रात चोरों ने कबाड़ का करने वाले के घर को निशाना बनाते हुए जेवरात समेत नकदी उठा ले गए। चोरों ने मात्र 1 घण्टे में चोरी की वारदात को अंजाम देकर रफूचक्कर हो गए। चोरी की घटना से क्षेत्र में हडकंम्प मच गया।परिजनों ने 112 पर चोरी की सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस नें चोरी की तहरीर थाने में देने की बात कहते हुए वापस लौट गई।सूचना पाकर मौके पर पहुँचे चौकी प्रभारी ने परिजनों से चोरी की तहरीर लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी है।क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से इलाके के लोग डरे सहमें हुए हैं। गांव के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से पुलिस पर सवाल खड़ा हो रहा है। गांव के लोगों के अनुसार पुलिस के द्वारा गश्त न करने का फायदा चोर उठा रहे हैं। मोहम्मद याकूब पत्नी अजरुल निशा पांच लड़के व एक लड़की के साथ अंधे की चौकी के फातिमा कालोनी में रह कर कबाड़ का कारोबार करते हैं। सोमवार को याकूब की छोटी बेटी आफिया खातून की शादी थी।परिवार के सभी सदस्य शादी में शामिल होने बालागंज के रॉयल पैलेस गए हुए थे। याकूब के मुताबिक घर पर देर रात बेटा सुफियान घर पर किसी सामान को लेने आया था।एक घण्टे के बाद वापसी पर सुफियान के घर पहुंचने पर घर का मेन गेट खुला हुआ था। चोरी की आशंका के चलते जैसे ही घर के अन्दर गया तो उसके पैरों के नीचे से ज़मीन खिसक गयी।कमरे में रखी अलमारी का लॉकर को तोड़कर चोर सोने चांदी के जेवरात समेत नकदी चुरा ले गए। घटना से परिवार में हडकंम्प मच गया।आनन फानन रिश्तेदार व अन्य लोग घर पहुंच गए।परिजनों ने घर मे हुई चोरी की सूचना 112 पर दी। मौके पर पहुंची 112 की पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना कर कोतवाली में तहरीर देने की बात कह कर वापस लौट गई।सूचना पर मौके पर पहुंचे अंधे की चौकी के प्रभारी नें परिजनों से तहरीर लेते हुए चोरों की तलाश में जुट गये।परिजनों के मुताबिक चोरो ने याक़ूब के बड़े लड़के फैजान की शादी भी 3 मई है जिसका जेवरात भी उसी अलमारी में रखा था तथा बड़ी बेटी रुकैया खातून समेत अन्य कई रिश्तेदारों का लगभग लाखों रुपए के जेवरात समेत 39 हजार की नकदी चुरा ले गए। इलाके में लगातार हुई चोरियों से ग्रामीण दहशत में हैं।ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस के गश्त न करने का फायदा चोर उठा रहे हैं। वहीं इस संबंध में एसीपी काकोरी शकील अहमद नें बताया कि आज मैं वीआइपी डियुटी पर था मैं अभी पता कर रहा हूं जो भी होगा विधिक कार्रवाई कर चोरों को जल्द ही पकड़ने का प्रयास किया जाएगा।

राष्ट्र निर्माण के लिए आगे आएं युवा : भूपेंद्र

देवरिया अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर 13 मई को होने वाले युवा सम्मेलन की तैयारी बैठक भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित की गई। बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी काफी ऊर्जावान है इन युवाओं की ऊर्जा का सही प्रयोग राष्ट के निर्माण में अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि आगामी 13 मई को युवा साथियों का एक सम्मेलन आयोजित किया जायेगा जिसमे जिले के सभी मंडलों के युवा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य है। उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय आप युवाओं का समय है इस लोकसभा चुनाव में आपको अपनी ताकत दिखानी है और मोदी और योगी के हाथो को मजबूत करते हुए देश को शिखर पर ले जाना है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि 13 मई को अधिक से अधिक युवा साथी इस सम्मेलन में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। पार्टी को आगे ले जाने में युवा नेतृत्व की भूमिका महत्वपूर्ण है क्योंकि युवा कार्यकर्ताओं के अंदर उत्साह और उमंग होता है तथा हमारे युवा साथी अपनी पूरी ऊर्जा के साथ पार्टी की नीतियों और कार्यो को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने का कार्य कर सकते हैं। बैठक का संचालन युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह ने किया। इस अवसर पर सुधांशु मिश्रा, दिलीप सिंह, जयदीप,अंकित, अवनिश, अनुपम, शिवम, विकास, शिखर, मण्डल अध्यक्ष जितेश, आशुतोष, राहुल, अमित, अक्षय प्रताप सिंह, अंशु सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा सरकार जन आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरी उतरी है

अवधनामा संवाददाता

सलेमपुर। सलेमपुर में लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के बाद भाजपा कार्यकर्ता ने गांधी चौक एवम सोहनाग मोड़ पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित करके सरकार की योजनाओं के बारे में बताकर भाजपा के सांसद प्रत्याशी रविन्दर कुशवाहा के पक्ष में वोट करने की अपील की।

भाजपा नेता अशोक पाण्डेय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। आज किसान हो या महिला या कोई गरीब हो या युवा सबको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। साथ ही बताया कि मोदी सरकार पिछले 10 सालों में सीमा सुरक्षा, आंतरिक सुरक्षा, वित्त व्यवस्था सहित विकास कार्यो के मामले में जन आकांक्षाओं पर पूरी तरह से खरी उतरी है। भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने मोदी की गारंटी को दोहराते हुए कहा कि देश आज सुरक्षित हाथो में है। मोदी जी के जनहित व कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है। भाजपा नेता प्रमोद मिश्र ने कहा कि आज दुनियाभर के लोग भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को सम्मान की नजरों से देखते है। तीसरी बार मोदी जी पीएम बनेंगे तो कई योजनाएं है जो भारत का तस्वीर बदल देगी। कार्यक्रम को विधानसभा सह-संयोजक संजय तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि रविन्दर कुशवाहा अपने कार्यो के दम पर लगातार तीसरी बार सांसद बनेंगे। भाजपा सरकार में सभी लोग सुरक्षित है। उक्त कार्यक्रम का संचालन लोकसभा मीडिया प्रभारी अजय दूबे वत्स ने किया। कार्यक्रम को अमरेश सिंह बबलू, नितेश चौबे, अमरदत्त यादव, जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल, विनय पाण्डेय, उमाकांत मिश्र, पुनीत यादव, अनिल ठाकुर, सोनू यादव, पिन्टु तिवारी, अवधेश मद्देशिया, पंकज गुप्ता, वचनदेव गोंड, अजय तिवारी, अभिषेक मिश्र,मनीष मौर्य ने भी सम्बोधित किया।

स्कूल में खाना बनाने के लिए प्रधानाध्यापक बच्चों से लकड़ी चिरवाते वीडियो वायरल

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। स्कूल में शिक्षा ग्रहण करने के स्थान पर छात्राओं से मिड डे मील बनने के लिए लकड़ी चिरवाई जा रही है। कैसे बच्चों का भविष्य होगा उज्जवल जहां सरकार प्रत्येक स्कूल में सिलेंडर उपलब्ध करा चुकी है इसके बावजूद भी स्कूल में चूल्हे पर खाना बनाया जा रहा है। विकासखंड राजेपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय बिरसिंहपुर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर बहुत तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें बच्चे साफ नजर आ रहे हैं कि लकड़ी कुल्हाड़ी से चीरते है। जब मीडिया की टीम ने मौके पर जाकर देखा तो हकीकत साफ नजर आई। कि गैस सिलेंडर चूल्हे के स्थान पर ईट का चूल्हा बनाकर खाना बनाया जा रहा है। जब इस बात की जानकारी ग्राम प्रधान श्यामू से ली। तो प्रधान द्वारा बताया गया कि चूल्हे से खाना लगभग डेढ़ वर्षो से बनाया जा रहा है। इसकी जानकारी हम अपने अधिकारियों को दे चुके हैं। लेकिन कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। महिला प्रधानाध्यापक नीलम राठौर हम पर हावी हो जाती हैं। महिला प्रधानाध्यापक होने के नाते हम कुछ टिप्पणी नहीं कर पा रहे हैं। पता नहीं किस समय हम पर कार्रवाई करवा दी जाए। अमृतपुर एसडीएम रविंद्र कुमार से बात की तो उन्होंने वायरल वीडियो की जांच खंड शिक्षा अधिकारी से करने की बात कही। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी राजेपुर अनूप कुमार सिंह को जानकारी दी तो उन्होंने वायरल वीडियो की जांच करने को कहा दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। जब इस संबंध में प्रधानाध्यापक नीलम राठौर से बात की तो उन्होंने बताया कि फुलवारी को सीधा करने के लिए छात्रों से लकड़ी कटबाई गई थी। और कहां की स्कूल में कभी भी चूल्हे पर खाना नहीं बनाया जाता है जबकि ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि स्कूल में डेढ़ वर्षो से चूल्हे पर ही खाना बनाया जा रहा है।

परिवार परामर्श टीम के सहयोग से पांच परिवारों के मध्य समझौता हुआ

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। परिवार परामर्श टीम के सहयोग से 05 परिवारों के मध्य समझौते करा कर उन्हें बिखरने से बचाया गया महिला परिवार परामर्श केन्द्र की टीम उ0नि0 पूनम यादव प्रभारी महिला परिवार परामर्श केन्द्र, म0का प्रियंका श्रीवास्तव, श्री विनोद पाठ्क ,श्रीमती अंजू शर्मा ,सुश्री मंजू रानी ,श्री राजेश शर्मा ,श्री नसीम खां ,श्री अरविन्द दीक्षित सदस्यों वाले महिला परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को निरन्तर सुना जा रहा है। इन विवादों में महिला पुलिस अधिकारी व अन्य नामित सदस्यों द्वारा पति/पत्नी एवं अन्य परिजनो के मध्य उपजे विवाद में उनकी काउंसलिगं कर समझा बुझा कर बिखरने से बचाया गया। श्रीमती वीनू पत्नी रघुवीर कुमार निवासी रूरा थाना सिरसकलार जनपद-जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता, श्रीमती साधना पत्नी रविन्द्र सिंह निवासी ग्राम डगरू का पुरवा थाना कुठौन्द जनपद-जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता, श्रीमती ज्योति पत्नी रिंकू निवासी ग्राम लाड़पुर थाना डेरापुर जनपद कानपुर देहात का (पति-पत्नी विवाद) समझौता, श्रीमती जानकी पत्नी हरगोविन्द निवासी ग्राम पिपराया थाना आटा जनपद-जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता, श्रीमती नाजनी पत्नी मुमताज शाह निवासी ग्राम ऐर थाना डकोर जनपद-जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता करा कर परिवारों को बिखरने से बचा कर उपरोक्त परिवारों में खुशियां लायीं गयीं।

सलमान खुर्शीद की भतीजी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। सपा नेत्री मारिया आलम को बोट जेहाद के अपील करना महंगा पड़ा। पूर्व विदेश मंत्री सलमान ख़ुर्शीद समेंत सपा नेत्री मारिया आलम पर एफ आई आर दर्ज की है। मोहल्ला चिलाका में हुई जनसभा में सपा नेत्री मारिया आलम ने अल्पसंख्यक समुदाय से वोट जेहाद करने की अपील की थी। पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व सपा नेत्री मारिया आलम पर कायमगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज हुई है। मामले में पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व सपा नेत्री मारिया आलम पर आचार संहिता उल्लंघन में एफ आई आर दर्ज हुई है। सपा नेत्री मारिया आलम ने चुनावी जनसभा में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से की थी वोट जिहाद करने की अपील उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया है।

इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी को जिताने के लिये शिवसेना ने लिया संकल्प

बस्ती अवधनामा संवाददाता। शिवसेना (यूबीटी) उत्तर प्रदेश ने इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी रामप्रसाद चौधरी को अपना समर्थन देते हुये उनकी जीत सुनिश्चित कराने का संकल्प लिया। प्रदेश सचिव संजय प्रधान ने यहां प्रेस को जारी विज्ञप्ति में कहा कि देश की अहंकारी सत्ता से जनता को छुटकारा दिलाने हेतु एकजुटता की जरूरत है। इण्डिया गठबंधन के साथ अनेक राजनीति दल मौजूदा सरकार को उखाड़ फेंकने का मन बना चुके हैं। संजय प्रधान ने कहा देश का तानाशाह इतना डरा हुआ है कि अनाप शनाप बख्तव्य के जरिये देश को गुमराह करने में जुट गया है। लेकिन देश की जनता हकीकत समझ चुकी है। 2024 में इण्डिया गठबंधन की सरकार बनेगी और जाति धर्म की संकीर्ण मानसिकता से ऊपर उठकर देश का विकास होगा। शिवसेना (यूबीटी) उत्तर प्रदेश के मीडिया प्रभारी नागेन्द्र मिश्रा ने कहा भाजपा ने 5 किलो मुफ्त राशन मं देश की जनता को उलझा रखा है। 10 साल सत्ता में रहने के बावजूद देश की 81 करोड़ आबादी मुफ्त राशन पर निर्भर है इससे बड़ा दुर्भाय क्या होगा। उन्होने मतदाताओं का आवाह्न किया कि सोच समझकर मतदान करें जिससे मताधिकार सुरक्षित रह जाये।

बैठकों में भाजपा नेताओं ने राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाने की अपील की

लखनऊ। लखनऊ लोकसभा चुनाव में सोमवार को हुए राजनाथ सिंह के भव्य नामांकन के बाद पार्टी जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने के लिए जनसंपर्क और बैठकें की। प्रदेश उपाध्यक्ष विधायक नोएडा पंकज सिंह ने आज शाम वार्ड अयोध्या दास प्रथम में अरविन्द मिश्र (अंशु)पार्षद प्रत्याशी के आवास पर और लाला लाजपत राय वार्ड स्थित दया शंकर सिंह (राजू) के आवास पर विधायक डॉ. नीरज बोरा जी की उपस्थिति में आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव में सभी से ज्यादा से ज्यादा मतदान हेतु अपील की। बैठक में सभी ने रक्षा मंत्री और लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह को अबकी बार 5 लाख पार का नारा लगाते हुए समर्थन दिया।

मुख्य अतिथि मा. पंकज सिंह ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा किए गए विकास कार्य दोहराए और कहा कि लखनऊ में विकास कार्यो का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। रक्षा मंत्री जी लखनऊ के विकास के लिए जो योजनाएं या प्रस्ताव आते हैं उसको पूरा करने के लिए दृढ़ संकल्पित रहते हैं।

छोटे से छोटे कार्यकर्ता की बात सुनना और उसको पूरा करने का हर संभव प्रयास ही उनकी विशेषता है। 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा मतदान पर जोर देकर पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प कराया। उक्त अवसर पर मंडल 5 के अध्यक्ष राकेश पांड़े, संजय सिंह, संजय तिवारी, राघव राम तिवारी, रूपाली गुप्ता, अमित सिंह आदि सैकड़ों का जनसमूह उपस्थित रहा। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी और भाजपा वरिष्ठ पदाधिकारी रमेश तूफानी ने सहादतगंज वार्ड के तहत सहादतगंज मेडिकल स्टोर वाली गली, ओमनगर वार्ड जयंकर नगर चौराहा पर , महापौर सुषमा खर्कवाल ने अंबरगंज वार्ड स्थित अंबरगंज भुइयन देवी मंदिर मे आयोजित बैठकों को संबोधित कर शत प्रतिशत मतदान और लखनऊ के जनप्रिय सांसद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को ऐतिहासिक विजय दिलाने के लिए अपील की। अखिल भारतीय ब्रह्म समाज द्वारा आयोजित पुजारी पुरोहित महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज सिंह और विशिष्ट अतिथि पूर्व महानगर अध्यक्ष एमएलसी मुकेश शर्मा उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता अखिल भारतीय ब्रम्ह समाज के राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने की।समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करने वाले, सभी में आपसी सामंजस्य बनाने वाले तथा सभी के सुख एवं सम्वृद्धि की अवधारणा को चरित्रार्थ करने वाले पुजारियों/पुरोहितों का एक सम्मेलन आलमबाग स्थिति अवध चैराहा के निकट के0के0 पैलेस गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया।

तेज रफ्तार टेम्पो अनियंत्रित होकर पलटा, एक की मौत

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। सुबह प्राइवेट स्कूल के शिक्षकों को लेकर जा रहा एक ऑटो अनियंत्रत होकर सड़क किनारे पलट गया इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि ऑटो में सवार पांच शिक्षक गम्भीर रूप से घायल हो गए प्राप्त विवरण के अनुसार घटना जालौन थाना क्षेत्र के उरई जालौन स्टेट हाईवे पर स्थित ग्राम अकोढ़ी दुबे गांव के पास की है जहाँ सुबह उरई से एक ऑटो यूपी 92 एटी 7328 जालौन जा रहा था जिसमे प्राइवेट स्कूल के शिक्षक प्रवीण शुक्ला, पुत्र सुनील शुक्ला निवासी सहाव जालौन, रणधीर यादव पुत्र हरगोविंद यादव निवासी झांसी, राहुल पांडे पुत्र स्व ओमप्रकाश निवासी अमराभट्ट कानपुर देहात, राज पुत्र राजू राजपूत निवासी करियापुर, अमरा भट्ट कानपुर देहात, मनोज पांडेय पुत्र ओमप्रकाश निवासी अमरा भट्ट कानपुर देहात, तथा इरफान अली पुत्र मंसूर अली निवासी करियापुर अमरा भट्ट कानपुर देहात सवार थे जैसे ही ऑटो ग्राम अकोढ़ी दुबे के पास पहुचा तभी रफ्तार अधिक होने के कारण चालक अपना नियंत्रण खो बैठा और ऑटो सड़क किनारे खंती में गिरकर पलट गया ऑटो चालक मौके से भाग गया। वहां से गुजरने बाले राहगीरों ने इस हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुची जलौन थाना पुलिस ने तत्काल सभी घायलों को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद जालौन में भर्ती कराया। जहाँ चिकित्सकों ने गम्भीर रूप से घायल प्रवीण शुकला को मृत घोषित कर दिया और पांच अन्य गंभीर रूप से घायलों को हायर सेंटर उरई रिफर कर दिया। पुलिस ने मृतक प्रवीण शुक्ला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नुसरत से सियासी पारा चढ़ा, महिला टोली के साथ की जनसंपर्क

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। लोकसभा चुनाव में पहली बार सांसद व सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी की बेटी नुसरत भी चुनाव प्रचार में उतर गई है। नुसरत ने आदर्श बाजार के शिवमंदिर में पूजा अर्चना की। शिव चर्चा में भाग लिया। गैंगस्टर मामले में सांसद के खिलाफ हाईकोर्ट में सुनवाई की दो मई को तारीख लगने के मात्र पांच दिन पहले बेटी के चुनाव मैदान में उतरने से जनपद का सियासी पारा चढ़ गया है। नुसरत के आने के बाद तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अफजाल अंसारी की बेटी नुसरत ने अचानक चुनाव मैदान में उतरकर सभी को चौंका दिया है। वह महिला टोली के साथ पवाहारी बाबा वार्ड के आदर्श बाजार में घूमीं। सबसे पहले सदर विधायक जैकिशन साहू से मुलाकात की। इसके बाद महिलाओं के साथ घर-घर जनसंपर्क किया। सपा के जिला कार्यालय पर महिलाओं के साथ बैठकर चुनाव की रणनीति तैयार की। आदर्श बाजार के शिवमंदिर में पूजा भी की, जिसकी फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रही है।इसके अलावा मंदिर में शिवचर्चा कर रही महिलाओं के साथ बैठीं। शाम को कुर्था में बैठक को संबोधित किया। तत्कालीन भाजपा विधायक कृष्णानंद राय सहित सात लोगों की हत्या के गैंगस्टर मामले में स्थानीय कोर्ट से अफजाल अंसारी को चार साल की सजा हो चुकी है। अफजाल अंसारी की अपील पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर दो मई को हाईकोर्ट में सुनवाई की तारीख लगी है। हाईकोर्ट से इस मामले में 30 जून तक फैसला आना तय है। सपा ने अफजाल अंसारी को प्रत्याशी घोषित कर रखा है, लेकिन कोर्ट के फैसले को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में बेटी नुसरत का मैदान में उतरना कई संकेत दे रहा है। चर्चा तो यहां तक है कि फैसला विपरित आने की स्थिति में अफजाल अंसारी की बेटी चुनाव मैदान में उतर सकती है।

अनुरागिनी संस्था द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

उरई (जालौन)। आज अनुरागिनी संस्था द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के सहयोग से तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला दीवानी न्यायालय सभागार उरई जालौन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए माननीय जिला न्यायाधीश श्री लल्लू सिंह द्वारा बताया गया कि तंबाकू उत्पादों से अनेक अनेक घातक बीमारियां हो जाती हैं तंबाकू में पाए जाने वाले घातक रसायन से कैंसर जैसे असाध्य रोग बहुतायत में हो रहे हैं। तंबाकू सेवन करने से मरने वालों की तादाद बहुत तेजी से बढ़ रही है। जो अत्यधिक चिंता का विषय है।

माननीय न्यायाधीश द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित न्यायिक अधिकारियों अधिवक्ता गणों कर्मचारी गणों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों को धूमपान एवं तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन न करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन.डी. शर्मा द्वारा तंबाकू से बने उत्पादों से होने वाली बीमारियों और तंबाकू को कैसे छोड़ा जाए इसकी विस्तृत जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालौन के प्रभारी सचिव श्री अर्पित सिंह द्वारा धूमपान निषेध अधिनियम की धाराओं को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर धूमपान करना दंडनीय अपराध घोषित हो चुका है। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ के निदेशक एवं अनुरागिनी संस्था के अध्यक्ष डॉ प्रवीण सिंह जादौन ने सभागार में उपस्थित जनों को तंबाकू से बने उत्पादों से होने वाले हानिकारक बीमारियों के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए तंबाकू का सेवन न करने की अपील की साथ ही अनुरागिनी संस्था द्वारा विगत 27 वर्षो से विभिन्न जनपदों में चलाए जा रहे तंबाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रमो के विषय में जानकारी दी। जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की जिला परामर्शदाता श्रीमती तृप्ति यादव ने बताया कि तंबाकू में मौजूद निकोटीन अत्यधिक नशे की लत है ।तंबाकू का उपयोग हृदय और स्वास्थ्य रोगों एवं 20 से अधिक विभिन्न प्रकार या कैंसर के उपप्रकार और कई अन्य दुर्लभ स्वास्थ्य स्थितियों के लिए एक प्रमुख कारक है। हर साल 80 लाख से अधिक लोग तंबाकू के सेवन से मर जाते हैं। अनुरागिनी संस्था के सचिव रविंद्र परमार ने सभी अतिथियों का स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर जिला बार संघ के अध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव,अपर जिला जज मोहम्मद कमर, सिविल जज सी.डी एफ.टी.सी. श्रीमती अनुकृति संत, सिविल जज (जू.डि.) जावेद खान, श्रीमती प्रियंका सरन, अपर सिविल जज (जू.डि.) सुश्री शैलजा,निकिता सिंह,श्री सुधांशु सिंह, विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री चंद्रभान सिंह, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य सुरजीत सिंह, आशा संस्थान उरई के प्रमुख श्री राजेंद्र सिंह भदोरिया, केंद्रीय उपभोक्ता भंडार जनपद जालौन के सभापति उपेंद्र सिंह राजावत, निदेशक जितेंदे पांडे क्रय विक्रय कालपी के सभापति सोमेश सिंह अनुरागिनी संस्था के धीरेंद्र सिंह रामकुमार सिंह, हरिहर सिंह लक्ष्मी प्रसाद राजपूत, राज प्रताप , जगपाल यादव अनुरागिनी संस्था के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता,विद्वान अधिवक्ता गण तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2015 अनुक्रमांक -2445294 का अंक सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम, संत कुमार पुत्र वीरेंद्र ग्राम - सेमरियांव, पोस्ट - उदयराजगंज जनपद - सिद्धार्थनगर

सूचना

मेरा पुत्र शाहजेब खुलेआम मुझ से और परिवार से अभद्र व्यवहार करता है और गलत कार्यों में लिप्त रहता है अतः मैने मजबूर होकर शाहजेब को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे सभी संबंध खत्म कर लिए हैं भविष्य में किसी भी कार्य और लेन देन हेतु वोह खुद ही ज़िम्मेदार होगा।

इरफान पुत्र इकबाल नि.म.न. 2008 मौ0 खाकरोबान, गाड़ों का चौक, थाना मण्डी, सहारनपुर

सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष-2017 अनुक्रमांक- 2301995 एवं इण्टर मीडिएट परीक्षा वर्ष - 2019 अनुक्रमांक -2406763 का अंक सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम -साधना पुत्री अर्जुन प्रसाद ग्राम - सेवक सेहरी, पोस्ट- कोटिया गडोरी, जनपद - सिद्धार्थनगर

सूचना

मेरा हाईस्कूल परीक्षा वर्ष - 2022 अनुक्रमांक - 1222516364 का अंक सहप्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

नाम - संदीप कुमार पुत्र ज्ञान चंद भारती, ग्राम- कटया, पोस्ट - मधुकर पुर जनपद- सिद्धार्थनगर

बेहद सादगी से इंडिया गठबंधन के नेता कार्यकर्ताओं के साथ अवधेश प्रसाद ने नामांकन पत्र किया दाखिल

4 जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी : पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व विधायक अवधेश प्रसाद ने आज यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बेहद सादगी के साथ इंडिया गठबंधन के नेता कार्यकर्ताओं के साथ अवधेश प्रसाद ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान उनके साथ पार्टी के प्रमुख नेता भी शामिल थे जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पूर्व सांसद निर्मल खत्री, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, सपा जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रूश्दी मियाँ, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह, बीकापुर के प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर सहित पार्टी के तमाम नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद समाजवादी पार्टी के केंद्रीय कार्यालय सहादतगंज में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने एक बैठक भी की जिसमें इंडिया गठबंधन को फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र से भारी बहुमत से जीतने के लिए मंथन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की बयार चल रही है अब तक हुए चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी भारी बहुमत के साथ जीतेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की सरकारें महिला नौजवान व किसान विरोधी है इसे जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा। पूर्व मंत्री तेज नारायण पाण्डेय पवन ने इस मौके पर कहा कि आने वाले 4 जून को इंडिया गठबंधन पूर्ण बहुमत के साथ केंद्र में सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी की ओर आशा भरी निगाहों से देख रही है समाजवादी पार्टी ने भी अपनी जिम्मेदारियां को महसूस करते हुए इस जन विरोधी सरकार से जनता को जल्द राहत दिलायेगी। पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने इस मौके पर कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जीतने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने कहा कि वह दिन दूर नहीं जब केंद्र सरकार अपने कर्मों की वजह से सत्ता से बेदखल कर दी जायेगी श्री यादव ने कहा कि इस बार जनता ने इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का मन बनाया है। समाजवादी पार्टी के जिला प्रवक्ता व पार्टी उपाध्यक्ष चौधरी बलराम यादव ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक जयशंकर पांडे ने भी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव के लिए पूरी ताकत लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी रुश्दी मियां, बीकापुर विधानसभा प्रत्याशी रहे हाजी फिरोज खान गब्बर, पूर्व एमएलसी लीलावती कुशवाहा पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री अमृत राजपाल आदि ने भी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आने वाला समय इंडिया गठबंधन का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव व संचालन जिला महासचिव बख्तियार खान ने किया।

हनुमतनगर वार्ड के लोगों ने नाली और गंदगी की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

अयोध्याधाम। अयोध्या नगर निगम के हनुमतनगर वार्ड के लोगों ने मंगलवार को नाली और गंदगी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया। वार्ड के लोगों ने नाले के गंदे पानी में घुसकर प्रदर्शन किया। नाली नहीं तो वोट नही, नाली की समस्या हल नहीं, तो मतदान नहीं के नारे लगाए। कॉलोनी वासियों ने आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव में वोट डालने का बहिष्कार किया है। स्थानीय लोगों ने जनप्रतिनिधियों और नगर निगम के ऊपर कई आरोप भी लगाए। लोगों का कहना है कि शिकायतों के बावजूद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है।शिवनगर पहाड़गंज के हनुमतनगर वार्ड में करीब 30 हजार की आबादी नाली समस्या से प्रभावित है। पांच वर्षों से यहां बना नाला पूरी तरह से बंद हो गया है। इससे नाली का गंदा पानी लोगों के घरों में जा रहा है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों ने बताया कि जब तक नाली का समाधान नहीं हो जाता किसी को भी वोट मांगने के लिए आने नहीं दिया जाएगा।

बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय ने भी किया नामांकन

आम जनमानस के लिए बीएसपी ने हमेशा काम किया और हमेशा काम करती रहेगी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। फैजाबाद लोकसभा से बसपा प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय ने भी किया नामांकन, नामांकन के दौरान प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल भी रहे मौजूद।नामांकन के बाद बोले सच्चिदानंद पांडेय कहा, मेरे मुद्दे बिलकुल साफ, अयोध्या की जनता अब तक सबका शासन देख चुकी है, इस शासन में आम जनता जो एक मिडिल क्लास वर्किंग क्लास जनता है वो भाजपा सरकार से खुश नहीं है, उसको लाभ नहीं मिल पाया है, जो बेसिक मूलभूत सुविधाएं हैं उसमें लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, जो यहां का नवयुवक है जो छात्र हैं कहीं ना कहीं वह अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं, एक अच्छी शिक्षा प्रणाली भी यहां नहीं है, शिक्षा सुरक्षा और स्वास्थ्य तीनों में यह सरकार फेल हुई है,बसपा के प्रदेश अध्यक्ष विश्वनाथ पाल ने कहा बहुजन समाज पार्टी का मुद्दा गरीबों की पढ़ाई, बहन जी ने मुफ्त दे रखी थी, वे शिक्षा दे रही थी, रोजगार दे रही थी, नौकरी दे रही थी, आम जनमानस के लिए बीएसपी ने हमेशा काम किया और हमेशा काम करती रहेगी, इंडिया गठबंधन पर बोले विश्वनाथ पाल, कहा कोई गठबंधन नहीं है, 2022 में सपा के साथ जयंत चौधरी थे, ओमप्रकाश राजभर थे,संजय चौहान थे, पल्लवी पटेल थी, दारा सिंह चौहान थे, स्वामी प्रसाद मौर्य थे, आज उनके साथ कोई दिखाई नहीं पड़ रहा है, उस गठबंधन का कोई मतलब नहीं है, बसपा का गठबंधन जनता के साथ है, इसी गठबंधन के बल पर 2007 में बसपा की सरकार बनी थी, इसी गठबंधन के बल पर देश में बहुजन समाज पार्टी बड़ी पार्टी बनकर आएगी।

नामांकन जलूस से चुनाव अभियान को धार देगी भाजपा, उत्तराखंड सीएम पुष्कर सिंह धामी व फायर ब्रांड नेता विनय कटियार रहेंगे मौजूद

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। भाजपा के प्रत्याशी लल्लू सिंह एक मई को नामांकन करेंगे। नामांकन जलूस रामकथा पार्क से प्रारम्भ होगा। जिसमें उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहेंगे। इन रोड शो के माध्यम से भाजपा चुनाव को धार देने में जुट गई है।

लोकसभा मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि एक मई को प्रातः 9 बजे रामकथा पार्क से भाजपा प्रत्याशी व सांसद लल्लू सिंह का नामांकन जुलूस निकलेगा। जिसमें उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी व फायर ब्रांड नेता विनय कटियार मौजूद रहेंगे। जुलूस में दोपहिया वाहनों से हजारों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेंगी। जूलूस लता चौक, रामपथ, साकेत महाविद्यालय, रीडगंज, चौक, रिकाबगंज से प्रेस क्लब तिराहे तक जाएगा। नामांकन जुलूस के लिए तैयारियां की जा रही है। बूथ स्तर के कार्यकताओं की उपस्थिति रहेगी। इसके लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी दी गई है। जुलूस का दर्जनों स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जाएगा।उन्होंने बताया कि नामांकन जलूस को ऐतिहासिक बनाने तैयारी भाजपा ने किया है। जलूस की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। आयोजन को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौप दी गई है। नामांकन जलूस में शामिल होने वाले पदाधिकारी सुबह से विभिन्न टोलियों को साथ लेकर रामकथा पार्क पहुंचना शुरू कर देंगे। पूरे आयोजन की मानीटरिंग जिला व महानगर के पदाधिकारी करेंगे। नामांकन जलूस के स्वागत के लिए स्थानीय जनता भी उत्सुक है।

उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ अयोध्या मनाएगा मजदूर दिवस

अयोध्या,अवधनामा संवाददाता। एक मई मजदूर दिवस के अवसर पर आज उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के नेतृत्व में अयोध्या कैंट स्थित नगर निगम कार्यालय परिसर में संघ की तरफ से अपने सफाई मजदूरों के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में निगम के महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी व विशिष्ठ अतिथि नगर आयुक्त होंगे कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संघ के जिला अध्यक्ष विनय बाघमार ने बताया कि कार्यक्रम को शुरुवात शाम 6 बजे से होगा जिसमे सभी अतिथि व गणमान्य के साथ सहभोज कराया जाएगा उसके उपरांत जबावी कीर्तन का मनोरंजक कार्यक्रम होगा जिसमे।

इंटरमीडियट परीक्षा में जिले की टापर्स को लोगों ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। हैरिंग्टन गंज ब्लॉक के ग्राम घुरेहटा निवासी राकेश कुमार यादव की पुत्री एवं देवा इंटर कालेज उसरू अमौना में इंटरमीडिएट की छात्रा दीप शिखा ने बोर्ड परीक्षा में जनपद में दसवां स्थान प्राप्त कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। वहीं इसी विद्यालय में पढ़ने वाली राकेश कुमार की दूसरी बेटी श्रद्धा ने हाईस्कूल परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक हासिल कर परिवार का नाम ऊंचा किया है। दोनों बच्चों के परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने पर विद्यालय परिवार व क्षेत्रीय गणमान्य लोगों ने बच्चों के घर पहुंच कर उन्हें सम्मानित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। देवा इंटर कॉलेज के प्रबंधक सहदेव उपाध्याय के अलावा परिषदीय स्कूलों में घुरेहटा संकुल के नोडल अधिकारी तुलसीराम, प्राथमिक शिक्षक संघ हैरिंग्टनगंज के ब्लॉक संयोजक बीरेंद्र दूबे, ब्लॉक अध्यक्ष रंजित यादव, उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ के ब्लॉक महामंत्री रवीन्द्र वर्मा, अनुराग प्रजापति, धनीराम चौरसिया आदि गणमान्य नागरिकों ने दोनों छात्राओं का सम्मान किया।

गर्मी और लू के प्रकोप के चलते अस्पताल में बढ़ रहे मरीज

800 की ओपीडी में 400 लोग उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित मरीज

अवधनामा संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। लगातार बढ़ती गर्मी से लोग बीमार हो रहे हैं, चल रहे लू के थपेड़ो से मौसम काफी गर्म हो गया है, जिससे लोग उल्टी, दस्त व बुखार के शिकार हो रहे हैं। प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों में के ओपीडी में 15 दिन पहले की तुलना में इस समय 50 फीसदी मरीज उल्टी, दस्त व बुखार के ही आ रहे हैं। सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज में दो दिनों से करीब 700 से 800 की ओपीडी हो रही है। जिसमें से 500 से 550 की नई ओपीडी, तथा 250 से 300 की पुरानी ओपीडी हो रही है। फिजिशियन डॉ अरविंद कुमार, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ संतोष कुमार ने बताया कि गर्मी से होने वाली बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। इन दिनों ओपीडी में जो मरीज आ रहे हैं उनमें से 50 फीसदी मरीज उल्टी, दस्त व बुखार से पीड़ित होते हैं।

भीषण गर्मी से लोगों का स्वास्थ्य बिगड़ रहा है। पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष लू से पीड़ित मरीजों की संख्या ज्यादा है। डॉक्टर ने मरीजों को सलाह दे रहे है कि गर्मी में भोजन ताजा करें। पानी साफ-सुथरा पिए। बाजार की चीजों से परहेज करें।यदि धूप में निकाल रहे हैं तो धूप से बचाव के लिए छाता लेकर व गमछे से मुंह बांधकर चलें। पानी में शुद्धता नहीं है तो गर्मी में भी पानी उबालकर पीना चाहिए। इस मौसम में दूषित पानी की आशंका बढ़ जाती है। पानी में कीटनाशक आदि मिला हो तो उसे पीने से डायरिया, हैजा, टायफायड वगैरह हो सकता है। बच्चों को धूप में न निकले दे। यदि बाहर निकलना जरूरी हो तो पानी पीकर निकले। कृषि विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक सीता मिश्रा का कहना है कि तापमान कई दिनों से 40-41 डिग्री को पार कर 42 डिग्री पर पहुंच चुका है। इससे लोगों को घरों से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ रहा है। आज का अधिकतम तापमान 42 व न्यूनतम 21 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। जबकि सात किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवा चल रही है।

पर्यवेक्षकों की कड़ी निगरानी में अवध विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा सकुशल सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा पर्यवेक्षकों एवं केन्द्राध्यक्षों की कड़ी निगरानी में सकुशल सम्पन्न हुई। 28 विषयों की इस परीक्षा में मंगलवार को 1498 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 955 की उपस्थिति रही। इसके अलावा लगभग 350 परीक्षार्थियों को यूजीसी पीएचडी गाइड लाइंस के अनुरूप परीक्षा से औपबंधित छूट प्रदान की गई है। पीएचडी प्रवेश परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए मंगलवार को कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के निर्देश पर कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र व पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो0 फरूंख जमाल द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर परीक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय की पीएचडी प्रवेश परीक्षा शुचिता के साथ सकुशल सम्पन्न हो गई।

अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान में स्टूडेंट्स चैप्टर का उद्घाटन

भू-भौतिकी के क्षेत्र में कॅरियर की असीम संभावनाए : भू-भौतिकी वैज्ञानिक डॉ0 बी0पी0 डिमरी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग में इंडियन जिओ-फिजिक्स यूनियन के स्टूडेंट चैप्टर शुभारम्भ मंगलवार को भू-भौतिकी में पद्म श्री एवं प्रख्यात भू-भौतिकी वैज्ञानिक डॉ0 बी0पी0 डिमरी ने स्टूडेंट चैप्टर का उद्घाटन किया। इस अवसर पर आई0जी0यू0 के सेक्रेटरी डॉ0 अभय राम बंसल ई0सी0 मेम्बर प्रो0 राजीव बाटला एवं डॉ0 ए0एस0एस0एम0 प्रसाद ने आई0जी0यू0 का प्रतिनिधित्व किया। इस स्टूडेंट चैप्टर में आई0जी0यू0 अन्नी तलवानी मेमोरियल पुरस्कार प्राप्त प्रो0 उमा शंकर का व्याख्यान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 बी0पी0 ने उपस्थित भू-भौतिकी, भूगर्भ एवं पर्यावरण विज्ञान में अध्यनरत छात्रों एवं शोध छात्रों को इस क्षेत्र के नये अवसरों से जागरूक किया। कहा कि इस क्षेत्र में कॅरियर की असीम संभावनाएं है। इसमें लोगों की रूचि काफी बढ़ी है। इसके लिए अपने ज्ञान के साथ कौशल को विस्तार देना होगा। इस कार्यक्रम में आई0जी0यू0 के सचिव डॉ0 अभय बंसल ने बताया कि विवि में स्टूडेंट चैप्टर खुल जाने से छात्रों को भू-भौतिकी के क्षेत्र में हो रहे कार्यो, सेमिनार, कार्यशाला, फैलोशिप एवं उच्च स्तरीय शोधकार्य करने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि इस विषय में सिर्फ समूह ''क'' की नौकारियां उपलब्ध है। इस क्षेत्र में विशेषज्ञों की अभी भी बहुत कमी है। इसलिए इसमें युवाओं का भविष्य निश्चित रूप से सुरक्षित है। कार्यक्रम में पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ0 विनोद कुमार चैधरी ने उपस्थित सदस्यों को पर्यावरण विज्ञान विभाग के द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों से रूबरू कराया। बताया कि भू-भौतिकी के पहले बैच के सभी छात्रों को नौकरी मिल चुकी है। इस पर प्रतिनिधि मंडल ने खुशी जाहिर की। कार्यक्रम में भू-भौतिकी के शिक्षक डॉ0 शशिकांत शाह ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मौके पर विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो0 राजीव गौड़, प्रो0 जसवंत सिंह, प्रो0 सिद्धार्थ शुक्ला, डॉ0 महिमा चौरसिया, डॉ0 रुद्र प्रताप सिंह, डॉ0 अरविंद कुमार, डॉ0 साजिया, डॉ0 संजीव श्रीवास्तव, डॉ0 प्रवीण चंद्र सिंह, डॉ0 सौरभ सिंह, इं. अनुराग सिंह, इं. नवीन पटेल, इं. जैनेद्र प्रताप, इं. विपिन पटेल, राज कुमार प्रजापति, बृजेश कुमार, शुभम सिंह, अदिति, सौरभ, सूरज सहित बड़ी संख्या में शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं ने नए अध्याय के लिए बधाई दी।

तालाब में पड़ा मिला 8 दिन से गायब अधेड़ का शव

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। सफदरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में ही स्थित आरा मशीन पर काम करने वाला अधेड़ आठ दिनों से लापता था। मंगलवार को उसका शव गांव के बाहर तालाब में संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। इसे लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चा है। शव मिलने के बाद परिजनों का रो-रोकर बुराहाल था। पुलिस ने कहा कि अधेड़ नशे का आदी था, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार मामला सफदरगंज थाना क्षेत्र के रसौली गांव का है। सफदरगंज थाना क्षेत्र के हाईवे किनारे स्थित रसौली गांव के लोग मंगलवार को सुबह उठे और खेतों की ओर जा रहे थे। आबादी के अंदर ही बिगिया तालाब है। ग्रामीण उधर से निकले तो तेज दुर्गन्ध आ रही थी। ग्रामीण पास में पहुंचे तो देखा कि पानी के अंदर कोई डूबा है, उसका सिर दिखाई दे रहा था। सूचना फैलते ही रसौली गांव के सैकड़ों लोग जुट गए। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकाला।

मोबाइल टावर से चोरी का खुलासा 5 शातिर गिरफ्तार 25 लाख का सामान बरामद

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। सर्विलांस व थाना सतरिख पुलिस टीम ने इंडस टावर में हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण कर लिया है। टीम ने 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से निशादेही पर 25 लाख रुपए की कीमत का चोरी का सामान बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि सिक्योरिटी फील्ड आफिसर सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी व वादी राजेश कुमार पाण्डेय हाल पता लखपेड़ाबाग थाना कोतवाली नगर ने थाना सतरिख पर सूचना दी कि 9 अप्रैल की रात्रि में सरायमिही स्थित इंडस टावर में अज्ञात चोरों द्वारा अजना माड्यूल, बीटीएस कार्ड, फ्रीक्वेंसी प्लेट व अन्य सामान चोरी कर लिया गया। उक्त घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी करने हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। इसी क्रम में सर्विलांस सेल व थाना सतरिख पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेंस एवं डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए 05 अभियुक्तों राजेन्द्र प्रसाद उर्फ गुड्डू पुत्र स्व0 मुन्ना लाल विश्वकर्मा निवासी मो0 शम्भूनाथ कालोनी थाना सैरपुर जनपद लखनऊ, संदीप कुमार पुत्र स्व0 राजकुमार निवासी महोलिया थाना घुंघटेर, सुभाष कुमार पुत्र कन्हैयालाल निवासी तरैया थाना सैरपुर जनपद लखनऊ, अमित पुत्र स्व0 रामप्रकाश निवासी महोलिया थाना घुंघटेर, नन्दलाल पुत्र कृपाराम निवासी कुम्हरवा थाना रामनगर को बीजेमऊ नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशादेही पर इंडस टावर से चोरी किया गया सामान (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) बरामद किया गया। अभियोग उपरोक्त की विवेचना में बरामदगी के आधार पर धारा की बढ़ोत्तरी की गई। पूछताछ पर अभियुक्तगण द्वारा बताया गया कि उनका एक गिरोह है, जो मोबाइल टावरों से कीमती सामान चोरी करते हैं एवं उसे फरार अभियुक्त राशिद के माध्यम से बेच देते हैं। फरार अभियुक्त राशिद मलिक की लखनऊ में कहीं पर कबाड़ की दुकान भी है। फरार अभियुक्त राशिद मलिक की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है एवं अभियुक्तगण के आपराधिक इतिहास के बारे में भी विस्तृत रूप से जानकारी की जा रही है। उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक बाराबंकी द्वारा पुलिस टीम को 15 हजार रुपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

जिला कारागार पहुंचे डीएम एसपी, किया औचक निरीक्षण

बाराबंकीअवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर जेल की गतिविधियों की जांच की। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ बाराबंकी जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बंदियों की पेशी के लिए बने वीडियो कांफ्रेंसिंग रूम का निरीक्षण कर पेशी प्रक्रिया का अवलोकन किया। परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की क्रॉस चेकिंग की।

प्रशिक्षण में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कार्मिकों को सीडीओ ने किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। लोक सभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से आईटीएम चेहरी में संपन्न मतदानकार्मिको के प्रथम प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने हेतु महिला कार्मिकों को मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय द्वारा मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

अपने कार्यालय में मुख्य विकास अधिकारी ने दोनो महिला कर्मियों को मतदान प्रशिक्षण में पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ प्रशिक्षण कार्य को पूरा करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। पीठासीन अधिकारी के रूप में विष्णुथापा स अध्यापक कम्पाजिट विद्यालय सुकरोली क्षेत्र नौतनवा और मतदान अधिकारी प्रथम के रूप में अनामिका प्रसाद, सहायक अध्यापक प्रावि मुहम्मदपुर क्षेत्र परतावल को मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशस्ति पत्र देते हुए कहा कि दोनों महिला कर्मियों ने प्रशिक्षण में बेहद सराहनीय प्रदर्शन किया है और हम सभी को पूर्ण विश्वास है कि न सिर्फ यही दोनो महिला कार्मिक बल्कि सभी महिला कार्मिक मतदान प्रक्रिया को कुशलतापूर्वक संपादित करेंगी।

इस अवसर पर पीडी रामदरश चौधरी, डीसी मनरेगा करुणाकर अदीब, डीसी एनआरएलएम बीबी सिंह, बीएसए श्रवण कुमार गुप्ता, डीपीआरओ यावर अब्बास, एपीओ शिवेंद्र कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

यूको बैंक ने वार्षिक वित्तीय परिणाम के बारे में दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। देवकली स्थित यूको बैंक अचंल कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता को बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ अश्वनी कुमार ने वर्चुअली सम्बोधित किया। इस दौरान उन्होंने बैंक के वार्षिक वित्तीय परिणाम के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष बैंक का व्यवसाय 9.50 प्रतिशत बढ़ा है। बैंक के एनपीए में कमी आई है। ऋण जमा अनुपात बढ़ा है। जमा राशि 5.33 प्रतिशत बढ़ा है। उन्होंने बताया कि प्रति कर्मचारी व्यवसाय में वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष यह 18.90 करोड़ था जो बढ़ कर 20.93 करोड़ हो गया है। पिछले वित्तीय वर्ष में परिचालन लाभ 5.43 प्रतिशत बढ़ा है। इसके साथ ही अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे जी ने बताया कि हमारे बैंक में ग्राहकों को हर तरह की सुविधा दी जा रही है, बैंक से मिलने वाले विभिन्न लाभो के प्रति ग्राहकों को जागरूक किया जा रहा है।

राष्ट्रीय लोकदल एनडीए गठबंधन का अटूट हिस्सा है : लल्लू सिंह

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। राष्ट्रीय लोकदल भारतीय जनता पार्टी की समन्वय बैठक शहर के कौशल पुरी स्थित सुरेंद्र लाल में संपन्न हुई बैठक में भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल एनडीए के संयुक्त उम्मीदवार सांसद प्रत्याशी लल्लू सिंह बतौर अतिथि एवं राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वेषनाथ मिश्र सूडडू मिश्र, क्षेत्रीय अध्यक्ष अवध क्षेत्र चौधरी रामसिंह पटेल विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय लोक दल जिलाध्यक्ष बलराम यादव ने किया जिसका संचालन जिला महासचिव संगठन राम शंकर वर्मा ने किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रत्याशी लल्लू सिंह ने कहा कि अब राष्ट्रीय लोकदल एनडीए गठबंधन का अटूट हिस्सा है आप सभी हमारे परिवार के सदस्य हैं आप सभी की जिम्मेदारी है सभी गठबंधन धर्म को निभाते हुए प्रधानमंत्री जी के संकल्प अबकी बार 400 को पूरा करें पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की तीसरी बार सरकार बने इसी संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ाना है हमारी सरकार पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के सपने को साकार करते हुए गांव गरीब किसान के लिए काम कर रही है हमारी सरकार ने अयोध्या धाम का नाम पूरे विश्व में ऊंचा करने का काम किया है आप सभी आशीर्वाद देते हुए भारी अंतर से जीत दिलाने का काम करें हम आपके मान और सम्मान में कोई कर कसर नहीं छोड़ेंगे ।राष्ट्रीय लोकदल प्रदेश उपाध्यक्ष विशेष नाथ मिश्र सूडडू मिश्र ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का हर एक एक कार्यकर्ता जयंत चौधरी के निर्देश का पालन करते हुए प्रत्याशी लल्लू सिंह के साथ है और पूरी ईमानदारी के साथ उनको भारी अंतर से जीत दिलाने का काम करेगा। राष्ट्रीय लोकदल अवध क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देकर पूरे देश के किसानों सम्मान बढ़ाया है जो लोग अब तक चौधरी चरण सिंह जी के नाम पर राजनीति कर रहे थे वह लोग जब भाजपा की नरेंद्र मोदी सरकार ने चौधरी साहब को भारत रत्न देने की घोषणा की तो बौखला गए धन्यवाद देने के बजाय विरोध करने लगे पश्चिम से जो एनडीए की हवा चली है पूरब में आते-आते विपक्ष का सूपड़ा साफ कर देगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राष्ट्रीय लोकदल जिलाध्यक्ष/ जिला पंचायत सदस्य बलराम यादव ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल का हर एक कार्यकर्ता गठबंधन धर्म को निभाते हुए आपके लिए काम करेगा गांव से लेकर शहर तक सभी कार्यकर्ता चुनाव तैयारियों में लग जाए हम सभी की जिम्मेदारी है कि अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह जी निर्देश का पालन करते हुए उनकी पगड़ी को नीचे नहीं होने देना है यह संकल्प हम सभी को लेकर जाना होगाबैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष एससी एसटी प्रकोष्ठ बेचू लाल कोरी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव, सचिव अवध क्षेत्र नेतराम वर्मा, महानगर अध्यक्ष अरविंद सिंह महंथ, जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी प्रमोद श्रीवास्तव अवधेश रावत, देवी शरण वर्मा, जिला सचिव राम जियावन वर्मा, राममिलन वर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अनिल वर्मा, महिला जिला अध्यक्ष डॉक्टर शांति देवी एडवोकेट, प्रदेश सचिव युवा सुरजीत वर्मा, अजीत वर्मा,बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष अनिल पांडे, करिया राम वर्मा, राम लक्ष्मण कोरी, जानकी प्रसाद वर्मा, तमाम पदाधिकारी कार्यकर्ता कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एसएसटी ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

बाराबंकी,अवधनामा संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन को निर्विघ्न संपन्न कराए जाने हेतु, कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देशन में आज क्षेत्राधिकारी नगर जगत कनौजिया द्वारा एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) के साथ थाना कोतवाली नगर क्षेत्रांतर्गत रामनगर तिराहे पर संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की सघन चेकिंग की गई एवं आचार संहिता/सड़क सुरक्षा/यातायात नियमों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया।

युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है : तिवारी

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर युवजन सभा के जिला कार्य समिति की समीक्षा बैठक तथा पदाधिकारियो का मनो नयन पत्र वितरण कार्यक्रम के आयोजक जिला अध्यक्ष श्री राम सेवक लोधी जी की अध्यक्षता तथा जिला अध्यक्ष लालजी यादव जी तथा पूर्व विधायक विजय पासवान जी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी जी रहे।

कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता/ जिला सचिव अब्दुल कलाम सिद्दीकी ने किया। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि युवा शक्ति ही राष्ट्र शक्ति है लोकसभा चुनाव में युवाओं और नौजवानों की भूमिका बहुत अहम होगी देश विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रहा है भाजपा की सरकार जनहित के हर मोर्चे पर विफल है भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों से धरातल पर कोई कार्य नहीं किया बल्कि मीडिया के सहारे अपनी झूठी उपलब्धियां का बखान किया है महंगाई बेरोजगारी चरम सीमा पर है नौजवान बेहाल है आम आदमी कंगाल है और देश का किसान बदहाल है यह सरकार सिर्फ पूंजी पतियों की पोषक है इसे गरीबों और किसानों से कुछ भी लेना-देना नहीं है आज हमारी

भाजपा सरकार ने पिछले 10 वर्षों से धरातल पर कोई कार्य नहीं किया

नौकरी रेलवे बैंक हवाई अड्डा एलआईसी के साथ-साथ हमारे आने वाली पीढ़ी का भविष्य भी खतरे में है होने वाला लोकसभा का चुनाव देश और संविधान को बचाने का चुनाव है और कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीड है हमारा सबसे बड़ा नेता और कार्यकर्ता वह है जो अपने बूथ को जिताता है अपने प्रत्याशी को जिताने के लिए हमें अपने बूथो को जीतना होगा हम अपने कार्यकर्ताओं नेताओं और जनता के सहयोग से इस चुनाव को जीतेंगे और कार्यकर्ताओं ने लोकसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी भीष्म शंकर उर्फ कुशल तिवारी जी को भारी मतों से जिताने का संकल्प लिया। उपरोक्त बैठक में अनूप कुमार यादव प्रदीप पथरकत कमरूज्जमा खान अब्दुल कलाम रमजान अली कन्हैया लोधी महेंद्र लोधी सुनील यादव सुभाष यादव रमई लोधी बबलू खान चंद्रहास यादव महेंद्र लोधी राहिल कमाल अंगद यादव मनीष यादव मोहम्मद हारुन विजय चौधरी सुनीता गोस्वामी शाहबाज आलम करुणेश्वर लोधी राकेश लोधी कलाम हाशमी मोहम्मद अमून मेकरानी राममिलन लोधी मुंशी लोधी केदार लोधी दुर्गेश लोधी मोहम्मद मुकीम नागेश्वर मिश्रा सुभाष लोधी विनय लोधी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

किसान कांग्रेस के नेशनल काआर्डिनेटर बने रामभवन शुक्ल

किसान कांग्रेस के नेशनल काआर्डिनेटर रामभवन शुक्ल का फूल मालाओं से हुआ स्वागत

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष वरिष्ठ कांग्रेसी रामभवन शुक्ल को राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा ने अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का नेशनल कोआर्डिनेटर नियुक्त किया है। शीघ्र ही उन्हे किसी प्रदेश का प्रभार भी सौंपा जायेगा। मंगलवार को कांग्रेस दफ्तर पर रामभवन शुक्ल का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा रामभवन शुक्ल की वर्षों की निष्ठा तथा समर्पण का पार्टी नेतृत्व ने पारितोषिक दिया है।

उनके नेतृत्व में किसान कांग्रेस को मजबूती मिलेगी और किसानों के मुद्दे राष्ट्रीय पटल पर उठते रहेंगे। उन्होने रामभवन शुक्ल को शुभकामनायें व बधाइयां दिया। पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र प्रताप नारायण पाण्डेय ने कहा कांग्रेस कई दशक से सत्ता में नही है लेकिन समर्पित साथियों के चलते कांग्रेस कभी कमजोर नही हुई। 10 सालों में देश में राजनीति का स्तर इतना गिर गया है कि सारे आदर्श मटियामेट हो गये हैं। अब सत्ता में बने रहने के लिये रोज नैतिकता की बलि दी जा रही है। उन्होने आवाह्न किया कि वन नेशन वन इलेक्शन भाजपा के एजेंडे में है। सोच समझकर मतदाता वोट करें वरना वन नेशन जीरो इलेक्शन वाले दिन भी आयेंगे। पूर्व विधायक रामजियावन ने कहा कांग्रेस हमेशा वैचारिक संघर्ष में विश्वास करती है। यही वह ताकत है जो कांग्रेस को कमजोर नही होने दे रही है। उन्होने रामभवन शुक्ल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिये जाने पर बधाइयां दिया। जिला महासचिव अशोक श्रीवास्तव ने कहा पीएम मोदी ने 50 करोड़ चंदा लेकर 80 करोड़ लोगों को कोविशील्ड लगवा दिया, और लोग असमय मौत के मुह में समा रहे हैं। चंदा लेकर 80 करोड़ लोगों की जान जोखिम में डाल दिया। देश की जनता उन्हे माफ नही करेगी। स्वागत समारोह को गंगा प्रसाद मिश्रा, प्रमोद दूबे, शकुन्तला देवी, सलमा अफसर, राणाप्रताप सिंह, देवी प्रसाद पाण्डेय, मंजू पाण्डेय आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन अवधेश सिंह ने किया। इस अवसर पर डीएन शास्त्री, लक्ष्मी यादव, अशफाक आलम कुरेशी, अलीम अख्तर, शौकत अली नन्हू, सुनील पाण्डेय, संजीव त्रिपाठी, दूधनाथ पटेल, प्रशान्त वर्मा, सर्वेश शुक्ल, सबीहा खातून, मनलाल मद्धेशिया, शुभम गांधी आदि का योगदान रहा।

व्यय प्रेक्षक ने भ्रमण कर दिए जरूरी टिप्स

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं सकुशल सम्पन्न कराने हेतु व्यय प्रेक्षक के रूप में 2005 बैच के आई0आर0ए0एस0 अधिकारी वाई आनन्द को 60 लोकसभा क्षेत्र डुमरियागंज के लिए नियुक्त किया है। मंगलवार को उन्होंने अधिकारियों से औपचारिक मुलाकात के बाद अधिकारियों को जरूरी टिप्स दिए। व्यय प्रेक्षक द्वारा लोकसभा डुमरियागंज के विधानसभा क्षेत्र 306 डुमरियागंज में भ्रमणशील एफ0एस0टी0 एवम एस0एस0टी0 टीमों की कार्यप्रणाली एवं चेकिंग वैरीयर व्यवस्था, चेक पोस्ट भारतभारी, बेवा चौराहा, भड़रिया आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ संजीव दीक्षित क्षेत्राधिकारी पुलिस अखिलेश वर्मा मौजूद रहें। इस दौरान व्यय प्रेक्षक द्वारा उपजिलाधिकारी डुमरियागंज से विधानसभा क्षेत्र डुमरियागंज में चुनाव की गतिविधियों के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की गयी तथा आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि चुनाव व्यय प्रक्रिया संबंधी किसी भी शंका या भ्रम की स्थिति नहीं बननी चाहिए। समस्या के समाधान के लिए उनसे किसी भी समय संबंधित अधिकारी संपर्क कर सकते हैं। हम सभी एक दूसरे के सहयोग से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन संपन्न कराएंगे। निरीक्षण के दौरान प्रेक्षक स्थानीय प्रशासन की व्यवस्था से संतुष्ट दिखे। इस दौरान प्रशासन के लोग मौजूद रहे।

श्रमिको को गर्मी से बचाव किये जाने के उपायो से जागरूक किया जाये

बस्ती अवधनामा संवाददाता। जनपद क्षेत्रान्तर्गत अधीनस्थ दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, ईट-भट्ठा उद्योग तथा कारखानों इत्यादि में कार्यरत श्रमिको को हीट वेव की आशंका के दृष्टिगत बचाव हेतु एडवाइजरी के अनुपालन कराये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। उक्त निर्देश देते हुए जिलाधिकारी अंद्रा वामसी ने बताया है कि औद्योगिक एवं अन्य श्रमिको के लिए गर्मी संबंधी बीमारियों हेतु जागरूकता कैम्प का आयोजन एवं कार्यरत श्रमिको को गर्मी से बचाव किये जाने के उपायो से भी जागरूक किया जाय। उन्होने बताया कि बाह्य कार्यो हेतु कार्य घण्टो में परिवर्तन किये जाने हेतु श्रमिको से विचार-विमर्श कर योजना बनाई जाये। उन्होने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यरत/नियोजित श्रमिको का गर्मी की स्थिति को देखते हुए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाना सुनिश्चित करें। कार्यस्थलों/दुकानों/वाणिज्य प्रतिष्ठानों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था तथा निर्माण कामगारों के संबंध में अन्य अनिवार्य मानको का पालन सुनिश्चित किया जाये। उप श्रम आयुक्त बी.एम. शर्मा ने क्षेत्रान्तर्गत अधीनस्थ दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान, ईट-भट्ठा उद्योग तथा कारखानों इत्यादि से अपील किया है कि उपरोक्त बिन्दुओं के दृष्टिगत उचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करे।

सभी टीमें अपने तैनाती स्थल पर तैनात रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें

अवधनामा संवाददाता

बस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न करने के लिए स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) तथा फ्लाइंग स्क्वायड टीम (एफएसटी) के महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि जांच के दौरान सामान्य जन से मधुर व्यवहार करें तथा उन्हें अनावश्यक परेशान ना करें।

उक्त निर्देश भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 2024-लोकसभा बस्ती के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक आर.एल. अरुण प्रसाद ने दिए हैं। ऑडिटोरियम में आयोजित प्रशिक्षण में एफएसटी और एसएसटी टीम के मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशेष रूप से पर्यटकों, व्यापारियों एवं अन्य सभी के साथ जांच में विनम्रता बरतें। उन्होने कहा कि 29 अप्रैल से लोकसभा बस्ती के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गयी है। एसएसटी तथा एफएसटी की सभी टीमें अपने तैनाती स्थल पर तैनात रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होने कहा कि 10 लाख रूपये से अधिक नकद या ज्वेलरी पाये जाने पर विभागीय नोडल अधिकारी को सूचित करें। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अन्द्रा वामसी ने निर्देश दिया है कि सी-विजिल ऐप तथा ई-एसएमएस पोर्टल सभी मजिस्ट्रेट अपने मोबाइल में डाउनलोड करें। सभी टीमों के मजिस्ट्रेट अपने सहायक निर्वाचन अधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट से अवश्य मिल लें तथा उनके साथ बैठक कर लें। उन्होने एनक्जर बी-8, बी-9, बी-10 के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया। उन्होने निर्देश दिया है कि टीम का कोई भी सदस्य मजिस्ट्रेट के अनुमति के बिना अनुपस्थित नही होगा। कंट्रोल रूम से भेजी जाने वाली शिकायत पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें। निर्वाचन आयोग के निर्देश दिये है कि पर्यटक/तीर्थयात्री के पास अधिक धनराशि प्राप्त होने पर उसका आवागमन बाधित ना किया जाय। इसी प्रकार बैंक द्वारा धनराशि का ट्रान्जक्शन क्यूआर कोड के द्वारा सत्यापन करें। उन्होने कहा कि प्रत्येक जब्त की गयी धनराशि या सामान की पावती अवश्य दी जायेंगी। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने कहा कि एसएसटी तथा एफएसटी टीम की जीपीएस से मानीटरिंग की जा रही है। टीम में तैनात कोई पुलिस अधिकारी मजिस्टेट्र के अनुमति के बिना अनुपस्थित नही होंगे। अनुपस्थित पाये जाने पर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। निरीक्षण के दौरान वीडियोंग्राफी भी की जायेंगी, यदि महिला यात्री की जॉच की जानी है, तो उसके लिए नजदीकी थाने से महिला पुलिसकर्मी को बुलाया जाये।

वीरेंद्र चौधरी का रोड शो आज

महराजगंज अवधनामा संवाददाता। महराजगंज लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी बुधवार को जन आशीर्वाद यात्रा के नाम से रोड शो करेंगे। यह जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सुबह आठ बजे से उनका रोड शो भारी काफिले के साथ महादेवा चौराहे से होते हुए जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों का चक्रमण करते हुए देर शाम नौतनवां और फरेंदा विधानसभा क्षेत्र का संगम कहे जाने वाले कसबा कोल्हुई में संपन्न होगा। उन्होंने कहा रोड शो का उद्देश्य लोकसभा क्षेत्र की जनता से समर्थन व आशीर्वाद प्राप्त करना है।

मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

किछौछा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। विकासखंड बसखारी के ग्राम सभा बेला परसा में छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।यूपी बोर्ड इलाहाबाद में परीक्षा के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित करने का सिलसिला क्षेत्र में जारी है। इसी के तहत जनता इंटर कॉलेज बेला परसा में शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को क्षेत्र पंचायत सदस्य ने सम्मानित किया। हाई स्कूल में राधिका (90./),अंशिका(88/) सौरभ (87/)। इंटरमीडिएट में उच्च प्रदर्शन करने वाले छात्र शालिनी (91/)राजन विश्वकर्मा (88/) मुस्कान (86) को क्षेत्र पंचायत सदस्य असलम अब्बास ने सम्मानित किया। वहीं जनता इंटर कॉलेज बेला परसा के प्रबंधक श्री संतराम मौर्य उत्तीर्ण छात्रों को मिठाई खिलाकर एवं माला पहनाकर दी बधाई। इस दौरान जनता इंटर कॉलेज बेला परसा के प्रबंधक श्री संतराम मौर्य के साथ प्रधानाचार्य पवन यादव संजय कुमार आफ़ताब शशि प्रताप वर्मा व अन्य स्टाफगण मौजूद रहे।

सपा प्रत्याशी लालजी वर्मा ने कराया अपना नामांकन

अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के छठे चरण के अंतर्गत 55 अम्बेडकर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में आज दिनांक 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे से 3 बजे तक जनपद अंबेडकर नगर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। 11 बजे से 3 बजे के मध्य कुल 3 नामांकन पत्र विक्रय किया गया , जिसमें बीएसपी सहित अन्य निर्दल प्रत्याशियों द्वारा कुल 03 नामांकन पत्र खरीदे गए। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी लाल जी वर्मा द्वारा दो सेट में नामांकन पत्र जमा किया गया। कोई भी इच्छुक अहर्य अभ्यर्थी नामांकन न्यायालय जिला अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट अंबेडकर नगर पर दिनांक 6 मई 2024 तक 11 बजे पूर्वाहन से 3 बजे अपराह्न के मध्य किसी भी दिन सार्वजनिक अवकाश को छोड़कर कर सकता है।

टीकाकरण एवं ओरल पोलियों ड्राप चार मई को

बस्ती अवधनामा संवाददाता। जनपद से जाने वाले हज यात्रियों को जिला स्तर पर जामा मस्जिद एवं मदरसा जामिया हनफिया, रहमतगंज गॉधीनगर में मैनिगोकोकल मेनिनजाइटिस का टीकाकरण एवं ओरल पोलियों ड्राप आगामी 4 मई को प्रातः 10 बजे से निर्धारित है। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी आर.एस. दुबे ने संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि इस दिन प्रातः 9 बजे नियत टीकाकरण स्थल पर पहुॅचकर कार्य का सम्पादन करना सुनिश्चित करें।

तृतीय राजस्तरीय सीडीई कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

अंबेडकरनगर। इंडियन डेंटल एसोसिएशन अंबेडकर नगर ब्रांच ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन उत्तर प्रदेश ब्रांच के सहयोग से तृतीय राज्य स्तरीय सीडीई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम अंबेडकर नगर के साई प्लाजा होटल में दिनांक 28 अप्रैल 2024 को आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्टेट प्रेसिडेंट डा. प्रदीप अग्रवाल, डा. सचिन प्रकाश और डा. आशीष खरे थे।

उक्त कार्यक्रम में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन अंबेडकर नगर ब्रांच के अध्यक्ष डा. एस के वर्मा, सचिव डा.आसिफ अख्तर, कोषाध्यक्ष डा. ज्ञानदीप वर्मा एवं डा. जेके वर्मा जी ने अपनी गरिमामय उपस्थिती से कार्यक्रम को सु शोभित किया। कार्यक्रम की शुरुआत डा. सोनिया गुलिया के लेक्चर से हुआ, जिन्होंने डेंटिस्ट्री में सीबीसीटी के उपयोग पर विस्तृत व्याख्यान दिया।

इसी कड़ी में अगला लेक्चर डा. सौरभ श्रीवास्तव का हुआ जो की दिल्ली से आए हुए थे, उन्होंने बेसिक टू एडवांस्ड एंडोडोंटिक शीर्षक पर व्याख्यान दिया और साइंटिफिक सेशन के अंत में मेदांता हॉस्पिटल के प्रख्यात डॉक्टर विवेकानंद सिंह ने मुखिया कैंसर पर एक विस्तृत व्याख्यान दिया। साइंटिफिक सेशन के बाद एक कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इंडियन डेंटल एसोसिएशन अंबेडकर नगर ब्रांच की अध्यक्ष डा.कृतिका सिंह ने आए हुए सभी अतिथियों का एवं प्रायोजकों का धन्यवाद ज्ञापन किया और अंत में ब्रांच के सेक्रेटरी डा. विवेक वर्मा ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समाप्ति की घोषणा किया।

कार्यक्रम की सफलता में डा. राघवेंद्र गुप्ता, डा. प्रवेश वर्मा, डा.गीतिका वर्मा, डा.रजनी चौधरी, डा. सरस्वती, डा. डी के सोनी, डा. पीयूष उपाध्याय, डा. पंकज वर्मा और डा. प्रखर सिंह ने अपना अभूतपूर्व योगदान दिया।

मारपीट छिनैती मामले मे बंद पीड़ित की हिरासत में बिगड़ी तबियत

जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। मारपीट छीनैती की तहरीर देने वाले हृदय रोग से ग्रस्त पीड़ित की रात में हिरासत में हालत बिगड़ गई। पुलिस रात में गंभीर दशा की सूचना परिजनों को दी जब तक परिजन थाना पहुंचते पुलिस पीड़ित युवक को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर चली गई। मानवता को तार तार कर पुलिसकर्मियों ने एक निजी अस्पताल छोड़ चम्मत हो गए। हिरासत में पीड़ित युवक की दशा खराब होने पर हड़कंप मच गया। घटना मालीपुर थाना में बीते रात लगभग 11 बजे घटित हुई। थाना के सलहदीपुर गांव निवासी दीप चंद और उसके भाई की दबंग युवकों ने बीते 27 अप्रैल रात को निमंत्रण से लौटते समय अपमानित कर पिटाई कर दिया और चेन छीन लिया। इसके पहले यही तीन युवक पीड़ित की बहन के विवाह में बवाल कर चुके थे। पीड़ित युवक ने थानाध्यक्ष को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराने की मांग की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बजाय बीते 29 फरवरी की शाम को बीपक्षियो को थाना बुलाकर पंचायत शुरू कर दिया और सुलह समझौता के लिए दवाब बनाने लगे। जब पीड़ित सुलह समझौता से इंकार किया तो पुलिस ने दबंग आरोपियों के साथ पीड़ित को हिरासत में ले लिया। पीड़ित को हिरासत में लिए जाने की सूचना पर भाई थाना पहुंचा। थानाध्यक्ष ने हृदय रोग से संबंधित कागज और दवा दिखाई किंतु थानाध्यक्ष ने फाइल और दवा लेकर उसे वापस कर दिया।रात 10 बजे से उसकी तबियत खराब होने लगी।वह हिरासत में तड़फता रहा किंतु मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी मुक दर्शक बने रहे। जब उसकी तबियत बिगड़ गई तब कहीं जाकर परिजनों को सूचना देकर अस्पताल ले गई।पुलिसकर्मियों ने उसे जलालपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उसे छोड़ कर भाग निकले। युवक हार्ट का मरीज हैं। अभी दो दिन पहले आई सी यू में इलाज कराकर वापस आया था। परिजन डाक्टर की फाइल और दवा लेकर थाना का चक्कर लगाते रहे किंतु वाह रे मालीपुर पुलिस सब हद पार कर दिया।

लालजी वर्मा पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज किया केस

अंबेडकरनगर। 55 लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी लालजी वर्मा ने आज किया नामांकन , इंडिया गटबंधन के संयुक्त प्रत्याशी लाल जी वर्मा ने नामांकन के बाद कहा की सरकार हमको डराने के लिए कार्रवाई कर रही है लेकिन हम डरने वाले नहीं हैं। पूर्व के दिनों में आरक्षण को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फेक वीडियो मामले में सपा के लोकसभा प्रत्याशी लालजी वर्मा पर दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था और आज दिल्ली पुलिस की एक टीम ने सोमवार आधी रात करीब उनके घर पहुंचकर नोटिस थमाया और पूछताछ भी की जिसपर प्रतिक्रिया देते हुए लाल जी वर्मा ने कहा की बीजेपी सरकार रोकने के लिए कोई भी हथकंडा इस्तेमाल करने के लिए तैयार है। नामांकन से पहले समाजवादी पार्टी के साथ इंडिया गडबंधन के लोगो ने कटरिया याकूबपुर में सभा की जिसमे विधायक राम अंचल राजभर, विधायक राम मूर्ति, विधायक त्रिभुवन दत्त, समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष समेत गड़बंधन के हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

श्रीमद्भागवत कथा में छठवें दिन हुआ कृष्ण और रुक्मणी विवाह प्रसंग

सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु, भगवान श्रीकृष्ण के लगाए जयकारे

अवधनामा संवाददाता

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज के महुआरा में चल श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन स्वामी अलोकानंद शास्त्री ने गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, महारास लीला, रासलीला में भगवान शंकर का आना एवं श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। इस अवसर स्वामी अलोकानंद शास्त्री महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं।

जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय कथा का श्रवण कराया गया। कथावाचक स्वामी अलोकानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला द्वारा ही जीवात्मा का परमात्मा से मिलन हुआ। भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी के विवाह की झांकी ने सभी को खूब

आनंदित किया। रुक्मणी विवाह के आयोजन ने श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कथा मंडप में विवाह का प्रसंग आते ही चारों तरफ से श्रीकृष्ण-रुक्मणी पर जमकर फूलों की बरसात हुई। कथावाचक स्वामी अलोकानंद शास्त्री ने श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि जो भक्त प्रेमी कृष्ण-रुक्मणी के विवाह उत्सव में शामिल होते हैं उनकी वैवाहिक समस्या हमेशा के लिए समाप्त हो जाती है। कथा वाचक ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। कथा वाचक स्वामी अलोकानंद शास्त्री महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है।

यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया उसे ही परास्त होना पड़ा। रासलीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए कथा व्यास ने कहा जब-जब जीव में अभिमान आता है भगवान उनसे दूर हो जाते हैं। जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते है उसे दर्शन देते है। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ।

पंडित स्वामी अलोकानंद शास्त्री महाराज ने भगवान शंकर का रासलीला में शामिल होने का विस्तार से वर्णन किया। पंडित स्वामी अलोकानंद शास्त्री महाराज ने कहा कि भगवान भक्त का धन, संपत्ति नहीं देखते हैं, वे केवल उसका निस्वार्थ भाव देखते है। इसे देखकर ही आशीर्वाद देते हैं। उन्होंने कृष्ण- सुदामा प्रसंग का वर्णन किया। सुदामा भगवान के भक्त बने। गरीबी होने के बाद भी सुदामा ने भगवान से कभी कुछ नहीं मांगा। यथाशक्ति निस्वार्थ भाव से कृष्ण की भक्ति की। भगवान इतने प्रसन्न हुए कि उन्होंने सुदामा को अपना मित्र बना लिया। इस दौरान आचार्य राधेश्याम पांडेय, हरिश्चंद गुप्ता, जय प्रकाश गुप्ता, आकाश, राहुल यादव, अनिरुद्ध आदि मौजूद रहे।

केजरीवाल के पैरवीकारों का आरोप

केजरीवाल के गिरफ्तारी को लेकर उनके पैरवीकार तरह तरह के आरोप लगाते आ रहे है। भारत सरकार दिल्ली के एलजी और जेल प्रशासन को दोषी बता रहे है। पैरवीकारों का आरोप है कि केजरीवाल को धीमी मौत देने के लिये साजिश की जा रही है। सवाल है क्या केजरीवाल ऐसे अपराधिक कैदी है कि उनसे उपरोक्त लोग खौफज़दा है। अभी तो अपराध का आरोप कोर्ट में विचाराधीन चल रहा है। कोर्ट ने ईडी द्वारा गिरफ्तारी को सही बताया है। केजरीवाल और उनके सहयोगी उन्हें बेल पर बाहर निकालने और निकलवाने के बेकरार है।

आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया कि केजरीवाल को इन्सुलिन और डाक्टर से वंचित रक्खा जा रहा है। पार्टी के अनुसार केजरीवाल राइट टू मधुमेह से पीडित है। केजरीवाल को इनसुलिन दिये जाने और परिवारिक डाक्टर से विडियों कान्फ्रेन्स के जरिये बात कराने की मांग पार्टी प्रवक्ता कर रहे है। जेल के डाक्टर अलग होते है जो कैदियों के स्वास्थ्य की जांच करते रहते है और जरूरी कदम उठाते रहते है। केजरीवाल को भी इसका लाभ मिल रहा होगा। अगर कुछ अनहोनी हो जाय तो जिम्मेदारी जेल प्रशासन और जेल डाक्टर पर आयेगी। जेल प्रशासन और जेल डाक्टर ऐसी नौबल क्यों आने देगे। क्योकि अगर ऐसे मामलों में कोई अप्रिय घटना घट गई तो प्रशासन और मेडिकल टीम को बकायदा सज़ा मिलती है।

केजरीवाल 20-22 साल से शूगर के मरीज है। उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय पर अपने खाने को लेकर संकीर्ण सोच रखने का आरोप लगाया है। एक अदालत के सामने कहा है कि उन्होंने जो खाना खाया वह चिकित्सक के चार्ट अनुसार है। जेल में इन्सुलिन दिये जाने का अनुरोध किया है। इडी का कहना है केजरीवाल वेल पर बाहर आने के लिये शूगर बढ़ाने वाला खाना ले रहे है और इनसुलिन नहीं ले रहे है। केजरीवाल के वकील ने कहा कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से उनके शूगर को नियन्त्रित रखने के लिये इन्सुलिन नहीं दिया जा रहा है। वकील के अनुसार यह चौकाने वाला और खतरनाक है।

अदालत ने केजरीवाल के शूगर स्तर के नाप के लिये दैनिक आधार पर नजर रखने के लिये जेल में एक मशीन का इस्तेमाल करने की अनुमति दी है। पार्टी का कहना है साजिशन यह केजरीवाल को किल करने की साजिश है। ताकि दो चार महीने बाद केजरीवाल जब जेल से बाहर आये तो गुर्दे, हृदय और दूसरे अंगों के इलाज के लिये जाते रहे। प्रश्न वही आखिर केजरीवाल से इतना खौफ को क्या केजरीवाल का महत्व बढ़ाने की यह साजिश नही हो सकती। जेल में और कैदी है किसी की ऐसी शिकायत नही है। प्रशासन कह रहा है महीनों से केजरीवाल इन्सुलिन नही ले रहे है। केजरीवाल के रूख से पार्टी के लोग धीरे-धीरे पार्टी से खिसक रहे है।

ट्रेन को थामना देश के विकास के पहिये थामने जैसा ही है। हमारे कारोबार, जीवन व्यवहार, तीर्थाटन तथा सेना के आवागमन को गति देने वाली ट्रेनों को रोकना निस्संदेह, दुर्भाग्यपूर्ण ही है। निश्चित रूप से इसमें हमारे देश के नीति-नियंताओं को भी सोचना चाहिए कि आखिर क्यों किसानों को अपनी मांगें मनवाने के लिये रेल रोकने जैसे कदम उठाने पड़ रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार की नीयत से लाए गए तीन कृषि कानून के विरोध में 25 नवंबर 2020 को दिल्ली में किसान आंदोलन चला।

नागरिकों के अधिकारों का भी सम्मान करें आंदोलनकारी

हरियाणा से सटे पंजाब के शंभू रेलवे स्टेशन के पास किसानों के रेल रोको आंदोलन का असर बढ़ता चला जा रहा है और आंदोलन से प्रभावित रेलगाड़ियों की तादाद भी बढ़ती चली जा रही है। अंबाला-लुधियाना रेल खंड पर शंभू रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे लाइनों पर 17 अप्रैल से बैठे किसानों की वजह ये रविवार 28 अप्रैल तक यानी 12वें दिन 2205 ट्रेनों का संचालन प्रभावित हो चुका है। इसमें से 955 ट्रेनों को पूर्ण रूप से रद्द किया है, जबकि 1067 को बदले मार्ग से और 181 ट्रेनों को बीच रास्ते रद्द करके पुनः चलाया गया है। इस दौरान 200 के करीब मालगाड़ियों को भी मुख्य लाइन से गंतव्य तक भेजा गया। वहीं कुछ ट्रेनों के रूट भी बदले गए हैं। मुसाफिरों को बढ़ती तपिश के बीच भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ट्रेनों के रद्द होने से रेलवे को करोड़ों रुपये का नुकसान हो चुका है, हालांकि मुख्यालय स्तर पर अभी इसका आकलन किया जा रहा है

डॉ. आशीष वशिष्ठ

ऐसे में सवाल यह है कि आखिरकार अपनी मांगें मंगवाने के लिए आम नागरिकों को परेशानियों में डालना कहां तक उचित है? क्यों किसानों और सरकार के बीच मांगों को लेकर सहमति नहीं बन रही? क्या किसानों की मांगें अनुचित हैं? क्या आंदोलनकारी किसानों के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीतिक निशान लगा रहे हैं? लोकतांत्रिक व्यवस्था अपने नागरिकों बात कहने और रखने की स्वतंत्रता देती है। लेकिन ये छूट या स्वतंत्रता जब स्वच्छंदता में बदल जाती है, तो निरंकुशता को दौर शुरू हो जाता है। जिसके नतीजे विनाशकारी होते हैं। अब जरा सोचिए किसान आंदोलनकारियों के चलते जो यात्री ट्रेन रूट से यात्रा कर रहे हैं, उन्हें कितनी मुसीबतें दरपेश आ रही होंगी। ट्रेन संचालन बाधित करना ही अगर आंदोलनकारी अपनी सफलता मानते हैं, तो वो किसी गफलत में हैं। सरकार राजस्व का नुकसान होगा, वो आज नहीं तो कल आम आदमी के जेब से वसूला जाएगा। आंदोलन हो या फिर सरकारी घाटे की भरपाई दोनों ओर आम आदमी ही पिसा जाएगा। किसान लंबे समय से आंदोलनरत हैं। किसानों की न्यायसंगत मांगों को पूरा किया जाना चाहिए। किसानों की मांगें पूरी हो जाती तो सड़क व रेल यातायात बाधित भी नहीं होता। वैसे किसानों को भी आंदोलन करने से पहले देश काल-परिस्थितियों का आकलन कर लेना चाहिए था। देश इस समय चुनावी मूड में है। कोई भी सरकार किसानों से जुड़े किसी मुद्दे पर बड़ा फैसला लेने में सक्षम नहीं है। किसानों को नये जनादेश का इंतजार करके किसान आंदोलन को दिशा देनी चाहिए थी। किसानों को देश व समाज के अहसासों का भी ध्यान रखना चाहिए। कल्पना कीजिए कि रेल यात्रा करने वाले लोगों को जब अचानक सूचना मिलती है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है तो उन पर क्या बीतती होगी? लोग घंटों रेलवे टिकट बुकिंग केंद्रों पर खड़े होकर अपने लिए टिकट आरक्षित करवाते हैं। कई महीने पहले

एडवांस में रिजर्वेशन करवाना पड़ता है। फिर एक दिन यात्रा से ठीक पहले पता चलता है कि उनकी ट्रेन रद्द हो गई है। आंदोलनकारियों को सोचना चाहिए कि उस ट्रेन से कोई मरीज कहीं दूर उपचार हेतु जा रहा होगा। कहीं कोई बेरोजगार नौकरी के लिये साक्षात्कार देने जा रहा होगा। हो सकता है कि सही समय पर न पहुंच पाने के कारण कई छात्र परीक्षा या नौकरी पाने से वंचित हो गए होंगे। ट्रेन को थामना देश के विकास के पहिये थामने जैसा ही है। हमारे कारोबार, जीवन व्यवहार, तीर्थाटन तथा सेना के आवागमन को गति देने वाली ट्रेनों को रोकना निस्संदेह, दुर्भाग्यपूर्ण ही है। निश्चित रूप से इसमें हमारे देश के नीति-नियंताओं को भी सोचना चाहिए कि आखिर क्यों किसानों को अपनी मांगें मनवाने के लिये रेल रोकने जैसे कदम उठाने पड़ रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार की नीयत से लाए गए तीन कृषि कानून के विरोध में 25 नवंबर 2020 को दिल्ली में किसान आंदोलन चला। 9 दिसंबर 2021 को कृषि कानूनों की वापसी के बाद ये आंदोलन खत्म हुआ। 378 दिन लंबे चले इस आंदोलन में साल भर से ज्यादा वक्त तक दिल्ली के सड़कें और बार्डर सील रहे। जिससे लाखों यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। इस आंदोलन की वजह से हुई नुकसान को लेकर 30 नवंबर 2021 को कारोबारी संगठनों के समूह कंफेडरेशन आफ आल इंडिया ट्रेडर्स यानी कैट ने दावा किया है कि दिल्ली और आसपास के राज्यों में एक साल से चल रहे कृषि कानून विरोधी आंदोलन के कारण अब तक करीब 60 हजार करोड़ रुपये के व्यापार का नुकसान हो चुका है। आंदोलनकारियों द्वारा राजमार्ग अवरुद्ध करने से साामान की आवाजाही प्रभावित होने से यह नुकसान हुआ है।

इस साल फरवरी के महीने में पंजाब में किसानों के दो बड़े संगठनों, संयुक्त किसान मोर्चा और किसान मजदूर मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली चलो का नारा दिया था, वहीं संयुक्त किसान मोर्चा ने 16 फ़रवरी को एक दिन का ग्रामीण भारत बंद करने का आह्वान किया था। हरियाणा सरकार ने आंदोलनकारी किसानों के मंसूबे सफल नहीं होने दिए। लेकिन इसकी वजह से काफी दिनों तक किसानों और प्रशासन के बीच तनातनी रही, वहीं आम नागरिकों को भी भारी मुश्किलें पेश आई। एनआरसी और सीएए के विरोध में दिल्ली के शाहीन बाग में मुस्लिम महिलाओं का विरोध प्रदर्शन और महीनों तक सड़क घेरना दिल्ली और देशवासी भूले नहीं हैं। शाहीन बाग प्रदर्शन की वजह से धरना स्थल के आसपास करीब 100 शोरूम थे। जहां रोज करोड़ों का कारोबार होता था ऐसे में कारोबारियों को अब तक कई करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। स्थानीय नागरिकों और उस रास्ते से गुजरने वाले हजारों दैनिक यात्रियों को जो परेशानी उठानी पड़ी, उसका कहीं कोई जिक्र ही नहीं है। देश में लगातार होते प्रदर्शनों और हिंसा की घटनाओं के कारण देश को आर्थिक तौर पर कड़ी चोट पहुंची है। इसका खुलासा ग्लोबल पीस इंडेक्स यानी जीपीआई की रिपोर्ट में किया है। संस्था ने खुलासा किया है कि हिंसा की घटनाओं के कारण भारत को वर्ष 2021 में करीब 646 अरब डॉलर यानी करीब 50 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। एक पुरानी कहावत है कि जहां से दूसरे व्यक्ति की नाक शुरू होती है, वहां पर पहले व्यक्ति की आजादी खत्म हो जाती है। यानी हमारी किसी भी तरह की आजादी का मतलब किसी की आजादी का अतिक्रमण करना नहीं हो सकता। वैसे भी एक जिम्मेदार नागरिक के तौर पर भी हमें सोचना चाहिए कि यातायात के साधनों, वह चाहे बस हो या ट्रेन, के परिचालन में बाधा डालना एक अपराध जैसा है। कहीं न कहीं शासन और व्यवस्था का व्यवहार भी आंदोलनों के लिये ईंधन का काम करता है। ऐसे हालात में किसानों को अभी अपने आंदोलनों के तौर-तरीकों को बदलना पड़ेगा। उन्हें हक है कि वे अपनी मांगों के समर्थन में आंदोलन करें। लेकिन उन्हें यह हक कदापि नहीं दिया जा सकता है कि वे देश के रेल तंत्र को ठप कर दें। यह देश की लोकतांत्रिक सहिष्णुता का अपमान करने जैसा भी है। अब समय आ गया है कि सभी लोग सुनिश्चित करें कि किसी भी लोकतांत्रिक आंदोलन से देश के सड़क व रेल परिवहन में कोई बाधा न उत्पन्न हो।

देश में भाईचारा और सांप्रदायिक सद्भाव के कुछ उदाहरण

दक्षिण तमिलनाडु में विनाशकारी बाढ़ के बाद, सेडुंगनल्लूर बैथुलमल जमात मस्जिद ने जरूरतमंद हिंदू परिवारों को आश्रय और सांत्वना प्रदान करने के लिए अपने दरवाजे खोल दिए। चार दिनों तक इन परिवारों ने मस्जिद की दीवारों के भीतर शरण ली, न केवल आश्रय प्राप्त किया, बल्कि भोजन, कपड़े और दवा जैसे आवश्यक प्रावधान भी प्राप्त किए। यह निस्वार्थ कार्य धार्मिक सीमाओं को पार कर गया, जो एकजुटता की जन्मजात भावना को प्रदर्शित करता है जो संकट के समय समुदायों को एक साथ बांधता है। इसी तरह, कर्नाटक के कोपाल में, आतिथ्य का एक दिल को छू लेने वाला भाव सामने आया जब एक मुसलिन परिवार ने सबरीमाला तीर्थयात्रियों का उनके घर में स्वागत किया।

इंशा वारसी

धार्मिक और सांस्कृतिक संघर्षों में भारत शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के एक चमकते उदाहरण के रूप में खड़ा है। घृणा फैलाने वालों द्वारा विभाजन के बीज बोने के कभी-कभार प्रयासों के बावजूद, राष्ट्र का सांप्रदायिक सद्भाव सभी बाधाओं को पार करते हुए विविधता के बीच एकता की सुंदरता को उजागर करता है भारत के कुछ राज्यों में हाल की घटनाएं समावेशिता और करुणा के भारत के समृद्ध चित्र के मार्मिक अनुस्मारक के रूप में काम करती हैं।

दक्षिण तमिलनाडु में विनाशकारी बाढ़ के बाद, सेडुंगनल्लूर बैथुलमल जमात मस्जिद ने जरूरतमंद हिंदू परिवारों को आश्रय और सांत्वना प्रदान करने के लिए अपने दरवाजे खोल दिए। चार दिनों तक इन परिवारों ने मस्जिद की दीवारों के भीतर शरण ली, न केवल आश्रय प्राप्त किया, बल्कि भोजन, कपड़े और दवा जैसे आवश्यक प्रावधान भी प्राप्त किए। यह निस्वार्थ कार्य धार्मिक सीमाओं को पार कर गया, जो एकजुटता की जन्मजात भावना को प्रदर्शित करता है जो संकट के समय समुदायों को एक साथ बांधता है।

इसी तरह, कर्नाटक के कोपाल में, आतिथ्य का एक दिल को छू लेने वाला भाव सामने आया जब एक मुसलिन परिवार ने सबरीमाला तीर्थयात्रियों का उनके घर में स्वागत किया। खासिम अली मुद्दाबल्ली (पिंजारा समुदाय के जिला अध्यक्ष) के नेतृत्व में परिवार ने एक 'अन्न संतान' का आयोजन किया, जहां तीर्थयात्रियों, मुख्य रूप से हिंदुओं को न केवल भोजन दिया जाता था, बल्कि भक्ति गतिविधियों में भी शामिल किया जाता था। दयालुता का यह कार्य सहानुभूति और करुणा के सार्वभौमिक मूल्यों को रेखांकित करता है जो विभिन्न धर्मों और पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करते हैं।

भारत के समावेश के लोकाचार का उदाहरण देते हुए, कर्नाटक के बीदर में विभिन्न धर्मों के छात्र रमजान के पवित्र महीने के दौरान इफ्तार मनाने के लिए एक साथ आए। जब गैर-मुस्लिम छात्रों ने उपवास तोड़ने के दौरान अपने मुस्लिम साथियों की सेवा की, तो सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश पूरे परिसर में गूंजा, जो धार्मिक और सांस्कृतिक विभाजन से परे था।

ये दिल को छू लेने वाले उदाहरण बहुलवाद और धर्मनिरपेक्षता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के शक्तिशाली वसीयतनामा के रूप में काम करते हैं। विभाजनकारी एजेंडा और ध्रुवीकरण से उत्पन्न चुनौतियों के बावजूद, देश भर में प्रदर्शित दयालुता और एकजुटता के रोजमर्रा के कार्य एकता की स्थायी भावना की पुष्टि करते हैं जो भारतीय पहचान को परिभाषित करती है। जैसे-जैसे हम अशांत समय से गुजर रहे हैं, आइए हम करुणा और सह-अस्तित्व की इन कहानियों से प्रेरणा लें। आइए हम उन ताकतों के खिलाफ एकजुट हों जो हमें विभाजित करना चाहती हैं, और इसके बजाय, हमारे राष्ट्र को परिभाषित करने वाली विविधता के समृद्ध आवरण को गले लगाएं। क्योंकि, हमारी सामूहिक शक्ति और लचीलेपन में भारत की वास्तविक सुंदरता निहित है-असहिष्णुता और घृणा के अंधेरे के बीच सांप्रदायिक सद्भाव की रोशनी चमक रही है।

समाजवादी वैचारिकी के पर्याय मधु लिमये का जीवन वृत्त

मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए। संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था। संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों-मजलूमों के आवाज थे। उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था। उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिये मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा, राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे। उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है, उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गयी बातों का असर जनता पर पड़ेगा।

पचास के दशक में जब डॉ राम मनोहर लोहिया ने नेहरू और कांग्रेस की जन विरोधी नीतियों का विरोध करने का संकल्प लिया। उस समय उनके अनन्य वैचारिक सहयोगी के रूप में मधु लिमये का नाम तेजी से उभरकर सामने आया। जिनके सिद्धांतवादी एवं जनप्रतिबद्ध राजनीति के लोहिया भी कायल थे। उसी दौरान प्रजा सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना के समय लोहिया जनरल सेक्रेटरी जबकि मधु लिमये, अशोक मेहता और सादिक अली के साथ जॉइंट सेक्रेटरी बनाये गए। मधु को लेकर लोहिया के मन में विशेष सम्मान था, जिसका उदाहरण गाजीपुर में आयोजित प्रजा समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी में मधु लिमये को आमंत्रित करने के निर्णय से मिलता है। जबकि 1955 में मद्रास के अवाड़ी अधिवेशन में कांग्रेस के प्रस्ताव पर प्रजा समाजवादी पार्टी के बम्बई अध्यक्ष अशोक मेहता के समर्थन का कड़ा विरोध करने की वजह से मधु लिमये को पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। इस आमंत्रण के बाद प्रजा सोशलिस्ट पार्टी के अध्यक्ष की हैसियत से आचार्य नरेंद्र देव ने गाजीपुर के प्रादेशिक सम्मेलन पर रोक लगा दी।बावजूद इसके सम्मेलन आयोजित हुआ और इसमें लोहिया के निर्देश पर केंद्रीय नेतृत्व की निंदा की गयी। जिसके फलस्वरूप लोहिया को भी निलंबित कर दिया गया।इस घटनाक्रम से समाजवादी आंदोलन में मधु लिमये के महत्व को बखूबी समझा जा सकता है।

मणेंद्र मिश्रा मशाल

मधु लिमये का जन्म 1 मई 1922 को पूना में हुआ था। इनके पिता श्री राम चन्द्र महादेव लिमये थे। प्रो चंपा लिमये इनकी जीवनसंगिनी बनी। जिन्होंने सौहार्द के नाम से अपने पति के लेखों का महत्वपूर्ण संग्रह प्रकाशित करवाया। फर्गुसन कॉलेज में पढ़ाई छोड़कर छात्र जीवन मे ही मधु लिमये स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े और अठ्ठारह वर्ष की अवस्था मे 1940-41 में उन्हें कारावास की पहली सजा हुई। भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिगत रहते हुए महाराष्ट्र में उन्होंने आंदोलन का नेतृत्व किया, बाद में पकड़े गए और लंबे समय तक जेल रहे। इस पहचान ने उन्हें समूचे देश में ख्याति दिलाई। आजादी के बाद गोवा मुक्ति आंदोलन का उन्होंने लोहिया के साथ सफलतापूर्वक संचालन किया जिसकी वजह से उन्हें बारह साल की सजा हुई। जो उनके संघर्षशील व्यक्तित्व की बानगी हैं।

मधु लिमए की जयंती 1 मई पर विशेष

मधु लिमये चार बार लोकसभा के सदस्य

रहे और अत्यंत प्रखर सांसद के रूप में विख्यात हुए। संसद में उनके प्रवेश के साथ ही सत्ता दल के मंत्रियों के माथे पर बल आ जाता था। संसदीय नियमों के मर्मज्ञ मधु लिमये लोकसभा में गरीबों-मजलूमों के आवाज थे। उनके सांसद रहते प्रायः सभी महत्वपूर्ण बिल बिना बहस के पास नही हो पाता था।उनका हमेशा प्रयास रहता था कि कैसे संसद की छवि आम जनमानस में जनता की बुनियादी समस्याओं के समाधान केंद्र के रूप में मजबूत किया जा सके। इसीलिये मधु लिमये आजीवन जनप्रतिनिधि होने की मर्यादा, राजनैतिक सुचिता और ईमानदारी के पर्याय बने रहे। उनका मानना था कि जनता ने जिस भरोसे और विश्वास से आपको चुना है, उस पर खरे उतरने के लिए नैतिक चरित्र बेदाग होना चाहिए। तभी नेताओं की कही गयी बातों का असर जनता पर पड़ेगा। प्रारम्भ से अंत तक वे समाजवाद के प्रति समर्पित रहे और गैरबराबरी एवं राजनीतिक तिकड़मों के खिलाफ आवाज उठाते रहे।

1982 में खराब स्वास्थ्य की वजह और मूल्य आधारित राजनीति की गिरावट के कारण राजनीति को अलविदा करने के बाद पूरा समय लेखन में लगाते रहे। जिसके परिणामस्वरूप जीवन के अंतिम दशक में तीस से अधिक और कुल मिलाकर लगभग साठ पुस्तकों का लेखन करने का काम किया। जो राजनीति सहित समाज के अन्तर्सम्बन्धों को समझने की दिशा में कारगर साहित्य हैं। जेपी आंदोलन के विस्तार और सम्पूर्ण विपक्ष की एकता स्थापित करने में मधु लिमये की भूमिका काफी महत्वपूर्ण रही। उन्होंने जनता पार्टी की सरकार में शामिल विभिन्न दलों के प्रतिनिधियों की दोहरी पार्टी सदस्यता का कड़ा विरोध किया एवं इसके स्थान पर इकहरी सदस्यता की वकालत की। आपातकाल के दौरान मीसा के अंतर्गत जुलाई 1975 से फरवरी 1977 तक वे मध्यप्रदेश के विभिन्न जेलों में रहे।इसके विरोध में उन्होंने पांचवें लोकसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

मधु लिमये ने विचार की राजनीति करने वाले नौजवानों की एक लंबी फेहरिश्त तैयार किया। वो नौजवानों को हमेशा सिद्धांत आधारित राजनीति के लिए प्रेरित करते रहते थे। घर पर आए अतिथियों को चाय अपने हाथों से ही पिलाते थे। पुराने सम्बंधो का वे बखूबी ख्याल रखते थे। लोहिया के निधन के बाद उनके घरेलू सहयोगी रहे शोभन का उन्होंने विशेष ख्याल रखा ।समसामयिक मुद्दों पर पत्राचार करना उन्हें बेहद पसंद था ।वे आजीवन अपने सिद्धांतों से समझौता नही किये और जैसे ही लगा कि राजनीति में सत्ता पर काबिज रहने की संस्कृति बलवती हो गयी है, सक्रिय राजनीति को छोड़ने में थोड़ा भी विलम्ब नही किये। प्रमुख राजनीतिक व्यक्तियों के विषय मे उन्होंने समग्रता से गंभीर लेख लिखा है, जो नई पीढ़ी के लिए अमूल्य दस्तावेज की तरह हैं।आज की राजनीति में उनको याद करते हुए हम सभी को बेपटरी होती राजनीति को सैद्धान्तिक बनाने में हस्तक्षेप करना चाहिए, यहीं उस महामानव को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

यह भाजपा की साज़िश है या कांग्रेस की नाकामी

सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चा खारिज होने की चर्चा थमी भी नहीं थी कि मध्य प्रदेश के इंदौर में तो गजब हो गया। यहां कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांत बम ने तो कांग्रेस पर बम ही फोड़ दिया। अक्षय कांत बम ने इंदौर सीट से रहस्यमय तरीके से अपना पर्चा ही वापस ले लिया। इतना ही नहीं पर्चा वापस लेने के आधे घंटे पहले तक वे क्षेत्र में प्रचार करते हुए देखे गए थे। फिर अचानक पर्चा वापस लिया और कैलाश विजय वर्गीय के साथ उनके वाहन में सवार हो लिए। कांग्रेस के इस बम का कहना है कि अब वे राष्ट्र निर्माण में लग गए हैं।

भीलों ने बेंच दिया जंगल राजा को पता ही नहीं! यह पुरानी कहावत आज के दौर में कांग्रेस पर बिल्कुल सटीक बैठ रही है,खासकर मौजूदा वक्त में जब लोक सभा चुनाव हो रहे हैं और लोगों में कांग्रेस एक संभावना की दृष्टि से देखी जा रही है।

इस लोक सभा चुनाव में कांग्रेस सबसे कम 340 सीटों पर लड़ रही है,उसमें से भी यदि उम्मीदवार ही अपना पर्चा खारिज करा दे या फिर पर्चा ही वापस ले ले तो इसे क्या कहेंगे? गुजरात जहां संभावना थी कि भाजपा के इस गढ़ में कांग्रेस भाजपा को टक्कर देने जा रही है,वहां की सूरत संसदीय सीट से कांग्रेस उम्मीदवार नीलेश कुंभानी का पर्चा खारिज हो जाना बड़ी बात थी, बाद में पता चला कि वह तो भाजपा से मिलकर ही यह षणयंत्र रच बैठे थे। कांग्रेस ने अपने इस उम्मीदवार को छ साल के लिए पार्टी से निकालने की सजा दी है। सूरत संसदीय सीट गुजरात का व्यापारी बाहुल्य सीट है यहां जीत हार की बात बाद की थी लेकिन यहां से कांग्रेस का लड़ना बहुत खास था। लड़ाई से पहले ही कांग्रेस यहां पटखनी खा बैठी। कांग्रेस उम्मीदवार के इस हरकत का मैसेज पूरे गुजरात में बहुत खराब गया। लोगों में यह चर्चा चल पड़ी कि यही कांग्रेस की जमीनी हकीकत है।

यशोदा श्रीवास्तव

इस बाबत प्रयागराज के सीनियर जर्नलिस्ट प्रदीप भटनागर की टिप्पणी गौर करने लायक है कि प्रत्याशियों के चयन के मामले में यह आलाकमान की नाकामी है जो जमीनी हकीकत से अनभिज्ञ है।

सूरत में कांग्रेस उम्मीदवार के पर्चा खारिज होने की चर्चा थमी भी नहीं थी कि मध्य प्रदेश के इंदौर में तो गजब हो गया। यहां कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांत बम ने तो कांग्रेस पर बम ही फोड़ दिया। अक्षय कांत बम ने इंदौर सीट से रहस्यमय तरीके से अपना पर्चा ही वापस ले लिया। इतना ही नहीं पर्चा वापस लेने के आधे घंटे पहले तक वे क्षेत्र में प्रचार करते हुए देखे गए थे। फिर अचानक पर्चा वापस लिया और कैलाश विजय वर्गीय के साथ उनके वाहन में सवार हो लिए। कांग्रेस के इस बम का कहना है कि अब वे राष्ट्र निर्माण में लग गए हैं।

बता दें कि इंदौर से कांग्रेस प्रत्याशी के 17 साल पुराने आपराधिक मामले को लेकर नामांकन दाखिल करने में ही व्यवधान की कोशिश की गई थी। बाद में उसमें कत्ल की धारा बढ़वा कर उनका पर्चा खारिज कराने की कोशिश हुई। जब इन षणयंत्रों से कामयाबी नहीं मिली तो अंततः उनका पर्चा ही वापस करवा दिया गया। इस आपरेशन के पीछे भाजपा नेता कैलाश विजय वर्गीय का हाथ माना जा रहा है। कांग्रेस या समूचा विपक्ष इसे लोकतंत्र की हत्या कहे या संविधान का मज़ाक़, उसकी जो भद्द पिटनी थी वह पिट गई। विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को मैदान से हटाने की शुरुआत मध्य प्रदेश के खजुराहो सीट से हुई जहां इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार मीरा यादव का पर्चा खारिज हुआ था। वे सपा से चुनाव मैदान में थीं। इंडिया गठबंधन के एक साथ तीन तीन उम्मीदवारों के साथ ऐसा हो जाने से इंडिया गठबंधन के समक्ष अपने उम्मीदवारों की रखवाली की भी जिम्मेदारी बढ़ गई है।

ये तो थी उम्मीदवारों की बात। इसके पहले भी कांग्रेस से उसके ढेर सारे नेता दूसरे दलों द्वारा चुरा लिए गए ,उससे भी पार्टी बेफिक्र थी। चाहे वह महाराष्ट्र के मिलिंद देवड़ा हों,अशोक चव्हाण हो या अन्य कई और। लोकसभा चुनाव के पहले तो कांग्रेस से विदा लेने वाले नेताओं की फेहरिस्त लंबी है। इनमें तो एक दर्जन से अधिक ऐसे कांग्रेसी हैं जो पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और ऊंचे ओहदे तक पर रहे हैं। हाल ही नवीन जिंदल का अपनी विधायक मां सहित भाजपा में चला जाना कम हैरत करने वाली बात नहीं थी। एक से एक नेताओं के पार्टी छोड़ते जाने के बावजूद पार्टी कोई सबक नहीं ले रही है। उदाहरण के लिए दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष अरविंद सिंह लवली का नाम लिया जा सकता है। ये जनाब शीला दीक्षित सरकार में शिक्षा मंत्री रहे हैं। वे इससे पहले भी दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रहे हैं। वे कुछ माह पहले भाजपा में शामिल हुए थे। वहां से मोह भंगा हुआ तो फिर कांग्रेस में आ गए। कांग्रेस कितनी महान पार्टी है कि उसने फिर इन्हें दिल्ली प्रदेश की कमान सौंप दी। और अब अरविंद सिंह लवली तथाकथित ÷कष्ट÷ के बहाने दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पद से स्तफा देकर पार्टी की ऐसी तैसी करने के काम में लग गए हैं।

वर्तमान के कठिन परिश्रम, योजना से ही सफल भविष्य निर्माण

संजीव ठाकुर

हमें सदैव वर्तमान में जीना चाहिए, इतिहास से शिक्षा लेनी चाहिए और भविष्य के प्रति सकारात्मक सोच के साथ आगे सदैव अग्रसर होते रहना चाहिए। किसी भी राष्ट्र को बड़ा बनाने या समृद्ध बनाने के लिए वर्षों की मेहनत अथक प्रयास और सकारात्मक सोच के साथ संयम एवं उच्च मनोबल की आवश्यकता होती है, तब जाकर ही राष्ट्र एक मजबूत तथा विकासवान राष्ट्र बन पाता है। आजादी के 75 वर्ष के बाद भारत ने विकास की गति को बहुत मजबूती के साथ थामा हुआ है। 135 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में युवा जनसंख्या का प्रतिशत बहुत ज्यादा है, आने वाले भविष्य में देश की बागडोर इन्हीं युवा हाथों में होने वाली है। एक बहुत अच्छी कहावत है कि आशाओं पर आकाश टिका हुआ है और निसंदेह आशा,उम्मीद, संभावना बहुत ही सारगर्भित एवं चमत्कारिक शब्द भी हैं। उम्मीद जो इतिहास में कई बार चमत्कार करती आई है। यह आशा एवं उम्मीद का ही प्रतिफल है कि हम सकारात्मक होकर उच्च मनोबल के साथ किसी लक्ष्य की तरफ आगे बढ़ते है। फिर यदि लक्ष्य मेडिकल साइंस में किसी नई दवा को इजाद करना हो या स्पेस रिसर्च में नई टेक्नोलॉजी लाना हो या देश मे विकास की नई धारा को प्रवाहित करना हो, तो सकारात्मक ऊर्जा हमें इस संदर्भ में मदद करने वाला तत्व होता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

सुपर फ्लॉप साबित होगा सपा-कांग्रेस गठबंधन : ब्रजेश पाठक

अवधनामा संवाददाता

- कहा, तीसरी बार मोदी सरकार बन रही
- भारतीय जनता पार्टी 16 सीटों पर एकतरफा जीतने जा रही

लखनऊ। छात्र राजनीति से मुख्यधारा में आए ब्रजेश पाठक इस समय यूपी सरकार में उप मुख्यमंत्री के ओहदे पर हैं। वह तीसरी बार मोदी सरकार बनवाने के लिए दिन रात प्रचार में जुटे हैं। उनका मानना है कि विपक्ष सिर्फ नकारात्मक भूमिका में है। इसी कारण सपा और कांग्रेस का गठबंधन एक बार फिर सुपर फ्लॉप साबित होगा।

उन्होंने कहा कि यूपी में दो चरण के चुनाव हो चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी 16 सीटों पर एकतरफा जीतने जा रही है। विपक्ष के पास धरातल पर कुछ नहीं है। इसी कारण पहले चरण के चुनाव में ये लोग संयुक्त मीटिंग नहीं कर पाए। इसकी वजह भी है। विपक्षी गठबंधन को पता है कि आम जनमानस ने इन्हें नकार दिया है। एक जगह प्रेसवार्ता कर इन लोगों ने औपचारिकता निभाई है। इन्हें यह भी पता है कि यूपी के सभी चरणों में भाजपा गठबंधन सबसे आगे रहेगा। कांग्रेस और सपा का गठबंधन तो सुपर फ्लॉप साबित हो रहा है।

कोई प्रयास ही नहीं कर रहा है

पहले और दूसरे चरण में वोट प्रतिशत कम होने पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा और हमारे सहयोगी कार्यकर्ता जन जन तक मोदी जी की उपलब्धियां पहुंचा रहे हैं। इधर, इंडी गठबंधन का जनता में कहीं अता पता नहीं है। इन चरणों में भाजपा समर्थक मतदाताओं ने रुचि दिखाई है। दूसरी ओर विपक्षी गठबंधन अपनी हार मान चुका है और मतदाताओं को रिझाने का काम भी बंद कर चुका है। कोई प्रयास ही नहीं कर रहा है।

मुझे मरकहवा सांड समझते हैं और करीब आने पर दुधारू गाय पाते हैं

लखनऊ। अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले ओम प्रकाश राजभर का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। सुभासपा अध्यक्ष एवं योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री वायरल वीडियो में कह रहे हैं कि जब तक लोग मेरे नजदीक नहीं आते मुझे मरकहवा सांड समझते हैं और करीब आने पर दुधारू गाय पाते हैं। उनकी समस्याएं खत्म हो जाती हैं। ओपी राजभर गरीब का बेटा जरूर है, लेकिन दीन गरीब नहीं है।

ओम प्रकाश राजभर अपने बेटे अरविंद के लिए चुनाव-प्रचार में खूब पसीना बहा रहे हैं। भाजपा ने अरविंद राजभर को घोसी लोकसभा सीट से उम्मीदवार बनाया है। सपा ने राजीव राय को टिकट दिया है और बसपा की ओर से बालकृष्ण चौहान चुनावी मैदान में हैं। ओपी राजभर लगातार घोसी सीट पर जनसभाएं कर रहे हैं और डोर-टू-डोर लोगों तक पहुंच रहे हैं और वोटरों को लुभाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच, उनका एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो खुद को दुधारू गाय बता रहे हैं।

राजभर के इससे पहले भी ऐसे बयान सामने आ चुके हैं। कुछ दिन पहले ही ओपी राजभर ने चुनाव-प्रचार के दौरान कहा था कि आप लोग जान लीजिए ओम प्रकाश राजभर पंचायती राज मंत्री हैं। अक्लमंद के लिए इशारा काफी है। दूसरा विभाग अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ बोर्ड और हज विभाग है। वह बहुत तगड़ा है, वहां 20 फीसदी आबादी है, ओहू से खुशी है।

सलमान खुर्शीद व उनकी भतीजी आचार संहिता उल्लंघन में फंसे

- जनसभा में सपा नेत्री ने की थी वोट जिहाद अपील

फर्रुखाबाद। फर्रुखाबाद जिले में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिलांका में इंडिया गठबंधन के समर्थन में सोमवार शाम जनसभा हुई। सभा में कांग्रेस के स्टार प्रचारक व पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद की मौजूदगी में उनकी भतीजी सपा जिला उपाध्यक्ष मारिया आलम ने संघी सरकार को हटाने के लिए वोट जिहाद की अपील कर दी।

इसका वीडियो वायरल होने के बाद पूर्व विदेश मंत्री व उनकी भतीजी मारिया आलम के खिलाफ चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन के आरोप में मुकदमा दर्ज हुआ है। सोमवार शाम मोहल्ला चिलांका में सपा प्रत्याशी डॉ नवलकिशोर शाक्य के समर्थन में कांग्रेस के स्टार प्रचारक पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद जनसभा में पहुंचे थे।

उनके भाषण से पहले उनकी भतीजी सपा नेता मारिया आलम ने कहा कि मुल्क और संविधान बचाने के लिए हम लोग मिलकर हरा और जिता सकते हैं। तब क्या जीत नहीं सकते हैं। हमारे समाज को जागरूक होकर वोट जिहाद करना होगा। यह वीडियो वायरल हुआ, तो आयोग सक्रिय हुआ।

मंगलवार को उड़नदस्ता टीम के प्रभारी उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने कायमगंज कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। इसमें कहा कि सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटों के ध्रुवीकरण के लिए यह बयान दिया गया है। पुलिस ने पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद व सपा नेत्री मारिया आलम के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस मामले में सपा नेत्री मारिया आलम ने कहा कि मैंने अपने समाज को जागरूक करने के लिए बयान दिया है। सभी दल अपने अपने समाज और जाति के मतदाताओं को जागरूक कर रहे हैं। जिहाद का मतलब संघर्ष से है।

अपने समाज को संघर्ष करने के लिए कहा है, इसमें क्या गलत है। उनके बयान का गलत मतलब निकालकर मुकदमा दर्ज किया गया है। इससे वे डरने वाली नहीं हैं। ऐसे और भी मुकदमे दर्ज हो जाएं। वह उनका सामना करेंगी।

शिवपाल यादव के बेटे आदित्य की निजी तस्वीरें वायरल

अवधनामा संवाददाता

बदायूं। बदायूं से सपा प्रत्याशी और सपा महासचिव शिवपाल सिंहर यादव के बेटे आदित्य यादव की निजी जिंदगी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। एक व्यक्ति ने सोमवार रात एक्स पर एक फोटो अपलोड कर लिखा है कि तस्वीरें असली हैं लेकिन 2012 की हैं। साथ में कमेंट किया नई हवा है, नई सपा है... जिस व्यक्ति ने तस्वीरें सोशल मीडिया पर डाली हैं, वह भाजपा समर्थक बताया जा रहा है।

दरअसल, आदित्य यादव की जो तस्वीरें वायरल हो रही हैं, उनमें वह अपनी महिला मित्रों के साथ नजर आ रहे हैं। यह तस्वीरें किसी पार्टी के दौरान की बताई जा रही हैं। आदित्य की यह तस्वीरें सामने आने के बाद सियासी बवाल मचा हुआ है। भाजपा के कुछ पदाधिकारियों ने फोटो एक दूसरे को शेयर भी किए। इसे लेकर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया का दौर भी शुरू हो गया है। लोग तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। इन तस्वीरों को लेकर चल रहे सियासी घमासान पर मंगलवार को दोपहर करीब एक बजे सपा प्रत्याशी आदित्य यादव ने प्रेसवार्ता की। तस्वीरों से जुड़े सवाल के जवाब में आदित्य यादव ने कहा कि ये कॉलेज के दिनों की बहुत पुरानी व्यक्तिगत तस्वीरें हैं। अगर कोई इन तस्वीरों एक्स पर शेयर करता है तो ये उसके निम्न स्तर को दर्शाता है। कुछ लोग उनकी निजी जिंदगी में घुस रहे हैं, अगर उनको कुछ कहना है तो आधिकारिक तौर पर क्यों नहीं कहते।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर बदल रहा अर्थतंत्र

- लोकसभा चुनाव में सियासत की रेल भी इस ट्रैक पर भर रही रफ्तार

लखनऊ। कानपुर-सागर राजमार्ग पर जब कभी नौबस्ता चौराहा से रमईपुर की ओर जाते समय निगाह बिनगवां के पास ऊंचाई से गुजर रहे रास्ते व पुल पर पड़ते ही हर कोई आश्चर्य से भर जाता है। ये आश्चर्य का रेल ट्रैक डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) है, जो पंजाब के लुधियाना से बंगाल के दनकुनी को जोड़ रहा है। मालगाड़ियों के परिचालन से कुछ ही समय में इस कॉरिडोर ने अर्थतंत्र को बदलना शुरू कर दिया है। सुगम माल ढुलाई का माध्यम मिला, जबकि शहरों-गांवों ने नई पहचान पाई। लोकसभा चुनाव के मोर्चे पर सियासत की रेल इस ट्रैक पर भी रफ्तार भर रही है। लोग खुलकर बोल रहे हैं।

डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की लुधियाना से सोन नगर तक लंबाई 1318 किलोमीटर, उससे आगे दनकुनी तक 538 किलोमीटर है। दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग पर यात्री ट्रेनों के समानांतर अब इस ट्रैक पर वर्तमान में लगभग सवा सौ मालगाड़ियां दौड़ रही हैं। इससे माल ढुलाई, कोयला लदान, बंदरगाहों तक पहुंच आसान हुई है।

आश्चर्य के इस ट्रैक ने यात्री ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाने में मदद की है। अर्थ तंत्र को बदलने वाली छुक-छुक रेल की गूंज आसपास साफ सुनी जा सकती है। इस रेल ट्रैक के किनारे रूमा में लाजिस्टिक पार्क बनना है, जो भविष्य में और बेहतरी लाएगा। जिन-जिन शहरों से ये ट्रैक गुजरा है, उनकी आर्थिकी में तब्दीली शुरू हो गई है। सचेंडी थाने से थोड़ा आगे रेल ट्रैक के पास खड़े कानपुर देहात के गजनेर के शकील अहमद कहते हैं, काफी अरसे बाद कानपुर जाते समय ट्रैक देखकर लगा कि ये कौन सी सड़क बन गई। इसलिए खड़े होकर इत्मीनान से देखा। पता चला कि ये डीएफसी है। उम्र में 50 का पड़ाव पार कर चुके हैं, पहली बार ऐसे किसी ट्रैक के बारे में सुना। वाकई मोदी सरकार अलग ही करने में माहिर है। ये रेल ट्रैक मालगाड़ियों को रफ्तार देने के साथ आसपास क्षेत्रों की दिशा-दशा भी बदल रहा है। फत्तेपुर गोही के पास मिले श्रवणानंद महाराज कहते हैं, इस रेल ट्रैक से केवल मालगाड़ियां गुजर रही हैं, ये तब पता चला, जब रेलवे के एक अधिकारी से बात हुई। मालगाड़ी के लिए भी अलग रेल ट्रैक, वो भी इतनी जल्दी और शानदार होगा, ये स्वयं में आश्चर्य है। ऐसे विकास कार्यों से ही जन सरोकार से जुड़ी नई आर्थिकी लिखी जाएगी।

द्विवेदी नगर की संगीता पांडेय का कहना है कि इस रेल ट्रैक के निर्माण से पहले पांडु नदी व उसके आसपास जाने में डर जैसा लगता था। अब माहौल बदल गया है। अक्सर मालगाड़ी गुजरने से क्षेत्र में हलचल रहती है। करही के राजेंद्र अवस्थी कहते हैं, जब रेल ट्रैक का निर्माण शुरू हुआ था, तब लगा कि हाईवे निकल रहा है। बाद में पता चला कि इतनी ऊंचाई से रेल ट्रैक गुजारा जा रहा है। इसमें केवल मालगाड़ियां ही चलेंगी। इससे वर्तमान व पूर्ववर्ती सरकारों के काम में फर्क का आकलन करना भी आसान हुआ है। कम समय में ही ट्रैक बनकर तैयार है।

'सद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायण बना सकता है'

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'इरम कॉन्वेट कालेज कुर्सी रोड, लखनऊ' में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 408वाँ ऋषि वांड्मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता हंस जी ने अपने सम्मानित पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया साथ-साथ उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं को भी एक-एक अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि 'सद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायण बना सकता है। हंस ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संस्थान की प्रधानाचार्या श्रीमती शाइमा खान जी ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री अनिल भटनागर, किशोर अरोड़ा, हंस जी, संस्थान की प्रधानाचार्या शाइमा खान, प्रशासनिक अधिकारी आर. के. बाजपेयी, महज़मी हाशमी, सहित शिक्षक, शिक्षिकायें एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित थे।

रीजनिंग ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र को अन्तर्राष्ट्रीय द्वितीय रैंक

अवधनामा संवाददाता

- अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के कक्षा-4 के छात्र लकी अग्रवाल ने क्रेस्ट रीजनिंग ओलम्पियाड में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। ओलम्पियाड का आयोजन सेंटर फॉर रिसर्च एण्ड एक्जाम इन साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी (क्रेस्ट) के तत्वावधान में किया गया।

यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस अन्तर्राष्ट्रीय ओलम्पियाड में कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित ओलम्पियाड में सी.एम.एस. छात्र लकी ने अपनी तार्किक क्षमता, गणित ज्ञान व रचनात्मक सोच का जोरदार प्रदर्शन कर अन्तर्राष्ट्रीय पटल पर अपने मेधात्व का परचम लहराया है और साबित कर दिया कि आगे चलकर यह छात्र राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने को तत्पर है। आयोजकों ने लकी अग्रवाल की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने सी.एम.एस. के इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

श्री शर्मा ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई। सी.एम.एस. अपने छात्रों को गणित, विज्ञान, सामान्य ज्ञान तथा अन्य रचनात्मक प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है। यही कारण है कि सी.एम.एस. छात्र सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं में अपनी बहुमुखी प्रतिभा की छाप छोड़कर विद्यालय का गौरव बढ़ा रहे हैं।

पुजारियों व पुरोहितों ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए भरी हुंकार

अवधनामा संवाददाता

- राजनाथ सिंह के पक्ष में पूरा सनातन समाज एकजुट

लखनऊ। समाज को एक नई दिशा देने का कार्य करने वाले, सभी में आपसी सामंजस्य बनाने वाले तथा सभी के सुख एवं सम्वृद्धि की अवधारण को चरित्रार्थ करने वाले पुजारियों/पुरोहितों का एक सम्मेलन आलमबाग स्थिति अवध चैराहा के निकट के0के0 पैलेस गेस्ट हाउस में आयोजित किया गया।

इस सम्मेलन में सभी को मतदान के लिए प्रेरित करने तथा सनातन धर्म की रक्षा करने वाले प्रत्याशी को विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। सम्मेलन में पधारे सभी पुजारियों / पुरोहितों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मंच से पांच सूत्रीय ज्ञापन भी दिया गया जिसमें मुफ्त बीमा, मासिक मानदेय, आयुष्मान कार्ड, ग्रीन कार्ड, एवं मंदिरों का संरक्षण करने की बात की गयी है। कार्यकम के मुख्य अतिथि नीरज सिंह, विशिष्ट अतिथि एमएलसी व चुनाव प्रभारी मुकश शर्मा रहे। सम्मेलन, कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय ब्रम्ह समाज के राष्ट्रीय महामंत्री देवेन्द्र शुक्ल ने की। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री शुक्ल ने कहा कि पुरोहितों की कोई आय तो होती नहीं वह तो भक्तों एवं भगवान की कृपा पर निर्भर होते हैं। यदि सरकार द्वारा इन्हें वित्तीय सहायता मिल जाती है तो इनके परिवार का भरण पोषण यथोचित हो सकेगा। इस सम्बन्ध में कोरोना काल में भी हमारे संगठन ने बड़ी ही सिद्दत के साथ कार्य किया था जिसकी सभी लोग प्रसंशा करते रहते हैं। सभी पुरोहितों से आग्रह किया कि आगामी 20 मई को हमे दिखा देना है कि इस चुनाव को एक पर्व के रूप में मनायेंगे और अपने लोकप्रिय सांसद राजनाथ सिंह को इस बार 5 लाख से ज्यादा वोटों से विजयी बनायेंगें।

पूल पार्टी में खिले नन्हें-मुन्हें छात्रों के चेहरे

अवधनामा संवाददाता

- ग्रीष्मावकाश से पूर्व सीएमएस राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा पूल पार्टी का आयोजन

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस द्वारा प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें छात्रों के लिए 'पूल पार्टी' का आयोजन आज विद्यालय प्रांगण में किया गया। गर्मी के मौसम में यह पूल पार्टी प्री-प्राइमरी के नन्हें-मुन्हें छात्रों के लिए खुशियों की सौगात साबित हुई जबकि प्लास्टिक के बने छोटे-छोटे स्विमिंग पूल में नन्हें-मुन्हें छात्रों को हँसते-खिलखिलाते व इठलाते हुए देखना सभी के लिए बड़े ही आनन्द व उल्लास का अवसर साबित हुआ।

पूल पार्टी का उद्देश्य चिलचिलाती धूप में नन्हें-मुन्हें बच्चों को गर्मी से राहत दिलाने के साथ ही उनमें मन-मस्तिष्क में खुशनुमा यादों को सहेजना था। इस अवसर पर यह सुनिश्चित किया गया कि छोटे बच्चे ऊर्जावान और हाइड्रेटेड रहें तथापि ताजे फ्लों के जूस के साथ पानी में मस्ती करना बच्चों में उत्साह का संचार कर रहा था। इस पूल पार्टी ने बच्चों को न केवल गर्मी से राहत दी अपितु उनमें सौहार्द व एकजुटता की भावना भी पैदा की। इस अवसर पर जहाँ एक ओर नन्हें-मुन्हें बच्चों ने साथ मिलकर रेत के महल बनाये तो वहीं दूसरी पानी में गोता लगाने पर एक-दूसरे को बधाई देते हुए दोस्ती के बंधन को मजबूत किया।

सी.एम.एस. राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती अनुपमा चेकर ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधि छात्रों के दैनन्दिन जीवन में नया उत्साह जगाते हैं और उनकी रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। श्रीमती चेकर ने कहा कि पूल पार्टी का उद्देश्य नन्हें-मुन्हें छात्रों की फिजिकल फिटनेस को बनाये रखना एवं मजेदार तौर-तरीकों से उनकी क्षमताओं को बढ़ावा देना है।

नवरंग में भावी शिक्षकों की प्रतिभा के निखरे रंग

अवधनामा संवाददाता

- कल्चर इवेंट नवरंग-3.0 में बीएलएड की टीम सर्वोच्च अंक प्राप्त करके रही अव्वल

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की ओर से कल्चरल इवेंट- नवरंग 3.0 में भावी शिक्षकों ने अपने हुनर से सभी अतिथियों और साथियों का दिल जीत लिया। टीएमयू की फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन और श्रीमती ऋचा जैन के संग-संग डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन, डॉ. कल्पना जैन, सीटीएलडी के डायरेक्टर प्रो. आरएन कृष्णिया की उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

इससे पूर्व लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, डीन स्टुडेंट्स वेलफेयर प्रो. एमपी सिंह, विल्सोनिया कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल श्रीमती ज्योतिका सिंह, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की प्राचार्या प्रो. रश्मि मेहरोत्रा, नर्सिंग कॉलेज की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, मुख्य लाइब्रेरियन डॉ. विनीता जैन, लॉ कॉलेज के प्राचार्य प्रो. एसके सिंह, ज्वाइंट रजिस्ट्रार, टीएमयू डॉ. अलका अग्रवाल, श्रीमती मोहिनी गर्ग, श्रीमती गुरमीत कौर, आदि ने ऑडी में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके नवरंग का शुभारम्भ किया। बीएलएड की छात्रा वैष्णवी की गणेश वंदना से कार्यक्रम का शंखनाद हुआ। संचालन फैकल्टी डॉ. नम्रता जैन ने किया।

डीन एकेडमिक्स प्रो. मंजुला जैन ने 'एक शिक्षक मे क्या विशेषताएं होनी चाहिए' पर विस्तार से प्रकाश डाला। प्रो. एमपी सिहं ने सभी अतिथिगण को तुलसी का पौधा भेंट करके उनका स्वागत किया। फैकल्टी ऑफ एजुकेकशन के स्टुडेंट्स ने कल्चर इवेंट नवरंग- 3.0 में एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति देकर प्रोग्राम को अविस्मरणीय बना दिया। बीएलएड की टीम सर्वोच्च अंक प्राप्त करके अव्वल रही। नवरंग- 3.0 में बीएससी-बीएड के छात्र-छात्राओं ने 'अनेकता में एकता' पर अपना नृत्य प्रस्तुत किया। बीएलएड के छात्र-छात्राओं ने 'नए भारत का विकास', जबकि बीएड., एमएड के छात्र-छात्राओं ने 'नारी शक्ति' एवम् बीए-बीएड के स्टुडेंट्स ने 'अतुल्य भारत' की प्रस्तुति पर सभी का मन मोह लिया। अंत में प्रो. रश्मि मेहरोत्रा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के एचओडी- डॉ. अशोक लखेरा, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रत्नेश जैन, एआर श्री दीपक मलिक के संग-संग बीएड, एमएड, बीएससी-बीएड, बीएलएड, बीए-बीएड के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

प्रो. शिल्पा को इंटरनेशनल फेलोशिप

अवधनामा संवाददाता

मुरादाबाद। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के फार्माक्लोजी विभाग की प्रो. (डॉ.) शिल्पा पैट्रिक को फेमर इंस्टीट्यूट, फिलाडेलफिया, यूएसए की ओर से फेमर फेलोशिप प्रदान की गई है। डॉ. शिल्पा को यह इंटरनेशनल फेलोशिप क्रिश्चन मेडिकल कॉलेज, लुधियाना ने दी है। फेमर इंस्टीट्यूट से मेडिकल एजुकेशन के क्षेत्र में दो साल का कोर्स करने के बाद यह फेलोशिप प्रदान की जाती है। यह कोर्स ब्लेंडेड मोड में है। भारत में मात्र चार सेंटर- लुधियाना, मुंबई, कोयंबटूर और मणिपाल इस फेलोशिप को देते हैं। भारत में प्रतिवर्ष 16 प्रतिभागियों को प्रति सेंटर यह इंटरनेशनल फेलोशिप दी जाती है। कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने मेडिकल कॉलेज के फार्माक्लोजी विभाग की सीनियर फैकल्टी डॉ. शिल्पा पैट्रिक को मिली इस इंटरनेशनल फेलोशिप को संकल्प का प्रतिफल बताया।

उल्लेखनीय है, प्रो. शिल्पा पैट्रिक अब तक 10 शोध पत्र लिख चुकी हैं, जबकि करीब एक दर्जन नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में भाग ले चुकी हैं। निदेशक प्रशासन श्री अभिषेक कपूर और मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. एनके सिंह ने डॉ.शिल्पा पैट्रिक को बधाई देते हुए कहा, टीएमयू मेडिकल कॉलेज के लिए यह गर्व का विषय है, मेडिकल एजुकेशन में यह प्रथम फेलोशिप मिली है। उल्लेखनीय है, डॉ. शिल्पा 2016 से टीएमयू मेडिकल कॉलेज में कार्यरत हैं। प्रो. शिल्पा की इस उपलब्धि पर टीएमयू मेडिकल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से उनको स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मेडिकल कॉलेज के डीन एकेडमिक्स प्रो. एसके जैन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. प्रीथपाल सिंह मटरेजा, पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी, फिजियोलॉजी के डॉ. जयवल्लभ कुमार, डॉ. आशीष चन्दर के अलावा दीगर फैकल्टीज़ मौजूद रही।

कोर्ट ले जा रही महिला कैदियों की गाड़ी में लगी आग

लखनऊ। राजधानी लखनऊ के हजरतगंज में राजभवन गेट नंबर 14 के निकट जिला जेल से महिला कैदियों को कोर्ट ले जा रही गाड़ी में अचानक आग लग गई। हादसे के कारण वहां अफरातफरी मच गई।

आननफानन गाड़ी में बैठी नौ महिला कैदियों और 14 पुलिसकर्मियों समेत 23 लोगों ने कूद कर अपनी जान बचाई। लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो गाड़ियों से आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। राजभवन गेट नंबर 14 के पास दोपहर 12 बजे कैदियों को ले जा रही पुलिस गाड़ी के इंजन से धुआं निकलने लगा। देखते ही देखते गाड़ी से आग की तेज लपटें उठने लगीं। आग देख लोग चीख पुकार मचाने लगे। आननफानन चालक ने गाड़ी सड़क किनारे लगाई। इसके बाद महिला कैदियों व पुलिसकर्मियों समेत 23 लोगों ने गाड़ी से कूदकर जान बचाई।

राष्ट्रीय सम्मेलन पैराकॉन हुआ संपन्न

■ सम्मेलन में दस से अधिक चिकित्सा विश्वविद्यालय/ कालेज के छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

वहाज अली निहाल

इटावा, सैफई। उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई में संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पर पैराकॉन राष्ट्रीय सम्मेलन 2024 का सफल आयोजन किया गया। सम्मेलन में चिकित्सा क्षेत्र के दस से अधिक कॉलेज/विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो.डॉ. प्रभात कुमार सिंह व विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर डॉ राजेंद्र प्रसाद पूर्व निदेशक रिम्स व पूर्व कुलपति(यूपीयूएमएस) सरस्वती प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर किया। कुलपति प्रो.डॉ.प्रभात कुमार सिंह ने कहा कि 21 वीं सदी में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बेहतर बनाना और रोगी केंद्रित देखभाल को प्राथमिकता देना बहुत आवश्यक है जिससे चिकित्सा के क्षेत्र में स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए।

विशिष्ट अतिथि डॉ.राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल लिए मरीज केंद्रित देखभाल प्रदान करने के लिए साक्ष्य आधारित अभ्यास, गुणवत्ता सुधार दृष्टिकोण और सूचना विज्ञान पर जोर देना आवश्यक है। जिससे यह सुनिश्चित किया जाए की मरीज की देखभाल निरंतरता व विश्वसनीयता है, व स्वास्थ्य कर्मियों की टीम सहयोग, समन्वय के साथ मरीजों की स्वास्थ्य की देखभाल बेहतर हो। सम्मेलन में वैज्ञानिक अनुसंधान संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल पर मुख्य वक्ताओं के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ विजय किशोर चक्रवर्ती ने बताया कि इस सम्मेलन का आयोजन राष्ट्रीय समाज सेवा परिषद इंडियन सोसाइटी ऑफ रेडियोग्राफर टेक्नोलॉजी के सहयोग से किया गया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन पैराकॉन (2024) के आयोजन में लगभग एक वर्ष का समय लगा हमें उम्मीद है कि इस सम्मेलन से संबद्ध स्वास्थ्य देखभाल के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियां हम सभी को मिली। कार्यक्रम में प्रो.डॉ रमाकांत यादव, प्रो.डॉ आदेश कुमार, प्रो.डॉ एसपी सिंह, प्रो डॉ चंद्रवीर सिंह और डॉ जितेंद्र प्रसाद मथुरिया, डॉ अरुण कुमार राजपूत, पद्मावती देहुरी, (राज्य अध्यक्ष महिला परिषद, आरएसपी ओडिशा) व मेडिकल कॉलेज के छात्र-छात्राएं उपस्थित रही।

सपा की ली सदस्यता

इटावा। लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष किशन यादव की नेतृत्व में राजू यादव नगला ठाकुरी के प्रयासों से आर्यन यादव के समक्ष ग्राम बिरारी विधानसभा भरथना, लोकसभा इटावा के विकास दोहरे कोटा डीलर, मोहर सिंह बीडीसी, अरुण कुमार दोहरे, जगमोहन सिंह दोहरे, राजेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, सुरेश चंद्र, बलबीर सिंह दोहरे, अभिषेक कुमार, अंकुश कुमार, राजू यादव सर्वेश कुमार, सनी दोहरे, सुरजीत कठेरिया, अनमोल कठेरिया, अरुण कुमार आदि दो दर्जन से अधिक ग्राम वासियों ने समाजवादी पार्टी की नीतियों में आस्था जताकर समाजवादी पार्टी के सदस्य ली। उक्त जानकारी विकास गुप्ता विक्की जिला प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी सपा ने दी। इस अवसर पर देसरमऊ के पूर्व प्रधान कपिल देव सिंह, यूथ बिग्रेड के पूर्व जिला अध्यक्ष, एस एम मुस्तकीम, लोहिया वाहिनी महासचिव रेशू चौधरी आदि साथ रहे।

इस्लामिया कालेज के छात्रों ने घर घर जाकर की मतदान की अपील

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को एच एम एस इस्लामिया इण्टर कालेज के छात्रों ने मोहल्ला नौरगाबाद, हर्ष नगर तथा अड़ार में घर-घर जाकर लोगों से 13 मई को अनिवार्य रूप से मतदान की अपील की। छात्रों ने मतदाताओं से संकल्प पत्र भी भरवाए। टोलियों को रवाना करते हुए प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने कहा कि आज के छात्र कल के मतदाता भी हैं इस लिए इन्हें वोट के महत्व को समझते हुए अपने अभिवावकों, पड़ोसियों और परिचितों के बीच जाकर उन्हें इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी का आभास कराते हुए मतदान अवश्य करने का आग्रह करना चाहिए। श्री अहमद ने विद्यालय की ओर से बनवाए गए संकल्प पत्र भी छात्रों को प्रदान किए जिन पर मतदाताओं को हस्ताक्षर करने हैं।

मतदाता जागरूकता अभियान के जनपद के स्वीप आइकॉन, कालेज के हिंदी प्रवक्ता डा0 कुश चतुर्वेदी ने कहा कि छात्रों की भागीदारी से इस अभियान को बहुत बल मिलता है। चीफ प्राक्टर मुहम्मद अतीक ने टोली में जा रहे छात्रों से कहा कि आपका योगदान भारत को सशक्त लोकतंत्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह करेगा। इस दौरान छात्रों का मार्ग दर्शन शिक्षक साबिर हुसैन, मैराज अहमद, हमीम अहमद, मुहम्मद शाहिद आदि ने किया।

जनपद सोनभद्र में 24 हज यात्रियों का कराया गया टिकाकरण एवं प्रशिक्षण

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। इस्लामिया इंटर कालेज ओबरा सोनभद्र में प्रशिक्षण एवं टीकाकरण का कार्य करया गया, एस दौरान कुल 24 हाजी एवं हाजरीन का टीकाकरण डाक्टर की टीम द्वारा हज कमेटी आफ इंडिया के दिशा निर्देश के क्रम में किया गया। साथ ही अबु तलहा ,मो0आरिफ द्वारा हज यात्रा के सम्बन्ध में की जाने वाली तैयारी एवं सावधानी तथा हज के नियमों से अवगत कराया गया। उक्त अवसर पर आदरणीय अमानुल्लाह मा0 सदस्य हज कमेटी आफ उत्तर प्रदेश, समन्वयक अशफाक हज कमेटी आफ उत्तर प्रदेश तथा नज्म प्रधानाचार्य उपस्थित थे। अनुभवी हाजियों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए तथा उक्त अवसर पर उपस्थित जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सोनभद्र सुधांशु शेखर शर्मा द्वारा सभी हज यात्रियों को हज यात्रा की शुभकामनाएं दी गयी।

जनपद इटावा से हज यात्रा पर जाने वाले 16 हज यात्रियों का हुआ टीकाकरण

■ पोलियो वैक्सीन की खुराक भी पिलाई गई

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति के निर्देश पर मंगलवार को शहर के कटरा शाहब खां स्थित मदरसा अरबिया कुरानिया में जनपद इटावा से हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों के लिए पोलियो वैक्सीन, मेंजाइटस टीकाकरण तथा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें हज यात्रा के दौरान स्वास्थ्य समस्याओं के निदान, साफ सफाई तथा उच्च तापमान से रक्षा सहित हज हाउस से लेकर मक्का मदीना और हज के पांच दिनों में आने वाली समस्याओं के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी जिला हज प्रशिक्षक एम एम तारिक शम्सी द्वारा दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदरसा प्रबन्धक हाजी फैसल अदीब, इस्लामिया इंटर कालेज के प्रबंधक हाजी मोहम्मद अल्ताफ व हाजी मसरूर हुसैन एडवोकेट, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग से वक्फ निरीक्षक राम सुमेर, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा0श्रीनिवास यादव, जिला समन्वयक यूनीसेफ अनिल तोमर, अरफ़ात सिद्दीकी, प्रवेश मिश्रा तथा अनिरुद्ध सिंह आदि सहित चिकित्सा विभाग की टीम उपस्थित रहे। चिकित्सा विभाग की टीम द्वारा जनपद से हज यात्रा पर जाने वाले कुल 16 हज यात्रियों का टीकाकरण करते हुए उन्हें पोलियो वैक्सीन की खुराक पिलाई गई।

बाल संसद बच्चों ने मतदान के लिए घर-घर की अपील

इटावा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के तत्वाधान में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय नगला भग्ग, विकासखण्ड बढ़पुरा के बाल संसद/स्काउट-गाइड के बच्चों के द्वारा मतदान प्रतिशत बढाने के उद्देश्य से घर-घर जाकर 13 मई को मतदान करने की अपील की गई। साथ ही अभिभावकों, ग्रामवासियों को मैं मतदान करुंगा का स्टिकर लगाकर जागरूक किया गया। प्रधानाध्यापिका स्वीटी मथुरिया ने सभी अध्यापकों के सहयोग से मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदान का महत्व बताया व जो भी भ्रांतियां थी उनको दूर किया। जो ग्रामवासी अन्य शहर मे काम करते हैं, उनको फोन करके वोट डालने के लिए कहा। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सहित विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्रीदयाल, समस्त स्टाफ पूजा, दिलीप कुमार, पूनम, सीमा कुमारी, कंचन राठौर, खुशबू, सुधा, सीमा व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

महिला के खोये मंगलसूत्र को पुलिस ने महिला को किया सुपुर्द

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। नेहा कुमारी पत्नी शशी प्रताप सिंह निवासिनी उदी मोड़ थाना बढ़पुरा पक्का तालाब चौराहे के पास जूस कार्नर पर आयी जहाँ उनका गले का मंगलसूत्र कहीं गिर गया जिसे उनके द्वारा काफी खोजने का प्रयास किया जब पता नहीं चला तो नेहा कुमारी द्वारा 28 अप्रेल को थाना सिविल लाइन पर सूचना दी, सूचना पर तत्काल प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइन द्वारा तत्परता दिखाते हुये आरक्षी रविन्द्र सिंह को पक्का तालाब चौराहे पर भेजा गया जिस पर आरक्षी द्वारा अथक प्रयास कर सजकता का परिचय देते हुये मंगलसूत्र को बरामद किया गया। बरामद मंगलसूत्र को मंगलवार को दिनांक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार द्वारा नेहा कुमारी को सुपुर्द किया गया।

अपना मंगलसूत्र पाकर नेहा कुमारी एवं उनके भाई द्वारा प्रसन्नता व्यक्त करते हुये इटावा पुलिस एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की भूरि-भूरि प्रशंसा की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा महिला को खोये मंगलसूत्र को अथक प्रयास कर बरामद करने वाले आरक्षी रविन्द्र सिंह की प्रशंसा करते हुये 1,000/-रूपये के नकद पुरस्कार से पुरस्कृत कर एक गुड एन्ट्री प्रदान की गयी तथा जनपद में नियुक्त समस्त पुलिस बल को सम्बोधित करते हुये सभी से यह आग्रह किया गया कि सभी इसी प्रकार ईमानदारी, निष्पक्षता, कर्तव्य परायणता एवं सजगता का परिचय दे।

हज यात्रा पर जाने वाले 462 यात्रियों का हुआ टीकाकरण

प्रयागराज। खुद्दामे हज कमेटी व स्वास्थ्य विभाग की ओर से नूरउल्लाह रोड स्थित आरनेलाज हायर सेकंडरी स्कूल में 274 रौशन बाग़ स्थित मदरसा इमामिया अनवारुल उलूम में 145 और हण्डिया स्थित मदरसा खदीजतुल कुबरा लिलबनात में 43 लोगों का टीकाकरण किया गया। मदरसा इमामिया अनवारुल उलूम में टीकाकरण शिविर में मौलाना जवादुल हैदर रिज़वी , मौलाना रज़ी हैदर रिज़वी, मौलाना मोहम्मद अब्बास, खुशनूद रज़ा, मोहम्मद कमाल, क़मर अब्बास आदि की उपस्थिति में डॉ आमिर फारुकी चिकित्सा अधिकारी, डॉ राशिद अली चिकित्सा अधिकारी, डॉ सुधांशु शुक्ला के नेतृत्व में कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी की ओर से टीकाकरण के तीनों शिविर में लग भग 32 डाक्टर व स्टाफ ने हज यात्रियों का टीकाकरण किया। उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के मुताबिक़ खुद्दामे हज कमेटी के अध्यक्ष अल्तमश अंसारी डॉ मोईन अहमद खान व उप सचिव हाजी शाह सऊद (ज़िला हज ट्रेनर) की देख रेख में पन्द्रह फरवरी व सत्राह अप्रैल को दो बार हज यात्रियों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है।

कूड़ा निस्तारण प्लांट में आग लगने की घटना को लेकर नगर आयुक्त गंभीर

अवधनामा संवाददाता

■ बैठक मैं अधीनस्थों और जिम्मेदार लोगों को दी चेतावनी कार्रवाई को रहे तैयार

मथुरा। बिगत दिन यमुना पार स्थित कूड़ा निस्तारण प्लांट में आग की घटना को नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने गंभीरता से लिया। उन्होंने इसके लिए प्लांट पर सभी असिस्टेंट मैनेजरों को कड़ी चेतावनी के साथ कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही प्लांट पर ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए कार्य योजना प्रस्तुत करने के लिए कहा है।

नगर निगम मथुरा-वृन्दावन के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट पर नगर आयुक्त की अध्यक्षता हुई बैठक में जिसमें लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के सम्बन्ध मे दयाचरन एण्ड कम्पनी के निदेशक सौरभ अग्रवाल को नगर आयुक्त द्वारा लीगेसी वेस्ट के निस्तारण के हेतु निर्देश दिये गये की वह दो दिन के अन्दर कार्ययोजना बनाकर प्रेषित कर अतिशीघ्र लीगेसी वेस्ट के निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित करेगे। नगर आयुक्त द्वारा बैठक में यह भी निर्देश दिये कि स्थल पर मौजूद आरडीएफ को 15 दिवस के अन्दर सीमेन्ट फैक्ट्री में पहुँच जाना चाहिए अन्यथा की स्थिति में संस्था पर दण्डनीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, यह भी निर्देशित किया गया कि लीगेसी वेस्ट में आग को नियंत्रण करने हेतु संस्था द्वारा उपकरणों की व्यवस्था स्थल पर पहले ही करा ली जाये एवं आग सम्भावित क्षेत्र की 24 घण्टे निगरानी की जाये।

बैठक में नगर आयुक्त द्वारा फायर सेफ्टी से सम्बन्धित एक्सपर्ट को यह निर्देशित किया गया कि वह नगला कोल्हू स्थित सॉलिड वेस्ट मैनेजमेन्ट प्लांट पर आग लगने की स्थिति को काबू करने हेतु एक विस्तरित रिर्पोट एवं सुझाव दो दिन के अंदर प्रेषित किया जाना सुनिश्चित हो, उन्होंने रि-सिटी नेटवर्क प्रा लि के प्रतिनिधि सुरजीत सिंह को कहा कि उनके द्वारा निर्माण कराये जा रहे मैटेरियल रिकवरी फैसलीटी में 15 मई 2024 तक मशीनों की स्थापना का कार्य करा दें।

बैठक में नगर आयुक्त श्री चौधरी द्वारा प्लांट पर कार्यरत समस्त बैठक में नगर आयुक्त श्री चौधरी द्वारा प्लांट पर कार्यरत् समस्त असिस्टेन्ट प्लांट मैनेजरों को कठोर चेतावनी एवं कारण बताओ नोटिस देते हुये निर्देशित किया गया कि भविष्य में प्लांट पर अगर कोई आग लगने से सम्भिन्धत कोई भी घटना होती है तो उनके खिलाफ दण्डनीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी, जिसके वह स्वंय जिम्मेदार होगे, साथ ही कहा गया कि प्लांट पर सीसीटीवी कैमरें लगाकर निगरानी की जायेगी।

बैठक में रिंकू सिंह राही ज्वांइट मजिस्ट्रेट, अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त, जितेन्द्र कुमार सिंह जोनल सेनेटरी ऑफीसर, सौरभ अग्रवाल निदेशक, दयाचरन एण्ड कम्पनी मोहित अग्रवाल फायर सेफ्टी एक्सपर्ट ऋषभ दुबे ,सैनिटेशन एक्सपर्ट मनीष राकेश गौरव राहुल असिस्टेन्ट प्लांट मैनेजर आदि उपस्थित रहे थे।

सरकारी धन के गवन के आरोपियों को शासन में बैठे भ्रष्ट अधिकारियों का संरक्षण

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार का यह स्पष्ट आदेश है कोई भी अपराधी या भ्रष्टाचारी को बक्सा नहीं जाएगा। राज्य सरकार के इस आदेश को उन्हीं की शासन सत्ता में बैठे भ्रष्ट और बेईमान किस्म के अधिकारी करोड़ों रुपए के सरकारी धन का गवन करने के आरोपी बरसों बीत जाने के बाद आज भी उनकी पत्रावली रद्दी की टोकरी में डाले हुए हैं इससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं।

जानकारी के अनुसार जनपद मथुरा के वृंदावन स्थित आईटीआई कॉलेज में कर्मचारी राजीव कुमार शर्मा ने अपने मूल नाम और पद से तो वेतन प्राप्त किया ही वहीं आरके शर्मा के नाम से भी वेतन प्राप्त करता रहा उसके इस भ्रष्ट आचरण का खुलासा ना हो पाए इसके लिए उसने अपने साथ अपने भ्रष्ट आचरण में लिप्त करते हुए संजय कुमार सैनी, राजन कुमार आर्य ,कमल सिंह ,पंकज उपाध्याय, मनीष शर्मा, सुरेश कुमार, देवेंद्र कुमार शर्मा , सुनील कुमार, मनीष कुमार गोस्वामी के अलावा अवधेश कुमार शर्मा को भी अनुचित तरीके से आर्थिक लाभ पहुंचाया इस मामले की शासन के द्वारा संज्ञान लेते हुए तीन सदस्य समिति जिसमें मंडल स्तर के अधिकारियों को शामिल किया गया जांच कराई गई जांच में 7 करोड रुपए से अधिक की सरकारी धनराशि का गवन के अलावा अनेक भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए इस जांच रिपोर्ट के आधार पर 2022 में थाना वृंदावन कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत कराया गया जिसमें आज तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

जांच रिपोर्ट को उत्तर प्रदेश शासन में बैठे भ्रष्ट अधिकारी आरोपियों को बचाने में पूरी तरह लगे हुए हैं जानकारी के अनुसार शासकीय गवन के आरोपी प्रधानाचार्य महेश चन्द शर्मा, यतेन्द्र पाल सिंह, आशीष दुबे पर शासन कोई कार्यवाही नही है 7 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान वृन्दावन मथुरा में तैनात रहे तत्कालीन प्रधानाचार्य महेश चन्द शर्मा, यतेन्द्र पाल सिंह, आशीष दुबे की तैनाती अवधि में इन अधिकारीयों के हस्ताक्षर से राजीव कुमार शर्मा पुत्र स्व0 वीरेन्द्र कुमार शर्मा को दोहरा वेतन आहरण कर शासकीय धन की हानि पहुचाई गयी है और शासकीय गवन की धनराशि का बंदर वाट हुआ है ऐसा प्रतीत होता है यह त्रिसदसीय जाँच रिपोर्ट दिनांक 17-11-2022 की जाँच रिपोर्ट में खुलासा हुआ है जाँच रिपोर्ट आने के बाद दोषी अधिकारियों की जड़े इतनी मजबूत है निदेशालय में तैनात सर्वोच्च अधिकारी एवं शासन में तैनात अधिकारियों से मिली भगत होने से शासन स्तर से कोई कारवाही नही की जा रही है दोषी अधिकारी की प्रशासन पर इतनी मजबूत पकड़ होने के कारण शासन स्तर के अधिकारी मूक दर्शन बने हुए है इसलिए शासकीय धन के आरोपी अधिकारियों पर कोई कार्यवाही नही हो रही है आरोपी अधिकारी मैदान में घूम-घूम कर बोल रहे है कि ऐसी जांचे होती रहती है क्या फर्क पड़ता है मोदी और योगी की जीरो टॉलरेंस नीती को उत्तर प्रदेश शासन के अधिकारी पलीता लगा रहे हैं । मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की योजना को पलीता लगाया जा रहा है 7 देखना है कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया और भ्रष्टाचार मुक्त शासन की नीति को बढ़ावा देने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस मामले का संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करा पाएंगे!

संतोष शर्मा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद आगरा मंडल के अध्यक्ष मनोनीत

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। आगरा से प्रकाशित हिंदी समाचार पत्र के उत्तर प्रदेश संपादक संतोष शर्मा को राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद में आगरा मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। उनके मनोनयन पर आगरा मंडल के पत्रकारों में हर्ष व्याप्त है। उन्हें मीडिया जगत की विभिन्न हस्तियों ने फ़ोन एवं वाट्स एप के माध्यम से अपनी शुभकामनाएं दीं। हिन्दू पत्रकार रत्न से सम्मानित पत्रकार संतोष शर्मा के मनोनयन की अनुशंसा राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद आगरा मंडल के प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार मनोज कुमार शर्मा ने की , मनोज कुमार शर्मा की अनुशंसा पर सन्तोष शर्मा को आगरा मंडल में पत्रकारों के हितों की सुरक्षा की कमान सौंपी गई है। सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्र ने संतोष शर्मा को उनका मनोनयन पत्र जारी किया और उनसे संगठन को सशक्त बनाने का आह्वान किया। आगरा मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर संतोष शर्मा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए गौरव का विषय है। पत्रकारों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में शामिल है और इसके लिए वो समय समय पर शासन प्रशासन के समक्ष अपनी आवाज बुलंद करते रहे हैं। संतोष शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद से जुड़कर वो पत्रकारों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए बेहतर तरीके से कार्य कर सकेंगे। उन्होंने अपने मनोनयन पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्र , राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उपेंद्र पाल सिंह और आगरा मंडल प्रभारी मनोज कुमार शर्मा सहित पत्रकार सुरक्षा परिषद की संपूर्ण कार्यकारिणी का आभार प्रकट करते हुए अपने दायित्व का पूरी निष्ठा और समर्पण भावना से निर्वहन करने का भरोसा दिलाया। संतोष शर्मा ने आगरा मंडल अध्यक्ष मनोनीत होने पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार द्विवेदी से फोन पर उनका आशीर्वाद लिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उन्हे उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाए देते हुए उनसे अपनी पत्रकारिता और कलम की धार से समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास की गंगा को प्रवाहित करते रहने की प्रेरणा दी। संतोष कुमार शर्मा के आगरा मंडल मनोनित होने पर राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के मथुरा संरक्षक और राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा के जिला अध्यक्ष भानु प्रकाश शर्मा ने बधाई देते हुए कहा संतोष कुमार शर्मा के आगरा मंडल अध्यक्ष बनने से मंडल मै राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद मथुरा इकाई को भी बल मिलेगा।

महान स्वतन्त्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप सिंह बने थे अखंड भारत के प्रथम राष्ट्राध्यक्ष

मथुरा। महान स्वतन्त्रता सेनानी राजा महेंद्र प्रताप की 43 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर भरतपुर रोड स्थित होटल नेवी रिसोर्ट मे विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संस्था सचिव डॉ कृष्ण पाल सिंह तेवतिया के संचालन में जाट जनचेतना महासभा द्वारा आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने राजा साहब के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डाला। गैल के निदेशक शेरसिंह राणा ने बताया विदेशों से भारत की स्वतंत्रता के लिए सहयोग अर्जित कर, काबुल अफगानिस्तान में देश की प्रथम सरकार बनाई, जिस कारण अंग्रेजों ने इनके सिर पर इनाम रख दिया। इसके बाद सारा राज्य हड़प लिया था। सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता राजेन्द्र सिंह वर्मा ने उनकी विरासत संरक्षण के लिए सहयोग का आग्रह कर एकजुटता का संदेश दिया। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के समन्वयक चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार पत्रकार ने बताया कि राजा महेंद्र प्रताप सिंह ने सारे विश्व को जागृत किया था। अंग्रेजों से भारत की मुक्त कराने के लिए 32 वर्ष तक विदेश में रहकर संघर्ष करते रहे। उनके जीवनी बच्चों को पढाई जानी चाहिए। संस्था सचिव डॉ कृष्ण पाल सिंह तेवतिया ने राजा साहब के जीवन परिचय देते हुए कहा कि 1952 में उन्हें नोबल पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया था। 1909 में वृन्दावन में प्रेम महाविद्यालय की स्थापना की जो तकनीकी शिक्षा के लिए भारत में प्रथम केन्द्र था। मदनमोहन मालवीय इसके उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहे। अपने पांच गाँव, वृन्दावन का राजमहल और चल संपत्ति का दान दिया। बनारस हिंदू विश्वद्यालय, अलीगढ़ विश्विद्यालय, के लिए जमीन दान दी। हिन्दू विश्वविद्यालय के बोर्ड के सदस्य भी रहे।

लोकसभा चुनाव: गैर जनपद चुनाव में शिक्षकों की ड्यूटी समस्याओं से सीडीओ को अबगत कराया

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद मथुरा का प्रतिनिधिमंडल जनपद मैनपुरी एवं आगरा में संपन्न होने वाले निर्वाचन में लगाई गई शिक्षकों की ड्यूटी के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीणा से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया कि जनपद मथुरा से लगभग 280 शिक्षकों की ड्यूटी जनपद मैनपुरी में तथा 500 के लगभग शिक्षकों की ड्यूटी जनपद आगरा में लगाई गई है इस हेतु शिक्षकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य विकास अधिकारी से मांग की कि शिक्षकों को जनपद मैनपुरी एवं आगरा के किसी भी प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने से छूट प्रदान की जाए साथ ही ड्यूटी से एक दिन पहले जाने एवं ड्यूटी करने के उपरांत वापस लौट कर आने हेतु बसों की व्यवस्था की जाए तथा रात्रि विश्राम के लिए उपयुक्त स्थान एवं खाने-पीने की व्यवस्था की जाए तथा निर्वाचन संपन्न होने के उपरांत 6 बजे ही जनपद मथुरा के कर्मचारी एवं शिक्षकों को ड्यूटी से मुक्त कर दिया जाए। उक्त सभी का तुरंत संज्ञान लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि आपकी सभी मांगों को मान लिया जाएगा किसी भी शिक्षक को जनपद मैनपुरी एवं आगरा में प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता नहीं है। सभी को बसों के द्वारा ड्यूटी स्थल तक पहुंचाया जाएगा एवं वापस लाने की भी व्यवस्था की जाएगी।उनके ठहरने एवं खाने का समुचित इंतजाम किया जाएगा।जनपद आगरा में ड्यूटी करने वाले शिक्षकों की सूची आज ही उपलब्ध करा दी जाएगी तथा 1 मई को वेटरनरी कॉलेज के सभागार में आगरा ड्यूटी करने वाले शिक्षकों को शॉर्ट ब्रीफिंग प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा ।

लोकसभा चुनाव के लिए मतदान खत्म होते ही भाजपा की अंतरकलह आई सामने

अवधनामा संवाददाता

■ आखिर कौन है संगठन का समधी, जिसको लेकर तरह-तरह की चर्चाएं

मथुरा। जनपद में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होते ही विश्व की सबसे बड़ी पार्टी की अंदरूनी कलह खुल कर सामने आने लगी है, लोकसभा चुनावों के दरम्यान मीडिया संगठन ने सत्ताधारी दल को आगाह किया था कि पार्टी मै गुटबाजी चरम पर है पर अपने घमंड मैं चूर सत्तादल के राजनेताओं को दिखाई नही दिया या यू कहिए मोदी भरोसे चल रही भाजपा की गाढ़ी मैं सवार नेताओं ने इस वात को हल्के में लिया जैसे ही लोकसभा चुनाव सम्पन्न हुए और चुनावों मैं मत प्रतिशत कम रहा एसे ही दबी हुई गुटबाजी की गंध फैलने लगी मामला सोसल मीडिया मैं एक दूसरे के खिलाफ वॉक युद्ध तक पहुंच गया। इसी बात विवाद में एक नया शब्द चर्चा का विषय बन गया, ÷संगठन का समधी÷ जिसे जानने की उत्सुकता मथुरा नगर की जनता के मन में हो रही है, मामला इस कदर गुटबाजी का है कि एक दूसरे पर पंप ऑपरेटरों की कमाई हड़पने का भी आरोप लगा रहे हैं। मथुरा जनपद मैं पंप ऑपरेटरों से वसूली की खबरे तो कई बार आती रहती थी पर नौकरी जाने के डर से कोई भी ऑपरेटर इस बात को उजागर करने की हिम्मत नहीं जुटा सका तथाकथित लोग बताते हैं,पंप ऑपरेटरों से ही क्या मथुरा नगर निगम तो सफाई कर्मचारियों से वसूली मैं नंबर वन रहा है। क्या भाजपा जैसे संगठन मैं गुट अपनी प्रतिष्ठा बचाने मैं लगे है या जो पाप का पैसा आ रहा है उसका बंदरवाट सही तरीके से नही कर पा रहे हैं। कमल कीचड़ मैं पैदा होता है भाजपा चिल्ला कर नारा देती कमल के नीचे कीचड़ है, आज वही कीचड़ भाजपा के यशस्वी नेता एक दूसरे पर उड़ेल रहे है। भाजपा के दिग्गज नेताओं को ईमानदारी से पंप ऑपरेटरों का पैसा हड़पने वालों की पहचान कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए संगठन की छवि धूमिल करने वाले नेता और कार्यकर्ताओं को बाहर का रास्ता दिखा कर मथुरा भाजपा संगठन को मजबूत करने वाले लोगों को आगे लाना चाहिए।

साउथ अफ्रीका ने किया टीम का ऐलान, एडेन मार्करम को मिली कमान

टी20 वर्ल्ड कप के लिए साउथ अफ्रीका की टीम का ऐलान हो गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने सोमवार को टीम का ऐलान किया था। वहीं साउथ अफ्रीका टीम की कमान एडेन मार्करम के हाथों में सौंपी गई है। साथ ही दो अनकैप्ड प्लेयर्स को भी टीम में जगह दी गई है। वहीं, नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी जैसे गेंदबाज को ट्रेवलिंग रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

बता दें कि, साउथ अफ्रीका की व्हाइट बॉल टीम के हेड कोच रॉब वॉल्टर ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। ये मेगा इवेंट एक जून से और 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। ऐडन मार्करम पहली बार आईसीसी मेंस टी20 वर्ल्ड कप में टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। हालांकि, उनको

काफी समय पहले टीम का कप्तान घोषित कर दिया गया था।

इसके अलावा टीम में दो अनकैप्ड प्लेयर्स को भी टीम में शामिल किया है, जिनमें बल्लेबाज रयान रिकेलटन और तेज गेंदबाज ओटनील बार्टमैन शामिल हैं। वहीं, रिजर्व प्लेयर्स की लिस्ट में नांद्रे बर्गर और लुंगी एनगिडी का नाम शामिल है।

टी20 वर्ल्ड कप के लिए टीम इस प्रकार है

एडेन मार्करम (कप्तान), ओटनील बार्टमैन, जेराल्ड कोएत्जी, क्विंटन डिकॉक, ब्योर्न फोर्टुइन, रीजी हेंड्रिक्स, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, डेविड मिलर, एनरिक नॉर्टजे, कैगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी और ट्रिस्टन स्टब्स।

पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स की नजरें खेल के हर विभाग में बेहतर प्रदर्शन पर

बुधवार को चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स कमाल दिखाना चाहेगी। दरअसल, प्रदर्शन में निरंतरता की कमी से जूझ रही चेन्नई सुपर किंग्स की नजरें खेल के सभी विभागों में एकजुट प्रदर्शन करने पर टिकी होंगी। सीएसके के 9 मैच में 10 अंक हैं जो लखनऊ सुपर जाइंट्स, सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स के समान ही हैं। गत चैंपियन टीम निश्चित रूप से जीत के साथ इन टीमों से आगे निकलने की कोशिश करेगी। गत चैंपियन सुपर किंग्स की चिंता हालांकि बढ़ गई है क्योंकि पंजाब किंग्स की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 262 रन के टी20 क्रिकेट इतिहास के सबसे बड़े लक्ष्य को हासिल करने के बाद इस मुकाबले में उतर रही है। पंजाब किंग्स के नौ मैच में छह अंक हैं। चेपक हालांकि सुपरकिंग्स का गढ़ है जहां गेंदबाजों को पिच से मदद मिलती है और मेजबान टीम ने पिछले मैच में सनराइजर्स पर 78 रन की आसान जीत दर्ज की। चेन्नई में उस रात ओस नहीं पड़ी थी और बल्लेबाजों द्वारा 200 से अधिक का स्कोर खड़ा करने के बाद सुपरकिंग्स के गेंदबाजों ने अपनी सटीक और विविधता से भरी गेंदबाजी से सनराइजर्स की मजबूत बल्लेबाजी इकाई को ध्वस्त कर दिया।

चेन्नई को पंजाब के खिलाफ यह प्रदर्शन दोहराना होगा और सभी की निगाहें कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर होंगी जो फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। गायकवाड़ ने अपनी पिछली दो पारियों में 108 और 98 रन बनाए हैं और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने भी हैदराबाद के खिलाफ 32 गेंद में 52 रन बनाकर सही समय पर लय हासिल कर ली है। हालांकि सुपरकिंग्स के बल्लेबाजी क्रम में असली तूफान शिवम दुबे हैं जिन्होंने इंपेक्ट प्लेयर के रूप में आते हुए विपक्षी गेंदबाजों को धराशायी किया है। स्पिन के खिलाफ अच्छा खेलने वाले बाएं हाथ के बल्लेबाज दुबे ने मौजूदा सत्र में अब तेज गेंदबाजों के खिलाफ प्रभावी प्रदर्शन करके अपनी बल्लेबाजी में एक और आयाम जोड़ दिया है। दुबे ने अब तक 350 रन बनाए हैं जो गायकवाड़ के 447 रन के बाद सुपरकिंग्स के लिए दूसरे सर्वाधिक रन हैं। उन्होंने ये रन 172.41 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं और इस मामले में टीम में महेंद्र सिंह धोनी (259.45) के बाद दूसरे स्थान पर हैं। लेकिन सुपर किंग्स की सलामी जोड़ी अस्थिर बनी हुई है। गायकवाड़ ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन अब बाहर किए गए रचिन रविंद्र और अजिंक्य रहाणे दोनों अपने कप्तान का साथ नहीं निभा पाए हैं। सलामी बल्लेबाज के रूप में रहाणे ने पिछली चार पारियों में 05, 36, 01 और 09 रन बनाए जो उनके अनुभव और कौशल के अनुरूप नहीं हैं। हालांकि पूरी संभावना है कि टीम उन्हें और मौके देगी। बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने भी कहा था कि यह 35 वर्षीय बल्लेबाज बड़ी पारी खेलने के करीब है। दूसरी ओर पंजाब किंग्स की टीम रिकॉर्ड लक्ष्य हासिल करने के बाद लय को जारी रखते हुए अंक तालिका में मौजूदा आठवें स्थान से आगे बढ़ने को बेताब होगी। इसके लिए टीम को बल्लेबाजों से एक बार फिर से एकजुट प्रदर्शन की उम्मीद है। जिम्मेदारी एक बार फिर नाइट राइडर्स के खिलाफ शतक जड़ने वाले जॉनी बेयरस्टो, शशांक सिंह और प्रभसिमरन सिंह के कंधों पर होगी। टीम हालांकि विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा से अधिक प्रभावशाली प्रदर्शन चाहेगी।

पंजाब किंग्स का गेंदबाजी आक्रमण कागिसो रबादा, हर्षल पटेल, अर्शदीप सिंह और सैम कुरेन जैसे अनुभवी गेंदबाजों की मौजूदगी के बावजूद थोड़ा कमजोर दिखता है। मेहमान टीम को अपने स्पिनरों हरप्रीत बरार और राहुल चाहर से भी बेहतर प्रदर्शन की दरकार है क्योंकि इन्होंने इस सत्र में केवल सात विकेट लिए हैं।

टीम इस प्रकार हैं

सुपरकिंग्सः रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), महेंद्र सिंह धोनी, अरावेल्ली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हांगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्ताफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महीश तीक्षणा और समीर रिज्वी।

पंजाब किंग्सः शिखर धवन (कप्तान), मैथ्यू शॉर्ट, जॉनी बेयरस्टो, प्रभसिमरन सिंह, जितेश शर्मा, सिकंदर रजा, ऋषि धवन, लियाम लिविंगस्टोन, अथर्व ताइडे, अर्शदीप सिंह, नाथन एलिस, सैम कुरेन, कागिसो रबादा, हरप्रीत बरार, राहुल चाहर, हरप्रीत भाटिया, विद्वथ कावेरप्पा, शिवम सिंह, हर्षल पटेल, क्रिस वोक्स, आशुतोष शर्मा, विश्वनाथ प्रताप सिंह, शशांक सिंह, तनय त्यागराजन, प्रिंस चौधरी और रिली रोसेयु।

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए भारतीय टीम का ऐलान, हार्दिक पंड्या उपकप्तान, केएल राहुल बाहर

टी20 वर्ल्ड कप के लिए बीसीसीआई ने भारतीय टीम का ऐलान कर दिया है। जहां रोहित शर्मा को टीम की कमान सौंपी गई है जबकि हार्दिक पंड्या को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। साथ ही टीम में बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और संजू सैमसन को शामिल किया गया है। जबकि केएल राहुल को मौका नहीं मिला है।

वहीं, रिंकू सिंह, शुबमन गिल, खलिल अहमद और आवेश खान को रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर रखा गया है। टीम में शिवम दुबे को भी मौका मिला है।दरअसल, टीम के ऐलान से पहले अहमदाबाद के आईटीसी नर्मदा होटल में सेलेक्टर्स की बैठक हुई। इसमें चीफ सेलेक्टर अजित अगरकर और बीसीसीआई सचिव जय शाह भी मौजूद थे। बैठक के बाद टीम इंडिया का ऐलान किया गया।

रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, हार्दिक पंड्या (उपकप्तान), शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज।

इससे पहले न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। कीवी टीम की कमान केन विलियमसन, साउथ अफ्रीका टीम की कप्तानी एडेन मारक्रम और इंग्लैंड की कमान जोस बटलर को सौंपी गई है।

रिंकू सिंह को टीम में मौका नहीं मिलने पर भड़के फैंस, ऐसा रहा रिएक्शन

बीसीसीआई ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए रोहित शर्मा की कप्तानी वाले भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर ऋषभ पंत और संजू सैमसन को चुना गया है जबकि फिनिशर रिंकू सिंह को टीम में जगह नहीं मिली है। जिसके बाद फैंस सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा व्यक्त कर रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप आगाज 2 जून से वेस्टइंडीज और यूएसए में होने जा रहा है। स्क्वॉड में रिंकू सिंह को जगह नहीं मिलना सबसे ज्यादा चर्चा का विषय है। बीसीसीआई के इस फैसले से उनके फैंस में निराशा है। वर्ल्ड कप टीम में केएल राहुल और शुबमन गिल को भी जगह नहीं मिली है। विकेटकीपर के लिए पहली पसंद ऋषभ पंत जबकि दूसरी संजू सैमसन है। वहीं दूसरी तरफ सलामी जोड़ी रोहित और यशस्वी की ओपनिंग जोड़ी बरकरार है। जबकि तीसरे नंबर पर विराट कोहली हैं। गिल रिजर्व खिलाड़ी के रूप में टीम में रखे गए हैं।

इंग्लैंड ने टी20 वर्ल्ड 2024 के लिए की टीम की घोषणा, जोफ्रा आर्चर की टीम में वापसी

टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए टीमों का ऐलान जारी है। न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका के बाद अब इंग्लैंड ने भी अपने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। जिसकी कमान जोस बटलर के हाथों में होगी। वहीं जून में होने वाले इस मेगा इवेंट के लिए इंग्लैंड टीम में जोफ्रा आर्चर की वापसी हुई है। जबकि क्रिस वोक्स की जगह क्रिस जॉर्डन को टीम में शामिल किया गया है।

बता दें कि, जोफ्रा आर्चर दाहिनी कोहनी की चोट से उबर गए हैं। उन्हें टीम में शामिल किया गया है। टी20 फॉर्मेट में आर्चर ने आखिरी मैच बांग्लादेश के खिलाफ एक साल पहले खेला था। जबकि टीम में एकमात्र अनकैप्ड खिलाड़ी टॉम हार्टले को भी मौका मिला है। वहीं विल जैक्स के साथ, वे एकमात्र खिलाड़ी हैं जिन्होंने पहले किसी आईसीसी वर्ल्ड टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया है।

वहीं टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए 8 चयनित खिलाड़ी आईपीएल खेल रहे हैं। जिन्हें पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज के लिए समय पर लौटने की सलाह दी गई है। बता दें कि, 22 मई 2024 को ये सीरीज हेडिंग्ले में शुरू होगी।

जोस बटलर (कप्तान), मोइन अली, जोफ्रा आर्चर, जोनाथन बेयरस्टो, हैरी ब्रूक, सैम करन, बेन डकेट, टॉम हार्टले, विल जैक, क्रिस जॉर्डन, लियाम लिविंगस्टोन, आदिल राशिद, फिल सॉल्ट, रीस टॉपले, मार्क वुड।

शबाना आजमी के सिनेमा में 50 वर्ष पूरे होने पर न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में समारोह का आयोजन

मशहूर भारतीय अभिनेत्री शबाना आजमी के सिनेमा जगत में 50 वर्ष पूरे होने पर अगले माह आयोजित होने वाले न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल (एनवाईआईएफएफ) में एक विशेष समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस फिल्म महोत्सव में भारतीय उपमहाद्वीप की कुछ प्रसिद्ध फिल्में और वृत्तचित्र दिखाये जाते हैं। न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल का 24वां संस्करण 31 मई से दो जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसे उत्तर अमेरिका का सबसे लंबा चलने वाला और सबसे प्रतिष्ठित भारतीय फिल्म महोत्सव माना जाता है।

फिल्म महोत्सव में अमिताभ बच्चन और नसीरुद्दीन शाह सहित कई बड़ी फिल्मी हस्तियों की कुल 49 कहानियां, वृतचित्र और लघु फिल्में दिखाई जाएंगी। शबाना आजमी के 2024 में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में पांच दशक पूरे हो रहे हैं और इस अवसर पर उन्हें सम्मान देने के लिए फिल्म महोत्सव में एक विशेष समारोह आयोजित किया जाएगा और इसमें 1996 में आई दीपा मेहता द्वारा निर्देशित फिल्म फायर को प्रदर्शित किया जाएगा। एनवाईआईएफएफ ने शबाना आजमी के हवाले से कहा, मैं शुरुआत से ही न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल से जुड़ी रही हूं और पिछले कुछ वर्षों में इसने जो प्रगति की है, उससे मैं बेहद खुश हूं।

मुझे खुशी है कि एनवाईआईएफएफ में मेरे 50 वर्षों का जश्न मनाया जा रहा है और मैं बेसब्री से इसका इंतजार कर रही हूं। बयान के मुताबिक, 73 वर्षीय आजमी इस वर्ष फिल्म महोत्सव में हिस्सा लेंगी और श्याम बेनेगल की फिल्म अंकुर से अपने अभिनय कॅरियर की शुरुआत करने से लेकर कई किरदारों के बारे में बताएंगी। आजमी पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और कई फिल्मों के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रशस्ति हासिल कर चुकी हैं। पद्मश्री और पद्मभूषण सम्मान प्राप्त आजमी 140 से अधिक हिंदी और 12 अंतरराष्ट्रीय फिल्मों में अपने दमदार अभिनय का लोहा मनवा चुकी हैं।

इरफान खान के बेटे बाबिल की दिखाई दी नेकदिली! एयरपोर्ट पर जरूरतमंद को दान किए 50 हजार रुपये

दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने फिल्म से अपनी अलग पहचान बनाई और वह बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में से एक थे। वह अपनी अविश्वसनीय स्क्रीन उपस्थिति के लिए जाने जाते थे और उनके बेटे बाबिल उनकी विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। बाबिल खान अपने हालिया दिल छू लेने वाले अभिनय से दिल जीत रहे हैं। वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

बाबिल खान ने प्रेमकुमार नाम के एक यूट्यूबर को 50,000 रुपये का दान दिया है, जो नाम से जाना जाता है। वीडियो में बाबिल खान जल संकट से निपटने के लिए पैसे दान करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने यूट्यूबर से यह भी कहा, मेरा नाम लिखने की जरूरत नहीं है, तू अच्छा काम कर रहा है। वीडियो सामने आने के बाद, प्रशंसकों ने अभिनेता के उदार कार्य के लिए सोशल मीडिया पर उनकी प्रशंसा की। एक यूजर ने लिखा, शानदार! इस सुखद समाचार पर दोनों को शुभकामनाएँ। एक अन्य यूजर ने लिखा, बाबिल इरफान का बच्चा दिल का सच्चा। तीसरे यूजर ने लिखा, जीरो एटीट्यूड वाला आदमी।

अपना आभार व्यक्त करने के लिए टिप्पणी अनुभाग का सहारा लिया। उन्होंने लिखा, प्रिय बाबिल खान, आपके अविश्वसनीय समर्थन के लिए मैं आपको जितना भी धन्यवाद दूं, कम है। आपकी उदारता मेरे और मुंबई गांव के लोगों के लिए बहुत मायने रखती है। आपका 50 हजार रुपये का दान हमें यहां पानी की समस्या से निपटने में काफी मदद करेगा। आपकी दयालुता उन लोगों के जीवन में वास्तविक बदलाव ला रही है जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। करुणा और सहानुभूति का चमकदार उदाहरण बनने के लिए धन्यवाद। आपका समर्थन हमें बेहतर कल की आशा देता है।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, बाबिल खान ने 2022 की फिल्म काला से अपनी शुरुआत की। अन्विता दत्त गुप्तन द्वारा निर्देशित इस फिल्म में तृप्ति डिमरी, स्वास्तिका मुखर्जी, वरुण ग्रोवर और गिरिजा ओक भी हैं। अनुष्का शर्मा ने भी फिल्म में एक विशेष भूमिका निभाई। शानदार कहानी और अभिनय कौशल के साथ, फिल्म को नेटिज़न्स द्वारा सराहा गया। बाबिल खान के अन्य कार्यों में जूही चावला के साथ फिल्म फ्राइडे नाइट प्लान और श्रृंखला द रेलवे मेन शामिल हैं, जिसमें आर. माधवन, के के मेनन और दिव्येंदु भी शामिल हैं। बाबिल खान अगली बार फिल्म द उमेश क्रॉनिकल्स में नजर आएंगे।

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट मुंबई में आईएसएल सेमीफाइनल मैच देखने साथ पहुंचे

बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा जोड़ी रणबीर कपूर और आलिया भट्ट इन दिनों कई प्रोजेक्ट्स को लेकर सुर्खियों में हैं। यह जोड़ी न केवल अपनी आगामी परियोजनाओं में व्यस्त है बल्कि क्रिकेट और फुटबॉल सहित खेल देखने में भी व्यस्त है। दोनों को मुंबई में आईएसएल (इंडियन सुपर लीग) के सेमीफाइनल मैच में उत्साहपूर्वक उत्साह बढ़ाते देखा गया। रणबीर कपूर उस समय बहुत मुस्कुरा रहे थे जब उनकी फुटबॉल टीम, मुंबई सिटी एफसी एफसी गोवा के खिलाफ जीत हासिल कर फाइनल में पहुंची। कपल की तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

वीडियो में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट मैदान पर अपनी टीम की जीत का जश्न मना रहे हैं और भीड़ की ओर हाथ भी हिला रहे हैं। अभिनेता ने जॉगर्स के साथ सफेद और भूरे रंग की टी-शर्ट पहनी हुई थी। इसके साथ उन्होंने कैप लगाई। वहीं, उनकी पत्नी आलिया भट्ट ने धारीदार लिनेन शर्ट और शॉर्ट्स में स्वैग दिखाया और इसे कैप के साथ एक्सेसराइज़ किया। यह पहली बार नहीं है जब इस जोड़े को गेम देखते हुए देखा गया है। खेल के शौकीन रणबीर कपूर को कई क्रिकेट मैचों में भी देखा गया है।

प्रशंसक भी अपनी पसंदीदा जोड़ी को मस्ती करते देखने के लिए उत्साहित थे।

एक यूजर ने लिखा, आलिया बेहद खूबसूरत लग रही हैं.. बिल्कुल टीनएज लड़की लग रही हैं.. क्यूट जोड़ी। एक अन्य यूजर ने लिखा, आरके के स्टाइल की बराबरी कोई नहीं कर सकता। तीसरे यूजर ने लिखा, वे खेल देख रहे हैं।

इस बीच, काम के मोर्चे पर, रणबीर कपूर अगली बार नितेश तिवारी की रामायण में दिखाई देंगे, जिसमें वह भगवान राम की भूमिका निभाएंगे। स्टार कास्ट में साई पल्लवी भी शामिल होंगी। उनके पास एनिमल का सीक्वल भी पाइपलाइन में है। रणबीर कपूर हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल में नजर आए थे। फिल्म में अनिल कपूर, बॉबी देओल, रश्मिका मंदाना, तृप्ति डिमरी, सुरेश ओबेरॉय, शक्ति कपूर और प्रेम चोपड़ा भी हैं। आलिया भट्ट आखिरी बार रणवीर सिंह के साथ रॉकी और रानी की प्रेम की कहानी में नजर आई थीं। करण जौहर द्वारा निर्देशित इस फिल्म में शबाना आजमी, जया बच्चन और धर्मेंद्र भी हैं। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी धमाल मचाया था।

कयामत से कयामत तक के 36 साल पूरे, इन 5 कारणों की वजह से आमिर खान और जूही चावला की फिल्म आज भी लोकप्रिय है

1988 में रिलीज़ हुई, आमिर खान और जूही चावला की कयामत से कयामत तक उन सिनेमाई प्रेम कहानियों में से एक है, जिन्होंने सिनेमा की दुनिया में सदाबहार का ताज हासिल किया है। बॉलीवुड की यह प्रतिष्ठित फिल्म दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बना चुकी है और आज अपनी 36वीं सालगिरह मना रही है। यहां पांच संकेत दिए गए हैं जो इस फिल्म को जीवन में एक बार बनने वाली फिल्म बनाते हैं।

1. एक उल्लेखनीय शुरुआत और प्रतिष्ठित केमिस्ट्री

अनजान लोगों के लिए ने आमिर खान के करियर की शुरुआत की। सुपरस्टार के राज के उल्लेखनीय चित्रण ने उन्हें दर्शकों और आलोचकों की समान रूप से प्रशंसा दिलाई। जूही के साथ उनकी केमिस्ट्री इसकी सफलता के प्रमुख कारकों में से एक थी। यह फिल्म वास्तव में उन्हें भारतीय सिनेमा में प्रतिष्ठित शख्सियतों के रूप में स्थापित करती है। दोनों की केमिस्ट्री शानदार थी, जो उनके ऑन-स्क्रीन रोमांस में गहराई और प्रामाणिकता जोड़ती थी।

2. कयामत से कयामत तक का सदाबहार संगीत

आनंद-मिलिंद द्वारा रचित और मजरूह सुल्तानपुरी द्वारा लिखित, कयामत से कयामत तक का साउंडट्रैक तुरंत सनसनी बन गया। चाहे वह पापा कहते हैं हो, अकेले हैं तो क्या गम है और यहां तक कि ऐ मेरे हमसफर की धुन भी अनोखी थी। ये सभी गीत बदलते समय के साथ आज भी प्रासंगिक माने जाते हैं।

3. कयामत से कयामत तक की लोकप्रियता

कयामत से कयामत तक एक संगीतमय रोमांस फिल्म थी जिसने 1990 के दशक में हिंदी सिनेमा को परिभाषित किया था। उल्लेखनीय रूप से, इस फिल्म ने सर्वश्रेष्ठ लोकप्रिय फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार जीता।

4. सामाजिक विषयों पर बातचीत

कयामत से कयामत तक ने माता-पिता के विरोध, सामाजिक मानदंडों और परंपरा और आधुनिकता के बीच टकराव जैसे गहरे सामाजिक विषयों पर प्रकाश डाला।

5. अविस्मरणीय संवाद

कयामत से कयामत तक जैसी क्लासिक और अविस्मरणीय फिल्म के लिए शक्तिशाली और भावनात्मक संवादों की आवश्यकता थी, जो दर्शकों पर गहरा प्रभाव डाल सके। इसमें निस्संदेह कुछ अविस्मरणीय संवाद हैं जो किसी की भी आंखों में आंसू ला सकते हैं। खासकर क्लाइमैक्स सीन ने अपने डायलॉग से फिल्म को प्रभावशाली बना दिया था।

मप्र में कांग्रेस को बड़ा झटका

भोपाल(हि.स.)। मध्य प्रदेश में कांग्रेस की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। पार्टी को मंगलवार को राहुल गांधी के ग्वालियर-चंबल दौरे वाले दिन बड़ा झटका लगा है। विजयपुर

विधानसभा क्षेत्र से छह बार के कांग्रेस विधायक रामनिवास रावत भाजपा में शामिल हो गए। मुरैना में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ली। पूर्व मंत्री रामनिवास रावत के साथ मुरैना की महापौर शारदा सोलंकी और करीब दो हजार कार्यकर्ता भी भाजपा में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि एक माह से राम निवास रावत के भाजपा में शामिल होने की अटकलें चल रही थीं। वे कांग्रेस की नीतियों से नाराज थे। रामनिवास रावत टिकट के लिए प्रयास कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने उन्हें टिकट नहीं दिया। रावत चंबल की राजनीति में अपना एक अलग मुकाम रखते हैं। वह श्योपुर जिले के विजयपुर विधानसभा क्षेत्र से इस बार छठवीं बार जीते थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर के सामने लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। रामनिवास रावत ओबीसी वर्ग के बड़े नेता माने जाते हैं।

समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी साधन है शिक्षा : उपराष्ट्रपति

उपदेश

संविधान की मूलप्रति के भाग 2 के पृष्ठ पर गुरुकुल का चित्र बना है तो भाग 4 वाले पृष्ठ पर कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण द्वारा गीता उपदेश का प्रसंग अंकित है।

जयपुर (हि.स.)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि शिक्षा समाज में बदलाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। हर क्षेत्र में वही लोग नेतृत्व कर रहे हैं, जिन्होंने शिक्षा में भी अपना स्थान बनाया। उन्होंने अपने जीवन में अपने सैनिक स्कूल, चित्तौड़गढ़ के संस्कारों और अनुभवों के महत्व को याद करते हुए कहा कि मेरा असली जन्म तो सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ में ही हुआ। उपराष्ट्रपति मंगलवार को जयपुर में राजस्थान पत्रिका के संस्थापक स्वर्गीय कर्पूर चन्द कुलिश की स्मृति में कोठारी परिवार के द कुलिश स्कूल के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित छात्रों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों और अन्य गणमान्य अतिथियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जोर दिया कि हर बच्चे को उसकी रुचि के अनुरूप अपनी प्रतिभा को अभिव्यक्त करने के पर्याप्त अवसर मिलने चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे संविधान में हमारी पांच हजार साल पुरानी संस्कृति में शिक्षा के महत्व पर विशेष ध्यान दिया गया है। इस संदर्भ में उन्होंने संविधान की मूलप्रति जिस पर संविधान सभा के सदस्यों ने हस्ताक्षर किए थे, उस पर अंकित चित्रों का जिक्र किया। संविधान की मूलप्रति के भाग 2 के पृष्ठ पर गुरुकुल का चित्र बना है तो भाग 4 वाले पृष्ठ पर कुरुक्षेत्र में श्री कृष्ण द्वारा गीता उपदेश का प्रसंग अंकित है। उन्होंने कहा ये चित्र, संविधान सभा द्वारा शिक्षा को दिए गए महत्व को दर्शाते हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने स्वर्गीय कर्पूर चन्द कुलिश की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने कहा कि कुलिशजी की यह प्रतिमा विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगी। इस संदर्भ में धनखड़ ने कहा कि कुलिश जी स्वयं वेदों के विद्वान थे तथा शिक्षा में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रबल समर्थक थे। उपराष्ट्रपति ने इस स्कूल की स्थापना के लिए कोठारी परिवार को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह स्कूल उनकी एक महत्वपूर्ण विरासत है।हिंदी पत्रकारिता में कुलिश के योगदान को याद करते हुए उपराष्ट्रपति ने उन्हें हिंदी पत्रकारिता का पुरोधा बताया। उन्होंने कहा कि कुलिश जी पाठकों को भगवान मानते थे। यद्यपि उस समय के बड़े राजनेताओं से उनके आत्मीय संबंध थे तथापि उन्होंने दबावों और प्रभावों से निस्पृह रह कर, पाठकों के हित में निष्पक्ष पत्रकारिता की। उपराष्ट्रपति ने भारत की बढ़ती आर्थिक क्षमता पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि 1991 में भारत की अर्थव्यवस्था लंदन-पेरिस जैसे शहरों के बराबर थी लेकिन आज हम विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। इस मौके पर राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद्र बैरवा, विधान सभा अध्यक्ष देवनानी, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी, जयपुर की मेयर सौम्या गुर्जर, राजस्थान पत्रिका के प्रधान संपादक गुलाब कोठारी, द कुलिश स्कूल के प्रबंधन मंडल के सदस्य तथा स्कूल के प्रधानाचार्य देवाशीष चक्रवर्ती सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

प्रज्जवल रेवन्ना जेडी (एस) से निष्कासित

नई दिल्ली (हि.स.)। कर्नाटक की हासन सीट से सांसद प्रज्जवल रेवन्ना को आज जनता दल (सेक्यूलर) से कथित 'यौन उत्पीड़न' मामले में निष्कासित कर दिया गया। कर्नाटक की क्षेत्रीय पार्टी की टिकट पर वे इसी सीट से चुनावी मैदान में भी हैं। 26 अप्रैल को सीट पर मतदान हुआ था, जिसके एक दिन पहले रेवन्ना के कुछ अश्लील वीडियो वायरल हुए थे।

जेडीएस की कोर कमेटी की आज बैठक में यह निर्णय लिया। पार्टी नेता एचडी कुमार स्वामी ने पत्रकारों से बातचीत में इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अभी रेवन्ना पर कोई सीधा आरोप नहीं लगा है, केवल संदेह की स्थिति है। हालांकि संदेह के आधार पर ही पार्टी से उन्हें निष्कासित करने की सिफारिश की गई। इसे पार्टी अध्यक्ष एचडी देवगौड़ा ने स्वीकार कर लिया।

प्रज्जवल रेवन्ना के वीडियो वायरल होने के बाद से ही तरह-तरह के आरोप सामने आ रहे हैं। विपक्ष विशेषकर कांग्रेस इसको लेकर पार्टी और उसकी सहयोगी भाजपा पर हमलावर है। महिला गरिमा के मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्ष के नेता अपनी रैलियों में इसका मुद्दा उठा रहे हैं।

मामले में रेवन्ना के खिलाफ पुलिस जांच जारी है। वे इससे पहले विदेश जा चुके हैं। जेडीएस ने उनसे मामले पर स्पष्टीकरण मांगा है। रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते हैं।

प्रज्वल रेवन्ना मामले में राष्ट्रीय महिला आयोग ने कर्नाटक पुलिस से की रिपोर्ट तलब

नई दिल्ली(हि.स.)। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने लोकसभा सदस्य प्रज्वल रेवन्ना की संलिप्तता वाले यौन उत्पीड़न के आरोपों पर कर्नाटक पुलिस से तीन दिनों के भीतर रिपोर्ट मांगी है। मंगलवार को महिला आयोग ने मामले से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद कर्नाटक पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन को एक पत्र लिखा है। वीडियो में रेवन्ना को कई महिलाओं के खिलाफ यौन शोषण के कृत्यों में कथित तौर पर शामिल दिखाया गया है। आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा द्वारा लिखी गई चिट्ठी में इस मामले की निंदा करते हुए आरोपित की गिरफ्तारी के लिए तुरंत और निर्णायक कदम उठाने का आग्रह किया है। बताया जा रहा है कि रेवन्ना देश छोड़कर भाग गया है। आयोग ने महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने व उनके खिलाफ अनादर तथा हिंसा को बढ़ावा देने वाली संस्कृति को रोकने के महत्व पर भी जोर दिया।

उधमपुर के बसंतगढ़ क्षेत्र में आतंकियों की तलाश के लिए तीसरे दिन भी चला सर्च ऑपरेशन

उधमपुर (हि.स.)। जिला उधमपुर के बसंतगढ़ क्षेत्र में स्थित चोचरूगला तराउ में रविवार को हुई आतंकियों के साथ मुठभेड़ के बाद भागे आतंकियों की तलाश में मंगलवार को भी सेना, पुलिस, सीआरपीएफ व बीडीजी ने लगातार तलाशी अभियान चलाया है। इस दौरान ड्रोन से जंगलों को खंगाला जा रहा है, ताकि आतंकियों का कुछ पता चल सके। पुलिस ने इस संबंध में कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है तथा उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है, ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। पुलिस को यह पता चला है कि आतंकियों ने एक घर में भोजन किया था तथा वहां से उन्हें रास्ता भी बताया गया था। इसके लिए जंगलों में तलाशी अभियान भी चलाया जा रहा है तथा सभी आने-जाने वाले रास्तों की कड़ी निगरानी की जा रही है।

कार्यभार संभालते ही नौसेना प्रमुख का आत्मनिर्भरता को मजबूत करने पर जोर

नई दिल्ली (हि.स.)। भारतीय नौसेना प्रमुख का कार्यभार संभालने के बाद एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने 'आत्मनिर्भरता' की दिशा में भारतीय नौसेना के चल रहे प्रयासों को और भी मजबूत करने पर जोर दिया है। पिछले कुछ वर्षों में हमारी नौसेना युद्ध के लिए तैयार, एकजुट और विश्वसनीय के रूप में विकसित हुई है। उन्होंने कहा कि समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों को देखते हुए भारतीय नौसेना को समुद्र में युद्ध जीतने के लिए हर समय परिचालन के लिए तैयार रहना चाहिए।उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना को 'आत्मनिर्भर' बनाने पर मेरा एकमात्र फोकस और प्रयास रहेगा।

देवेन्द्र यादव बने दिल्ली कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष

नई दिल्ली (हि.स.)। कांग्रेस पार्टी ने पंजाब के प्रभारी देवेन्द्र यादव को दिल्ली प्रदेश इकाई का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी अध्यक्ष ने पंजाब के प्रभार के साथ ही उनको दिल्ली में यह नई जिम्मेदारी दी है। प्रदेश अध्यक्ष का पद अरविंदर सिंह लवली के इस्तीफे से रिक्त हो गया था। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने उन्हें कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने से जुड़ी विज्ञप्ति जारी की है। देवेन्द्र यादव को कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें पार्टी नेताओं से सोशल मीडिया पर बधाई मिल रही है। उल्लेखनीय है कि अरविंदर सिंह लवली ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन, पार्टी के दो लोकसभा उम्मीदवारों और प्रदेश प्रभारी दीपक बावरिया के व्यवहार से नाराजगी जताते हुए रविवार को इस्तीफा दे दिया था।

दिल्ली के मंडी हाउस क्षेत्र से पुलिस ने हटाए वोट फॉर कांग्रेस वाले होर्डिंग्स

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली के मंडी हाउस इलाके में मंगलवार को उस वक्त हलचल मच गई, जब दिल्ली

पुलिस वोट फॉर कांग्रेस वाले होर्डिंग्स हटाती नजर आई। दरअसल, वोट फॉर कांग्रेस लिखवाकर यासीन मलिक के साथ पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के फोटो वाले होर्डिंग्स लगाए गए थे, जिन्हें देखते ही पुलिस ने आनन फानन में इन्हें वहां से हटा दिया। इन होर्डिंग्स पर 25 मई की तारीख भी लिखी हुई थी। दिल्ली में 25 मई को मतदान होना है। इसके अलावा यासीन मलिक और डॉ मनमोहन सिंह की फोटो के नीचे लिखा है, ÷टू सपोर्ट फ्रीडम ऑफ स्पीच एंड रिलीज ऑफ यासीन मलिक।÷ होर्डिंग में यासीन मलिक को डॉक्टर मनमोहन सिंह से मिलते हुए दिखाया गया है। लोकसभा चुनाव में आचार संहिता के चलते किसी भी होर्डिंग और बैनर को लगाने के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होती है। बिना अनुमति के किसी भी तरह के होर्डिंग लगाना अवैध है। साथ ही किसी पार्टी के खिलाफ इस तरह के होर्डिंग लगाने की अनुमति चुनाव आयोग द्वारा दी भी नहीं जा सकती है। इसलिए जैसे ही दिल्ली पुलिस की नजर होर्डिंग्स पर पड़ी, उन्होंने तुरंत होर्डिंग्स को हटाना शुरू कर दिया। ये होर्डिंग्स मंडी हाउस के पास सफदर हाशमी मार्ग, तानसेन मार्ग, बाराखंभा रोड, कॉपरनिकस मार्ग और फिरोजशाह रोड के आसपास लगाए गए थे। साथ ही मंडी हाउस के मुख्य चौराहे पर भी ये होर्डिंग्स लगाए गए थे।

झेलम का जलस्तर बाढ़ की चेतावनी के निशान को पार कर गया

सलाह

अधिकारियों ने निचले इलाकों और मध्य कश्मीर में नदी और नालों के तटबंधों के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

श्रीनगर(हि.स.)। कश्मीर में बारिश थमने के बावजूद मंगलवार सुबह श्रीनगर में झेलम का जलस्तर 'बाढ़ की चेतावनी' के निशान को पार कर गया। दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में संगम में जलस्तर कम होना शुरू हो गया है और हमें उम्मीद है कि अगले कुछ घंटों में जलस्तर कम हो जाएगा। सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण विभाग के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 8 बजे श्रीनगर के राम मुंशी बाग में झेलम का जलस्तर 18 फुट के निशान को छू गया, जो बाढ़ की चेतावनी घोषित करने के लिए निर्धारित स्तर है। पुलवामा जिले के पंपोर में भी झेलम का जलस्तर बाढ़ के निशान को पार कर गया। उन्होंने कहा कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में संगम में जलस्तर कम होना शुरू हो गया है और हमें उम्मीद है कि अगले कुछ घंटों में जलस्तर कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि वे घाटी भर में स्थिति पर नज़र रखने के लिए हाई अलर्ट बनाए हुए हैं। अधिकारियों ने निचले इलाकों और मध्य कश्मीर में नदी और नालों के तटबंधों के किनारे रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

पिछले तीन दिनों में भारी बारिश के कारण कश्मीर में कई निचले रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए हैं। खराब मौसम के कारण मंगलवार को पूरे कश्मीर में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। कश्मीर को पुंछ से जोड़ने वाले महत्वपूर्ण राजमार्ग श्रीनगर-जम्मू, श्रीनगर-लेह रोड और मुगल रोड कई जगहों पर भूस्खलन के कारण बंद हैं।

पश्चिमी अफगानिस्तान में हमला, नमाज के दौरान शिया मस्जिद में गोलीबारी, 6 नमाजियों की मौत

इस्लामाबाद। पश्चिमी अफगानिस्तान में एक बंदूकधारी ने शिया मस्जिद के अंदर गोलीबारी कर 6 नमाजियों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि जिस

वक्त मस्जिद के अंदर गोलीबारी की घटना हुई। उस वक्त लोग नमाज पढ़ रहे थे। इस हमले में छह लोगों के मारे जाने की पुष्टि हुई है। तालिबान के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों और अफगानिस्तान के एक पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि हमलावर ने मस्जिद को इसलिए निशाना बनाया, क्योंकि यह शिया मस्जिद है। तालिबान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी के मुताबिक, हमला सोमवार रात हेरात प्रांत के गुजरा जिले में हुआ। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि जांच चल रही है। किसी ने तुरंत हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। इस हमले में एक अन्य उपासक भी घायल हो गया और हमलावर घटनास्थल से भाग गया है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि मारे गए लोगों में मस्जिद के इमाम भी शामिल हैं। अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने एक्स पर कहा, ÷मैं इमाम जमान मस्जिद पर हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं इस आतंकवादी कृत्य को सभी धार्मिक और मानवीय मानकों के खिलाफ मानता हूं। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में इस्लामिक स्टेट समूह का सहयोगी तालिबान का एक प्रमुख प्रतिद्वंद्वी है और अक्सर देशभर में स्कूलों, अस्पतालों, मस्जिदों और शिया क्षेत्रों को निशाना बनाता है। 20 साल के युद्ध के बाद देश से अमेरिकी और नाटो सैनिकों की अराजक वापसी के आखिरी हफ्तों के दौरान, अगस्त 2021 में तालिबान ने अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा कर लिया था। अधिक उदार रुख के शुरुआती वादों के बावजूद तालिबान ने धीरे-धीरे इस्लामी कानून या शरिया की कठोर व्याख्या को फिर से लागू किया, जैसा कि उन्होंने 1996 से 2001 तक अफगानिस्तान के अपने पिछले शासन के दौरान किया था।

लाल सागर में कंटेनर पर मिसाइल से हमला, हूती विद्रोहियों पर संदेह

यरुशलम (हि. स.)। यमन के हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में सोमवार को एक जहाज को निशाना बनाकर कथित रूप से मिसाइल से हमला किया। अधिकारियों ने यह सोमवार को जानकारी दी। ब्रिटेन की सेना की 'यूनाइटेड किंगडम मेरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर' (यूकेएमटीओ) ने कहा कि यह हमला यमन में मोखा के अपतटीय क्षेत्र में हुआ। उसने क्षेत्र से गुज़रने के दौरान पोतों से सतर्कता बरतने का आग्रह किया। यूकेएमटीओ ने बताया कि पोत के पास एक विस्फोट हुआ है और पोत तथा चालक दल के सदस्य सुरक्षित बताए जाते हैं। निजी सुरक्षा कंपनी 'अम्ब्रे' ने कहा कि माल्टा का ध्वज लगे कंटेनगर पोत को तीन मिसाइल के जरिए निशाना बनाया गया है। यह कंटेनर ज़ुबैती से सऊदी अरब के जेद्दा की ओर जा रहा था।

कनाडा में ट्रूडो के सामने लगे खालिस्तान समर्थक नारे, साधी चुप्पी

संबोधित

टोरंटो में रविवार को सिख समुदाय को संबोधित करते हुए कनाडा के पीएम ट्रूडो ने कहा कि देश में आपके मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

टोरंटो (हि.स.)। कनाडा में खालसा दिवस समारोह के दौरान प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की मौजूदगी में खालिस्तान के समर्थन में नारे लगने पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देते हुए चुप्पी साध ली है। टोरंटो में रविवार को सिख समुदाय को संबोधित करते हुए कनाडा के पीएम ट्रूडो ने कहा कि देश में आपके मौलिक अधिकारों व स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। वहीं, भारत ने खालिस्तान समर्थक नारे लगाए जाने पर पर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने भारत में कनाडा के उप उच्चायुक्त को तलब कर अपना विराधे दर्ज कराया है। खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की कनाडा के सीपीएसी टीवी द्वारा जारी वीडियो में दिख रहा है कि खालसा दिवस समारोह में जस्टिन ट्रूडो के भाषण के दौरान जमकर खालिस्तान समर्थक नारे लग रहे हैं। समारोह में विपक्ष के नेता पियरे पोइलिवरे, एनडीपी नेता जगमीत सिंह और टोरंटो मेयर ओलविया चाऊ आदि मौजूद थे। पीएम ट्रूडो ने अपने संबोधन के दौरान सिख समुदाय को आश्वस्त करते हुए कहा कि लगभग आठ लाख कनाडाई सिख देश की विरासत में भागीदार हैं। हम आपके समुदाय की नफरत और भेदभाव से रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सामुदायिक केंद्रों, गुरुद्वारा समेत पूजास्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कनाडा सरकार भारत के साथ दोनों देशों के बीच उड़ानें और रूट बढ़ाने को लेकर नए समझौते पर काम कर रही है। इसमें अमृतसर के लिए और उड़ान बढ़ाना शामिल है। पिछले वर्ष जून में कनाडा के सरे में हुई हत्या का आरोप जस्टिन ट्रूडो ने भारत सरकार पर लगाकर विवाद खड़ा कर दिया था।

नेतन्याहू ने खाई कसम! शर्त के साथ या उसके बगैर ही रफाह में हमला करने की तैयारी, 14 लाख लोगों पर मंडराया खतरा

जेरुसलम। इजरायल और हमास के बीच संघर्ष रूकने के बजाय बढ़ता जा रहा है। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को लाखों फलस्तीनियों को आश्रय देने वाले गाजा शहर में दोबारा घुसपैठ शुरू करने का संकल्प लिया। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि इजरायल शर्त के साथ या उसके बिना ही हमास के लड़ाकों को खत्म करने के लिए रफाह में प्रवेश करेगा। बेंजामिन नेतन्याहू ने युद्ध में संपूर्ण जीत हासिल करने की कसम खाई हुई है। इजरायल का कहना है कि रफाह हमास का आखिरी प्रमुख गढ़ है। बता दें कि इजरायल ने मिस्त्र सीमा पर बसे गाजा के रफाह शहर पर जमीनी सैन्य कार्रवाई शुरू नहीं की है लेकिन हवाई हमलों में कोई रियायत नहीं कर रहा।

तलवार और चाकूबाजी से दहला लंदन, निशाने पर आए पुलिसकर्मी, कई लोग जख्मी

सुरक्षा

मेयर ने पुलिस कार्यालयों और आपातकालीन सेवाओं का लोगों की सुरक्षा करने के लिए धन्यवाद किया।

लंदन। लंदन में एक बेहद ही हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। पूर्वोत्तर लंदन में एक शख्स ने तलवार से पब्लिक और पुलिसकर्मियों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिस के मुताबिक, हमलवार ने हमला करने से पहले एक घर में अपनी कार घुसा दी। पुलिस ने 36 साल के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले शख्स ने कई लोगों और पुलिसकर्मियों पर हमला किया था। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने मंगलवार को कहा कि यह घटना पूर्वी हैनॉल्ट के पास सुबह 7 बजे के करीब हुई। इस हमले में कई लोग घायल हुए है। पुलिस ने इसे आतंक से संबंधित घटना होने से इनकार किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो फुटेज और तस्वीरों में शख्स को समुराई जैसी तलवार के साथ नजर आ रहा है। इस बीच पुलिस, अग्निशमन और एम्बुलेंस सहित आपातकालीन सेवा वाहन खड़े नजर आ रहे है। लंदन के मेयर सादिक खान ने कहा कि वह घटना से बहुत आहत हुए हैं। मेयर ने पुलिस कार्यालयों और आपातकालीन सेवाओं का लोगों की सुरक्षा करने के लिए धन्यवाद किया।

बता दें कि पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने चाकू अपराध के बढ़ रहे मामले को लेकर कड़ी आलोचना की थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, 2023 में लंदन में चाकू अपराध में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मार्च 2020 तक चाकूबाजी में एक प्रतिशत की ही कमी देखने को मिली है। राष्ट्रीय सांख्यिकी अधिकारी ने कहा कि पूरे इंग्लैंड और वेल्स में, चाकू से होने वाले अपराध में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 49,489 अपराध हुए हैं, जिनमें से अधिकांश (29 प्रतिशत) महानगरीय क्षेत्रों में हैं।

भारतीय छात्रों के लिए बड़ी खबर, कनाडा लेकर आया नई स्टूडेंट वर्क पॉलिसी

ओटावा। कनाडा में रह रहे भारतीयों के लिए बड़ी खबर है। दरअसल, यहां भारत सहित अंतर्राष्ट्रीय छात्र सितंबर से प्रति सप्ताह में केवल 24 घंटे तक कैंपस से बाहर काम कर सकेंगे। यह नियम मंगलवार यानी आज से लागू हो चुका है। दरअसल, छात्रों को कैंपस से बाहर प्रति सप्ताह 20 घंटे से अधिक काम करने की अनुमति देने वाली अस्थायी नीति 30 अप्रैल, 2024 को समाप्त हो चुकी है और इसे अब आगे नहीं बढ़ाया जाएगा। आव्रजन, शरणार्थी और नागरिकता मंत्री मार्क मिलर ने सोमवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हमारा इरादा छात्रों द्वारा प्रति सप्ताह कैंपस से बाहर काम करने की संख्या को 24 घंटे में बदलने का है।

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में गेहूं खरीद संकट के बीच किसानों पर लाठीचार्ज, 200 गिरफ्तार

लाहौर (हि. स.)। पाकिस्तान में पंजाब पुलिस ने गेहूं खरीद संकट के बीच सोमवार को प्रदर्शनकारी किसानों पर लाठीचार्ज किया और लाहौर में 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया।

पंजाब प्रांत में गेहूं की बंपर पैदावार के बाद, किसान शिकायत कर रहे हैं कि सूबे की मरियम नवाज़ सरकार गेहूं नहीं खरीद रही है और आटा मिलें उनकी फसलों के लिए सरकार द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य से कम दरों की पेशकश कर रही हैं। 'किसान इतेहाद' के प्रवक्ता मियां उमेर ने बताया, सोमवार को जब बड़ी संख्या में किसान धरना देने के लिए लाहौर में पंजाब विधानसभा की ओर जा रहे थे, तो पुलिस कर्मियों ने जीपीओ चौक, माल रोड पर उन पर हमला कर दिया और 200 से अधिक किसानों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने लाहौर में उन्हें तितर-बितर करने के

लिए लाठी चार्ज भी किया। गिरफ्तार किसानों में किसान बोर्ड पंजाब (केबीपी) के अध्यक्ष मियां अब्द-उर-रशीद भी शामिल हैं। वहीं, पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने कहा कि एक राजनीतिक दल (इमरान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) किसानों के मुद्दे पर राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा, हम इस मुद्दे पर किसी को राजनीति नहीं करने देंगे और किसानों के हितों की रक्षा नहीं करेंगे।

माले में मालदीव और भारतीयों के बीच हिंसक झड़प, दो लोग घायल, पुलिस ने की कार्रवाई

माले। मंगलवार को मालदीव और भारतीय नागरिकों के एक समूह के बीच हुए विवाद के बाद झड़प हो गई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने एक मालदीव के नागरिक को हिरासत में लिया है। एक मीडिया रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने समाचार पोर्टल Adhadhu.com की रिपोर्ट के हवाले से बताया है।

भीषण गर्मी और लू से मचा हाहाकार

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। भीषण गर्मी और लू से हर तरफ हाहाकार मचा है। जिले का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस पार कर गया है। भीषण गर्मी से आम जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। स्कूली बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्ग गर्मी की चपेट में आ रहे हैं। वहीं दोपहर के समय शहर की सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। पशु-पक्षी भी गर्मी से व्याकुल नजर आए। बढ़ती गर्मी से हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ गया है। पिछले एक सप्ताह में पारा तीन बार 40 डिग्री पार जा चुका है। अब गर्मी दिन के साथ-सात रात में भी लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विभाग की मानें तो गर्म हवाओं का प्रभाव अभी जारी रहेगा। पिछले वर्ष लू मई के महीने में शुरू हुई थी। भीषण गर्मी व लू ने लोगों का घर से निकलना भी दूभर कर दिया है। शहर में कई स्थानों पर समाजसेवियों द्वारा गर्मी में पानी के लिए तरस रहे लोगों के लिए ठंडे पानी लिए प्याऊ नहीं लगाया गयाहैं। पहले कई स्थानों पर मटकों में पानी भर कर रखा जाता रहा है। जहां राहगीरों को रोक कर उन्हें ठंडा पानी पिलाकर लोग उनकी प्यास बुझायी जाती थी लेकिन अभी संस्थाओं ने इसकी पहल नहीं किया है। लगातार तापमान में हो रही बढ़ोत्तरी से हीट स्ट्रोक का खतरा भी बढ़ गया है। इसका असर बच्चों के स्वास्थ्य पर अधिक देखा जा रहा है। शहर के अस्पतालों में करीब 70 प्रतिशत बच्चे वायरल, डायरिया की चपेट में आ रहे हैं। ऐसे में चिकित्सकों की सलाह है कि गर्मी से बचाव के लिए बच्चों के परिजन विशेष एहतियात बरतें। पानी की कमी से बचने के लिए ओआरएस का घोल बनाकर पिलाएं। गर्मी में बच्चों व बुजुर्गों के स्वास्थ्य के प्रति विशेष रूप से सजग रहें। गर्मी के कारण शहर में 70 प्रतिशत मरीज वायरल डायरिया से पीड़ित आ रहे हैं। उन्हें ओआरएस, नमक चीनी का घोल पिलाएं। यह लाभदायक साबित होगा। इसके अलावा सीधी धूप से बचें। सूती कपड़े पहनें, क्योंकि यह पसीना आसानी से सोख लेते हैं। धूप के चश्मे और टोपी का प्रयोग करें। घर में ही ताजे फलों का जूस निकाल कर सेवन करें।

एसआरएन अस्पताल में वाहन स्टैंड वालों की दबंगई

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। एसआरएन अस्पताल में स्थित साइकिल स्टैंड के कर्मचारियों द्वारा एक महिला के साथ मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि हाथों में लाठी डंडा लिए साइकिल स्टैंड कर्मचारी महिला के साथ हाथापाई कर रहे हैं और उसके साथ आए व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर रहे हैं। यह एसआरएन अस्पताल का पहला मामला नहीं है। अक्सर ही एसआरएन में साइकिल स्टैंड कर्मियों की गुंडागर्दी देखने को मिलती है। बगल में पुलिस चौकी होने के बावजूद इनका हौसला इतना बुलंद है कि हर किसी के साथ मारपीट करने पर उतारू रहते हैं। कोई भी अगर इनसे बात करने की कोशिश करता है तो यह चारों तरफ से घेरकर गाली गलौज और मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। वहाँ पर मौजूद पुलिस सिर्फ मुकदर्शक बनकर देखती रहती है। अभी तक एसआरएन में तीमारदार जूनियर डॉक्टरों की मारपीट से ही परेशान थे अब साइकिल स्टैंड वालों की गुंडागर्दी से भी परेशान है।

एसएस पब्लिक स्कूल के छात्रों ने सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। सिद्दीकपुर स्थित एसएस पब्लिक स्कूल के तत्वावधान में मंगलवार को सड़क सुरक्षा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि यातायात निरीक्षक जीडी शुक्ला एवं उनकी टीम व प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा सिंह ने सर्वप्रथम माँ सरस्वती और बाबू जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसमें स्कूल के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया। मुख्य अतिथि ने यातायात सम्बन्धी सभी नियमों का विस्तार से वर्णन करते हुए उसके उपयोगिता के बारे में विद्यालय के सभी छात्रों एवं मौजूद शिक्षकों को बताया।

प्रधानाचार्या श्रीमती सीमा सिंह ने भी सड़क सुरक्षा को लेकर छात्रों को शपथ दिलवायी। स्कूल के निदेशक विश्वतोष सिंह के सहयोग से यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। छात्रों ने सिद्दीकपुर चौराहे पर नुक्कड़ नाटक करके हेलमेट पहने, सीट बेल्ट, गति सीमा इत्यादि सभी नियमों के बारे में लोगों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा को लेकर प्रपत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

सूदखोरों से तंग आकर एजी ऑफिस कर्मी ने की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। कैंट थाना अंतर्गत सदर बाजार में एजी ऑफिस के चतुर्थ श्रेणी कर्मी ने सूदखोरों से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कैन्ट थाना अंतर्गत सदर बाजार निवासी सुनील पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल एजी ऑफिस में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी है। उनकी इकलौती बेटी नंदिनी इंटर मीडिएट की छात्रा है और पत्नी मधु कुमारी हाउस वाइफ है। परिजनों ने बताया कि सुनील कई दिनों से परेशान रहते थे और उन्होंने बताया कि सूदखोर के चक्कर में वह बुरे फंस गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी और बेटी को बताया कि एजी ऑफिस में ही नीरज पासी नाम का व्यक्ति लोगों को ब्याज पर पैसा देकर गलत कागजों में हस्ताक्षर करा कर उनके नाम से लोन ले लेता है। सुनील के साथ भी उसने ऐसा ही किया एक लाख रुपए जरूरत पर पैसा दिया। उसने सादे कागज पर हस्ताक्षर कराकर एसबीआई और नैनी के एक बैंक से उसने 35 लाख का सुनील के नाम से लोन ले लिया और सुनील का एटीएम कार्ड, पासबुक सब अपने पास रख लिया। आए दिन बैंक वालों के फोन से वह परेशान हो गया है। सुनील सोमवार की रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने के लिए चले गए। सुबह पत्नी मधु कुमारी ने चाय देने के लिए जब कमरे में देखा तो सुनील नायलॉन के रस्सी के सहारे फंदे से लटक रहे थे। ये देखकर उनके मुंह से चीख निकल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिवार वालों ने सूदखोर के खिलाफ कैंट थाने में तहरीर दी है।

दिव्यांग बच्चों को हौसला अफजाई की जरूरत: डॉक्टर जाह्नवी

बच्चों का किया गया मनोवैज्ञानिक परीक्षण

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का प्रतिनिधिमंडल रासमंडल स्थित रचना विशेष विद्यालय में दिव्यांग बच्चों का मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ जान्हवी श्रीवास्तव एवं असिस्टेंट प्रोफेसर मनोज कुमार पाण्डेय ने किया।रचना विशेष विद्यालय एवं शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान (इंटीग्रेटेड इंस्टीट्यूट फॉर द डिसेबल्ड चिल्ड्रन) में अपने छात्र एवं छात्राओं (प्रिया पाल,अकीदा नसीम शेख,अभीष्ट मौर्य ,दिव्या सोनकर ,अंजली मिश्रा अनिकेत सोनकर ,उजमा खान ,सोनाली मिश्रा ,अंजू प्रजापति, पूजा यादव,रेशमी पाल)के साथ मिलकर दिव्यांग बच्चों का मनोवैज्ञानिक परीक्षण किया और कहा दिव्यांग बच्चों को दया से ज्यादा हौसला अफजाई की जरूरत है। इंस्टिट्यूट के प्रिंसिपल नसीम अख्तर एवं उनके अध्यापक- अध्यापिका डॉक्टर संतोष सिंह ,सचिन यादव, दामिनी यादव ,लाल साहब ,हरिंदर ,नीतू यादव ,रवि रंजन प्रसाद, गौतम चंद्र एवं नीरज तिवारी के कार्यों की सराहना की।

महिला यात्री का खोया पर्स पुलिस ने लौटाया

जौनपुर। मां शीतला चौकियां धाम में मंगलवार की सुबह दर्शन पूजन करने आयी एक महिला का पर्स मंदिर के अंदर भीड़ में गिर गया। एक यात्री द्वारा पर्स मिलने पर पुलिस को दे दिया गया। एक घंटे के बाद महिला यात्री पर्स खोजते हुए मन्दिर में पहुंची। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी धनई प्रसाद महिला से पूछे क्यों परेशान हो तो महिला ने आपबीती बताई कि उसका पर्स खो गया है। पर्स के अंदर रखे रुपए के बारे में पूछा महिला के द्वारा बताए गए रुपए के आधार पर पैसे रहने पर पुलिसकर्मी धनई प्रसाद ने पूछताछ से संतुष्ट होकर उसे पर्स सुपुर्द कर दिया। देवकली थाना केराकत निवासी अल्का सिंह पत्नी सतीश सिंह मंगलवार को सपरिवार दर्शन पूजन करने आयी थी। इस दौरान मंदिर परिसर में कहीं उनका पर्स गिरकर खो गया था। पर्स मिलने के बाद महिला दर्शनार्थी खुशी खुशी पुलिसकर्मी को अपने परिवार के साथ आभार व्यक्त करते हुए घर को निकल गयी।

संक्षिप्त समाचार

इविवि के पुराछात्र सम्मेलन में रज्जू भैया का चित्र न लगाए जाने पर छात्रों ने की निंदा

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित पुरा छात्र सम्मेलन के तहत कई स्थानों पर विश्वविद्यालय के सम्मानित पूर्व छात्र बंधुओ का चित्र लगा लेकिन कई ऐसे महापुरुषों के भी चित्र नहीं लगे जिनके लगने चहिए थे। साथ ही साथ इलाहाबाद विश्वविद्यालय की ख्याति पूरे विश्व में बिखेरने वाले जिनके बारे में कई विचारकों ने पुस्तक लिखा प्रो राजेंद्र सिंह रज्जू भैया का चित्र न लगाकर तथा उनकी चर्चा ना करके कुलपति एवं आयोजक मंडल के द्वारा जिस प्रकार का व्यवहार किया गया। युवा मंडल इसकी घोर निंदा करता है। साथ ही साथ ही पुरा छात्र सम्मेलन में वर्तमान छात्रों को न बुलाना इस निर्णय पर भी युवा मंडल इसकी घोर निन्दा करता है।

केएस स्पोर्ट्स क्रिकेट में वर्मा क्लब जीता

प्रयागराज। वर्मा क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को दो विकेट से हराकर केएस स्पोर्ट्स अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये।

चक हरिहरवन झूंसी स्थित बीपीएससी मैदान मंगलवार को खेले गए मैच में फोर्ड स्कूल क्लब ने 28.5 ओवर में 118 रन (शिवांश मिश्र 36, अनुराग शुक्ला 25, बिपिन पाल 3/18, अमोघ कुमार पाण्डेय 2/12) बनाये। जवाब में फरहत अली क्लब ने 20.5 ओवर में 8 विकेट पर 119 रन (अमोघ कुमार पाण्डेय 32, बिपिन पाल 21, अजीत सोनकर 19, राहुल यादव 3/16, सौरव तिवारी 2/34) बना लिए। अमोघ कुमार पाण्डेय को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर कल से

प्रयागराज। दौलत हुसैन क्रिकेट अकादमी की ओर से 12 से 16 वर्ष के बालक एवं बालिकाओं का ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर दो मई से दो जून तक गुड़िया तालाब के निकट गाड़ीवान टोला स्थित दौलत हुसैन इंटर कालेज के मैदान पर होगा। क्रिकेट कोच मोहम्मद रिज़वान ने बताया कि शिविर में बीसीसीआई लेवल वन कोच और पूर्व विजी ट्रॉफी क्रिकेटर मोहम्मद राशिद खिलाड़ियों को क्रिकेट की बारीकियां बताएंगे। शिविर में बच्चों को क्रिकेट के साथ ही फिजिकल ट्रेनिंग भी दी जायेगी। इच्छुक बालक एवं बालिका क्रिकेट कोच मोहम्मद रिज़वान (6306960217) से संपर्क करके रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी का नामांकन आज

प्रयागराज। लोकसभा इलाहाबाद - 52 से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी पुत्र स्व. पंडित केशरीनाथ त्रिपाठी जी का नामांकन पत्र कल 1 मई को दाखिल होगी। यह जानकारी देते हुए भाजपा मीडिया प्रभारी गोपाल जी ने बताया कि भाजपा लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी प्रयागराज महानगर और यमुनापार प्रयागराज के भाजपा महानगर, मण्डल, मोर्चो, प्रकोष्ठो, विभागों के समस्त पदाधिकारीगण और क्षेत्रवासीगण नामांकन यात्रा में शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की उपस्थिति में नामांकन यात्रा समय सुबह 10:00 बजे अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद उद्यान गेट नं0 3 से निर्वाचन कार्यालय को प्रस्थान करेगी।

समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी अशोक सिंह के किया नामांकन

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी अशोक सिंह के द्वारा 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 01 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु एआईएमआईएम के प्रत्याशी मो0 नौशाद ने 01 सेट में, मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी फूलचन्द्र बिन्द के द्वारा 02 सेट में, निर्दल प्रत्याशी चन्द्रमणि सी पाण्डेय ने 01 सेट में, समाज विकास क्रान्ति पार्टी के प्रत्याशी अशोक सिंह के द्वारा 02 सेट में, राष्ट्रीय साम्यवादी पार्टी के प्रत्याशी गोविन्द लाल पटेल के द्वारा 02 सेट में, भारतीय समता समाजपार्टी के प्रत्याशी के प्रत्याशी संजीव कुमार प्रजापति के द्वारा 01 सेट में, सुहेलदेव पार्टी के प्रत्याशी राकेश कुमार सिंह के द्वारा 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी कृपाशंकर सी पाण्डेय के द्वारा 01 सेट, सोशलिस्ट यूनिटी सेन्टर आफ इन्डिया कम्युनिस्ट के प्रत्याशी राम प्यारे ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी अमित कुमार सिंह ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी हरिशचन्द्र शुक्ला ने 01 सेट में, निर्दल प्रत्याशी शिवम कुमार ने 01 सेट में पर्चा खरीदा।

74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु निर्दल प्रत्याशी रंगबहादुर ने 02 सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी प्रिया सरोज ने 01 सेट में, बहुजन मुक्ति पार्टी से नवनीत ने 01 सेट में पर्चा पर्चा खरीदा।

दरोगा ने फर्जी मुकदमे में फसाने की दी धमकी

लालगंज,आजमगढ़। थाना मेहनाजपुर के गांव खुम्भा देवरी निवासी अर्जुन लाल पुत्र बाबू नंदन ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि गांव सभा की जमीन पर अवैध कब्जा को लेकर उपजिलाधिकारी लालगंज को शिकायत किया। उनके निर्देश पर मौके पर तहसील प्रशासन की टीम ने निष्पक्ष रूप से पैमाइश कराया। कुछ लोग अवैध रूप से कब्जा किए हुए हैं। तत्पश्चात उन लोगों के खिलाफ कानूनी आवश्यक कार्रवाई की गई। पीड़ित सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पर दर्ज कराया तो हल्का के दरोगा ने पीड़ित के खिलाफही शांति भंग का चालान कर दिया है, और अवैध कब्जदारों के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं की जा रही है. पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई है कि अवैध कब्जा दरो के खिलाफ कार्रवाई की जाए। दारोगा द्वारा विपक्ष को बचाने का कार्य किया जा रहा है। प्राथी को फर्जी मुकदमे फ्साए जाने की धमकी दी जा रही है।

बस ट्रक में घुसी, 6 गंभीर

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। जिले के गंभीरपुर थाना क्षेत्र के सड्डोपट्टी सिंघड़ा के पास हाइवे पर सोमवार की देर रात सड़क हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार सिविल लाइन डिपो की बस खड़े ट्रक में घुस गई। इस हादसे में बस में सवार 6 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यात्रियों की चीख पुकार सुनकर मौके पर ग्रामीण पहुंच गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पंहुची। पुलिस ने सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर में भर्ती कराया। साथ ही मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर सिविल लाइन डिपो की एक बस रात 2 बजकर 30 मिनट पर सवारियां लेकर जौनपुर की तरफ से आ रही थी। बस गंभीरपुर थाना क्षेत्र के सड्डोपट्टी सिंघड़ा के पास पहुंची थी। इसी दौरान बस अनियंत्रित होक सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में घुस गई। टक्कर इतनी तेज थी कि 6 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। इन घायलों में मुन्ना यादव (45) निवासी कुंडा प्रतापगढ़, अरुण कुमार (74) गोरखपुर, हरिचरण (60) सिवान बिहार, रामवृक्ष (60) हनुमानगढ़ी इलाहाबाद, राकेश कुमार (50) प्रयागराज, रिया कुमारी (35) पता अज्ञात घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे राहगीरों द्वारा एक्सीडेंट की सूचना एंबुलेंस व स्थानिय पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुहम्मदपुर ले गई। जहां हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नौकरी दिलाने के नाम पर की ठगी, मुकदमा दर्ज

प्रयागराज। थरवई में नौकरी के नाम पर लाखों रुपए का ठगी करने का मामला सामने आया है। खुद को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का छात्रनेता कहने वाले गांव पहाड़ीपुर सरायइनायत का रहने वाला राहुल कुमार ने नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख रुपए की ठगी किया है। भुक्तभोगी मदन सरोज का कहना है कि खुद को इलाहाबाद यूनिवर्सिटी का छात्र नेता बताने वाला राहुल कुमार ने सितंबर 2022 में उनके घर पर आकर बताया कि उसकी काफी बड़ी टीम है जो कि अच्छी राजनीतिक पकड़ वाले हैं और लोगो की सरकारी नौकरी लगवाने का कार्य करते हैं। अब तक हम लोगों ने सैकड़ों लोगो की विभिन्न विभागों में सरकारी नौकरी लगवा चुके हैं। इस प्रकार नौकरी का झांसा देकर राहुल कुमार ने 2 लाख रुपए ले लिए और बाद मे न तो कही नौकरी लगवाया और न ही पीड़ित को पैसे वापस किया।

अनियंत्रित स्कॉर्पियों डिवाइडर से टकराई, पांच घायल

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। देवगांव कोतवाली क्षेत्र के कैथीशंकरपुर स्थित ओवरब्रिज पर मंगलवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियों डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में स्कॉर्पियों सवार पांच लोग घायल हो गए। वहीं स्कॉर्पियों बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेज कर भर्ती कराया। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव निवासी गणेश राजभर (50), तारा देवी (45), सचिन राजभर (18), अरूण राजभर (18) व कृष्णा राजभर (06) एक स्कॉर्पियों में सवार होकर कहीं जा रहे थे। अभी वे देवगांव कोतवाली के कैथीशंकरपुर ओवरब्रिज के पास ही पहुंचे थे कि अचानक से स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में स्कॉर्पियों में सवार सभी पांच लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर देवगांव कोतवाली पुलिस पहुंची और एंबुलेंस से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज भेजा। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर हालत में घायल तारा देवी व गणेश राजभर को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों के अनुसार स्कॉर्पियों सवार लोग बंगलूरू से आ रही अपनी बहू को लेने के लिए वाराणसी रेलवे स्टेशन जा रहे थे।

2304 गरीब परिवार की बेटियों के हाथ हुए पीले

निर्धन कन्याओं के हाथ पीले कराने में मददगार साबित हो रही है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की कन्याओं का विवाह और उनका कन्यादान करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। हर साल मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभ का दायरा बढ़ रहा है। प्रयागराज में साल 2023 में योजना का सौ फीसदी लक्ष्य हासिल हुआ है। लोकसभा चुनाव के बाद इस वर्ष का लक्ष्य भी जारी कर दिया जायेगा। यूपी में निर्धन परिवारों को उनकी बेटियो का विवाह संपन्न कराने के लिए शुरू की गई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रयागराज में लक्ष्य का सौ फीसदी हासिल हुआ है। प्रयागराज की जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय बताती हैं कि इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रयागराज में 2406 जोड़ों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य रखा गया था जिसे पूरा किया जा चुका है। इसके लिए1394.34 लाख का बजट जारी किया गया था। उन्होंने यह भी बताया है की जिन 2406 कन्याओं का कन्यादान किया गया उसमे अनुसूचित जाति की 1772 बेटियां, अन्य पिछड़ा वर्ग की 568, अल्पसंख्यक वर्ग की 28 और सामान्य वर्ग की 38 बेटियां शामिल हैं।

पिछले वर्ष से दो गुना अधिक बेटियो के हुए हाथ पीले

प्रदेश सरकार निर्धन परिवार की बेटियों के सामूहिक विवाह के आयोजन में शामिल होने वाले जोड़ों को लेकर लगातार अपने लक्ष्य का दायरा बढ़ा रही है। प्रयागराज की जिला समाज कल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय बताती हैं कि इस बार पिछले वर्ष के सामूहिक विवाह के लक्ष्य से दो गुना का लक्ष्य उन्हे शासन की तरफ से प्राप्त हुआ था जिसे प्राप्त कर लिया गया है। इस वर्ष 2406 निर्धन परिवार की कन्याओं के हाथ पीले होंगे जो पिछले साल के दुगने के आसपास है। गौरतलब है कि पिछले वर्ष प्रयागराज में 1265 जोड़ो के सामूहिक विवाह का लक्ष्य मिला था। आवेदन कम आने की वजह से पिछले वित्तीय वर्ष में 651 जोड़ों का सामूहिक विवाह ही संपन्न हो सका था लेकिन इस बार पहले से इसकी प्रक्रिया शुरु कर दी गई है ताकि लक्ष्य को हासिल किया जा सके। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के लिए पिछले बार 3 करोड़ 32 लाख रुपये आबंटित किये गए थे।

मतदाता के लिये किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ़। लोक सभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत जिन बूथों पर मतदान प्रतिशत 50 प्रतिशत से कम रहा है। उन बूथों पर चौपाल लगाकर, मतदाता जागरूकता रैली आदि कार्यक्रमों के माध्यम से मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज श्री यमुना स्मारक इण्टर कालेज मौली मनिहा, सिंहपुर के छात्रों द्वारा उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। पीएमश्री कम्पोजिट विद्यालय महराजगंज में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से चुनावी चौपाल का आयोजन किया गया। प्रा0वि0 महलहुरवा, महराजगंज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को 25 मई 2024 को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सरदहा गोपालपुर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। प्राथमिक विद्यालय बनकटिया में मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, इसके माध्यम से लोगों को मतदान दिनांक 25 मई के दिन मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। इसी के साथ ही जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं प्रमुख चौराहों, कस्बों में मतदाता जागरूकता रैली एवं चुनावी चौपाल का आयोजन कर अधिक से अधिक लोगों को 25 मई के दिन शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा है।

पत्रकारिता के उच्च मेयार थे ज़फ़र आग़ा: प्रो. फातमी

अवधनामा संवाददाता

प्रयागराज। कौमी आवाज, नेशनल हेराल्ड जैसे अखबारों के संपादक रहे जर्नलिस्ट जफर आग़ा की स्मृति में करेली के एम ऑक्सफोर्ड कालेजके प्रांगण में प्रगतिशील लेखक संघ, जनवादी लेखक संघ और जन संस्कृति मंच के साझा बैनर तले आयोजित की गई। स्मृति सभा की अध्यक्षता जन संस्कृति मंच के पूर्व महासचिव और विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रणय कृष्ण और संचालन प्रलेस की सचिव संध्या नवोदिता ने की। ज़फ़र आग़ा को याद करते हुए प्रोफेसर अली अहमद फातमी ने उनके साथ अपने स्कूल के दिनों को याद किया और कहा कि वह जितने अच्छे पत्रकार थे उतने ही बेहतर इंसान भी थे। इलाहाबाद छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष अभय अवस्थी ने इलाहाबाद के पत्रकारों की परंपरा को याद करते हुए कहा की जफर आगा को जब भी याद किया जाएगा तब इलाहाबाद की धरती के पत्रकारिता के चमकीले सूरज के रूप में देखे जाएंगे। शाहिद असकरी ने अपने बचपन के साथ बिताए दिनों को याद करके साथ-साथ उनकी तार्किक और भविष्यदृष्टि की चर्चा की। जनमत के संपादक के के पांडेय ने उनके कामों की चर्चा करते हुए कहा कि वह पत्रकारिता के आदर्श प्रतिमान की तरह उभरते हुए महान जर्नलिस्ट थे। उनकी रुखसती पत्रकारिता के बुरे दौर में धक्के के रूप में आई है। मुमताज ने उन्हे सेकुलर और नागरिक अधिकारों पर सचेत मनुष्य और प्रतिबद्ध पत्रकार बताया। प्रसिद्ध पत्रकार व ज़फ़र आग़ा के भाई कमर आगा ने कहा कि जफर इलाहाबाद में जो आजादी के आंदोलन के वैल्यू थे उन मूल्यों के भीतर से पैदा होते हैं। जफर पर 1415 मुकदमे थे। स्मृति सभा की सदारत कर रहे प्रणय कृष्ण ने फिलस्तीन के कवि महमूद दरवेश के हवाले से उन्हें नाउम्मीदी में उम्मीद पैदा करने वाले इंसान के रुप में याद किया। सभा में प्रो बसंत त्रिपाठी, अविनाश मिश्र, एडवोकेट सुलेमान, असगर नियाजी, गायत्री गांगुली, शिवानी, शायर अनवर अब्बास, मुश्ताक क़ाज़मी, जुलक़रनैन आब्दी, शाहिद अस्करी, मक़सूद रिज़वी, स्व ज़फ़र आग़ा के परिवार जनो समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। अंत में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

आकाशवाणी के सहायक निदेशक लोकेश कुमार शुक्ल हुए सेवानिवृत

प्रयागराज। आकाशवाणी प्रयागराज केन्द्र में सहायक निदेशक (कार्यक्रम) के पद पर कार्यरत लोकेश कुमार शुक्ल आज मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए।। श्री शुक्ल इलाहाबाद जनपद से लगा हुआ प्रतापगढ़ के रहने वाले हैं और आपकी प्रारंभिक शिक्षा वहीं पर हुई है। आकाशवाणी की सेवाएं में आप कार्यक्रम अधिशासी (संगीत) के पद पर पहली बार आकाशवाणी आगरा केन्द्र में 3 मई 1993 को ज्वाइन कर जुड़े थे। काफ़ी लंबे समय तक आगरा केन्द्र में कार्यरत रहे, फिर आपका ट्रांसफर आकाशवाणी रामपुर केन्द्र में हो गया।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/डीजल उत्तर रेलवे डीजल शेड आलमबाग, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुअल ऑफर स्वीकार नहीं किए जायेंग।

निविदा सं.	DSL/AMV/MCO/WC/228 2nd Round
कार्य का नाम	आरडीएसओ एफआरएस संख्या एम पी–0.08.00.111 (REV.01) मई 2023 के अनुसार आवश्यक इंजीनियरिंग समर्थन के साथ EMD 710G3B इंजन पर US EPA Tier 0+ उत्सर्जन के रेट्रो–फिटमेंट द्वारा मौजूदा एलएचपी डीजल इंजनों के उन्नयन का कार्य।
कार्य की अनुमानित लागत(₹)	₹18,88,00,000/- (रुपये अठारह करोड़ अट्ठासी लाख मात्र)
धरोहर राशि(₹)	₹10,94,000/- (रुपये दस लाख चौरानवे हजार मात्र)
कार्य पूरा करने की अवधि	एक्सेप्टेन्स लेटर जारी होने की तिथि से) अगर कार्य अवधि बढ़ाई या कार्य का समापन न किया गया हो।
बिडिंग शुरू होने की तारीख	30.04.2024
बिडिंग समाप्त होने की तारीख तथा समय	04.06.2024 को 15:00 बजे

विस्तृत विवरण के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।
निविदा सूचना सं.: DSL/AMV/MCO/WC/228 2nd Round दिनांक: 30.04.2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1290/2024

यंग फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइज़ेशन ने नेतृत्व और उत्कृष्ता के 20 वर्ष पूरे किए

नई दिल्ली। दि यंग फिक्की लेडीज़ ऑर्गनाइज़ेशन (वाईएफएलओ) ने दिल्ली और इसके परे महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उत्थान के 20 वर्ष

हाल ही में सफलतापूर्वक पूरे किए और इसका जश्न मनाया। आलीशान ललित होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रभावी नेतृत्व और अटूट प्रतिबद्धता के दो दशकों का जश्न मनाने के लिए लिंग समानता की वकालत करने वाले दूरदृष्टा और प्रमुख हस्तियां एकत्रित हुईं। मुख्य अतिथि बांसुरी स्वराज, विशिष्ट अतिथि फिक्की के महासचिव श्री एसके पाठक और एफएलओ की अध्यक्ष जॉयश्री दास वर्मा ने इस आयोजन की शोभा बढ़ाई।

एफएलओ की पूर्व अध्यक्ष नमिता गौतम (2004-2005) यंग एफएलओ की संस्थापक हैं। यह नमिता गौतम की दूरदृष्टि वाला नेतृत्व है जिनके समर्पण और विज़न से वाईएफएलओ का जन्म हुआ और यह एक गुंजायमान वास्तविकता में तब्दील हुआ। उनके अथक प्रयासों को यहां स्वीकार करते हुए उसकी सराहना की गई जिसकी वजह से आज वाईएफएलओ यहां इस रूप में मौजूद है।

वर्ष 2004 में अपनी स्थापना के समय से ही वाईएफएलओ गठबंधन और सामूहिक प्रयासों की ताकत के प्रमाण के रूप में खड़ा है। भारत में चार चैप्टरों के साथ वाईएफएलओ ने युवा महिलाओं को फलने फूलने और नेतृत्व करने के लिए एक अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया है। एफएलओ के साथ एक सांकेतिक संबंध के जरिए वाईएफएलओ ने नए दृष्टिकोणों, अनूठे विचारों और युवा ऊर्जा को निर्बाध रूप से एकीकृत कर देशभर में महिला सशक्तिकरण के ताने बाने को बुना है। फिक्की एफएलओ की राष्ट्रीय अध्यक्ष जॉयश्री दास वर्मा ने एफएलओ और वाईएफएलओ के बीच सहजीवी संबंध पर जोर देते हुए कहा, ÷आज जब हम वाईएफएलओ दिल्ली के 20 वर्षों का जश्न मना रहे हैं, हमउन असंख्य महिलाओं की सफलताओं का भी जश्न मना रहे हैं जिनके जीवन में हमारे सामूहिक प्रयासों के जरिए बदलाव आया है।

यस बैंक और एएनक्यू ने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड, पाई और फाई लॉन्च किए, पारंपरिक बैंकिंग और फिनटेक इनोवेशन का अंतर खत्म किया

नई दिल्ली। भारत के प्राईवेट सेक्टर के एक मुख्य बैंक, यस बैंक ने बैंगलुरू स्थित फाईनेंशल सर्विसेज़ पार्टनर एएनक्यू के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी के अंतर्गत भारतीय ग्राहकों के लिए दो क्रेडिट कार्ड - पाई और फाई को-ब्रांडेड कार्ड पेश किए गए हैं। इस सामरिक साझेदारी का उद्देश्य पारंपरिक बैंकिंग और फिनटेक उद्योग के अंतर को खत्म करना और ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों के लिए इनोवेटिव समाधान पेश करना है। पाई और फाई को-ब्रांडेड कार्ड अपनी अद्वितीय विशेषताओं और लाभों के साथ भारत के फिनटेक उद्योग में एक नई क्रांति लाने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं।

इस सहयोग के बारे में एएनक्यू के संस्थापक, श्री आशीष खंडेलवाल ने कहा, ''यस बैंक के साथ साझेदारी में इन को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स का लॉन्च हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एएनक्यू के फिनटेक समाधानों के साथ हमारा फोकस इंटैलिजेंट डिजिटल-फर्स्ट समाधानों की ओर है। यस बैंक का विज़न ग्राहकों तक

सर्वाधिक लाभ पहुँचाने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है। हम मिलकर यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि इस गठबंधन द्वारा आधुनिक ग्राहकों की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने वाले स्मार्ट फाईनेंशल समाधान पेश हों।''

श्री अनिल सिंह, कंट्री हेड, क्रेडिट कार्ड्स एवं मर्चेंट एक्वायरिंग, यस बैंक ने कहा, ''एएनक्यू के साथ मिलकर हम अग्रणी रिवार्ड ईकोसिस्टम और कार्ड समाधान पेश करने के लिए तैयार हैं, जिसमें पारंपरिक बैंकिंग की विश्वसनीयता के साथ फिनटेक इनोवेशन की फुर्ती भी हो। हमारा यह सहयोग कार्ड उद्योग का स्वरूप बदल देगा और ग्राहकों को खर्च एवं रिवार्ड में अतुलनीय विकल्प प्रदान करेगा।''

फिटजी के लोंग टर्म क्लासरूम प्रोग्राम के छात्रों ने जेईई मेन 2024 में ऑल इंडिया रैंक 3, 13 और 16 के साथ हासिल की शानदार सफलता

गोरखपुर। नेशनल टेस्टिंग एजेन्सी ने जॉइंट एंट्रेन्स एक्ज़ाम (जेईई) मेन 2024 के परिणामों की घोषणा कर दी है। जेईई मेल का आयोजन 2 सत्रों में हुआ। पहले सत्र 28 जनवरी 2024 से 1 फरवरी 2024 के बीच हुआ और दूसरा सत्र 4 अप्रैल, 5 अप्रैल, 6 अप्रैल, 8 अप्रैल और 9 अप्रैल 2024 को हुआ। दोनों सत्रों में सर्वश्रेष्ठ दो एनटीए स्कोर्स के अधार पर उम्मीदवारों की रैंकिंग जारी की गई है।

एनटीए द्वारा घोषित जेईई मेन 2024 के परिणामों के साथ इंजीनियरिंग एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भारत के प्रमुख संस्थान फिटजी अपने छात्रों की शानदार सफलता का जश्न मनाने के लिए तैयार है। अपनी ईमानदारी और समर्पण के चलते फिटजी साल दर साल अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल कर रहा है। फिटजी सच्चाई, पारदर्शिता और प्रतिबद्धता के सिद्धान्तों पर कार्यरत है। इस साल एक बार फिर से फिटजी ने जेईई मेन 2024 में शानदार परिणाम हासिल किए हैं।

फिटजी के ऑल क्लासरूम प्रोग्रामों (क्लासरूम प्रोग्राम, नॉन-क्लासरूम प्रोग्राम) से छात्रों ने जेईई मेन में एआईआर 1, एआईआर 3, एआईआर 13, एआईआर 16 के साथ उत्कृष्ट परिणाम प्राप्त किए हैं।

फिटजी के इन छात्रों ने शानदार सफलत हासिल की है।

फिटजी के ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज़ के छात्र गजारे नीलकृष्णा निर्मलकुमार ने जेईई मेन 2024 में एआईआर 1 हासिल किया है। उन्होंने फिज़िक्स में 100,0000000, मैथेमेटिक्स में 100,0000000 और कैमिस्ट्री में 100.00000000 स्कोर हासिल किया है। आरव भट्ट भी 2022-23 आईओक्यूएम और एनएसईए में क्वालिफाय हुए हैं।

फिटजी के चार वर्षीय क्लासरूम प्रोग्राम (कक्षा 9-12) के एक और छात्र श्रियशस मोहन कल्लुरी, जिन्होंने पिनाकल- दो वर्षीय इंटीग्रेटेड प्रोग्राम (कक्षा 11-12) में अपग्रेड किया, उन्होंने जेईई मेन 2024 में एआईआर 13 हासिल किया है। वे राष्ट्रीय स्तर के तीरंदाज़ हैं, जिन्होंने पढ़ाई और तीरंदाज़ी में संतुलन बनाते हुए फिज़िक्स में 100.0000000, मैथेमेटिक्स में 100.0000000 और कैमिस्ट्री में 100.0000000 स्कोर हासिल किया। श्रियशस मोहन कल्लुरी 2023-24 में एनएसईसी, आईओक्यूएम और एनएसईए में भी क्वालिफाय हुए हैं।

फिटजी के दो वर्षीय लाईव ऑनलाईन क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र मुहम्मद सुफियन ने जेईई मेन 2024 परिणामों में एआईआर 16 हासिल किया है। उन्होंने फिज़िक्स में 100.0000000, कैमिस्ट्री में 100.0000000 और मैथेमेटिक्स में 99.9991508 हासिल किया है।

पहले चरण में सफलता हासिल करने वाले छात्र दूसरे राउण्ड यानि जेईई अडवान्स्ड को लेकर उत्सुक और रोमांचित हैं।

यह वास्तव में फिटजी के लिए गर्व का समय है। हम अपने छात्रों के परफोर्मेन्स को लेकर उत्सुक हैं तथा छात्रों, उनके अभिभावकों एवं फिटजी के फैकल्टी और स्टाफ को बधाई देते हैं। यह उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है।

सैमसंग इंडिया ने सैमसंग इनोवेशन कैंपस का दूसरा सीजन लॉन्च किया

■ यह एक नेशनल स्किलिंग प्रोग्राम है, जिसका मकसद युवाओं को फ्यूचर-टेक डोमेन में सशक्त बनाना है

नई दिल्ली। भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने अपने राष्ट्रीय कौशल प्रोग्राम - सैमसंग इनोवेशन कैंपस - के दूसरे सीजन को लॉन्च किया है। इस प्रोग्राम का उद्देश्य एआई, आईओटी, बिग डेटा और कोडिंग एंड प्रोग्रामिंग जैसे भविष्य के तकनीकी डोमेन में युवाओं को कुशल बनाने के लिए तैयार किया गया है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस का लक्ष्य 18-25 वर्ष की आयु के युवाओं को भविष्य की तकनीकों में कुशल बनाना और उनकी रोजगार क्षमता को बेहतर करना है।

यह प्रोग्राम भारत की विकास गाथा में एक मजबूत भागीदार और योगदान की दिशा में सैमसंग की प्रतिबद्धता को सामने लाता है है।

इसे युवाओं के लिए सही अवसर पैदा करने के लिए स्किल इंडिया और डिजिटल इंडिया जैसी भारत सरकार की पहल का समर्थन करने के लिए तैयार किया गया है।

इस सप्ताह की शुरुआत में सैमसंग और इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल्स काउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के बीच भारत भर में 3,500 छात्रों को प्रशिक्षित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

इस वर्ष यह प्रोग्राम केवल कौशल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं होगा, बल्कि उससे आगे बढ़कर छात्रों के लिए और अधिक रोमांचक अवसरों को सामने लेकर आएगा। प्रत्येक डोमेन के राष्ट्रीय टॉपर्स को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा और साथ ही दिल्ली/एनसीआर में सैमसंग केंद्रों का दौरा करने का अवसर भी मिलेगा। इन केंद्रों का दौरा करने से छात्रों को सैमसंग की नेतृत्व टीम के साथ बातचीत करने और उनसे सीखने व समझने का अवसर मिलेगा। राष्ट्रीय पाठ्यक्रम के टॉपर्स को सैमसंग गैलेक्सी बड्स और सैमसंग गैलेक्सी स्मार्टवॉच जैसे रोमांचक सैमसंग उत्पाद भी मिलेंगे।

सैमसंग में साउथवेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जे बी पार्क ने कहा, ÷सैमसंग भारत में पिछले 28 वर्षों से देश के विकास में प्रतिबद्ध भागीदार रहा है। हमारा दृष्टिकोण हमेशा युवाओं को कुशल बनाने और उन्हें पेशेवर विकास के अवसरों के साथ सशक्त बनाने के भारत सरकार के उद्देश्यों के साथ जुड़ा रहा है। सैमसंग इनोवेशन कैंपस के माध्यम से, हम कौशल-आधारित शिक्षा का एक मंच तैयार कर रहे हैं जो युवाओं को प्रशिक्षित करके भविष्य के तकनीकी क्षेत्रों में नौकरी के अवसर पैदा करेगा और सार्थक बदलाव लाएगा।

ईएसएससीआई कौशल विकास मंत्रालय के तहत उद्योग संघों द्वारा प्रोमोटेड राष्ट्रीय स्तर का कौशल संगठन है, और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के तहत एक सेक्टर स्किल काउंसिल के तौर पर काम करता है।

एल्विश यादव के अगुआई में केओ कोरिएन्स के चिराग नांगरू प्लेग्राऊंड सीझन 3 के विजेता

मुंबई। सात रोमांचक सप्ताह के बाद, अमेज़न मिनीटीवी का गेमिंग रियलिटी शो - प्लेग्राउंड सीज़न 3काअंततः समापन हुआ। इसेरस्क मीडिया के साथ मिलकर प्रस्तुत किया गया था। जिसमें पी1गु को, जो कि केओ क्रैकन्स टीम के है, उनको विजेता घोषित किया गया।इसका नेतृत्व यूट्यूबर एल्विश यादव ने किया है। उन्हेअल्टीमेट गेमर के रूप में ताज पहनाया गया। यह अनूठा रियलिटी शो भारत के विभिन्न हिस्सों से आए 16 माइक्रो-इन्फ्लुएंसर्स को विभिन्न चुनौतियों और खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखाया गया। ये सभी लाइव स्ट्रीम किए गए थे। गेमिंग और मनोरंजन जगत के चार सबसे बड़े नामों, कैरी मिनाती, उज्जवल चौरसिया उर्फ टेक्नो गेमर्स, नमन माथुर उर्फ मोर्टल, फुकरा इन्सान उर्फ अभिषेक मल्हान, और एल्विश यादव के मार्गदर्शन में, प्लेग्राउंड सीज़न 3 ने मनोरंजन की सभी चीजों के लिए अंतिम गंतव्य के रूप में उभरा।सातहफ्तें की कठिन प्रतिस्पर्धा और रोमांचक मुकाबलों के बाद, प्लेग्राउंड सीजन 3 का समापन हुआ, जिसमें पी1गु उर्फ चिराग नांगरू को गेमिंग एंटरटेनमेंट किंग घोषित किया गया। मूल रूप से उन्होंने अपनी यात्रा ओपी यूनिकॉर्न्स के साथ शुरू की थी, जिसका नेतृत्व मोर्टल कर रहे थे।लेकिन ट्रांसफर कार्ड का उपयोग करते हुए वह के ओ क्रेकेन्स में शामिल हो गए। युवा गेमर ने अपनी जीत के लिए 10 लाख रुपये का नकद पुरस्कार, एक स्टाइलिश हीरो एक्सट्रीम 125 आर बाइक, और एक टेक्नो पोवा 6 प्रो 5 जी घर ले गए।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टोयोटा रुमियन का नया ग्रेड पेश किया

बरेली। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने आधिकारिक तौर पर टोयोटा रुमियन के नए ग्रेड जी-एटी की बुकिंग और कीमत की घोषणा की है। साथ ही ई-सीएनजी बुकिंग भी फिर से शुरू की है। नए लॉन्च किए गए जी-एटी वैरिएंट से उम्मीद है कि यह अपने बेजोड़ स्पेस और आराम, बेहतरीन ईंधन दक्षता, स्टाइलिश और प्रीमियम एक्सटीरियर डिज़ाइन के साथ रुमियन की बाज़ार में स्वीकार्यता को और बढ़ाएगा।टीकेएम की यह नवीनतम पेशकश 13,00,000 रुपये की आकर्षक एक्स-शोरूम कीमत पर उपलब्ध होगी, जिसकी डिलीवरी 5 मई से शुरू होने की उम्मीद है। ग्राहक 11,000 रुपये की बुकिंग फीस के साथ किसी भी अधिकृत डीलरशिप पर या ऑनलाइन इस वाहन की बुकिंग कर सकते हैं।यह घोषणा करते हुए, टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट - बिक्री और रणनीतिक विपणन, श्री सबरी मनोहर ने कहा, ÷टोयोटा रुमियन लाइनअप में हम नए ग्रेड को जोड़ने की घोषणा करते हुए उत्साहित हैं। इस तरह गतिशीलता की उनकी आवश्यकताओं और जरूरतों के आदार पर ग्राहकों को व्यापक पसंद और अधिक विकल्प मिलेंगे।

इम्युनिटी बढ़ाने वाले 4 प्राकृतिक आहार- शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट

कानपुर। मौसम बदलने के साथ ही अपने इम्युन सिस्टम (रोग-प्रतिरोधक प्रणाली) को मजबूत करने और सही आकार में बने रहने के लिये सेहत से भरे और संतुलित आहार लेने पर ध्यान देना महत्वपूर्ण हो जाता है। शीला कृष्णास्वामी, न्यूट्रीशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट ने कहा अपने रोजाना के भोजन में बादाम, मौसमी फलों और सब्जियों जैसे प्राकृतिक आहारों को शामिल करने से शरीर की बीमारियों से लड़ने के लिये जरूरी ताकत बढ़ सकती है। हम उन 4 प्राकृतिक आहारों के बारे में बता रहे हैं, जो आपकी इम्युनिटी में सहयोग दे सकते हैं और मौसमी बुखार तथा बीमारियों को दूर रखने में मददगार हो सकते हैं। इम्युनिटी बढ़ाने वाले 4 प्राकृतिक आहार हैं बादाम, सिट्रस फल, लहसुन और हरी पत्तेदार सब्जियाँ ।

बादाम बादाम केवल स्वादिष्ट नहीं होती है, बल्कि इसमें विटामिन ई, ज़िंक, फोलेट और आयरन जैसे पोषक-तत्व भी होते हैं, जो इम्युन फंक्शन के लिये मायने रखते हैं। रोजाना स्नैक के तौर पर मुट्ठीभर बादाम खाएं या अपने सुबह के नाश्ते में उन्हें शामिल करें। इससे पौष्टिकता बढ़ेगी।

सिट्रस फल सिट्रस फल, जैसे कि नारंगी, नींबू, मौसम्बी और अंगूर में विटामिन सी की अच्छी मात्रा होती है। यह पोषक-तत्व श्वेत रक्त कणिकाएं बनाने के लिये आवश्यक है, जोकि संक्रमणों से शरीर की रक्षा करती हैं। अपने आहार में इन फलों को शामिल करने से आप विटामिन सी का सेवन बढ़ा लेंगे और आपके इम्युन सिस्टम को सहयोग मिलेगा।

लहसुन लहसुन के चिकित्सकीय इस्तेमाल का एक लंबा इतिहास है। उसे जीवाणुरोधी गुणों के लिये जाना जाता है।

मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी

नासिक। अमेरिका स्थित मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड (जिसे पहले कार्डा कन्स्ट्रक्शन लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) में हिस्सेदारी खरीदी है, जो कन्स्ट्रक्शन और रियल एस्टेट विकास क्षेत्र में एक प्रमुख कंपनी है। 26 अप्रैल 2024 को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर उपलब्ध बल्क डील के आंकड़ों के अनुसार, मिनरवा वेंचर्स फंड ने केबीसी ग्लोबल लिमिटेड की 1 प्रतिशत इक्विटी (1 करोड़ शेयर) प्रति शेयर. 2.05 रूपये पर खरीदी है। कंपनी ने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में विस्तार के लिए रणनीतिक योजनाओं की भी घोषणा की है। गुड़ी पड़वा के अवसर पर कंपनी ने महाराष्ट्र के नासिक में कर्मयोगी नगर स्थित एक रेसिडेन्शियल कम कमर्शियल प्रोजेक्ट, हरि कुंज मेफ्लावर प्रोजेक्ट की 54 यूनिट्स का कब्जा सफलतापूर्वक सौंप दिया है। अप्रैल 2024 के महीने में, बॉर्ड ओफ डिरेक्टर्स ने एफसीसीबी के इश्यू के नियमों और शर्तों के अनुसार कुल 60 बॉन्डस को इक्विटी शेयरों में बदलने पर विचार किया और मंजूरी दे दी है। 2007 में स्थापित, कंपनी ने रियल एस्टेट उद्योग में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जो नासिक, भारत में आवासीय परियोजनाओं के विकास और बिक्री में विशेषज्ञता रखती है। कंपनी मुख्य रूप से दो खंडों में, आवासीय और वाणिज्यिक परियोजनाओं का निर्माण और विकास और संविदात्मक परियोजनाएं काम करती है। कंपनी की उल्लेखनीय परियोजनाओं में हरि गोकुलधाम, हरि नक्षत्र-द्वितीय ईस्टेक्स्ट टाउनशिप, हरि संस्कृति द्वितीय, हरि सिद्धि और हरि समर्थ आदि शामिल हैं। कंपनी के विकास पथ पर टिप्पणी करते हुए, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक, श्री नरेश कार्डा ने कहा, ÷हम घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में आने वाले अवसरों को लेकर उत्साहित हैं। हमारी रणनीतिक पहल, परियोजनाओं का मजबूत पोर्टफोलियो और एक स्पष्ट विस्तार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, कार्डा कंस्ट्रक्शन लिमिटेड वैश्विक रियल एस्टेट परिदृश्य में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरने के लिए तैयार है। रियल एस्टेट क्षेत्र निरंतर विकास के लिए तैयार है, जो आपूर्ति और मांग की गतिशीलता, नियामक ढांचे और समग्र आर्थिक स्थितियों जैसे कारकों से प्रेरित है। ÷सभी के लिए आवास÷ और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी सरकारी पहल उद्योग में विकास की संभावनाओं को रेखांकित करती हैं। इसके अतिरिक्त, राजमार्ग, हवाई अड्डे और महानगर जैसी बुनियादी ढांचागत मेगापरियोजनाएं रियल एस्टेट बाजार के विस्तार में योगदान दे रही हैं।

इसके अलावा, केबीसी इंटरनेशनल लिमिटेड, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड की एक स्टेप-डाउन सहायक कंपनी और केबीसी ग्लोबल एफजेडसीओ की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ने नाइजीरिया गणराज्य में संघीय आवास प्राधिकरण (एफएचए) के साथ एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। यह समझौता अफ्रीका में कम लागत वाली आवास परियोजनाओं के विकास के लिए इंजीनियरिंग खरीद और वित्तपोषण ठेकेदार के रूप में एफएचए के साथ साझेदारी में केबीसी इंटरनेशनल लिमिटेड की रुचि को दर्शाता है, जो कंपनी के अंतरराष्ट्रीय रियल एस्टेट बाजार में प्रवेश का प्रतीक है।

इंडियन ऑयल का मुनाफा चौथी तिमाही में 52 फीसदी घटा

नई दिल्ली (हि.स.)। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसी) ने वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही जनवरी-मार्च के नतीजे का ऐलान कर दिया है। 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में आईओसी का मुनाफा 52 फीसदी घटकर 4,837.69 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी के बोर्ड ने 7 रुपये प्रति शेयर अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है।

आईओसी ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि 31 मार्च, 2024 को समाप्त चौथी तिमाही में कंपनी का मुनाफा आधे से भी कम होकर (52 फीसदी) घटकर 4,837.69 करोड़ रुपये रह गया है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2022-23 की समान तिमाही में आईओसी को 10,059 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था।

कंपनी के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में उसका राजस्व घटकर 2.21 लाख करोड़ रुपये रह गया है जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में उसने 2.28 लाख करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित किया था। इसी तरह कंपनी की परिचालन आय 3 फीसदी घटकर 2.19 लाख करोड़ रुपये रह गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 2.26 लाख करोड़ रुपये थी।

आईओसी ने बताया कि जनवरी-मार्च तिमाही में तेल कीमतों में कटौती और पेट्रोकेमिकल खंड में घाटा होने से उसके लाभ में कमी आई है। चौथी तिमाही के नतीजों के बाद बोर्ड ने 7 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है, जो 10 रुपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों का 70 फीसदी है। कंपनी इसका 30 दिनों के अंदर भुगतान करेगी।

एशियन पेंट्स ने विराट कोहली को क्रांतिकारी पेशकश नियो भारत लेटेक्स पेंट के लिए ब्रांड एंबेसडर बनाया है

नई दिल्ली। एशियन पेंट्स, भारत की सबसे आगे रहने वाली पेंट और डेकोर कंपनी, क्रिकेट आइकन, विराट कोहली को अपने आने वाले नए लॉन्च - नियो भारत लेटेक्स पेंट के ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल करने की घोषणा गर्व से करती है।

नियो भारत लेटेक्स पेंट के साथ, एशियन पेंट्स इस डायनामिक उद्योग में अपनी मौजूदगी का विस्तार करके और इसे सभी के लिए ज्यादा सुलभ बनाकर पेंट की श्रेणी में क्रांति लाएगा। नियो भारत लेटेक्स पेंट हर तरह से क्रांतिकारी है क्योंकि इसमें विशेष पॉलिमर तकनीक है जो बेहतर फिनिश, ज्यादा कवरेज और क्लीनेबिलिटी देती है। ये ÷प्रगति के रंग, जो कि नियो भारत की टैग लाइन है, उन लाखों भारतीयों को समर्पित है जो बेहतर जीवन की तलाश में हैं, और एशियन पेंट्स का लक्ष्य उनकी यात्रा में उनके साथ कदम से कदम मिला कर चलना है। बाजार में सबसे आगे रहते हुए, एशियन पेंट्स ने लगातार ऐसे नए-नए उत्पाद पेश किए हैं जो बेहतरीन होने को फिर से परिभाषित करते हैं, और नियो भारत लेटेक्स पेंट एक बार फिर इस श्रेणी में क्रांति लाने के लिए तैयार है। विराट कोहली से बेहतर कौन इस स्तर के लॉन्च के साथ न्याय कर सकता है। विराट ब्रांड के मूल्यों और भावना का प्रतीक हैं और यह एशियन पेंट्स के नेतृत्व और उच्च स्तर और प्रदर्शन के लिए समर्पण को दिखाता है, यह उन्हें एशियन पेंट्स और नए ढंग से बने नियो भारत लेटेक्स पेंट दोनों के लिए एक एकदम सही चेहरा बनाता है। आगामी लॉन्च और उसके ब्रांड एंबेसडर के लिए अपना उत्साह दर्शाते हुए, एशियन पेंट्स लिमिटेड के एमडी और सीईओ, अमित सिंगल ने कहा, हमारा आने वाला लॉन्च, नियो भारत लेटेक्स पेंट, एशियन पेंट्स के इतिहास में सबसे बड़े मौकों में से एक है, और विराट कोहली का इस जबरदस्त ब्रांड के चेहरे के रूप में होना हमारे उत्साह को बढ़ाता है। आज कोहली को खेल और भारतीय टीम को कुछ इस तरह से बदलने का श्रेय दिया जाता है, जैसा कई दूसरे लोग नहीं कर पाए। उनकी लोकप्रियता किसी खास इलाके तक सीमित नहीं है, उनके व्यक्तित्व से नए भारत का आत्मविश्वास झलकता है। जनता के बीच कोहली का प्रभाव और लोगों की बीच उनकी पहचान इस क्रांतिकारी उत्पाद के साथ पूरी तरह मेल खाती है। नियो भारत न केवल पेंट श्रेणी को एक नयी परिभाषा देने लिए तैयार है, बल्कि भारत में इस उद्योग की प्रगति को नयी ऊंचाई तक पहुंचाएगा। हम एशियन पेंट्स परिवार में विराट कोहली का स्वागत करते हैं और साथ मिलकर होने वाली इस यात्रा का उत्साह से इंतजार कर रहे हैं। एशियन पेंट्स के साथ अपने संबंध पर बात करते हुए, विराट कोहली ने कहा, ÷मैं नेतृत्व, नयी पहल और मजबूत मूल्यों के लिए जाने वाले ब्रांड के साथ जुड़कर वास्तव में उत्साहित और प्रसन्न हूं। मेरे लिए एशियन पेंट्स एक ब्रांड से कहीं अधिक का प्रतिनिधित्व करता है और यह क्रिकेट की तरह है; लगभग हर भारतीय घर का हिस्सा बनकर हमारे जीवन में खुशी और उल्लास ला रहा है। इस बदलाव की यात्रा के साथ जुड़ते हुए, मैं एशियन पेंट्स नियो भारत लेटेक्स पेंट के लॉन्च में भाग लेकर वास्तव में सम्मानित महसूस कर रहा हूं, यह एशियन पेंट्स को एक नए और प्रगतिशील भारत का एक मजबूत हिस्सा बनने की प्रेरणा देगा।

भारत में लॉन्च हुई फर्स्ट-एवर ऑल-इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई5 एम 60 एक्स ड्राइव

लखनऊ/कानपुर, भारत में फर्स्ट-एवर बीएमडब्ल्यू आई5 को लॉन्च किया गया है। जो विशिष्ट बीएमडब्ल्यूएम परफॉमेन्स मॉडल, बीएमडब्ल्यू आई5 एम 60 एक्स ड्राइव के रूप में मिलेगी। यह आल-इलेक्ट्रिक स्पोर्टी एग्जिक्यूटिव सिडैन अपनी सुडौल उपस्थिति, नवाचारी टेक्नोलॉजी, और डाइनैमिक कार्यप्रदर्शन के साथ सबसे आगे है। फर्स्ट-एवर बीएमडब्ल्यू आई5 एम 60 एक्स ड्राइव आज से कम्प्लीटली बिल्ट-अप युनिट के रूप में संपूर्ण भारत में सभी बीएमडब्ल्यू डीलरशिप पर उपलब्ध है। श्री विक्रम पावाह, प्रेसिडेंट, बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि, ÷फर्स्ट-एवर बीएमडब्ल्यू आई5 एम 60 एक्स ड्राइव के साथ आप पूरी तरह रोमांचकारी अनुभव से कम कुछ भी अपेक्षा नहीं कर सकते। इसमें एक साथ स्पोर्टीएस्ट एग्जिक्यूटिव सिडैन - ष्5ष् की आठ पीढ़ियों की विरासत, ष्एम' का जोश से भरपूर परफॉर्मेन्स और 'आई' की सस्टेनेबिलिटी समाहित है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया की ओर से छठी इलेक्ट्रिक पेशकश के रूप में बीएमडब्ल्यू आई5 एम 60 एक्स ड्राइव, भारतीय लग्जरी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी सेग्मेण्ट में हमारी लीडरशिप को और मजबूत करेगी। ÷फर्स्ट-एवर बीएमडब्ल्यू आई5 एम 60 एक्स ड्राइव रूपये 1,19, 50,000 की एक्स-शोरूम प्राइस पर उपलब्ध है। यह कार असीमित किलोमीटर के लिए स्टैण्डर्ड दो साल की वारंटी के साथ आती है। रिपेयर इन्क्लुसिव वारंटी बेनिफिट्स को परिचालन के तीसरे वर्ष से अधिकतम पाँचवें वर्ष तक किसी माइलेज लिमिटेशन के बगैर बढ़ा सकता है। बीएमडब्ल्यू आई5 एम 60 एक्स ड्राइव में हाई-वोल्टेज बेटरी पर आठ वर्ष या 160,000 किलोमीटर्स तक की वारंटी मिलती है।

छिड़काव से ही होगा कालाजार बीमारी से बचाव : सीएमओ

अवधनामा संवाददाता

आईआरएस छिड़काव का हाल जानने बनकटा ब्लाक के अहिरबरन राय गांव पहुंचे सीएमओ

देवरिया। जिले के कालाजार प्रभावित गांवों में बालू मक्खी से बचाव के लिए वर्ष में दो बार होने वाले अंदरूनी विशिष्ट छिड़काव (आईआरएस) के पहले चरण की शुरूआत अप्रैल माह से शुरू हो गई है। आइआरएस छिड़काव का पहला चरण मार्च से मई व दूसरा चरण अगस्त से सितंबर तक चलता के बीच होता है। जिले के आठ ब्लाकों के 23 कालाजार प्रभावित गांवों छिड़काव किया जा रहा है। सोमवार को सीएमओ डॉ राजेश झा ने बनकटा ब्लाक के कालाजार प्रभावित गांव अहिरबरन राय पहुंचकर आईआरएस छिड़काव का हाल जाना। इस दौरान सीएमओ ने दो घरों में जाकर छिड़काव की बारीकियों को देखा।

सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि मलेरिया विभाग किसी भी गांव में कालाजार का मरीज मिलने पर लगातार तीन वर्ष आईआरएस का छिड़काव कराता है। जिले के आठ ब्लॉक बनकटा, पथरदेवा, भटनी, भाटपाररानी, बैतालपुर, देसही देवरिया, भलुअनी और बैतालपुर के 23 कालाजार प्रभावित गांवों को चिह्नित कर कालाजार की वाहक बालू मक्खी से बचाव के लिए छिड़काव किया जा रहा है। इसके लिए छह सदस्यी आठ टीम बनाई गई हैं। करीब एक लाख से अधिक आबादी को सुरक्षित करने के लिए छिड़काव किया जा रहा है। छिड़काव का ही परिणाम है कि वर्ष 2024 में कालाजार प्रभावित गांवों की संख्या सख्या 33 से घटकर 23 हो गई है। चिह्नित गांवों में छिड़काव व निरोधात्मक कार्य जारी है। सीएमओ ने बताया कि कालाजार बालू मक्खी से फैलने वाली बीमारी है। यह मक्खी नमी वाले स्थानों पर अंधेरे में पाई जाती है। इसके काटने के बाद लोग बीमार हो जाते हैं। उन्हें बुखार होता है और रुक-रुक कर बुखार चढ़ता-उतरता है।

निर्धारित तिथियों में व्यय प्रेक्षक के सम्मुख प्रत्याशी को 3 बार देना होगा निर्वाचन व्यय लेखा

अमेठी। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में भारत निर्वाचन आयोग के निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण पर आदेशों का सार संग्रह के अनुलग्नक-ग 15 के अनुपालन में निर्वाचन लड़ने वाले समस्त अभ्यर्थियों के व्यय लेखे निर्वाचन अवधि के दौरान 03 बार निरीक्षण किये जायेंगे। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि उपरोक्त निरीक्षण कार्यक्रम पूर्वान्ह् 10 बजे से अपरान्ह् 5 बजे तक क्रमशः 10 मई 2024 को प्रथम एवं 14 मई 2024 को द्वितीय तथा 17 मई 2024 को तृतीय चरण निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि 37-निर्वाचन क्षेत्र अमेठी के समस्त अभ्यर्थी जो लोकसभा निर्वाचन सामन्य निर्वाचन-2024 के तहत प्रत्याशी उक्त तिथियों में स्वयं अथवा उनके निर्वाचन व्यय अभिकर्ता कलेक्ट्रेट सभागार अमेठी में व्यय प्रेक्षक के सम्मुख उपस्थित होकर अपना व्यय लेखा निर्धारित समय पर निरीक्षण हेतु प्रस्तुत करेंगे।

ड्रेनों की साफ सफाई व शिल्ट की समय रहते कार्य को पूरा करा लें : डीएम

अवधनामा ब्यूरो

बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए स्टीयरिंग ग्रुप कमेटी की हुई बैठक

कुशीनगर। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु स्टीयरिंग ग्रुप कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक दौरान जिलाधिकारी ने बाढ़ प्रभावित ग्राम सभाओं तथा क्षेत्र एवं संवेदनशील तटबंधों के बारे में जानकारी लिया।

जिलाधिकारी ने पिछले साल छोड़े जाने वाले बैराज से पानी की मात्रा तथा विभिन्न परिक्षेत्रों में पड़ने वाले ड्रेनो के साफ-सफाई के बारे में पूछताछ की। बैठक दौरान जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में तथा विभिन्न परिक्षेत्रों में पड़ने वाले ड्रेनेज की साफ सफाई पहले ही करा ली जाए जिससे की जल जमाव (वाटर लॉगिंग) की समस्या न आए तथा सिल्ट की साफ सफाई की उचित व्यवस्था करें और इसका सत्यापन भी करा लें। ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के अंतर्गत भी कार्य कराए जाए। जिलाधिकारी ने शहरी क्षेत्र में सभी प्रकार के नालों के साफ-सफाई करने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायत को निर्देशित किया। कहा कि बाढ़ की दृष्टिगत जो भी कार्य कराया जा रहे हैं उसकी गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें सभी प्रकार के कराए जाने वाले निर्माण कार्यों की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रहनी चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी, डीसी मनरेगा राकेश, अधिशासी अभियंता बाढ़ खण्ड महेश कुमार, उप जिलाधिकारी हाटा प्रभाकर सिंह, विकास खंडों के खंड विकास अधिकारी गण, नगर पालिका तथा नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी गण तहसीलदार गण, आपदा एक्सपर्ट रवि राय तथा जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सात मई से होगा नामांकन, त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे से गुजरना होगा प्रत्याशियों को

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। कुशीनगर लोकसभा सीट पर सातवें चरण में मतदान होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सात मई को अधिसूचना जारी करेंगे। इसके साथ नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 14 मई तक चलेगी। 15 मई को पर्चे की जांच और 17 मई को नाम वापस लिए जा सकेंगे। नामांकन कक्ष तक पहुंचने के लिए प्रत्याशियों को त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरे से गुजरना होगा। तीन बैरियर पार कर प्रत्याशी नामांकन कक्ष तक पहुंचेंगे। इनकी गाड़ियों को 100 मीटर पहले रोक दिया जाएगा। निर्देशों के उल्लंघन पर कार्रवाई होगी। जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष नामांकन किया जाएगा। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। यातायात कार्यालय के पास एक बैरियर लगाया जाएगा, दूसरा बैरियर चंद्रशेखर आजाद चौक के पास और तीसरा कलेक्ट्रेट गेट पर होगा। एआरटीओ कार्यालय से कलेक्ट्रेट की तरफ जाने वाले रास्ते पर भी एक बैरियर लगेगा। सभी बैरियरो पर पुलिस के साथ मजिस्ट्रेट तैनात रहेंगे। नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों के साथ तीन गाड़ियां पहले बैरियर से अंदर आ सकती हैं। लेकिन, दूसरे बैरियर के पहले गाड़ियों को राक दिया जाएगा। यहां से प्रत्याशी को पैदल नामांकन कक्ष तक जाना होगा। इनके साथ सिर्फ पांच लोग रह सकते हैं। चुनाव आयोग के निर्देश पर जिलाधिकारी कोर्ट में जो कैमरा लगेगा, उसमें कक्ष के चारों कोनों का दिखना अनिवार्य है। नामांकन के लिए आने वाले प्रत्याशियों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सुरक्षा के दृष्टिकोण से 100 से अधिक पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। गेट से कलेक्ट्रेट कैंपस तक बैरियर लगाने की जिम्मेदारी दी गई है। सहायक निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद जफर ने बताया कि नामांकन की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई है। यातायात कार्यालय चौक से कलेक्ट्रेट तक तीन बैरियर लगाए जाएंगे। प्रत्याशियों के साथ सिर्फ पांच लोगों को अंदर आने की अनुमति है। चुनाव आयोग के निर्देश का पालन नहीं करने वालों पर सख्ती बरती जाएगी।

100 मीटर दूर रोक दी जाएगी प्रत्याशियों की गाड़ी

मतदाता सूची का बन रहा बंडल

लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मतदान केंद्रों पर जाने वाली वोटर लिस्ट और अन्य कागजात के बंडल तैयार किए जा रहे हैं। सोमवार को निर्वाचन कार्यालय के बरामदे में यह कार्य कर्मचारी निपटा रहे थे। मतदान के दिन मतदाता सूची और मतदान से जुड़े अन्य कागजात का बंडल तैयार करने में जुटे रहे।

सीएमओ ने मोतीचक के विभिन्न आयुष्मान व एएनएम सेंटरों का किया निरीक्षण

मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। विकास खण्ड मोतीचक के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मथौली अंतर्गत ग्राम सभा लक्ष्मीपुर धुस, ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर व नरायनपुर गांव स्थित एएनएम सेंटर व आयुष्मान आरोग्य मंदिर का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुरेश पटारिया ने मंगलवार को औचक निरीक्षण किया तथा कमियां पाए जाने पर सम्बंधित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आम जन मानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का कहा। सीएमओ सबसे पहले एएनएम सेंटर लक्ष्मीपुर धुस पहुंचे वहां तैनात एएनएम कला कान्ति मिश्रा से गर्भवती महिलाओं तथा नवजात बच्चों के टीकाकरण सम्बन्धित जानकारी प्राप्त किया। उसके बाद एएनएम सेंटर लक्ष्मीपुर पहुंचे जहां तैनात एएनएम कुश्मावती व सीएचओ नूरशमा हुसैन से आभा कार्ड, ई संजीवनी, एनसीडी की जानकारी लिए साथ ही पानी सप्लाई के विषय में पूछे तो बताया गया पानी सप्लाई है। उसके बाद आयुष्मान आरोग्य मंदिर नरायनपुर पहुंचे वहां मौजूद सीएचओ लक्ष्मी निषाद से आभा कार्ड व गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच पंजिका रजिस्टर का अवलोकन किए और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान प्रभारी चिकित्साधिकारी मोतीचक डॉ. राजेश कुमार मद्धेशिया, पुजा मिश्रा व कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

डीएम ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण

देवरिया। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने मंगलवार को जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर जेल की गतिविधियों की जांच की। निरीक्षण में कोई भी आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से पुलिस बल के साथ जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। पेयजल व स्वच्छता व्यवस्था पर सन्तोष जताया। डीएम ने दवाओं की उपलब्धता एवं ओपीडी के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जेल मैन्युअल के मुताबिक मिल रही सुविधाओं के संबन्ध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान परिसर में वे एक-एक बैरक में पहुंचे और वहीं की स्थिति देखी, साथ ही बैरक में रह रहे बंदियों व कैदियों से उनकी समस्याएं भी पूछी। बंदियों को उनकी समस्याओं का जल्द निस्तारण कर लेने का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने ने जेल प्रशासन से जेल की समस्त गतिविधियों की जानकारी भी प्राप्त की।

आग लगने व गैस सिलेंडर फटने से मची अफरा तफरी, लाखों की क्षति

तीन लोग झुलसे, खड्डा क्षेत्र के बरवा रतनपुर गांव का मामला

अवधनामा संवाददाता

खड्डा, कुशीनगर। बरवा रतनपुर गांव में अग्नि तांडव ने खूब तबाही मचाई। इसके साथ ही आग में गैस सिलेंडर ने घी का काम किया। गैस सिलेंडर फटने से गांव में अफरा तफरी मच गई। लोग घर छोड़कर भागने लगे। इस बीच जहां तीन लोग झुलस गए वही आधा दर्जन घर जलकर खाक हो गया। इस अग्निकांड में लाखों की क्षति बताई जा रही है। बरवा रतनपुर गांव में मंगलवार को रामप्रवेश चौरसिया के घर में अज्ञात कारणों से आग पकड़ लिया। गांव के लोग ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवा के चलते सारा मेहनत बेकार साबित हो गई। आग एक घर से बढ़कर बगल के सुखलाल, रामहरख, विनोद, विरेन्द्र, आनंद राव के घर को भी अपने आगोश में ले लिया। घरों में रखें सिलेंडरो के लगातार भरने से गांव में अफरातफरी मच गई। सिलेंडर के मलवे के चपेट में आने से दो ग्रामीण कोमल और विनोद घायल हो गए। गैस सिलेंडर फटने से घर की क्षत और दीवाल क्षतिग्रस्त हो गई है। घायलों का गांव में ही इलाज करवाया गया। सूचना के बाद भी समय से अग्निशमक वाहन नहीं पहुंचने से लोगों में काफी नाराजगी रहीं। खाली पड़े खेतों को टैक्टर से जुताई कर बाल्टी और पंपिंग सेट से ग्रामीण आग पर काबू पाने के लिए घंटों जूझते रहे। जानकारी पर खड्डा थाने की पुलिस गांव के लोगो के साथ आग बुझाने में जुटी रही। काफी देर से पहुंची अग्नि शमन वाहन दस्ते ने राख के ढेरों में सुलग रहे चिंगारियों को बुझाया।

गांधी परिवार की मांग करते धरने पर बैठे कांग्रेसी

अवधनामा संवाददाता

अमेठी। संसदीय क्षेत्र अमेठी से अभी तक पार्टी प्रत्याशी न घोषित होने से आहत कांग्रेसियों ने मंगलवार को गौरीगंज स्थित पार्टी कार्यालय पर धरना देकर राहुल गांधी व प्रियंका गांधी को अमेठी से प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की। हाथ में श्लोगन लिखी तख्तियां लेकर बैठे कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता यहां पुरजोर मांग कर रहे हैं कि अमेठी से गांधी परिवार से ही कोई प्रत्याशी चाहिए। स्लोगन लिखा गया है कि अमेठी मांगे गांधी परिवार किसी में लिखा गया है अमेठी मांगे राहुल गांधी। पार्टी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में बैठे कांग्रेसी नामांकन की बीतती अवधि से चिंतित हैं।

भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी ने 29 अप्रैल को अपना नामांकन कर दिया।नामांकन करने की अवधि धीरे-धीरे बीती जा रही है 3 मई को नामांकन का आखिरी दिन है। अधिकांश प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र खरीद लिए हैं और मंगलवार को लगभग आधा दर्जन प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल भी कर दिया है। अभी तक 7 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। लेकिन गांधी नेहरू परिवार या कांग्रेस का गढ़ कहीं जाने वाली अमेठी से अभी तक पार्टी प्रत्याशी न घोषित होने से जहां कांग्रेसी मायूस हैं वहीं आम जनता की जुबान पर भी एक सवाल तैर रहा है कि अभी तक कांग्रेस ने अमेठी में अपना प्रत्याशी क्यों नहीं घोषित किया। मंगलवार को धरने पर बैठे कांग्रेसी इसका संकेत दे रहे हैं की गांधी परिवार से अमेठी को प्रत्याशी ना मिला तो वह सत्याग्रह करेंगे एक बात और यह दिखाई दे रही है कि यदि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी में से कोई अन्य प्रत्याशी कांग्रेस ने यहां उतरा तो उसे इसकी बहुत बड़ी कीमत भी चुकानी पड़ सकती है। कारण यह की अमेठी की जनता और यहां के कार्यकर्ता इस चीज को कतई नहीं पचा पाएंगे कि वह गांधी परिवार के अलावा अन्य किसी के लिए वोट मांगे या उसका समर्थन करते नजर आएं। फिलहाल देखना यह है कि अभी 3 दिन की अवधि शेष है इसमें गांधी परिवार से कोई प्रत्याशी आता है या फिर कांग्रेस अमेठी को लेकर क्या फैसला करती है।

बैठक कर आप कार्यकर्ताओं ने बनाई चुनावी रणनीति

अमेठी। लोकसभा चुनाव की बढ़ती सरगर्मी के बीच आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को बैठक कर चुनावी रणनीति तैयार की। पार्टी कैंप कार्यालय में हुई बैठक में तिलोई मुसाफिरखाना अमेठी एवं गौरीगंज विधानसभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। जिसमे संगठन को मजबूत करने की दिशा में चर्चा हुई कुछ कार्यकर्ताओं को नए दायित्व दिए गये आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार को लोकसभा अमेठी से रिकॉर्ड मतों से विजई बनाये जाने के विषय में रणनीति बनाई गई। अगली बैठक में निर्णय होगा की इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता किस रणनीति के तहत कार्य करेंगे।बैठक की अध्यक्षता पार्टी जिलाअध्यक्ष हरि शंकर जायसवाल ने की। संचालन जिला महासचिव धर्मेंद्र शुक्ल ने किया। इस मौके पर संदीप कसौधन हकीकउल्लाह तौफीक अहमद अशोक सेन सुरेश चंद्र गुप्ता धर्मेश मिश्रा राज बहादुर पाल पवन कुमार सरोज मुनव्वर अली सैफी सतीश मिश्र राम कृष्णा तिवारी आदि लोग उपस्थिति रहे।

बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लगातार जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज सहजनवा क्षेत्र में माध्यमिक शिक्षा विभाग तथा बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों, मुरारी इंटर कालेज और प्राथमिक विद्यालय सहजनवा, रेशमा रावत इंटर कालेज, श्री गांधी इंटर कालेज के शिक्षकों और कर्मचारियों की मौजूदगी में बाइक रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। ए. डी.आई.ओ.एस गोरखपुर, एन. पी. सिंह, एसडीआई रजनीश द्विवेदी ने विद्यालय परिसर से बाईक रैली को सयुंक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर सकते तो रवाना किया । बाइक रैली मुरारी इंटर कालेज परिसर से होते हुए सहजनवा थाना चौराहा, जिगिना चौराहा तथा भीटी रावत चौराहा के रास्ते हरपुर बुदहट के श्री गांधी इंटर कालेज, हरपुर बुदहट पर समाप्त हुई । इस दौरान लोगों को जगह-जगह रोक कर मतदान के प्रति जागरूक किया गया । साथ ही मतदान के दिन ÷पहले मतदान फिर जलापन÷ के नारे लगा कर लोगो को प्रेरित किया, और अधिक से अधिक संख्या में मतदान की अपील की गई। इस अवसर पर मुरारी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य मेजर साकेत जी, प्रवक्ता डी.के. सिंह, संतोष कुमार, अनील वर्मा, अरमान अली, जयराज सिंह, शैलेंद्र प्रताप, मनोज कुमार, अरविंद सिंह, अभय सिंह, प्रदीप सिंह, कल्पनाथ दास, रेशमा रावत इंटर कालेज से प्रधानाचार्य अश्वनी प्रताप सिंह, अध्यापक प्रमोद मिश्रा, मनीष यादव, श्री गांधी इंटर कालेज से प्रधानाचार्य अवधेश कुमार गुप्ता, अध्यापक, बाल गोविंद सिंह, मार्कंडेय मिश्रा सहित मुरारी इंटर कालेज, रेशमा रावत इंटर कालेज और श्री गांधी इंटर कालेज के अध्यापक और सैकड़ों की संख्या में बच्चों ने मतदान की अपील की।

दिव्यांगजनों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

अमेठी अवधनामा संवाददाता। स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को 20 मई 2024 को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार विकासखंड गौरीगंज परिसर से दिव्यांग जनों द्वारा निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली को मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी स्वीप सूरज पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विकासखंड गौरीगंज से चलकर सब्जी मंडी तिराहा पर समाप्त हुई। रैली में दिव्यांग जनों ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया एवं विभिन्न स्लोगन के माध्यम से जन सामान्य को आगामी 20 मई 2024 को स्वयं तथा अपने आसपास के लोगों को बढ़ चढ़कर मतदान करने की अपील की गई। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बसपा ने बदला प्रत्याशी

अमेठी अवधनामा संवाददाता। बहुजन समाज पार्टी ने 24 घंटे के भीतर अमेठी लोकसभा सीट से अपना प्रत्याशी बदल दिया है। रवि प्रकाश मौर्य की जगह अब नन्हे सिंह चौहान को टिकट दिया गया है।सोमवार की देर शाम बसपा ने दसवीं सूची जारी की इस सूची में अमेठी से नन्हे सिंह चौहान को टिकट दिया गया है। राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने देर शाम प्रत्याशियों की सूची जारी की है। रवि प्रकाश मौर्य ने सोमवार को बसपा प्रत्याशी के रूप में चार सेटों में यहां से अपना नामांकन पत्र लिया था। आज मंगलवार को नन्हे सिंह चौहान ने बसपा प्रत्याशी के रूप में चार सेटों में अपना नामांकन पत्र लिया।

पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

अमेठी अवधनामा संवाददाता। संसदीय क्षेत्र अमेठी से मंगलवार को पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं 12 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र लिया। अभी तक लोकसभा क्षेत्र अमेठी से 7 नामांकन पत्र दाखिल हो चुके हैं। मंगलवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वालों में गोपाल स्वरूप गांधी प्रत्याशी किसान मजदूर बेरोजगार संघ पार्टी ने 01 सेट में सुनील कुमार तिवारी प्रत्याशी जन प्रगति पार्टी ने 01 सेट में प्रदीप निर्दलीय ने 01 सेट में चंद्रावती प्रत्याशी बहुजन मुक्ति पार्टी ने 01 सेट मे और भगवानदीन पासी प्रत्याशी मौलिक अधिकार पार्टी ने 01 सेट में अपने समर्थकों के साथ नामांकन किया। वहीं 12 लोगों ने 25 सेट में नामांकन पत्र लिया जिनमें विनीत श्रीवास्तव प्रत्याशी जयहिंद नेशनल पार्टी ने 04 सेट नन्हे सिंह चौहान प्रत्याशी बहुजन समाज पार्टी ने 04 सेट श्रीपति सहाय नागर प्रत्याशी अलहिंद पार्टी ने 04 सेट जगदंबा प्रसाद निर्दलीय ने 02 सेट उदय राज यादव निर्दलीय ने 02 सेट तनवीर अहमद निर्दलीय ने 01 सेट राजेश बहादुर सिंह निर्दलीय ने 01 सेट पुत्तीलाल निर्दलीय ने 01 सेट डॉ प्रदीप कुमार शुक्ला प्रत्याशी राष्ट्रीय डेमोक्रेटिक फ्रंट ने 01 सेट राजेश कुमार मिश्रा निर्दलीय ने 02 सेट सुनील कुमार निर्दलीय ने 01 सेट जयसिंह निर्दलीय ने 02 सेट में नामांकन पत्र लिया है।

चुनावी व्यस्तता के बीच गोसेवा में रमे सीएम योगी, फिर झलका बाल प्रेम

अवधनामा संवाददाता

गोरखपुर। लोकसभा चुनाव का बिगुल बजने के साथ ही पार्टी (भाजपा) के लिए प्रचार करने के मामले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शीर्ष पंक्ति में बने हुए हैं। जबरदस्त व्यस्तता के बावजूद गोसेवा और बच्चों के लिए उनके दुलार में तनिक भी कमी नहीं आई है। चुनाव प्रचार के दौरान जब भी उनका गोरखपुर आना हुआ, गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान गोसेवा और बालप्रेम का नजारा हमेशा दिखा। सीएम योगी सोमवार शाम गोरखनाथ मंदिर पहुंचे थे। यहां रात्रि प्रवास के बाद वह मंगलवार पूर्वाह्न वह पार्टी के चुनाव प्रचार के लिए पश्चिम बंगाल रवाना हुए। चुनाव प्रचार में जाने से पूर्व सुबह उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर मत्था टेककर उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद सीएम योगी मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में उन्होंने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें रोटी और गुड़ खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और गर्मी के मौसम में विशेष देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए। गोसेवा के बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नजर अपने परिजन के साथ एक मासूम बच्चे पर पड़ गई। सीएम उसके पास पहुंचे और श्रेयांश नाम के इस बच्चे को खूब दुलारकर आशीर्वाद दिया। कुछ देर बच्चे के साथ खेलने के साथ ही उन्होंने उसे चॉकलेट दिया।

मतदान की बारीकियां से अवगत हुए कार्मिक

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जनपद मुख्यालय के इंदिरा गांधी बालिका इंटर कॉलेज और सिटी मोंटेसरी स्कूल टाउन हॉल परिसर देवरिया में आज प्रातः 10 बजे से 1 बजे तक और 2 बजे से 5 बजे तक दो पालियों मे समस्त पीठासीन अधिकारी एवं प्रथम मतदान अधिकारी का प्रथम प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ, जिसकी प्रथम पाली में कोड संख्या 1201 से 1800 तक के मतदान कार्मिक तथा द्वितीय पाली में कोड संख्या 1801 से 2400 तक के मतदान कार्मिको का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में आए हुए कार्मिकों की उपस्थिति दो शिफ्ट में लेने की व्यवस्था की गई है।

पहली शिफ्ट के लिए अटेंडेंस 10.00 और 1 बजे तथा दूसरी शिफ्ट में अटेंडेंस 2.00 और 5 बजे ली गयी। आज प्रथम पाली में कुल 600 कार्मिकों का प्रशिक्षण था जिसमें से 577 उपस्थित हुए तथा द्वितीय पाली में 600 में से 581 मतदान कार्मिक प्रशिक्षण हेतु उपस्थित हुए। इस प्रकार आज प्रशिक्षण से 42 कार्मिक अनुपस्थित पाए गए। प्रशिक्षण के दौरान समस्त मतदान कार्मिकों को मतदान की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर्स ने आगामी लोकसभा चुनाव संबंधी आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों, एमपीएस एप के बारे में अवगत कराया और पीठासीन अधिकारी की भूमिका और महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि आयोग स्वतंत्र निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने हेतु प्रतिबद्ध है। इसलिए यह बहुत जरूरी है कि सभी मतदान कार्मिक उक्त समस्त तकनीकी और सैद्धांतिक चुनाव प्रक्रियाओं को भलीभांति समझ लें। साथ ही अवगत कराया कि पीठासीन अधिकारी की मतदान की जानकारी चुनाव प्रक्रिया की सबसे जरूरी कड़ी है। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मजिस्ट्रेट के कार्यों के बारे विस्तार से बताया। चुनाव प्रक्रिया के संपादन के बाद लिफाफों, ईवीएम एवं अन्य दस्तावेजों को जमा करने संबंधी जानकारी दी गई। ईवीएम (वीवीपीएटी, कंट्रोल यूनिट और बैलेट यूनिट) के कनेक्शंस,सीलिंग और उसके कार्य प्रणाली के बारे में बताया गया। मतदान प्रक्रिया के दौरान आने वाली सामान्य विभिन्न एरर्स और उसके समाधान के बारे में भी बताया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, जिला विकास अधिकारी, शशांक शेखर द्विवेदी, निशेष कुमार गुप्ता राधा कृष्ण शाही आदि उपस्थित रहे।

185 हज यात्रियों को लगा टीका

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। इस्लाम धर्म के वैश्विक आस्था का केंद्र काबा की दर्शन करने हज यात्रा पर जाने वाले आजमीने हज का टीकाकरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ वर्ष 2024 में सुल्तानपुर जिले से 195 लोग हज यात्रा पर जा रहे है। जिसमे सोमवार को 185 लोगो ने टीका लगवाया। बाकी लोग सी एम ओ कार्यालय से सम्पर्क करके टीकाकरण करा सकेंगे।

स्थानीय खैराबाद स्थित मदरसा जामिया इस्लामिया में सोमवार को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक बैक्सीन का इंजेक्शन स्वास्थ्य विभाग की ओर से गठित टीम द्वारा लगाया गया । 104 हज यात्री को ड्राप पिला कर वैसीन का टीका लगा उधर जामिया अरबिया मदरसा में 81 लोगों को टीका लगाया गया।टीकाकरण के उपरांत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला हज ट्रेनर मौलाना मुहम्मद उस्मान कासमी जामिया इस्लामिया मदरसा के नाजिम -ए-आला (प्रबंधक) एवं मरकज मस्जिद के पेश ईमान द्वारा दिया गया। दिनाँक 29 अप्रैल को प्रशिक्षण में 104 हज यात्री उपस्थिति हुए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ ओम प्रकाश चौधरी की ओर से गठित टीम में डॉ तहसीन तौफीन खान एम ओ दुबेपुर डॉ यहिया खान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुडवार ,विवेक पाण्डेय फार्मासिस्ट, ज्योति ए एन एम मोहिता ए एन एम चीना खान स्टाफ नर्स की देख रेख में 104 हज यात्रियों का टीकाकरण किया गया। इस मौके पर ट्रेनर मौलाना मक़बूल कासमी, हाफिज इरफान, मुफ्ती तौफीक अहमद, मेराज अंसारी,एव मदरसे के तमाम स्टाफ सहयोग में लगे रहे।

नगर के चौक घंटाघर स्थित दास ज्वैलर्स की नई पहल

सुल्तानपुर। गर्मी की तेज तपन व बहते गर्म हवाओं से आम जनजीवन पूरी तरह त्रस्त है। शहर में चहुओर राहगीर शीतल जल पीने के लिए व्याकुल है। जिले के चौक घंटाघर स्थित दास ज्वैलर्स के मालिक राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए नयी पहल शुरू किया है। चौक घंटा घर स्थित दास ज्वैलर्स के मालिक सुधीर गुप्ता ने बताया कि शहर में बढ़ती तेज गर्मी व लू से लोग शीतल जल पीने के लिए व्याकुल है, शहर में आने वाले व्यवसाईयों व राहगीरों को राहत देते हुए प्रतिदिन निःशुल्क शीतल जल वितरित किया जा रहा है। यही नहीं गर्मी के मौसम में प्रत्येक मंगलवार को शरबत का वितरण भी किया जाएगा। इस तरह का कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से सामाजिक सेवा करने का संकल्प लिया गया है।

प्रशिक्षण में सीखीं मतदान की बारीकियां

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। एम जी इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद में जिला निर्वाचन अधिकारी फिरोजाबाद रमेश रंजन, प्रभारी अधिकारी कार्मिक दीक्षा जैन एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सिंह के निर्देशन में लोकसभा निर्वाचन के कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण दिनाँक 27 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चल रहा है। जिसमें आज कार्मिको को 36 कमरों में मास्टर ट्रेनरों के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनिंग के मुख्य प्रशिक्षक अश्वनी कुमार जैन ने कक्षों में मास्टर ट्रेनर्स के साथ कार्मिकों को मतदान से सम्बंधित विभिन्न जानकारी साझा की गई। उन्होंने कार्मिकों को ई वी एम की जानकारी, पोलिंग पार्टी की रवानगी, मोकपोल की प्रक्रिया, सी आर सी की प्रक्रिया, मशीन की सीलिंग प्रक्रिया, मतदान की घोषणा, मतदाता रजिस्टर, अमिट स्याही का बाएं हाथ की तर्जनी पर प्रयोग, ई वी एम का प्रतिस्थापन, पीठासीन अधिकारी के कर्तव्य, प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय मतदान अधिकारी के दायित्व, मतदाता पहचान पत्र के अतिरिक्त अन्य 12 अनुमन्य पत्र, विभिन्न प्रकार के मतदाता, अनुपस्थिति, स्थानांतरित मतदाता, कार्मिकों के लिए कर्तव्य निर्वाचन प्रमाण पत्र, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतपत्र लेखा, मतदान समाप्ति की प्रक्रिया एवं घोषणा, मतदान से सम्बंधित लिफाफे, मतदान पार्टी का गंतव्य स्थान की ओर निर्धारित वाहन से रवानगी एवं मतदान सामग्री को निर्धारित काउंटर पर जमा करने के प्रारुप से सम्बंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्य प्रशिक्षक अशोक अनुरागी ने कार्मिकों को समय की महत्ता बताते हुए निर्वाचन के विभिन्न महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर अर्थ एवं संख्याधिकारी अनिल कुमार दीक्षित, परियोजना अधिकारी प्रदीप कुमार पांडेय, जिला पिछड़ा वर्ग अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र प्रताप यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ निशा अस्थाना, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार पाण्डेय, सहायक निदेशक मत्स्य श्रीकृष्ण शर्मा, प्रधानाचार्या पूनम प्रकाश, पंकज भारद्वाज, संजीव कुमार, योगेंद्र सिंह, विवेक चौधरी, अंजय जैन, नितिन जैन, सत्यपाल सिंह, प्रशान्त कुमार जैन, आलोक गुप्ता, डी पी एस राठौर, हिमांशु शर्मा, रमेश चंद्र कठेरिया, किशनवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

4 मई को कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव का जनपद आगमन

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। लोकसभा चुनाव को धार देने के लिए 4 मई दिन शनिवार को कांग्रेस महासचिव एवं उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डेय जनपद सुल्तानपुर पहुंच रहे हैं। जहां जिले के कांग्रेस नेताओ,कार्यकर्ताओ व पदाधिकारियों और इंडिया गठबंधन (सपा) के प्रत्याशी राम भुआल निषाद तथा सपा पदाधिकारीयों के साथ %समन्वय बैठक% कर लोकसभा चुनाव में तेजी लाने हेतु कार्यकर्ताओ व नेताओं में जोश भरेंगे। पार्टी महासचिव/प्रदेश प्रभारी के आगमन को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने तैयारियां तेज कर दी है। मीडिया को जानकारी देते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने बताया कि 4 मई को पार्टी महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे का आगमन जिले में हो रहा है और वह पार्टी के नेता व कार्यकर्ता अथवा इंडिया गठबंधन (सपा) प्रत्याशी के साथ सामनवय बैठक कर चुनावी चर्चा के साथ पार्टी के समस्त पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देंगे, जिससे आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की जीत का परचम लहर सके। वहीं उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में भारी भीड़ जुटाने के लिए जनपद के समस्त ब्लॉकों के ब्लॉक अध्यक्ष व पार्टी के समस्त पदाधिकारी को निर्देशित किया गया है।

सौली और भाजपा पार्षद सपा में हुए शामिल

फिरोजाबाद। नगर के सपा कार्यालय में प्रो0 रामगोपाल यादव की अध्यक्षता में एक प्रेसवार्ता आयोजित की गयी। प्रेसवार्ता में बताया कि पूर्व में बनाए गए बीएसपी प्रत्याषी एवं भारतीय जनता पार्टी के पार्षद अब समाजवादी पार्टी में षामिल हो गए हैं।

दबरई स्थित समाजवादी पार्टी के कार्यालय पर एक प्रेसवार्ता आयोजित की गयी जिसकी अध्यक्षता समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो0 रामगोपाल यादव ने की। प्रेसवार्ता के दौरान सपा प्रत्याषी अक्षय यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी को लोग पसन्द कर रहे हैं। पूर्व में बहुजन समाज पार्टी से प्रत्याषी घोषित हुए सतेन्दऊ जैन सौली ने आज समाजवादी पार्टी ज्वाइन की है साथ ही भारतीय जनता पार्टी के पार्षद मनोज षंखवार भी समाजवादी पार्टी में षामिल हुए। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी और मजबूत बनेगी। प्रेसवार्ता के दौरान समस्त सपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

मादक पदार्थों की तस्करी में दो गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत एसएसपी फिरोजाबाद के निर्देशन में थाना रामगढ पुलिस पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये नाजायज मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया जिनके कब्जे से नाजायज चरस व गांजा बरामद किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा शहर मे मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले अपराधियो पर सतर्क दृष्टि रखते हुये उनके विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये थे। उक्त निर्देशन के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ पुलिस द्वारा टीम गठित कर नाजायज मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अभियुक्तो की सुरागरशी पतारशी कर रही थी। रामगढ़ पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर नारायन नगर मे काली मन्दिर के सामने खाली प्लाट वाले रास्ते पर से 02 नफर अभियुक्त को नाजायज चरस व गाजा के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त 1.अनीश पुत्र अताऊर रहमान निवासी हाजीपुरा हिन्दी स्कूल के पास गली न0 22 थाना रसूलपुर जनपद फिरोजबाद से (510 ग्राम) नाजायज चरस बरामद 2. कासिम पुत्र सद्दीक अली निवासी कोहिनूर रोड गली नं0 26 जन्नती फिरदौस मस्जिद के सामने मौहल्ला नूर नगर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद (1440 ग्राम) नाजायज गांजा बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार व बरामदगी करने वाली थाना रामगढ पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार, निरीक्षक अपराध रामप्रवेश, उ0नि0 चन्द्रवीर सिंह, उ0नि0प्र0 अंकित कुमार, है0का0 343 योगेश, है0 का0 737 राजकुमार, का01330 योगेन्द्र सिंह, है0का0 670 मोहन श्याम षामिल रहे।

सक्षिप्त समाचार

धर्मेंद्र सिंह बने भाजपा आयुष्मान भारत अभियान के लोकसभा सह प्रभारी

सुलतानपुर। पूर्व जिला पंचायत सदस्य धर्मेंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। धर्मेंद्र सिंह को भारतीय जनता पार्टी ने आयुष्मान भारत अभियान का सुल्तानपुर लोकसभा का सह प्रभारी नियुक्त किया है।धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि पार्टी द्वारा जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका इमानदारी से निर्वाहन करुंगा और पार्टी का जो आयुष्मान भारत अभियान है इसके सुल्तानपुर जिले के हर घर तक पहुंचाने का प्रयास है। जिससे एक भी लाभार्थी वंचित न हो इस अभियान में जो 70 साल कि आयु पूर्ण कर चुके हैं, उनका फार्म भरकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिससे उनको सरकार द्वारा दी जाने वाली 5 लाख की मदद का लाभ मिल सके।अभियान को तेजी देने के लिए भाजपा के 26 मण्डलों में अभियान के मण्डल प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं। जो इस अभियान को गति प्रदान करेंगे। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि हमारी पार्टी का एक ही लक्ष्य है विकास और विकसित भारत इसलिए कोई भी पात्र व्यक्ति किसी भी योजना के लाभ से वंचित नहीं रहेगा।

राधेश्याम के आविष्कार को मिला भारतीय पेटेंट

सुलतानपुर। जिले के कुड़वार ब्लाक अंतर्गत ग्रामसभा सोहगौली कामापुर गांव निवासी राधेश्याम पाण्डेय ने मोटर साइकिल के साइड स्टैंड से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए 2017 में एक स्मार्ट डिवाइस बनाया था,जिसे बाइक में लगाने के बाद साइड स्टैंड नीचे होते ही बाइक बंद हो जाती है ऊपर होने पर ही बाइक स्टार्ट होती है। जिसका 2018 में पेटेंट फाइल किया था,जिसे भारत सरकार ने विभिन्न परीक्षणोपरांत 29/04/2024 को पेटेंट ग्रांट किया है। यह तकनीक भारत में उपयोग की जा रही है। राधेश्याम पाण्डेय बचपन से ही इनोवेशन/इन्वेंशन करते रहे हैं,इन्होंने महिला सुरक्षा,अपराध नियंत्रण, किसान समस्या,सड़क दुर्घटना रोधी,यात्री असुविधाओं को दूर करने के लिए मल्टीपरपज सूटकेस इत्यादि अनेक आविष्कार किए हैं। राधेश्याम पाण्डेय के पिता भुवनेश्वर प्रसाद पाण्डेय बी.पी इंटर कालेज कुड़वार में प्रवक्ता हैं।राधेश्याम विज्ञान एवं अनुसंधान के क्षेत्र में सेवारत हैं।

बढ़ती गर्मी में प्रतिदिन होगा निशुल्क शीतल जल का वितरण

सुल्तानपुर। गर्मी की तेज तपन व बहती गर्म हवाओं से आम जनजीवन पूरी तरह त्रस्त है। शहर में चहुओर राहगीर शीतल जल पीने के लिए व्याकुल है। जिले के चौक घंटाघर स्थित प्रतिष्ठित व्यवसायी दास ज्वैलर्स के मालिक राहगीरों की प्यास बुझाने के लिए नयी पहल शुरू किया है। चौक घंटा घर स्थित दास ज्वैलर्स के मालिक सुधीर गुप्ता ने बताया कि शहर में बढ़ती तेज गर्मी व लू से लोग शीतल जल पीने के लिए व्याकुल है, शहर में आने वाले व्यवसाईयों व राहगीरों को राहत देते हुए प्रतिदिन निःशुल्क शीतल जल वितरित किया जा रहा है। यही नहीं गर्मी के मौसम में प्रत्येक मंगलवार को शरबत का वितरण भी किया जाएगा। इस तरह का कार्यक्रम पिछले कई वर्षों से सामाजिक सेवा करने का संकल्प लिया गया है। इसके तहत शीतल जल का निशुल्क वितरण प्रतिदिन चलता रहेगा।

छात्र-छात्राओं को साईकिल प्रदान कर सम्मानित किया

फिरोजाबाद/टूंडला। श्रीमती वीरमती फौरन सिंह इंटर कॉलेज गढ़ी निर्भय की तीन छात्राओं ने हाईस्कूल एवं इंटर परीक्षा में जनपद में शीर्ष दस छात्रों में अपना नाम शामिल किया है। तीनों का कालेज प्रशासन ने सम्मान किया। इन छात्राओं में इंटरमीडिएट की छात्रा कृष्णा यादव ने 91 प्रतिशत एवं हाई स्कूल की गौरी यादव ने 94 प्रतिशत तथा अनुष्का बेनीवाल 92 प्रतिशत अंक प्राप्त किये थे। इन सभी छात्राओं को कॉलेज के संस्थापक इंजीनियर सुनील कुमार एवं प्रधानाचार्य रश्मि यादव ने बधाई देते हुए छात्राओं को साइकिल भेंट करते हुए उनका सम्मान किया गया। प्रधानाचार्य रश्मि यादव का कहना है कि विद्यालय में शिक्षकों का चयन उनकी योग्यता एवं अनुभव के आधार पर किया है जिसके परिणाम स्वरूप छात्राओं ने जिला फिरोजाबाद में शीर्ष 10 में स्थान पाने में सफलता पाई है।

श्री मानस्तंभ में विराजित हुए श्रीजी

ललितपुर। श्रीअतिशय क्षेत्र बालाबेहट में मानस्तंभ प्रतिष्ठा, श्रीजी विराजमान एवं विश्व शांति महायज्ञ का त्रि-दिवसीय का आयोजन प्रतिष्ठाचार्य पं.संतोषजी अमृत के दिशा निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का ध्वजारोहण अभिषेक अनौरा महामंत्री ने किया एवं शांतिधारा राजेंद्र जैन अध्यक्ष, मुकेश सराफ उपाध्यक्ष ने की। इसके पूर्व यागमंडल विधान संपन्न हुआ मानस्तंभ पर श्रीजी विराजमान राजीव कुमार, सुनील जैन, राजकुमार जैन, राजू जैन, मुकेश सराफ, अरविंद सिंघई, अंशुल, नवीन जैन, नितिन जैन, नारायण दादा, सतीश चौधरी, अभिजीत एवं मानस्तंभ पर ध्वजा का सौभाग्य प्रदीप जैन, आरती जैन, शीलचन्द को प्राप्त हुआ। विश्व शांति महायज्ञ में यज्ञ नायक बनने का सौभाग्य अरविंद जैन, अनीता जैन एवं महेंद्र जैन को सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में संजय जैन महामंत्री, सुनील जैन, शीलचंद अनौरा उपाध्यक्ष, मुकेश सराफ उपाध्यक्ष, शीलचंद ऑडिटर, पंकज जैन रानू, सुनील, राजेंद्र जैन, राजू आदि का सहयोग रहा।

शिक्षकों ने ठाना है ज्यादा से ज्यादा मतदान कराना है, रैली निकाल कर दिया मतदान का संदेश

वाहन रैली को सीडीओ राम्या आर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद में लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत बाइक स्कूटी रैली निकाली गई तेजवापुर ब्लाक संसाधन केंद्र की ओर से शिक्षक शिक्षिकाओं ने बाइक रैली निकाल कर मतदाता जागरूकता अभियान रैली का शुभारंभ टिकोरा मोड़ से किया। रैली को मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली टिकोरा मोड़ से मानपुरवा मोगलहा चेतरा बेडनापुर होते हुए बेडनापुर बीआरसी पर आकर समाप्त हुई।जहां पर शिक्षकों ने बाइक रैली निकालकर लोगों से चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। रैली में शामिल शिक्षकों ने मतदान की अपील वाले स्लोगन लिखी तख्तियां के माध्यम से लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोटिंग के दिन मतदान केंद्र पर पहुंचकर सबसे पहले मतदान करने का जागरूकता सन्देश दिया। सीडीओ राम्या आर व महसी एसडीएम अखिलेश कुमार सिंह ने 13 मई को मतदान के लिए शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रेरित किया कि मतदाताओं को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करके शत् प्रतिशत मतदान कराने कि अपील की। बीएसए अव्यक्तराम तिवारी ने शिक्षक शिक्षिकाओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव, बीईओ अखिलेश कुमार वर्मा, जिला अध्यक्ष आनंद पाठक, जिला मंत्री विजय कुमार उपाध्याय, भुवनेश्वर पाठक, अनिल सिंह, सुनील मिश्र, मो0 सिराजुद्दीन न्यूटन, जुबेर अंसारी, सतीश पांडेय, उत्कर्ष तिवारी, एन के शुक्ल, सुनील परिहार, अनूप मिश्रा, सगीर अहमद सिद्दीकी, प्रदुम्न पांडेय, सुरेन्द्र सिंह, मृत्युंजय शुक्ल, आशीष कुमार शुक्ल, शिवम मिश्र, अब्दुल रहमान, पाटेश्वर प्रताप सिंह, अखिलेश यादव समेत सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाएं, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी मौजूद रहें।

सपा की अंतरकलह थामने का नही ले रही है नाम

सुल्तानपुर। समाजवादी पार्टी में अंतर्कलह खुलकर सामने आ गई है। टिकट कटने के बाद भीम निषाद ने समाजवादी पार्टी के सदस्य के रुप में नामांकन के लिए पर्चा खरीद लिया है। सपा प्रत्याशी राम भुआल निषाद ने भी पर्चा खरीदा है। दो दो सपाइयों द्वारा पर्चा खरीदना लोगों में चर्चा का विषय बन गया है। भीम निषाद का दावा है कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रुप में वे ही नामांकन करेंगे। भीम निषाद के दावे से सपा खेमे में खलबली मची हुई है।

दो मंत्रियों के साथ मेनका गांधी करेंगी नामांकन

सुल्तानपुर। नामांकन के लिए प्रशासन की तरफ से मुकम्मल तैयारी पूरी कर ली गई है। कलेक्ट्रेट में सांसद मेनका गांधी जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल, राज्यमंत्री रामकेश निषाद और निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद के साथ नामांकन करेंगी।

दो मई को इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी करेंगे नामांकन

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। कांग्रेस के जिलाध्यक्ष राकेश रजक एड. ने बताया कि दिनांक 2 मई को को इंडिया गठबंधन के झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य झांसी में झांसी में विशाल समर्थकों के साथ नामांकन करेंगे। इस दौरान राष्ट्रीय और प्रदेश के इंडिया गठबंधन के नेतागण उपस्थित रहेंगे जिसमें मुख्य तौर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष और पूर्व सांसद कृभको के अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जन अधिकार पार्टी के अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री बाबू सिंह कुशवाहा, बुंदेलखंड कांग्रेस के प्रभारी एवं राष्ट्रीय चित्रकूट के पूर्व विधायक नीलांशु चतुर्वेदी, सागर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रभूषण सिंह बुंदेला गुडडू राजा, पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री राहुल रिछारिया, कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनीराम कुशवाहा, प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत, प्रदेश सचिव प्रेम नारायण पाल, इण्डिया गठबन्धन के झांसी ललितपुर के सभी जिलाध्यक्षों सहित वरिष्ठ नेतागढ़ उपस्थित रहेंगे। ललितपुर से कार्यकर्ता सुबह 8 बजे से बसों एवं अन्य साधनों से काफिले के साथ झांसी के लिए रवाना होंगे और सभी साथी 9.30 झांसी लक्ष्मी तालाब (कालीयन) के पास एकत्रित होंगे और विशाल जुलूस के साथ नामांकन मैं शामिल रहेंगे।

जिला निर्वाचन कार्यालय का डीएम ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जिला निर्वाचन कार्यालय बहराइच का निरीक्षण कर कार्यालय में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत संचालित कार्यो का जायजा लेते हुए सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी शिखा श्रीवास्तव व अन्य स्टाफ से मतदाता पर्चियों की उपलब्धता इत्यादि की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। डीएम ने सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति सलारपुर में प्रस्तावित विधानसभा वार ईवीएम मशीनों के कमिशनिंग कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग के गाइड लाइन के अनुसार फुलप्रूफ व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के भी निर्देश दिये। डीएम ने वेयर हाउस में रखे गये ईवीएम मशीनों के रख-रखाव एवं सुरक्षा का भी जायजा लिया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अधिशाषी अभियन्ता जल निगम/ ईवीएम प्रभारी कमला शंकर तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

बाढ़ पूर्व तैयारी के सम्बंध में डीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

पूर्व वर्षो की भांति कार्ययोजना तैयार किये जाने के उद्देश्य से सम्बन्धित विभागों को दिये गये निर्देश

बहराइच। जनपद में संभावित बाढ़ के दौरान बचाव एवं राहत कार्यो के संचालन की कार्ययोजना तैयार किये जाने के सम्बंध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बाढ़ स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि सम्भावित बाढ़ के दौरान शासन के मंशानुसार बचाव एवं राहत कार्य के संचालन हेतु फुलप्रुप कार्य योजना तैयार की जाय। डीएम ने सरजू ड्रेनेज खण्ड के अधिकारियों को निर्देश दिया कि तटबंधो की सुरक्षा हेतु संचालित कार्यो को बाढ़ से पूर्व प्रत्येक दशा में पूर्ण करा लिया जाय। बाढ़ के दौरान तटबंधो की सुरक्षा एवं कटान के प्रभावी नियंत्रण के लिए समय से आवश्यक सामग्री की आवश्यकता सुनिश्चित करा ली जाय। बाढ़ क्षेत्र का सघन भ्रमण कर तटबंधो के रैटहोल, रैनकट इत्यादि कटान सम्भावित स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक मरम्मत कार्य समय से करा लिए जाय। कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि बाढ़ के दौरान क्षतिग्रस्त होने वाली फसलों के सर्वे का कार्य बाढ़ से पूर्व कर लिया जाय।

डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ के दौरान वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न, पशुओं के लिए भूसे आदि की व्यवस्था के लिए समय पूर्व ही टेण्डर इत्यादि की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्व के अनुभवों का लाभ लेते हुए ऐसी प्रभावी कार्ययोजना तैयार करें कि आपदा के समय जन-धन का नुकसान कम से कम हो तथा राहत एवं बचाव कार्य भी निर्बाध ढंग से संचालित किये जा सकें।डीएम मोनिका रानी ने सभी सम्बन्धित विभागों को यह भी निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय भ्रमण कर तद्नुसार कार्ययोजना को अन्तिम रूप दें। डीएम ने कहा कि वर्षा ऋतु से पूर्व ही आवागमन के रास्तों को देख लें ताकि राहत एवं बचाव कार्य प्रभावी ढंग से संचालित किये जा सके। एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिये गये कि ग्राम पंचायतों में उपलब्ध नावों का सत्यापन कर उसकी आवश्यक मरम्मत व रंग-रोगन करा दिया जाए तथा जहां पर नावें न हो वहां पर आवश्यकतानुसार नावों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

श्रद्धा भावना के साथ मना गुरु अर्जुन देवजी का प्रकाश पर्व

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। श्रीगुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में श्रीगुरु अर्जुनदेवजी का प्रकाशपर्व श्रद्धा भावना के साथ मनाया गया। इस दौरान सुबह श्रीअखंडपाठ साहिबजी की समाप्ति बलदेव सिंह चरणजीत सिंह की ओर से हुई। मुख्य ग्रंथि ज्ञानी युवराज सिंह ने कथा कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। उन्होंने कहा कि गुरु अर्जुन देवजी का जन्म दिन गोइंदवाल साहिब में 15 अप्रैल 1563 को सोढ़ी खत्री परिवार में हुआ और विवाह 1579ईसवी में। सिख संस्कृति को गुरु जी ने घर-घर तक पहुंचाने के लिए अथाह प्रयत्न किए। साल 1579 में उनका विवाह माता गंगाजी के साथ हुआ था। दोनों का एक पुत्र हुआ, जिनका नाम हरगोविंद सिंह था, जो बाद में सिखों के छठवें गुरु बने। वर्ष 1581 में गुरु अर्जुन देव सिखों के पांचवे गुरु बने। उन्होंने ही अमृतसर में श्रीहरमंदिर साहिब गुरुद्वारे की नींव रखवाई थी, जिसे आज स्वर्ण मंदिर के नाम से जाना जाता है। गुरु ग्रंथ साहिब को गुरु अर्जन देव (1581-1606) ने लिखा था। और इसमें गुरु नानक और अन्य चार गुरुओं की शिक्षाएं शामिल हैं। इस अवसर पर लंगर की सेवा वा छबील (मीठे शरबत) बलदेव सिंह चरणजीत सिंह की ओर से हुई। गुरु सिंह सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरविंदर सिंह सलूजा ने बताया कि कल 1 मई से 9 जून तक गुरु अर्जुन देव जी के शहीदी दिवस के उपलक्ष में 40 दिन लगातार स्त्री सत्संग द्वारा सुबह 6.30 बजे से श्रीसुखमनी साहिबजी के पाठ होगे। मुख्य ग्रंथि युवराज सिंह गुरुबाणी के मनोहर कीर्तन करेंगे वा प्रति दिन गुरु जी के लंगर वा चाय नाश्ते आदि की सेवा भी लगातार होगी। 10 जुन को गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस गुरुद्वारा साहिब लक्ष्मीपुरा में मनाया जायेगा। इस दौरान श्रीगुरूसिंह सभा के पदाधिकारी मौजूद रहे।

भाजपा प्रत्याशी मेनका संजय गांधी ने की जनसभा

सुल्तानपुर। हसनपुर में आयोजित चुनावी जनसभा के दौरान सांसद मेनका गांधी ने बताया जात जात-पात की राजनीति नहीं करनी चाहिए हम लोग ना करते हैं जानते हैं जो कोई मेरे पास आया समुचित उसकी मदद की गई, चाहे जिस जात का रहा हो। हसनपुर में नुक्कड़ सभा के दौरान उन्होंने कहा 5 साल में मैंने बिजली सड़क पानी की व्यवस्था की और आपकी मुसीबत में एक मां के रूप में आपके साथ खड़ी रही। आज आप लोगों को मैं धन्यवाद देना चाहती हूं की पुनः आप लोग मुझे नौवी बार संसद के रूप में चुन रहे हैं ।आयोजक इंद्र नारायण तिवारी को धन्यवाद दिया। सभा की उपरांत कैप्टन शंगम लाल गुप्ता के बेटे फौजी धीरेंद्र गुप्ता का दुर्घटना के दौरान निधन हो गया था उनके घर जाकर उनकी पत्नी शिक्षिका को ढाढस बधाया और फौजी के नाम से विद्यालय में एक कमरा बनवाने का आश्वासन दिया। जिससे उनका नाम जितने भी बच्चे पढे सब जाने और उनकी आत्मा को शांति मिले ।साथ में आए वरिष्ठ नेता एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता विकास शुक्ला, प्रमुख डिंपल सिंह, लक्ष्मीकांत तिवारी, प्रधान वसंत लाल तिवारी, राजेश कुमार तिवारी, मंडल अध्यक्ष नंदलाल पाल, शिवकुमार यादव, रमेश तिवारी बृजेश तिवारी वन विभाग अशोक पांडे प्रिंस पांडे ए श्याम बहादुर यादव अनिल सोनकर आदि लोग उपस्थित रहे पूर्व प्रधान इंद्र तिवारी द्वारा आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया।

बसपा प्रत्याशी ने किया नामांकन

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। लोकसभा सीट पर बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने नामांकन करते हुए मैदान में ताल ठोक दी है। बसपा प्रत्याशी ने हमीरपुर सांसद को आड़े हाथों लेते हुए बीते दस सालों का हिसाब मांगा है। उनको अहंकारी बताया है। इस सीट पर भाजपा और सपा पहले ही नामांकन कर चुकी है। हमीरपुर कलेक्ट्रेट में नामांकन करने पहुंचे बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी निर्दोष दीक्षित महोबा में पनवाड़ी के रहने वाले हैं। सामान्य परिवार के रहने वाले निर्दोष दीक्षित हाथी पर सवार होने से पहले हाथ का पंजा लेकर 2022 में चरखारी विधानसभा से चुनाव लड़ चुके हैं। जिसमें इनको हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब हाथी पर सवार होकर इन्होंने सांसद बनने का सपना संजोया है। नामांकन करने पहुंचे बसपा प्रत्याशी निर्दोष कुमार दीक्षित ने हमीरपुर सांसद को आड़े हाथों लिया। निर्दोष ने कहा की अहंकारी सत्ता के अहंकारी सांसद ने लोकसभा क्षेत्र को बीते दस सालों में क्या दिया, उसका उनके पास जवाब नहीं है। वह मोदी और योगी के नाम पर चुनाव मैदान में उतरे हैं। सांसद को आगे आकर बताना चाहिए कि बीते दस सालों के दौरान जनता को क्या दिया है? निर्दोष ने आगे बोलते हुए कहा की अगर हम सांसद बने तो स्वास्थ्य, शिक्षा और बेरोजगारी पर ध्यान देंगे। किसानों की समस्याओं को दूर करेंगे।

कैंसर पीड़ित विधवा महिला ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

अवधानामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। कैंसर पीड़ित एक विधवा महिला ने उप जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर उसके पति द्वारा खरीदे गए मकान को गुमटी रखकर हड़पने का प्रयास करने वालो से मकान के सामने से गुमटी हटवाए जाने की मांग की है,कस्बा सुमेरपुर की गुरगुज थोक निवासी साधना मिश्रा ने एसडीएम को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसके पति श्री कांत मिश्रा की मौत हो चुकी है वह खुद कैंसर से पीड़ित हैं वह इलाज में सारी सम्पत्ति लगा चुकी है और आगे के इलाज के लिये कोई समुचित व्यवस्था नहीं है। उसके पति अपने जीवनकाल में एक मकान खरीदा था मकान की चौहद्दी में जो रामदेवी मिश्रा पत्नी स्व0 पप्पू मिश्रा का मकान है वह झगड़ालू किस्म की औरत है तथा उसके तीन जवान लड़के हैं जबकि उसके एक छोटा बेटा नाबालिग व एक नाबालिग पुत्री है तथा वह स्वंय कैंसर से पीड़ित है। ऐसी स्थिति में किसी भी प्रकार से विवाद करने में सक्षम नहीं है। इसी बात का फायदा उठाकर उक्त रामदेवी व उसके लड़कों ने एक राय होकर उसके पति द्वारा खरीदे गये उक्त मकान को हड़पने की गरज से जबरदस्ती कब्जा करने की फिराक में है और इसी वजह से मकान के मुख्य निकास द्वारा पर एक गुमटी रात में रख ली है, पीड़िता ने महिला रामदेवी व उसके पुत्रों कुलदीप, बउआ, कन्हैया को आदेशित करके गुमटी हटवाए जाने की मांग की है।

ट्रैक्टर खाई में जाने से चालक हुआ घायल

हमीरपुर। कुरारा कस्बे के गल्लामंडी में अपना गल्ला बेचकर ट्रैक्टर से घर वापस जा रहे चालक द्वारा सवारी भरी लोडर को बचाने के चक्कर मे ट्रैक्टर खाई में चला गया जिससे चालक घायल हो गया है। थाना क्षेत्र के जमरेही तीर गांव निवासी शिवबालक पुत्र बदलू सुबह गांव से अपनी गेंहू की फसल लादकर कुरारा गल्लामंडी लेकर बेचने आया था। गल्ला बेचने के बाद वो अपने घर वापस जा रहा था तभी रघवा गांव के पास सामने से तेज़ गली से आ रहे लोडर को बचाने के चक्कर मे ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर को रोड़ से नीचे उतार दिया जिससे ट्रैक्टर अनियंत्रित हो खाई में जाकर पलट गया जिससे चालक शिवबालक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे मौके पर पहुची पुलिस ने प्राथमिक उपचार के लिए सीएचसी कुरारा में भर्ती करवाया।

राठ के चंद्रशेखर बनाए गए सपा के स्टार प्रचारक

अवधानामा संवाददाता

राठ (हमीरपुर) तहसील क्षेत्र के गल्हिया गांव के निवासी व समाजवादी पार्टी के अनुसूचित मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर चौधरी को समाजवादी पार्टी का स्टार प्रचारक बनाया गया। चंद्रशेखर के स्टार प्रचारक बनते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।

समाजवादी पार्टी में दलित मतदाताओं को रिझाने के लिए चंद्रशेखर चौधरी पहचाने जाते है। अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश अध्यक्ष बनने से पहले भी चंद्रशेखर समाजवादी पार्टी में ही बाबा साहब वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष थे। और इलाहाबाद विश्व विद्यालय के पहले दलित छात्र संघ उपाध्यक्ष भी चुने गए थे। स्टार प्रचारक बनाए जाने के बाद चंद्रशेखर ने कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन बड़ी संख्या में लोकसभा की सीटों पर जीत दर्ज करने वाला है। और अखिलेश यादव पीडीए का नारा लेकर लोगों के बीच जा रहे हैं। जिससे लोग बहुतायत में उनके साथ जुड़ रहे।

एक युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हमीरपुर। अज्ञात कारणों के चलते 27 वर्षीय मजदूर ने गांव के जंगल मे जाकर साड़ी से पेड़ के सहारे फांसी लगा अत्महत्या कर ली। मंगलवार को सुबह चरवाहों ने देखा तब गांव में सूचना दी। मौके पर पहुची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम इंद्रपुरी भैरव का डेरा निवासी उमेश पुत्र रामचरण उम्र 27 वर्ष जो कि गांव में ही रहकर मेहनत मजदूरी करता था ने गांव के ही जंगल मे जाकर साड़ी से पेड़ के सहारे फांसी लगा आत्महत्या कर ली। बेरी गांव निवासी मृतक के चाचा रामकरण ने बताया कि उमेश की बीबी संगीता पिछले कुछ दिनों से मायके में थी मृतक की माँ मूसानगर में अपनी लड़की के पास रह रही थी। वही मृतक के भाई राजू व जसवंत अपनी पत्नी के साथ सूरत में रहकर मेहनत मजदूरी करते है। घर में केवल उमेश व उसकी पत्नी संगीता अपनी 3 वर्षीय बेटी व माँ के साथ रहता था। फांसी लगाने का कोई भी कारण स्पष्ट नही हो पा रहा है।

संदिग्ध परिस्थितियों में वैष्णो मंदिर के सामने दुकान में लगी आग

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/डाला। स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर के सामने आज मंगलवार दोपहर लगभग एक बजे चाय पान व प्रसाद की चार दुकानों में आग की चपेट में आने से दुकान जलकर खाक हो गई वही स्थानी लोगों ने इसकी सूचना डाला पुलिस को दे दिया सूचना पाकर डाला पुलिस ने अल्ट्राटेक फायर सर्विस व चोपन की फायर सर्विस को बुलाकर आग को लगभग आधे घंटे काफी मशक्कत के बाद बूझाकर काबू पाया जानकारी के अनुसार वैष्णो मंदिर के ठीक सामने चाय पान व प्रसाद की कई वर्षो से दुकान संचालित है जिसमें अचानक आज आग लग जाने से अफरा तफरी मच गई आग के साथ चल रहे हवा के क्रम में शिव गुप्ता की चाय पान व शोभा की पान घूमती मुख मनिया पत्नी रामनरेश की चाय गुटका सुनील पुत्र भोला की चाय पान व राजेश पटेल की चाय पान प्रसाद की चार दुकान को आग ने अपने चपेट में ले लिया आग से रखा होटल में है एक बड़ा सिलेंडर के फटने से आसपास के लोगों में डर गए आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे डाला चौकी प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने अल्ट्राटेक फायर सर्विस को लेकर मैय फोर्स पहुंच गई और दूसरे चोपन की फायर सर्विस को सूचना देकर बुला लिया अल्ट्राटेक द्वारा आग बुझा रहा था तब तक चोपन से फायर सर्विस भी आग बुझाने में लग गई आधे घंटे में काबू पा लिया कोई। वहीं स्थानीय लोगों को राहत की सांस मिली।

ससुराल में दामाद ने की फांसी लगाकर आत्महत्या

हमीरपुर। थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम धुंधपुर ससुराल आए दामाद ने किसी कारण वश फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, वही युवक की मौत से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार 30अप्रैल को छक्की लाल पुत्र दुल्ला निषाद निवासी मोहल्ला क्योटरा थाना कोतवाली नगर जनपद बांदा ने लिखित रूप से अवगत कराया कि उसका भतीजा भारत 23 वर्ष पुत्र धनिया निषाद अपनी ससुराल ग्राम धुंधपुर निवासी सुग्रीव पुत्र भवानीदीन के घर पर 25अप्रैल को आया था, 29 अप्रैल को शाम 6 बजे उसने अपनी ससुराल ग्राम धुंधपुर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है, सूचना पाकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बताया जाता है कि मृतक की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी।

दहेज उत्पीड़न की शिकार दो बहनों ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। सुमेरपुर कस्बा सुमेरपुर की दो मुस्लिम बहनों ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर ससुराली जनो पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।राबिया पत्नी मेराज राईन व पुत्री नूर अहमद निवासी मुहल्ला सब्जी मण्डी सुमेरपुर ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि उसकी शादी (निकाह) मैराज राईन व उसकी बहन सिद्दीका की शादी उसके भाई चांद राईन पुत्रगण हाज़ी बच्चन राईन मऊरानीपुर के साथ 10फरवरी हैं 2020 को हुई थी। शादी में पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार 7 लाख रू0 नकद व सोने चाँदी के आभूषण व दहेज दिया था, वह और उसकी बहन सिद्दीका जब विदा होकर ससुराल गयी तथा ससुरालीजन को सदैव खुश रखा। किंतु उसकी ननद इमराना तथा एक ननद रूकसाना, ये दोनो उसे और उसकी बहन को ननद इमराना शादी के बाद से ही तंज कसती चली आ रही है उसे और उसकी बहन को बेईज्जत करती है कि कभी हीटर का तार नंगा करके मुझे पकडने को दबाव बनाती तथा कभी सीढ़ियों से उत्तरते समय पीछे से धक्का दे देती रही है, वह दोनो माता-पिता के समझाने पर सब बर्दाश्त करते रहें। 2 मई 2022 को ननद रूकसाना का पति बफाती पुत्र खलील निवासी छोटी कुँजरहती नस्ज़िद के पीछे छतरपुर उसकी ससुराल आयें और उसे समय करीब 4 बजे शाम बुरी नियत से हाथ पकड़कर अपनी ओर खींचने लगा। उसने विरोध किया तथा शोर मचाया तो उसकी बहन सिद्दीका के आ जाने पर मुझे छोड़ दिया। उसने इसकी शिकायत अपने पति, सास-ससुर, जेठ यासीन राईन, जेठ आरिफ राईन, आमीन राईन, आसिफ राईन, चाँद राईन व ननद इमराना को बताया तथा ननद रुकसाना को फोन कर बताया तो ससुरालीजन नाराज़ हो गयें। और मुझे व मेरी बहन सिद्दीका को बुरी तरह मारा और 18 मई 2022 को मुझे मेरे मायके छोड़ गयें। कुछ दिन बाद चाँद राईन दिनांक 15सितंबर 20222 को मेरी बहन सिद्दीका को भी मायके में छोड़ गयें। अब ससुराल आने पर जान से मार डालने की धमकी दे रहे हैं पीड़ित दोनो बहनों ने सास मुन्नी, ससुर हाज़ी बच्चन राईन, जेठ, यासीन, आरिफ, आमीन, आसिफ व ननद इमराना व ननदोई बफाती के विरूद्ध कार्यवाही करके न्याय दिलाने की मांग की है।

सम्पति के विवाद में मार-पीट कर घायल किया

हमीरपुर। मौदहा कस्बा के मलीकुआ निवासी प्रशांत कुमार पुत्र रामगोपाल गुप्ता ने पुलिस में शिकायत करते हुए बताया है कि उसके पिता रामगोपाल गुप्ता व चाचा मदन गुप्त काफी समय से साझेदारी में फर्म बनाकर काम करते थे। बीमारी के चलते पिता घर में ही रहकर कामकाज देखते थे जबकि चाचा बाहर के काम देखते थे। फर्मो का हिसाब किताब चाचा रखते थे। उन्हीं के पास सभी लेखा जोखा व खाता बही भी थी। हिसाब किताब नही देते थे। बीते दिनों हिसाब मांगने पर मार-पीट की थी लेकिन पंचायत में सुलह हो गयी थी ।इसी बीच 30 अप्रैल की साम श्याम सिंह व सुदीप सिंह पुराने हिसाब का पैसा देने आये तो चाचा ने उन्हें मना कर दिया। और जब प्रार्थी ने विरोध किया तो चाचा ने अपने लड़के व उसके सालों प्रकाश,दीपू, रवि पुत्रगण नवल गुप्ता को बुला लिया तथा सभी लागों ने लात घूसों और लाठी डंडों से मार-पीट कर घायल कर दिया है।

कुरारा पुलिस ने दो वर्षीय गुमशुदा बच्चे को परिजनों को किया सुपुर्द

अवधानामा संवाददाता

हमीरपुर। कुरारा पुलिस ने दो वर्षीय गुमशुदा बच्चे को ढूंढने के लिए सर्च अभियान चलाकर बरामद किया। बच्चे को बरामद करने के बाद परिजनों को सुपुर्द किया। गौरतलब है कि 29 अप्रैल 2024 को समय शाम करीब 05.30 बजे अनिल श्रीवास पुत्र पप्पू श्रीवास निवासी गिमुहा का डेरा सिद्धबाबा थाना कुरारा का लगभग दो वर्षीय पुत्र अयांश श्रीवास घर के बाहर खेलते-खेलते गुम हो गया । परिजनों द्वारा बच्चे की काफी खोजबीन व तलाश की गई किन्तु बच्चे का कोई पता नही चल सका। जिस पर अनिल श्रीवास द्वारा थाना कुरारा पर उपस्थित होकर दिये गये तहरीर के माध्यम से घटना के सम्बन्ध में सूचना दी गई । थाना कुरारा पुलिस द्वारा मामलें को गम्भीरता से लेते हुए तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया ।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में गुमशुदा बच्चे की तलाश व सकुशल बरामदगी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। क्षेत्राधिकारी सदर द्वारा डॉग स्क्वायड टीम व थाना कुरारा पुलिस टीम को गुमशुदा बच्चे की सकुशल बरामदगी हेतु मौके पर पहुंचकर आवश्यक दिशा-निर्देश दियें गये। इसी क्रम में थाना कुरारा पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम द्वारा रात्रि में लगातार सर्च अभियान चलाकर परिजनों व स्थानीय लोगो की मदद से आस-पास तलाश कर बच्चे को गिमुहा का डेरा में बबूल के घने पेड़ों के जंगलों में नाले के पास से 30 अप्रैल 2024 को समय करीब प्रातः 05.45 बजे सकुशल बरामद किया गया। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि बच्चा खेलते-खेलते रास्ता भटक जाने के कारण घर से दूर बबूल के जंगलों में चला आया था। बच्चे को प्राथमिक उपचार हेतु थाना कुरारा पुलिस व परिजनों द्वारा सीएचसी कुरारा लाया गया जहाँ पर डाक्टरों के द्वारा बच्चे को पूर्ण रुप से स्वस्थ्य बताया गया तत्पश्चात बच्चे को परिजनों को सुपुर्द किया गया । पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा बच्चे की सकुशल बरामदगी किये जाने पर परिजनों व स्थानीय लोगो द्वारा पुलिस टीम की प्रशंसा की गई।

दर्जनों बीघा के फसल सहित दर्जनों कच्चे घर जले

- आधे दर्जन लोगों के खड़ी गेहूं की फसल चलकर खाक

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमगाई में मंगलवार दोपहर बाद खड़ी गेहूं की फसल में लगी आग आज देखते ही देखते बेकाबू होकर आसपास के दर्जनों कच्ची बस्तियों में पकड़ ली जब तक ग्रामीण जुड़ पाए तब तक लगभग दर्जनों लोगों के कच्चे मकान व आधे दर्जन किसानों के 12 बीघा गेहूं के फसल जलकर हुई खाक। वहीं ग्रामीण किसान पवन शुक्ला ने बताया कि आसपास के दो तीन किसानों के लगभग 12 बीघा की फसल जलकर खाक हो गई उपरांत आज इतनी तेज थी कि पास में मौजूद बस्ती में मोतीलाल काशी मथुरा गोपाल अनिल राधेश्याम पप्पू रविंदर सहित अन्य लोगों के कच्चे मकान जलकर हुई खाक वही ग्रामीणों ने पुलिस व दमकल विभाग को फोन कर आग बुझाने में लगे वही श्री शुक्ल ने बताया कि लगभग छे दमकल वाहन वह ग्रामीणों के मदद से किसी तरह आग को बुझाया गया ग्रामीणों ने बताया कि कुछ अराजक तत्वों द्वारा अपने खेत की पराली बीते दिन जलाए हुए थे कि उसकी आज दोपहर में अचानक खेतों व घरों में लग गई जिससे घर की रास्ते सहित खड़ी गेहूं की फसल लाखों की जल कर ख़ाक हो गई। इस संदर्भ में सदर एसडीएम निखिल यादव ने बताया कि मामले में ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया गया जिस पर तहसीलदार कानून को लेखपाल को मौके पर भेज दिया गया है।

एनसीएल से अप्रैल माह के अंत में सेवानिवृत हुए 51 कर्मी

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/सिंगरौली। मंगलवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सभी परियोजनाओं एवं इकाइयों से अप्रैल माह के अंत में 8 अधिकारी व 43 कर्मचारियों सहित कुल 51 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक (प्रणाली) रामप्रकाश गुप्ता, महाप्रबंधक (उत्खनन) एस. रामास्वामी एवं सिविल विभाग में कार्यरत कबूतरी देवी सेवानिवृत हुई। एनसीएल मुख्यालय में आयोजित सेवानिवृत्ति कार्यक्रम में निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के अतिरिक्त निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) जितेन्द्र मलिक, निदेशक (तकनीकी /परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह एवम् मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। इस सेवानिवृति अभिनंदन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए निदेशक (कार्मिक) मनीष कुमार ने विदा ले रहे कर्मियों की कंपनी के प्रति कर्तव्यनिष्ठा और जुड़ाव को अनुकरणीय बताया। साथ ही उनके कार्य के दौरान अपने साथियों के साथ सहकारितापूर्ण व्यवहार की भी प्रशंसा की एवं आगे के जीवन के लिए सुनहरे भविष्य व सुखद स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम के दौरान निदेशक वित्त रजनीश नारायण ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के सुखद स्वास्थ्य की कामना की एवम् कंपनी के उत्कर्ष में इन अनुभवी कर्मियों के योगदान को रेखांकित किया। साथ ही उनसे इच्छानुसार सृजनात्मक कार्य करने का आग्रह किया। इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) जितेन्द्र मलिक ने कहा कि अनुभवी, कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ कर्मियों की बदौलत ही कंपनी प्रगति मार्ग प्रशस्त है।

बाइक की टक्कर लगने से युवक की मौत

- दुकान से सामान खरीदकर घर लौट रहा था युवक
- युवक की मौत हो जाने से परिजनों में मातम

बांदा। दुकान से सामान लेकर घर आ रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के अवंती नगर निवासी 40 वर्षीय बिहारी पुत्र हरिशंकर राजपूत शनिवार की दोपहर दुकान से सामान खरीद कर घ्घर लौट रहा था। तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे बिहारी गंभीर रूप से घ्घायल हो गया। हादसे के बाद बाइक चालक 16 वर्षीय विकास पुत्र रमेश निवासी रूरा कानपुर भी घायल हो गया। दोनो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने बिहारी को रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। उपचार के दौरान बिहारी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक बटाई की खेती लेकर किसानी करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी के अलावा पांच बेटी दो पुत्र छोड़ गया है।

बालु खनन में बिभाग की संलिप्तता से हो रहा राजस्व की छति

अवधानामा संवाददाता

सोनभद्र/चोपन। बालू खनन में हो रहा बड़ा खेल, राजस्व की भारी छति जिससे क्षेत्र में तरह-तरह के चर्चे व्याप्त है। वही विभाग मौन बन कर नजारे देखने मे लगी है। जुगैल थाना अंतर्गत भगवा, अगोरी खास ,महलपुर में इन दिनों वगैर परमिट की गाड़ियां ज्यादा लोड हो रही है। देखा जाय तो इस खेल में विभाग की संलिप्तता सामने आ रही है। खनन व्यवसायी अपनी लीज एरिया को छोड़ कर खनन करते देखे जा रहे है। जिसकी स्थानीयों द्वारा शिकायत पर खामियों को विभाग द्वारा छुपाया जा रहा है। वही जिलापंचायत चेक पोस्ट पर जितनी गाड़िया पर्ची काटा कर निकलती है कही उसे कम ही खनन क्षेत्र की एंट्री है। इससे प्रतीत हुआ कि बगैर परमिट की गाड़ियां धड़ल्ले से परिवहन कर रही है। जहां खनन में टिपर पर जहां 300 फिट लोड करने का टोकन दिया जा रहा है वही टिपर पर 400 से ज्यादा बालू लोड कर सड़क पर हुंकार भर रहे है। ओर परमिट तो दूर की बात है। ना तो टिपर वाकई परमिट लेते है। ना ही दिया जाता । ऐसे में जानकारी मिली कि वगैर परमिट का बालू खनन साइड पर 2500 रुपया में 100 फिट दिया जा रहा है।

परमिट न देने से राजस्व की पूर्ण छति हो रही है। सूबे के मुखिया द्वार भ्रस्टाचार को मिटाने की प्रक्रिया फेल नजर आ रही है। वही बालू खनन व्यवसायी मस्त है। और विभाग कान में तेल डाल कर सो रहा है। आखिर सवाल यह उठ रहा कि लोढ़ी स्थित खनन चेक पोस्ट पर वगैर परमिट की गाड़ियां कैसे पास हो रही है जबकि चेक पोस्ट पर दर्जनों फोर्स के साथ खनन विभाग की टीम लगी हुई है।

घर में घुसकर महिला से मारपीट

बांदा। एक युवक घर में घुस गया और अकेली सो रही महिला के साथ मारपीट की। घायल का उपचार मेडिकल कालेज में कराया जा रहा है। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है।

कालिंजर थाना क्षेत्र के परसहर गांव निवासी नत्थू पुत्र कामता ने कालिंजर पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि 25 अप्रैल को वह पारिवारिक शादी में निमंत्रण में भरतकूप चला गया था। घर में उसकी पत्नी कुंता अकेली छत में सो रही थी। तभी मेरे चाचा का लड़का मइयादीन पुत्र बिज्जू श्रीवास घर के पीछे से दीवार फांदकर कूद आया और उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी मइयादीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मेडबंदी और सुंदरीकरण की आड़ में हो रहा बंदरबांट

- काम पूरा हुआ नहीं और पैसे लाभार्थियों को दे दिये गये, लाभार्थी कैसे हुये पात्र

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। शहर सीमा से सटे हुये आनरोड के गाँव लामा मे एक मामला आया है जिसमे गाँव के विकास के लिये आये हुये धन का बंदरबांट कर ठिकाने लगा दिया गया है , साथ ही तालाब के सुंदरीकरण के नाम पर भी गोलमाल हो गया है।

पूरा मामला शहर से लगे लामा गाँव का है जो बडोखर खुर्द ब्लाक मे आता है इस गाँव के प्रधान विनोद हैं सचिव पुष्पांजली पाठक है कार्यो की एम वी करने वाले अवर अभियंता विवेक पाण्डेय है।

लामा गाँव के रहने वाले शिवकुमार की पत्नी और दोनो बच्चों के नाम पर क्रमशः 67.920 हजार ,441666 और 16550 /-रूपये वहीं बलवा तालाब के नाम पर सुंदरीकरण के नाम पर 84440/- रूपये वहीं पेंशनधारी के नाम पर भी मेडबंदी के नाम पर धन निकाला गया है। मेडबंदी कराने वाले लगभग आधा दर्जन से अधिक किसानोके नाम पर फर्जी धन निकालकर बाकायदा उसकी अवर अभियंता विवेक पाण्डेय और सचिव की मिली भगत से बिना कार्य पूर्ण हुये धन का भुगतान कर दिया गया है। जबकि बलवा तालाब के सुंदरीकरण के नाम पर सिर्फ तालाब की मिट्टी की छिलाई कर लगभग चौरासी हजार से अधिक का भुगतान हो गया। स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि बलवा तालाब मे किसी भी प्रकार का सुंदरीकरण नही किया गया और ना ही सुंदरीकरण का कहीं को साइनबोर्ड लगाया गया है।

प्रधान विनोद कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी महोदया के कडे निर्देश मिले थे कि हर गाँव मे कम से कम बीस मेडबंदियां की जाये इसीलिये जल्दीबाजी मे ये मेडबंदियां की गयी है , कही कही काम पूर्ण नही है , बलवा तालाब के बारे मे उन्होने बताया कि कई बार धनराशी को इधर उधर के काम मे भी लगाना पडता है जिसकी जानकारी सचिव लामा को भी है और उन्ही के निर्देशानुसार तालाब सुंदरीकरण का धन किसी अन्य मद मे लगा दिया गया है , वही अवर अभियंता विवेक कुमार ने बताया कि एम वी उन्होने ही की है और प्रधान जी को बताकर किया गया है। अब देखना है कि लामा गाँव से शुरू ग्राम पंचायतो का भ्रष्टाचार किस किस गाँव तक फैल चुका है ये जांच का विषय है।

लोकसभा चुनाव को लेकर डीआईजी ने की अधिकारियों के साथ बैठक

अवधानामा ब्यूरो

सोनभद्र। आर0पी0 सिंह÷ पुलिस उप महानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर के जनपद सोनभद्र में आगमन पर पुलिस लाइन चुर्क, सोनभद्र में सलामी गार्द द्वारा सलामी दी गयी। वही राजपत्रित अधिकारी समीक्षा बैठक-में आगामी लोकसभा चुनाव- 2024 व नामाकंन की तैयारियों के दृष्टिगत आर0पी0 सिंह पुलिस उप महानिरीक्षक, विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजपुर महोदय द्वारा पुलिस लाइन चुर्क स्थित सभागार कक्ष में राजपत्रित अधिकारियों के साथ गोष्ठी की गयी । बैठक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव के सम्बन्ध में प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। इस दौरान डीआईजी महोदय द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव-2024 को शान्तिपूर्ण परिवेश में सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत विभिन्न बिन्दुओं जैसे- असामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई, ब्लैक मनी संचरण पर रोकथाम, अवैध मादक पदार्थों एवं शराब की तस्करी पर रोकथाम, अवैध हथियारों की तस्करी पर रोकथाम, अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्रवाई व नियंत्रण आदि पर चर्चा की गयी तथा चुनाव के दृष्टिगत संवेदनशील मतदान केंद्रों का भ्रमण करने, जनपद के बॉर्डर पर नाकाबंदी करके सघन चेकिंग करने तथा संदिग्ध व्यक्तियों/ वाहनों/ वस्तुओं की गहनता से चेकिंग करते हुए आम जनता में सुरक्षा एवं विश्वास का वातावरण बनाये रखने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । सोशल मीडिया पर सतर्क दृष्टि रखने तथा भ्रामक व गलत संदेश/सूचना को किसी भी प्लेटफार्म पर प्रसारित करने वाले के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया । इस दौरान डॉ0 यशवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक कालू सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्यालय, त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) जनपद सोनभद्र, सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे। अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही हेतु समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों को महिला अपराधों के अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही करने, सनसनीखेज वारदातों के अभियुक्तों जैसे हत्या, लूट, डकैती, मादक पदार्थ तस्करों, के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करने तथा गैंगस्टर की अभियुक्तों की धारा 14(1) अंतर्गत संपत्ति सीजर करने, शासन द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत जनपद स्तरीय चिन्हित सनसनीखेज अपराधों के 20 वादों की प्रभावी पैरवी कर सजा दिलाने, थानों पर महिला हेल्पडेस्क के माध्यम से संचालित अभियान के अन्तर्गत कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति के माध्यम से आउटरीच प्रोग्राम चलाकर जनता को लगातार जागरूक करते हुए प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्रवाई करने के सम्बन्ध में गोष्ठी हुई।

चुनाव आगे बढ़ रहा है सपा समाप्त होती जा रही: पाठक

- प्रदेश की सीटों पर इंडी अलायंस अपनी जमानत नहीं बचा पायेंगे
- दो चरणों में ईवीएम कमल से लबालब हो चुकी है: ब्रजेश पाठक

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को गोंडा और बलरामपुर में भाजपा प्रत्याशियों कीर्ति वर्धन सिंह एवं साकेत मिश्रा के समर्थन में सभाओं को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहा है समाजवादी पार्टी समाप्त होती जा रही है। प्रदेश की ज्यादातर सीटों पर इंडी अलायंस के उम्मीदवार अपनी जमानत भी नहीं बचा पायेंगे। जनता ने इनकी उम्मीदों पर ताला लगा दिया है, दो चरणों में ईवीएम कमल से लबालब हो चुकी है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में लोकसभा चुनाव के प्रथम और द्वितीय चरण के मतदान में सभी 8 की 8 लोकसभा क्षेत्र में हमारे कार्यकर्ताओं ने मेहनत की है। सभी 16 सीटों पर कमल खिल चुका है। आने वाले सभी चरणों में भी व्यापक स्तर पर भाजपा को जनसमर्थन मिल रहा है। प्रदेश की सभी 80 सीटें भाजपा जीतने जा रही है। मोदी की गरीब कल्याण योजनाएं हैं, वह जन-जन तक पहुंची है। लोगों का भरोसा भाजपा पर लगातार बढ़ा है। यही कारण है, लोग अपने घरों से निकलकर धूप की बगैर परवाह किए मतदान केंद्र पहुंचकर उत्साह के साथ मतदान कर रहे हैं। श्री पाठक ने कहा कि आज हर घर शौचालय होने से मां बहन बेटियों को शौच के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है, जिन मां बहनों को लकड़ी से खाना बनाते समय आंख से आंसू आते थे। उज्जवला गैस योजना चलाकर उनके आंसू पोछने का काम हमारी सरकार ने किया। आज हर गरीब को जहां पक्का आवास मिला। अब जल जीवन मिशन के तहत घर-घर नल पहुंचाने का काम किया जा रहा हैं। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सपा के शासन में जनता गुंडों, दंगाइयों और माफियाओं से पीड़ित थी। सत्ता इनकी बंधक थी और ये सरकारी संसाधनों की खुली लूट में शामिल थे। सत्ता के संरक्षण में ये जनता को प्रताड़ित करते थे। 2017 के बाद परिदृश्य पूरी तरह से बदल गया, आज गुंडे, माफिया को कोई संरक्षण नहीं देता है।

सपा के गुंडों से हमने प्रदेश को कराया मुक्त: केशव

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झांसी में भाजपा प्रत्याशी अनुराग शर्मा की नामांकन सभा को सम्बोधित किया तथा बरेली में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में बूथ विजय का मंत्र सौंपा। श्री मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता से हमने वादा किया था कि ''गुंडागर्दी नहीं रहेगी, अमनचैन का शासन होगा, जेल के अन्दर गुंडे, माफिया होंगे, इतना सख्त प्रशासन होगा''। आपने भाजपा की सरकार बनायी और हमनें यह करके दिखाया। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में काशी से झांसी तक, गाजियाबाद से गाजीपुर तक, सोनभद्र से सहारनपुर तक बस यही प्रचलित था कि सपाईयों का एक ही नारा, हर खाली प्लाट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा।

कोरोना वैक्सीन मामला: नरेन्द्र मोदी जी ने देशवासियों की जान का किया सौदा: अजय

- क्या भाजपा के लोग कोविड वैक्सीन को लेकर थैक्यू मोदी जी कहेंगे

अवधनामा ब्यूरो

वाराणसी/लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कम्पनी के वैक्सीन के साइड इफेक्ट की बात स्वीकार करने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर जोरदार हमला किया है। श्री राय ने कहा कि नरेन्द्र मोदी जी ने देशवासियों की जान का सौदा किया। यही है मोदी की गारंटी। क्या मोदी जी और भाजपा के लोग वाराणसी सहित पूरे देश में कोविशील्ड को लेकर थैंक्यू मोदी जी का बैनर लगाएंगे। आज आईसीएमआर क्यों चुप है। देश के लोग कोविशील्ड को लेकर आशंकित हैं, जवाब दे। श्री राय ने कहा कि चंद पैसों के लिए देश की जनता की जान जोखिम में डालने वाले दरिंदों को कांग्रेस सरकार बनते ही उनकी असली जगह पहुंचाने का काम किया जाएगा। कोविशील्ड बनाने वाली कम्पनी के ब्रिटिश कोर्ट में साइड इफेक्ट की बात स्वीकार करने पर वाराणसी में इंडिया गठबंधन के कांग्रेस उम्मीदवार व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि एस्ट्रेजेनेका ने माना कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन से थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम जैसे गंभीर साइड इफेक्ट हो सकता है। क्या यही है मोदी की गारंटी। दुनिया के पहले राष्ट्राध्यक्ष नरेन्द्र मोदी हैं जिन्होंने कोरोना के दौरान फोटो लगा कर कोविशील्ड का प्रचार किया, बल्कि चुनावों में खुद और इनके नेताओं ने वोट भी मांगा। क्या देश में वैक्सीन के साइड इफेक्ट से हो रही मौतों पर मोदी जी और भाजपा नेता अपनी जिम्मेदारी लेंगे। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वैक्सीन का विरोध नहीं किया था बल्कि जांच की बात उठाई थी, उन्हें बदनाम किया गया। आज सच देश के सामने हैं। जब देश कोरोना महामारी से जूझ रहा था तो 52 करोड़ का चंदा भाजपा अदार पूनावाला सीरम इंस्टीट्यूट से लेकर 140 करोड़ हिन्दुस्तानियों की जान का सौदा कर रहे थे। क्या यही है मोदी की गारंटी।

भीषण गर्मी में एसी ई. बसों में नहीं मिल रहा टिकट

- श्रद्धालुओं के लिए भेजी गई बसें अभी तक वापस नहीं आई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। भीषण गर्मी में शहरवासियों को एसी ई.बसों में यात्रा करने का मौका नहीं मिल पा रहा है। ऐसा इसलिए हैं क्योंकि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट की 90 इलेक्ट्रिक बसों को श्रद्धालुओं के लिए भेजा गया था वह बसें अभी वापस नहीं आ पाई हैं। गर्मी में लखनऊवासी एसी ई.बसों से सफर नहीं कर पा रहे है। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट की 90 इलेक्ट्रिक बसों को श्रद्धालुओं के लिए भेजा गया था। चार महीने बाद भी अब तक बस 50 बसें आ पाई हैं। 40 अब भी अयोध्या में चल रही हैं। राजधानी में इलेक्ट्रिक बसों की कमी की वजह से यात्री बेहाल हैं। सीएनजी बसें काफी पुरानी और जर्जर हो चुकी हैं। लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट के बेड़े में 140 इलेक्ट्रिक बसें हैं। इन बसों से प्रतिदिन करीब 30 हजार लोग यात्रा करते हैं। वर्तमान में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 100 ही है क्योंकि 40 अब भी अयोध्या में चल रहीं हैं। इलेक्ट्रिक बसों की कमी की वजह से यात्रियों को दिक्कतें होनी शुरू हो गई हैं। इलेक्ट्रिक बसें वातानुकूलित होती हैं और पारा 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने लगा है। ऐसे में सीएनजी बसों का सफर अब यात्रियों को बहुत पसंद नहीं आ रहा है। इलेक्ट्रिक बसों के कम होने की वजह से कई रूटों पर यात्री बेहाल हो रहे हैं। अयोध्या से इन बसों की वापसी को लेकर अफसर चुप्पी साधे हैं।

सात मई से हो सकती है बारिश

- लखनऊ में पारा 40 पार

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। लू के थपेड़ों से फिलहाल राहत की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि मई के पहले सप्ताह में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में बदलाव होने के आसार हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, पारे में क्रमिक गिरावट आएगी। 5 मई से प्रदेश में मौसम बदलेगा। कहीं-कहीं गरज-चमक और बारिश के आसार हैं। वहीं सात मई को लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक लखनऊ का अधिकतम तापमान 40.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसमें एक डिग्री से अधिक की कमी आई। सोमवार को दिन का पारा 41.1 डिग्री सेल्सियस था। जबकि न्यूनतम तापमान में मामूली सी बढ़ोतरी हुई और पारा सोमवार के 24.6 की अपेक्षा 25 डिग्री सेल्सियस रहा। प्रयागराज का तापमान 44.2 से लुढ़का और 42.3 डिग्री सेल्सियस रहा। बुधवार को भी मौसम वैज्ञानिक तेज हवाओं का अंदेशा जता रहे हैं।

राहुल-प्रियंका की मांग करते हुए धरने पर बैठे कांग्रेसी

लखनऊ। अमेठी लोकसभा सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी को लेकर अब तक निर्णय न होने से कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का धैर्य जवाब देने लगा है। दावेदार के नाम को लेकर चल रही उलझन के बीच मंगलवार की शाम को कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं ने धरना शुरू कर दिया। कांग्रेसी अमेठी मांगे गांधी परिवार, राहुल गांधी या प्रियंका गांधी का नारा लगा रहे थे। धरना दे रहे लोगों में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, प्रदेश महासचिव योगेंद्र मिश्र सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हैं। बता दें कि अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने सोमवार को नामांकन दाखिल कर दिया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि इस सीट पर गांधी परिवार का ही कोई सदस्य चुनाव लड़ेगा लेकिन अभी तक घोषणा न होने से कार्यकर्ताओं का धैर्य अब जवाब देने लगा है। अमेठी में पांचवे चरण में मतदान होगा। इसके लिए 26 अप्रैल से नामांकन शुरू हो गए थे और नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा है कि राहुल गांधी अमेठी से ही चुनाव लड़ेंगे लेकिन अब तक नाम घोषित न होने से संशय बढ़ता जा रहा है। इन सबके बीच दिल्ली से अमेठी की हरेक राजनीतिक घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है। हालांकि तीन मई को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय का अमेठी दौरा है। अमेठी के कांग्रेस नेताओं का दावा है कि अगर राहुल गांधी इस बार अमेठी से चुनाव लड़ते हैं तो उनकी जीत तय है। 2019 में उन्हें भाजपा नेता स्मृति जूबिन ईरानी के सामने हार का सामना करना पड़ा था।

प्रवास कार्यक्रम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार 01 मई को महाराष्ट्र के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराष्ट्र के सोलापुर, सांगली तथा हातकणंगले लोकसभा क्षेत्र में जनसभाओं को सम्बोधित करेगें।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

लखनऊ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार 01 मई को अयोध्या के प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दोपहर 01:30 बजे चौक, अयोध्या में रोड-शो करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी

लखनऊ। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी बुधवार 01 मई को आजमगढ़ के प्रवास पर रहेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी सुबह 10:30 बजे पिन्नानी गार्डन आजमगढ़ में आयोजित आजगढ लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव की नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे। चौधरी सुबह 10:30 आजमगढ़ भाजपा प्रत्याशी दिनेश लाल यादव तथा लालगंज से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती नीलम सोनकर के नामांकन में सम्मिलित रहेंगे। तदोपरान्त दोपहर 12 बजे तिधिपुर निजामाबाद बाईपास लालगंज, आजमगढ़ में लालगंज से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती नीलम सोनकर के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री दारा सिंह चौहान तथा भाजपा प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला नामांकन सभाओं में सम्मिलित होगें।

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बुधवार 01 मई को कौशाम्बी व प्रयागराज के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सुबह 11 बजे टैम्पो स्टैण्ड के सामने मैदान, मंझनपुर कौशाम्बी में भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर की नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:15 बजे के0पी0 ग्राउण्ड निकट मेडिकल कॉलेज चौराहा, प्रयागराज में इलाहाबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी तथा फूलपुर से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के नामांकन सभा को संबोधित करेंगे तथा नामांकन में सम्मिलित रहेंगे।

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक

लखनऊ। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक बुधवार 01 मई को फतेहपुर व सिद्धार्थनगर के प्रवास पर रहेगें। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक दोपहर 10:50 बजे ओम गार्डन, फतेहपुर में भाजपा प्रत्याशी साध्वी निरंजन ज्योति की नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। इसके पश्चात दोपहर 01:20 बजे बी.एस.एन.एल. ग्राउण्ड, सिद्धार्थनगर में लोकसभा डुमरियागंज से भाजपा प्रत्याशी जगदम्बिका पाल के नामांकन सभा को संबोधित करेंगे।

मौलाना यासूब अब्बास इराक़ रवाना

लखनऊ। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के जनरल सेक्रेटरी मौलाना यासूब अब्बास आज करबला इराक़ के लिए रवाना हुए जहां वो एक रोज़ नजफ़ ए अशरफ़ व दो रोज़ करबला ए मोअल्ला इराक़ में मौजूद रहेंगे।

भाजपा भरोसे के लायक नहीं: अखिलेश

- नोटबंदी जैसे फैसलों से अर्थव्यवस्था तबाह हुई

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार भरोसे के लायक नहीं है। इस सरकार ने अपने फैसलों से देश की जनता को संकट में डाला है। भाजपा सरकार के नोटबंदी, जीएसटी, इलेक्टोरल बांड लाने के फैसलों से महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार बढ़ा है। नोटबंदी के फैसले से देश की अर्थव्यवस्था तबाह हो गई। व्यापार ठप हो गया और रोजगार खत्म हो गया। अखिलेश यादव ने जारी बयान में कहा कि भाजपा इलेक्टोरल बांड की स्कीम लाई, जिसके जरिये देशभर में जमकर भ्रष्टाचार और वसूली की। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के छापे डलवाकर चुनावी चंदा वसूला और लोगों को डराया। डीजल, पेट्रोल और रसोई गैस की कीमत बढ़ाकर महंगाई बढ़ाई। अखिलेश ने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व असत्य बयानबाजी कर जनता को बहकाने का प्रयास कर रहा है।

अखिलेश कल इटावा और मैनपुरी में

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव एक मई को इटावा और मैनपुरी में विभिन्न चुनावी कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वे जनसभाओं में शामिल होकर पार्टी प्रत्याशी के लिए वोट मांगेंगे। इसके लिए सपा की ओर से विशेष तैयारियां की गई हैं।

शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की शास्त्रीय संगीत प्रतियोगिता के विजेताओं को उल्लास उत्सव में पुरस्कृत किया गया। मंगलवार को संत गाडगे सभागार में अयोजित पुरस्कार समारोह में विजेता प्रतिभागियों ने प्रस्तुति भी दी। मुख्य अतिथि भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि कला की साधना का प्रतिफल हमेशा मीठा ही मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रमुख सचिव संस्कृति मुकेश मेश्राम ने शास्त्रीय विधाओं के अंतर्मन पर सम्यक प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुरु एवं संस्थाओं के लिए भावी योजनाओं की जानकारी भी दी। वर्ष 2023.24 के विजेताओं में लखनऊ से यशराज मिश्रा, कानपुर से श्रेष्ठा मिश्रा, वाराणसी से शिउली भट्टचार्य ने बाल वर्ग में, किशोर वर्ग में प्रयागराज से वागीशा पांडेय, अयोध्या से अर्चिता मौर्या, गाजियाबाद से देवांश मिश्रा ने एवं युवा वर्ग में लखनऊ से अनुराग मौर्य, मऊ से दुर्गेश यादव, कानपुर से मृदुल कुमार अवस्थी पुरस्कृत हुए। कार्यक्रम के अंत में अकादमी निदेशक डॉ. शोभित कुमार नाहर ने अभिभावकों, गुरुओं का अभार और पुरस्कृत विजेताओं को बधाई दी। कार्यक्रम का संयोजन रेनू श्रीवास्तव ने एवं सहयोग डॉ. पवन कुमार, नसरीन, रंजना श्रीवस्तव, आकांक्षा और शशि ने किया।

युवा कांग्रेस ने किया डोर-टू-डोर कार्यक्रम

लखनऊ। इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार की विजय सुनिश्चित करने के लिए राजधानी के बुद्धेश्वर में युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अभिषेक चौरसिया के संयोजन में डोर-टू-डोर कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस मध्य जोन अध्यक्ष दीपक शिवहरे मुख्य रूप से उपस्थित थे। डोर-टू-डोर कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस के घोषणा पत्र में आम जनता को दी गयी गारंटियों के बारे में गारण्टी कार्ड वितरित कर जनसम्पर्क किया गया। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक शिवहरे ने कहा कि डोर-टू-डोर कार्यक्रम में जनता का कांग्रेस के प्रति रुझान दिख रहा है। जननेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के प्रति व्यापक जनसमर्थन और उत्साह से साफ है कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर चल रही है और प्रदेश में इंडिया गठबंधन के अधिक से अधिक सीटों पर उम्मीदवारों की जीत दर्ज होगी।

महाप्रबंधक ने की उत्तर रेलवे के कार्य प्रगति की समीक्षा

अवधनामा ब्यूरो

- परिचालन हो चुस्त-दुरूस्त: शोभन चौधुरी
- गतिशीलता बढ़ाने, संरक्षा और ढांचागत कार्यों की समीक्षा
- दोहरीकरण और नई रेल लाइन परियोजनाओं के निर्माण पर बल
- माल लदान और आय में वृद्धि पर बल

लखनऊ। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने उत्तर रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्षों एवं मण्डल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। बडौदा हाऊस में हुई इस बैठक में संरक्षा प्रोटोकॉल बढाने और कर्मचारियों एवं यात्रियों दोनों की संरक्षा के मानकों को सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।

बैठक के दौरान, श्री चौधुरी ने संरक्षा के प्रति उत्तर रेलवे की दृढ प्रतिबद्धता पर बल देते हुए संरक्षा उपायों को बेहतर बनाने और उनकी निरंतर समीक्षा के महत्व को रेखांकित किया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने मौजूदा संरक्षा प्रक्रियाओं, संभावित जोखिमों तथा संरक्षा जागरूकता की संस्कृति को प्रोत्साहन देने पर बल दिया।

समीक्षा बैठक के दौरान, इमरजेंसी रिस्पांस प्रोटोकॉल, कर्मचारी प्रशिक्षण, अनुरक्षण शैड्यूल तथा नई संरक्षा तकनीकों के क्रियान्वयन जैसे प्रमुख विषयों को शामिल किया गया। महाप्रबंधक ने बल देकर कहा कि रेल ज्वाइंटों और वैल्डों के परीक्षण और ल्यूबरिकेशन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना चाहिए। उन्होंने रात्रिकालीन गश्तों एवं निरीक्षणों को बढ़ाने के निर्देश दिए। ट्रैक के रखरखाव की स्थिति, जोड़ों के वेल्ड और सिग्नलिंग सिस्टम पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने विभिन्न दोहरीकरण कार्यों और नई लाइनों की निर्माण परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों से कार्य में तेजी लाने के लिए कहा।महाप्रबंधक ने क्रू-चेंजिंग प्वाइंटों पर क्रू-चेंज के कारण रेलगाड़ियों के रूके रहने का जायजा लिया और मंडलों को निर्देश दिए कि क्रू-चेंजिंग न्यूनतम सम्भावित समय में पूरा किया जाये ताकि इस कारण रेलगाड़ियों के चलने में होने वाले विलम्ब को रोका जा सके। उन्होंने विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों को समयपालनबद्धता बनाए रखने और संरक्षा को प्राथमिकता देते हुए मालभाड़ा लदान की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश दिए। उत्तर रेलवे अपने उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित, सुगम और बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

रेल टिकटों की अवैध बिक्री के मामले में 57 दलाल गिरफ्तार

लखनऊ। साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर आईआरसीटीसी पर पर्सनल आइडी से कन्फर्म ई.टिकट बनाने वालों पर आरपीएफ कड़ी नजर बनाये हुए है। इसी के तहत रेलवे की आरपीएफ ने एक हफ्ते के भीतर रेल टिकटों की अवैध बिक्री के मामले में 57 दलालों को गिरफ्तार किया।

आरोपियों से मुंबई, दिल्ली, पंजाब और दक्षिण भारत की जून में यात्रा करने वाले 117 आरक्षित टिकट बरामद किये गये। उत्तर रेलवे लखनऊ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त आशुतोष पांडेय ने बताया कि दलाल कई नाम के साफ्टवेयर का इस्तेमाल कर आईआरसीटीसी पर पर्सनल आइडी से कन्फर्म ई.टिकट हासिल कर रहे हैं। रेल आरक्षण केन्द्र के काउंटरों पर भी उनकी सक्रियता का पता चला था। बनाये गये कन्फर्म टिकट को 500 से एक हजार रुपये अतिरिक्त लेकर बेचा जा रहा था। ऐसी ही कई आईडी का पता चलने पर लखनऊ सहित कई स्टेशनों पर छापा मारा था। आरपीएफ ने 19 से 26 अप्रैल तक 57 दलालों को पकड़कर पर्सनल यूजर आइडी पर बने 2.05 लाख रुपये के जून माह के मुम्बई सहित कई शहरों के ई.टिकट बरामद किये। वहीं 6.26 लाख रुपये के 366 ऐसे ई.टिकट भी मिले जिन पर यात्रा हो चुकी हैं। पांच ऐसे दलालों का पता चला है जिनकी 198 पर्सनल आईडी सक्रिय थी। आइआरसीटीसी को इन पर्सनल आईडी को ब्लॉक करने के लिए आरपीएफ ने पत्र लिखा है। 20 हजार रुपये जुर्माना लगाने की प्रक्रिया भी चल रही है।

भाजपा बहुमत का दुरुपयोग कर करेगी संविधान पर आक्रमण: पी.एल. पुनिया

- कांग्रेस सत्ता में आते ही जातिगत जनगणना कराएगी: पुनिया

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। कांग्रेस नेता पी.एल. पुनिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार भविष्य के भारत में अपने प्रचण्ड बहुमत का दुरुपयोग कर बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान पर आक्रमण करेगी। आज वह होते हुए दिख रहा है। श्री पुनिया मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आते ही जातिगत जनगणना कराएगी, मनरेगा की मजदूरी प्रतिदिन 400 रुपये दी जाएगी और समर्थन मूल्य का कानूनी अधिकार लेकर आएगी। श्री पुनिया ने कहा कि मोदी सरकार ने 2014 में सत्ता में आते ही किसानों की भूमि के उचित मुआवजा कानून पर आक्रमण किया था, फिर बाद में किसानों की आमदनी हड़पने को क्रूर काले कानून लाने का दुस्साहस किया। मोदी सरकार ने दूसरा आक्रमण सार्वजनिक उपक्रमों को बेच शुरू किया। सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एण्टरप्राइजेज के कर्मचारियों का आरक्षण कम्पनियों को बेचने के बाद खत्म हो जाएगा। सरकारी नौकरियों में लगातार आउटसोर्सिंग का खेल खेल मोदी सरकार आरक्षण पर प्रहार कर रही है। भाजपा के कई नेता पूर्व मंत्री अनंत हेगड़े, लल्लू सिंह, ज्योति मिर्धा आदि कह रहे हैं कि मोदी जी को 400 सीटें संविधान बदलने को चाहिए। आरएसएस प्रमुख भी आरक्षण की व्यवस्था पर पुनर्विचार की बात कह चुके हैं। मोदी सरकार के धन्नासेठ 1600 करोड़ रुपये प्रतिदिन कमा रहे और 80 प्रतिशत एससी-एसटी और ओबीसी किसान 27 रुपये प्रतिदिन पा रहे हैं। श्री पुनिया ने कहा कि यही हाल 20 करोड़ एससी-एसटी, ओबीसी रजिस्टर्ड मनरेगा मजदूरों का है। मोदी जी ने इनके साथ कुठाराघात कर प्रदेश में मनरेगा मजदूरी मात्र 7 रुपये बढ़ाई जो अब 237 रुपये हो गयी है, जबकि पार्लियामेंट्री कमेटी ने 375 रुपये प्रतिदिन मनरेगा मजदूरों को देने की सिफारिश की थी।

उत्तर रेलवे अयोध्या और वाराणसी स्टेशन पर बनायेगा पॉड होटल

लखनऊ। उत्तर रेलवे चारबाग के अलावा अयोध्या और वाराणसी स्टेशन पर पॉड होटल बनायेगा। इनके कमरों में होटल जैसी सुविधाएं उपलब्ध रहती हैं। इसमें फ्री वाईफाई, वॉशरुम, लगेज रुम, शावर रुम, कॉमन एरिया जैसी सुविधाएं मिलती हैं। टेलीविजन, चार्जिंग प्वाइंट और पढने के लिए रीडिंग लाइट की भी व्यवस्था रहती है। यह रिटायरिंग रुम की अपेक्षा सस्ता होता है। मुम्बई के सेंट्रल स्टेशन की तरह चारबाग, अयोध्या और वाराणसी में भी पॉड होटल की सुविधा जल्द मिल सकती है। पिछले दिनों उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम. शर्मा के साथ हुई बैठक में वेंडर्स ने कई सुझाव दिये थे। इसमें पीपीपी मॉडल पर लखनऊ मंडल के बड़े रेलवे स्टेशनों पर पॉड होटल का भी सुझाव आया है। यात्रियों की डिमांड और सुविधा को देखते हुए रेलवे के अफसरों को यह सुझाव पसंद आया है। माना जा रहा है कि जल्द ही इस पर विचार करते हुए इसको अमलीजामा पहनाया जायेगा। गौरतलब है कि पॉड होटल में छोटे छोटे केबिन नुमा कैप्सूल की तरह बेडयुक्त कमरे होंगे। पॉड होटल में विश्राम के लिए कम्पार्टमेंट की तरह पुरुष, महिला और दिव्यांगजन जन के लिए छोटे कमरे बने होते हैं।

समपार संख्या 14 सी पर रेलवे ट्रैक का होगा मरम्मत

लखनऊ। मोहिबुल्लापुर बक्शी का तालाब रेलखण्ड के मध्य समपार संख्या 14 सी पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य कराया जायेगा। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल प्रशासन ने आम जनमानस को सूचित किया है कि मोहिबुल्लापुर बक्शी का तालाब रेलखण्ड के मध्य समपार पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य 1 मई को प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा। जिस वजह से तिवारीपुर, जानकीपुरम विस्तार व कोटवा को जाने वाला सड़क मार्ग बाधित रहेगा व अन्य मार्ग उपलब्ध रहेंगे। इसी क्रम में इसी रेलखण्ड के मध्य समपार संख्या 12 स्पेशल पर रेलवे ट्रैक की ओवर हॉलिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य 2 मई को भी प्रातः 7 बजे से शाम 5 बजे तक किया जायेगा।